पृष्ठ २२४७ से २७८९ ['प' से 'फ'] शब्द संख्या १०४१८

राजस्थांनी सबद कोस

[राजस्थानी हिन्दी वृहत् कोश]

[तृतीय खण्ड]
(प्रथम जिल्द)

संपादक
(संपादन, परिवर्द्धन एवं संशोधनकर्ता)
सीताराम लाळस

व्युत्पति आदि द्वारा परिष्कारक
स्व० पं० नित्यानन्द शास्त्री दाधीच
[आशुकवि, कवि भूषण, व्याकरण साहित्य कोशादि तीर्थ
श्रीरामचरिताब्धिरत्नम् महाकाव्य आदि के प्रणेता]

कर्ता
सीताराम लाळस
स्व० उदयराज उजळ

प्रकाशक
चौपासनी शिक्षा समिति द्वारा गठित
उपसमिति राजस्थांनी सबद कोस
जोधपुर

अघटित कौं सुघटित करैं, सुघटित कौं अटकाय।
अटपट गति भगवंत की, जो मन नाहिं समाय।

—अज्ञात

अपनी बात-

राजस्थानी शब्द-कोश का प्रकाशन जोधपुर से हो रहा है, इस बात से मैं परिचित था और इसके साथ मेरी यह धारणा भी रही कि कोश निर्माण राजस्थानी भाषा के विकास मे निश्चय ही एक अभूतपूर्व योगदान है। राजस्थानी भाषा मे अनुपम एवं विस्तृत साहित्य उपलब्ध है परन्तु इस भाषा के प्रमाणिक कोश का अभाव उपलब्ध साहित्य की एक बहुत बड़ी न्यूनता थी जो सम्भवत: दीर्घकाल से साहित्य–समाज को खल रही थी। ऐसी स्थिति में राजस्थानी शब्द-कोश निर्माण का श्री सीतारामजी लालस का यह प्रयास सराहनीय ही नही अपितु भाषा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम प्रतीत हुआ। प्रशासकीय सेवाओं मे निरत रहने के कारण साहित्यिक प्रवृतियों एवं गतिविधियों के सम्पर्क में आने का न मैं अवकाश ही निकाल पाया और न अवसर ही उपलब्ध कर सका। अनायास ही जब मुझे यह सूचना मिली की राजस्थानी शब्द-कोश, उपसमिति के भूतपूर्व अध्यक्ष माननीय ठा० श्री केसरीसिंहजी के त्यागपत्र दे देने के कारण शिक्षा-समिति चौपासनी ने मुझे उक्त समिति का अध्यक्ष बनाकर कोश प्रकाशन के कार्यभार को मेरे कन्धे पर डाला है तो मुझे आश्चर्य ही हुआ कि मुझ जैसा व्यक्ति जो कभी साहित्यिक प्रवृतियो के सम्पर्क मे नही रहा और कोश जैसे महती कार्य की प्रणाली से परिचित नही हुआ, किस प्रकार इस गुरुतर भार को वहन कर पायेगा। शब्द-कोश निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए समिति का अध्यक्ष बनने की योग्यता न मुझ में पूर्व थी और न आज ही अनुभव कर रहा हूँ। हाँ, मातृभाषा राजस्थानी के प्रति विशेष अभिरुचि प्रारम्भ से ही रही है। साहित्य की सरलता और उसमे निहित आकर्षण से मैं पूर्व परिचित था। इस समय इस भाषा की सेवा के लिए प्राप्त हो रहे अवसर को उपयुक्त समझ मैंने राजस्थानी शब्द-कोश उपसमिति के अध्यक्षीय कार्यभार को वहन करना स्वीकार कर लिया।

यदि उत्तरदायित्व का निर्वाह लगन और ईमानदारी मे हो जाता है तो निश्चय ही व्यक्ति नवीन उपलब्धियां प्राप्त करने में सफल हो जाता है, मेरे अपने कार्यकाल मे मेरा यह निजी अनुभव रहा है। मेरे समस्त सेवाकाल में मेरा कार्यक्षेत्र भाषा और साहित्य आदि के कार्यक्षेत्र से सर्वथा भिन्न रहा लेकिन कोश निर्माण कार्य के साथ मेरा सम्पर्क होते ही मुझे नवीन उपलब्धि हुई। अपनी ही भाषा राजस्थानी का वास्तविक बोध तब हुआ जब मैंने निकट से राजस्थानी शब्दों के स्वरूप और उनके अर्थ-विस्तार को देखा।

राजस्थानी शब्द-कोश के प्रकाशन की व्यवस्था के लिए बनी उपसमिति के अध्यक्षीय कार्यभार को जब मैंने वहन किया था उस समय कोश अपनी प्रगति के पथ पर था। कोश का प्रथम खण्ड और द्वितीय खण्ड की प्रथम जिल्द प्रकाशित हो चुकी थी। द्वितीय जिल्द लगभग पूर्ण सी थी। शीघ्र ही उसको भी प्रकाशित कर दिया गया। अब तक के इस सुसम्पादित कार्य को देख कर मुझे अतीव प्रसन्नता की अनुभूति हुई और साथ में यह भी अनुभव हुआ कि यह कोश राजस्थानी भाषा के लिए ही नही वरन समस्त साहित्य के लिए एक अमूल्य देन है। पथ प्रशस्त था इसलिए मुझे अपने कार्य को आगे संचालित करने में विशेष कठिनाई की कोई आशंका नहीं रही।

कोश निर्माण काल में ही कोश से मेरा निकट सम्पर्क होने के कारण मैं इस सत्यता से परिचित हुआ कि कोश निर्माण एवं उसके प्रकाशन का कार्य निश्चय ही समय-साध्य और साथ साथ व्यय–साध्य कार्य है। समुचित अर्थ-व्यवस्था एव उपयुक्त श्रमशील कार्यानुभव प्राप्त भाषाविदों के अभाव में यह कार्य किसी भी दशा में सम्पादित नहीं हो सकता। अब तक के किए गए कार्य में कोशकर्त्ता को निश्चय ही अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि राजस्थान शिक्षा-विभाग के भूतपूर्व निदेशक श्री अनिल बोर्डिया ने कोश निर्माण के सम्बन्ध मे कुछ अनिवार्य व्यय के लिए नियमित आर्थिक सहयोग की व्यवस्था की जो नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। इसके लिए मैं श्री अनिल बोर्डिया तथा शिक्षा-विभाग के प्रति अपना धन्यवाद प्रकट करता हूँ। यह आर्थिक सहयोग कोश

कार्यालय में कार्य को निरन्तर रखने के लिए सहायक मात्र था। प्रकाशन के लिए पर्याप्त अर्थ - व्यवस्था की आवश्यकता रहती है; उसकी पूर्ति इससे किसी दशा में सम्भव नही थी। कोश कार्यालय के पूर्व पत्रों का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ कि कोश प्रकाशन के लिए समय-समय पर केन्द्रीय सरकार एवं राजस्थान राज्य सरकार से आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है और श्री सीतारामजी लालस ने उसका समुचित सद्उपयोग कोश के विभिन्न खण्डों के प्रकाशन में किया है। इस प्राप्त आर्थिक सहयोग से ही तीन जिल्दों का प्रकाशन सम्भव हो सका है। राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त करने में राज्य के शिक्षा-मंत्रालय का हमें पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। माननीय श्री शिवचरणजी माथुर शिक्षा–मंत्री तथा श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता शिक्षा-सचिव ने कोश प्रकाशन के प्रति सद्भावनाये प्रकट कर जो हमें सम्बल और प्रेरणा दी है उसके लिए हम आप सज्जनद्वयी के प्रति आभार प्रकट करते हैं। अर्थ-व्यवस्था में जब-जब भी व्यवधान उपस्थित हुआ कार्य की गति में अवरोध आ गया। इसे मैं स्वाभाविक ही मानता हूँ और यही कारण रहा कि अन्य खण्ड शीघ्र प्रकाशित न हो सके।

साहित्यिक जिज्ञासुओं के समक्ष इस कोश के खण्डों की कड़ी में तृतीय खण्ड की यह प्रथम जिल्द प्रस्तुत की जा रही है। प्रारम्भिक योजना मे तृतीय खण्ड को एक ही जिल्द में प्रकाशित करने का विचार था लेकिन पृष्ठों की अधिक संख्या तथा द्वितीय खण्ड के पश्चात् प्रकाशन कार्य के लिए प्रेस सम्बन्धी कुछ विशेष कठिनाइयाँ उपस्थित होने के कारण इस तृतीय खण्ड को भी दो जिल्दों मे ही प्रकाशित करने का निश्चय किया गया। यह कहना उचित ही होगा कि इस प्रकाशित खण्ड में पूर्व के खण्डो की भांति कोश निर्माण के लिए पूर्व निर्धारित सिद्धान्तों एवं नियमों का पूर्णतया निर्वाह हुआ है और साथ ही भाषाविदों तथा विशिष्ठ साहित्यकारों से प्राप्त परामर्शानुसार वांछनीय परिवर्तन भी किया गया है। प्रस्तुत जिल्द मे 'प' वर्ग के 'प' तथा 'फ' वर्ण के शब्दों को समाविष्ट किया गया है। आगे का कार्य अपनी गति पर ही है। प्रकाशन के लिए यथा समय पूर्व की भाति सरकारी आर्थिक अनुदान प्राप्त होता रहा तो कोश के अवशिष्ट भाग को अपने जिज्ञासु भाषा मर्मज्ञों एवं शोध विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करने में अधिक विलम्ब नही होगा, ऐसी मेरी मान्यता है। कोशकार श्री सीतारामजी लालस तथा कोश कार्य से सम्बन्धित उपसमिति की उत्कट अभिलाषा है कि कोश की शेष जिल्दे उचित अवधि मे प्रकाशित हो जायें। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार मैं हमारे विज्ञ पाठको को विश्वास दिला सकता हूँ कि कोश को अन्तिम चरण तक पहुँचाने का यथा सम्भव पूरा-पूरा प्रयत्न होगा। कोश प्रकाशन की व्यवस्था मे मेरे सहयोगी बन्धु श्री गोरधनसिंहजी खानपुर सेवा निवृत I. A S. तथा केप्टिन श्री चन्दनसिंहजी एम० एससी० रोडला ने सदैव अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया है, इसके लिए उन्हे धन्यवाद अर्पित करना मेरा कर्त्तव्य समझता हूँ।

यहाँ अपनी बात कहते हुए यदि मैं स्वर्गीय (कर्नल) ठा० श्यामसिंहजी भूतपूर्व सचिव उपसमिति राजस्थानी शब्द-कोश के प्रति दो शब्द व्यक्त न करू तो मेरी यह 'अपनी बात' निश्चय ही अपूर्ण रहेगी। यदि मै यह कहूँ कि कोश निर्माण के आज के तीस वर्ष पूर्व के विचार को मूर्तरूप प्रदान कर कोश को वर्तमान स्थिति तक पहुंचाने में स्व० कर्नल ठा० श्यामसिंहजी, रोडला का दृढ हाथ ही मूलभूत आधार था तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी। कोश के निर्माण और यथा समय उसकी सम्पूर्णता के प्रति जो आपकी रुचि और उदार भावना रही है वह शब्दों मे व्यक्त नही की जा सकती है। कोश परिवार के लिए यह अपार दुख की बात हुई कि कोश की सम्पूर्णता के पूर्व ही काल की क्रूरता के प्रभाव से असमय मे ही आपके सौहार्द्र से हमे वंचित हो जाना पड़ा। कोश एवं राजस्थानी साहित्य के प्रति आपकी सद्भावनाये रही है वे इस साहित्य जगत में इस कोश के साथ चिरकाल तक विद्यमान रहेगी। मै दिवगत आत्मा के प्रति अपनी तथा उपसमिति की ओर से पावन श्रद्धांजलियां अर्पित करता हूँ।

पोष शुक्ला पूर्णिमा
संवत् २०२६
विजय विहार,
जोधपुर.

रणधीरसिंह
अध्यक्ष–उपसमिति
राजस्थानी शब्द-कोश
जोधपुर.

पूर्व प्रकाशित खण्डों के प्रति

कोश प्रत्येक भाषा की समृद्धि और सबलता का सूचक है। वह साहित्य का अनिवार्य अंग है। इसके अभाव में भाषा के साहित्य का समग्र-ज्ञान उक्त भाषा भाषियों को भी नहीं हो सकता फिर इतर भाषा-भाषियों के लिए तो कहा भी क्या जा सकता है। राजस्थानी भाषा के विशाल एवं अनुपम साहित्य से साहित्य-मर्मज्ञ पूर्णतया परिचित हैं। विगत काल में राजस्थानी भाषा में प्रचुर मात्रा में लोकप्रिय साहित्य का सृजन तो अवश्य हुआ लेकिन उक्त भाषा के शब्द-कोश का अभाव सदा ही बना रहा। मध्यकाल में कुछेक छोटे-मोटे कोशों की रचना अवश्य हुई जिनमें अवधानमाला, हमीर नाममाला, नागराज डिंगल-कोश आदि आदि उल्लेखनीय हैं लेकिन इनमें से कोई भी कोश प्रमाणिक कोश नहीं माना जा सकता। साहित्य में प्रयुक्त शब्दावली का उपयुक्त संग्रह एवं उनकी समुचित अर्थ-व्याख्या न होने के कारण ये कोश पर्यायवाची शब्दों के संग्रह मात्र ही बन कर रह गए। कालान्तर में भी उपयुक्त कोश के निर्माण के लिए कोई प्रयत्न हुआ दृष्टिगोचर नहीं होता। यह अभाव वर्तमान समय तक निरन्तर बना रहा। यह सत्य ही है कि "राजस्थानी सबद कोस" की आवश्यकता साहित्य जगत में निरन्तर अनुभव की जा रही थी। सम्भवतः इसी भावना से प्रेरित होकर श्री सीतारामजी लाळस ने यह बीड़ा अपने हाथ में लिया और अपने अथक परिश्रम एवं साहित्यिक साधना के फलस्वरूप राजस्थानी शब्दों का संकलन कर वृहद् शब्द-कोश के प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ कर दिया।

"राजस्थानी सबद कोस" के प्रकाशित प्रथम खण्ड में कोशकर्त्ता और सम्पादक श्री सीतारामजी लाळस द्वारा प्रस्तुत किए गए निवेदन से स्पष्ट प्रकट हो जाता है कि कोश प्रकाशन का गृहीत बीज-भाव काल की गति के साथ कैसे अंकुरित होकर साहित्य सेवी सहयोगियों की सद्भावनाओं एवं सरकारी आर्थिक सहयोग को प्राप्त कर पल्लवित हुआ। अनेकानेक संघर्षपूर्ण स्थितियों के बीच एक लम्बी अवधि के पश्चात् इस वृहद् कोश का प्रथम खण्ड स्वर प्रकरण के साथ 'क' वर्ग के सभी वर्णों के लगभग २८७७१ शब्दों के संग्रह के रूप में सन् १९६२ में पाठकों के समक्ष प्रस्तुत हुआ। इस प्रथम खण्ड में एक महत्वपूर्ण विस्तृत साहित्योपयोगी प्रस्तावना जोड़ी गई है। जिसमें राजस्थानी भाषा के उद्‌भव और विकास की व्याख्या करते हुए राजस्थानी साहित्य का विवेचनात्मक परिचय दिया गया है।

समग्र कोश को चार खण्डों में ही सम्पूर्ण कर प्रकाशित करने की योजना थी लेकिन प्रथम खण्ड प्रकाशित होने के पश्चात् आर्थिक संकट उपस्थित होने के कारण दूसरा खण्ड शीघ्र प्रकाशित नहीं किया जा सका। व्यवधान के कारण कुछ समय अधिक व्यतीत हो गया। अब तक प्रकाशन का कार्यभार 'राजस्थानी शोध संस्थान जोधपुर' पर था परन्तु इस बीच की अवधि में कोश को शीघ्र प्रकाशित करने के उद्देश्य से 'चौपासनी शिक्षा-समिति जोधपुर' के तत्त्वधान में 'उप-समिति राजस्थानी शब्द-कोश' का गठन किया गया। उप-समिति के देख-रेख में सर्वप्रथम द्वितीय खण्ड की प्रथम जिल्द जिसमें लगभग २०४२८ शब्दों का संग्रह है सन् १९६७ में जिज्ञासु पाठकों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस जिल्द में जिसमें ७६८ पृष्ठ हैं 'च' वर्ग और 'ट' वर्ग के वर्णों के साथ 'त' वर्ग के 'त' वर्ण शब्दों को संग्रहीत किया गया है। इसके थोड़े समय पश्चात् ही सन् १९६८ के ५ नवम्बर माह में द्वितीय खण्ड की दूसरी जिल्द भी जिसमे ६४७ पृष्ठ है प्रकाशित कर दी गई। इस जिल्द में 'त' वर्ग के 'थ' वर्ण से 'न' वर्ण तक के लगभग १६,४६५ शब्दों का संग्रह किया गया है। इस प्रकार द्वितीय खण्ड दो जिल्दों में सम्पूर्ण हुआ, जिसमें 'च' से 'त' वर्ग तक के सभी वर्णों के लगभग ३६,८९३ शब्द हैं।

यह कहना उचित ही होगा कि कोश निर्माण के लिए प्रारम्भ में जिन सिद्धान्तों का निर्माण कर कार्यारम्भ किया गया था उसका आज तक पूर्णतः निर्वाह हुआ है। अर्थ स्पष्टीकरण के लिए उपयुक्त उद्धरण साथ दिए गए हैं। साथ ही शब्दो से सम्बन्धित लोक व्यवहृत मुहावरों तथा लोकोक्तियों को भी यथा स्थान अकारादि क्रम से देकर उनका अर्थ भी हिन्दी में दिया गया है। शब्दों की व्युत्पत्ति भी देने की व्यवस्था रही है।

द्वितीय खण्ड को दो जिल्दों मे विभक्त कर प्रकाशित करने मे प्राप्त हुई सुविधा को देखकर तृतीय खण्ड को भी दो जिल्दों मे ही प्रकाशित करने का निर्णय किया गया। 'उप-समिति राजस्थानी शब्द कोश' के संरक्षण में ही यह प्रथम जिल्द तैयार की गयी जिसे पाठकों के समक्ष रखते हुए हमें हर्षानुभव हो रहा है। प्रसन्नता है कि कोशकार्य अपनी गति पर है और अब निकट भविष्य मे ही इसकी पूर्णता की आशा है। इस तृतीय खण्ड की प्रथम जिल्द में 'प' वर्ग के 'प' तथा 'फ' वर्ण के लगभग १०४१८ शब्दों का संकलन है।

राजस्थानी होने के नाते ही नहीं अपितु भाषा के प्रति स्वाभाविक रूचि होने के कारण भाषा सम्बन्धी कार्य के प्रति मेरा अनुराग रहा है। मैं अपने स्वर्गीय पूज्य पिताजी कर्नल ठा० श्यामसिंहजी को विशेष रूप से राजस्थानी भाषा के साहित्य अध्ययन एवं उनके विकास कार्य मे सतत संलग्न देखा। उनके द्वारा किया गया वृहद् साहित्य संग्रह, साहित्य की ओर प्रेरित करने में पर्याप्त है। पूज्य पिताजी श्री की इस कोश मे भी विशेष अभिरूचि रही है। कोश निर्माण कार्य में रुचि पूर्वक योगदान कर इसे अपने पिताजी की अभिलाषानुरूप पूर्ण कराना अपना धर्म और कर्त्तव्य समझकर अपनी ओर से यथाशक्ति प्रयत्नशील हूं। सहृदय साहित्यिक सज्जन वृन्द के सौहार्द एव राज्यीय सहयोग से पूर्ण आशवस्त हूं कि यह कोश अब शीघ्र ही सम्पूर्ण हो सकेगा। इस पुनीत कार्य के लिए सभी पाठक बन्धुओं से भी ऐसी कामना की आशा रखता हूं।

विनीत
चन्दनसिंह
सचिव
उप-समिति राजस्थानी शब्द कोश
जोधपुर.

रोडला भवन,
रिसालारोड़, जोधपुर.
२६ जनवरी १९७०

॥ श्री ॥

* निवेदन *

—: दूहा सोरठा :—

नारायण भूले नही, अपणी मायाईश। रोग पैल आखद रचै, जगवाला जगदीश ॥१॥
साच न वूढो होय, साच अमर ससार में। कैतो धोवो कोय, ओ सेवट प्रगटै 'उदय' ॥२॥
सेवा देश समाज, घरती में साचो धरम। इण सू पूरै आज, सकल मनोरथ सांवरो ॥३॥
साहित री सेवाह, सेवा देश समाज री। आवे इण एवाह, ईंगर कीरपा सू उदय ॥४॥
सत ऊजल संदेश, उदयराज ऊजल अखे। दीपै वांग देश, ज्यारा साहित जगमगे ॥५॥

भारत संसद में सन् १९५० रे करीब देशरी दूसरी सगला प्रान्ता री भासावां मानी गई उणां रे सामल राजस्थानी भाषा ने नहीं मानी तो कुदरती तौर सू राजस्थान में अपणी भासा राजस्थानी ने मान्यता दिरावण सारु आन्दोलन पत्रों में शुरू हुवो।

राजस्थानी रो विरोध में अकसर आ वात कही जाती के इण रो कोई आधुनिक कोश नही हो। ओ घाटो मिटावण सारु में श्री सीतारामजी लालस ने क्यो क्योकि हूं जाणता हो के डिंगल रा शब्द संग्रह रो उणां ने काफी अनुभव है। श्री सीतारामजी इण काम सारु तैयार हो गया ने म्हें दोनु सामिल होय ने पूरा सहयोग से मैनत सूं कोश रो काम शुरू कियो ने इण में खर्च री मदत री जरुरत हुई तो उसा वावत म्हें स्वर्गीय ठाकुर श्री भवानीसिहजी साहव वार एटला पोकरण ने अरज करी। इणां कृपा करने मंजूर करी ने तारीख १–५–५१ सूं रुपीया री मदद देणी चालू कर दीवी। सीतारामजी मथाणिया में लेखक राख ने काम शब्द संग्रह री स्लिप कोपिया लिखावण रो चालू कर दियो और म्हें दोनू तारीख १-५-५१ सूं सन् १९५२ रा आखिर तक सामिल कोम कियो जिण सू कुल शब्द ११३००० स्लिप कोपियां में लिखीजीया फेर समय रा हेरफेर सू श्री पोकरण ठाकुर साहव री सहायता वद हो गई। इण सूं सन् १९५३ लगायत सन् १९५६ तक ४ साल तक कोश रो काम वन्द रेयो।

इण कोश ने पूरो करण री म्हां दोनूं री पूरी लगन ही। म्हें करनल श्री सोमसिहजी रोडला ने जून १९५६ में कोश में सहायता देण सारु कागद लिखियो उण रो जवाव उणां तारीख २९-६-५६ रा कागद मे म्हने लिखियों के कोश सारु मावार रु० ५०), ३ या ४ साल तक या कोश पूरो होवे जठा तक दे सकूंला। परन्त उणांरा पिता करनल श्री अनोपसिहजी बीमार हो गया इण वास्ते सहायता चालू में देरी हुई। उणां रे स्वर्गवास होणे रे वाद मे मास नवम्वर रा अन्त में नें दिसम्वर रा सरु में जोधपुर में ही जद कर्नल श्री सामसिहजी कोश री मदत वावत वातचीत करण ने दोयवार म्हारे मकान पर आया और फिर सहायता देणी चालू कर दीवी।

कोश रो काम उणां री सहायता सूं सन् १९५७ री जनवरी सूं सीतारामजी जोधपुर में चालू कर दिया क्योंकि जद उणां रो तवादला जोधपुर में हो गयो हो। जो एक लाख तेरह हजार शब्दो री स्लिप कोपिया पैलो वणी हुई ही। उणा री स्लिपां काट काटकर अक्षरवार अलग अलग कर दी गई ने नवा शब्द भी जो मिलिया के शामिल कर दिया गया। इणतरे सव शब्द अक्षरवार किया जाय ने उणा ने अक्षरवार रजिस्टरों में लिख लिया गया। इणतरे कोश सन् १९५८ री माह मई तक पूरो हो गयो। म्हें पैली री तरे सीतारामजी रे साथ हर तरह रो सहयोग ने मदत राखी ने काम कियो। ओ कोप करनल श्री सामसिहजी री रुपीया री सहायता सूं पूरो हुवो।

इणरे वाद प्रेस कापी वणाइण रो काम चालू हुवो उणरे खरचे रो प्रवन्ध ठाकुर श्री गोरधनसिहजी मेड़तिया खानपुर वाला श्री झालावाड़ दरवार सू श्री नीवांज ठाकुर साहव सू रुपियां री सहायता लेने करायो ने करे छपण रो प्रवन्ध राजस्थानी सोध संस्थान चोपासणी जोधपुर सू हुवो ने तारीख ११-३-१९५९ ने सीतारामजी ने इण सोध संस्थान शिक्षा विभाग सू लोन पर ले लिया जद सू वे इण संस्थान में काम करण लागा।

इण कोश ने तैयार करावण में व्युत्पति विभाग पूरो करावण में स्वर्गीय पं० नित्यानन्दजी शास्त्री जोधपुर री घणी मदत ही इण वास्ते वैकूठवासी विद्वान ने घणा धन्यवाद देवां हां। तारीख २२–५–५७ ने लिख दय्या नीचे मुजव हो:—

चांदवावड़ी

ता० २२-५-५१

सीतारामजी लालस ने राजस्थानी कोश की रचना की है। यह भारी कठिन कार्य का यन्त्र श्री उदयराजजी ऊज्जवल यन्त्री (मेकेनिक) के बल संचालित हुवा हैं। मैंने इसे देखा इन्होंनें प्रत्येक शब्द ओर धातु को जाचकर उनके प्रयोज्य सब प्रकार के प्रयोगों को प्रदर्शित किया है क्योंकि इन्होंने संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश विविध भाषाओं के बल पर यह कार्य भार उठाया है। बीच बीच में हर समय मेरे साथ विचार विमर्श करते हुए आपने पूर्ण परिश्रम करके इसे रचा है। ऐसे कठिन कार्य को पार करने में श्री सीतारामजी की ही पूर्ण कृपा ने सहायता की है। आशा है राजस्थान की जनता इससे लाभ उठाकर इस कोश की त्रुटी की पूर्ती से पूर्ण संतुष्ट होगी और श्रम को समझने वाले विद्वान कार्य प्रशंसा करेंगे। फकत नित्यानंद शास्त्री।

इणी तरे ननण विश्वविद्यालय सूं डा० डब्लू० एस० एलन जो संसार री करीब चालीस भाषाओ रो जाणकार है ने अन्तरराष्ट्रीय ख्याती रा भाषा शास्त्री है वे राजस्थानी भाषा रे ध्वनी विज्ञान संबंधी जांच वो शोध रो काम सारु सन् १६५२ में राजस्थान में आया हा ने जोधपुर में दोय मास ठहरिया हा ने भाषा रे सिलसिले में म्हारे कने घणा आता उणांने म्हे ने सीतारामजी दोनू कोश वाली स्लिप कोपिया राय रे वास्ते म्हारा मकान पर दिखाई ही उणां म्हारो उत्साह बधायो उणा री सम्मति नीचे मुजब है:—

THINITY COLLEGE CAMBRIDGE 26 Feb., 1960

It is excellent news for Indo-Aryan Linguistics that the Rajastani Dictionary of Shri Udayraj Ujjwal and Shri Sitaram Lalas is now to de published. Rajastani has long presented a serious gap in the comparative Study of the vaca-bulary of the Indo-Aryan Languages and now at last it is filled by the devoted work of two Rajasthani Scholars and the support of their distinguished Sponsors, I know well and difficulties that have beset the under taking of this task and its Completion is therefore all the more a menument to the courage of these who conceived the project and brought it to fruition. With this work added to the grammer by Shri Sitaramji, the status of the Rajasthani language can no longer be denied.

Sd.-W.S. Allen. M.A.P.H.D.
Professor of Comprative Philology
In the University of Cambridge.

कोश दोय दातार राजपूत सरदारो री रुपीया रो मदत सू शुरू होय ने पूरो बणियो, इण वास्ते पुरानी प्रथा रे माफक महे ता० २६-६-५७ ने इण बाबत काव्य गीत, कवित, रचियो ने सीतारामजी कने भेजीया वो अठे दिया जावे है इणा ने दोनूं सरदारो रो धन्यवाद रे तौर पर वण ने हैं। इण गीत री सीतारामजी पत्रो में तारीफ की है।

"गीत" राजस्थानी में

कोम मरू बाणरो सुणे बण्यो नह किणी सू, लाख शब्दो तणे बडो लेखो गया भूपात कवराज गुण गावता, दियो नह ध्यान इण हेत देखो ।।१।।
खूटगा खजाना नरेसो देखता, गया तजमाल ठकरेत गाढा। सेव साहित्य री वणी न किणी सू, लागता पंथ धन छोड़ लाडा ।।२।।
सेव साहित्य ही रहे ससार में, सुजसफल लागवे घणी सरसे। मिले सुखलाध हितकर नित समाजां, दिनों दिन कितां सनमान दरसै ।।३।।
पांण मरू बांन है प्रांत रो परंपर, वेण परताप राजस्थान ऊचों। रखी न पढण में मायखां प्रांत री, निरखतां जाय है प्रांत नीचो ।।४।।
वणई चारणों व्याकरण विधोवित्र, बणेगो कोश ही लाख सबदो। सीत रो परिश्रम अघग फलियों सिरे, रेटियो 'उदय' मिल सकल सबदो ।।५।।
पोकरण भवानीसीह चापे प्रथम कोश रे हेत धन खर्च कीयो। पढंता लांच इण समेरा फेर सू, स्यामंसी रोडले कांम सीवो ।।६।।
रोडले स्यामसी सपूतो सिरोमण, कमवज आज अखियाज कीधी। वार विपरीत में हजारो खरचवे, दाद ऊजल 'उदे' देस दीधी ।।७।।
चारणा दोय मिल व्याकरण कोश रचि,बण्या नह बडो कवराज मिलियो। कमघा दोय मिल कियो सुभ कांम जो,महीयो कियो नह बीस मिलियो ।।८।।

कवित

सूर्यमल मिशण से बनाया वस भास्कर, बूदी नृपराम ने खजाना खोल करके।
सावल कविराज ने लिखाया इतिशास त्योही, उदियापुर रान के कोष बल धरके।
सीताराम लालस ने कीन राजस्थानी कोश, उदयराज उज्जवल के योग शक्ति भरके।
पोकरण भवानीसिंह स्यामसिंह रोडला के कोश हित कोष बने दानी धनवघर के।
प्रान्त की प्रवल भाषा प्रतिष्ठित परंपर बिबुधन दीनमाल वीरपद वाला है।
शिक्षा को माध्यम निज प्रान्त हैं में रखी नही होय कोटि जनता को दास गति डाला है।
डूबत है मात्रभापा वीर राजस्थान के री, प्रान्त का भविष्य याते दर्शित दिवाजा है।
जीवित उट्टेगी प्रीय राजस्थानी आशामात्र, व्याकरण कोश याके बनेगे जिशाला है।

Compared by
Sd-Bhawar Singh
Sd-लक्ष्मीप्रकाश गुप्ता

Sd-ह० उदयराज उज्वल
Sd-Nemi chand Jain
Civil Judge, Jodhpur.

संकेताक्षरों का विवरण

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचियता का नाम
अं०	अंग्रेजी	
अ०	अरबी	
अक०	अकर्मक	
अक० रू०	अकर्मक रूप	
अनु०	अनुकरण	
अनेक०, अनेका०	अनेकार्थी कोश	श्री उदयरांम वारहट (गूंगा)
अप०	अपभ्रंश	
अमरत	अमरत सागर	श्री महाराजा प्रतापसिंह (जयपुर)
अ० मा०	अवधांन माला	श्री उदयरांम वारहट (गूंगा)
अ० रू०		
अल्प०, अल्पा०	अल्पार्थ रूप	
अ० वचनिका	अचलदास खीची री वचनिका	सिवदास गाडण
अव्य०	अव्यय	
इब०	इबरानी	
उ०	उदाहरण	
उप०	उपसर्ग	
ऊ० र०	उक्ति रत्नाकर	
उभ० लिं०	उभयलिंग	
ऊ० का०	ऊमर काव्य	श्री ऊमरदांन लालस
एका०	एकाक्षरी नांम माला	श्री वीरमांण रतनू. श्री उदयरांम वारहट (गूंगा)
ऐ० जै० का० सं०	ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह	सपादक-अगरचंद नाहटा
क० कु० बो०	कविकुल बोध	श्री उदायरांम वारहट
क० च०	करनी चरित्र	ठा० किशोरसिंह वार्हस्पत्य
कर्म० वा०, कर्म०वा०रू०	कर्म वाच्य रूप	
कहा०	कहावत	
कां० दे० प्र०	कांन्हड़ दे प्रबंध	श्री पद्मनाभ
क्रि०	क्रिया	
क्रि० अ०	क्रिया अकर्मक	
क्रि० प्र०	क्रिया प्रयोग	
क्रि० प्रे०	क्रिया प्रेरणार्थक	
क्रि० वि०	क्रिया विशेषण	
क्रि० स०	क्रिया सकर्मक	
क्व० क्व० प्र०	क्वचित् प्रयोग	
ग० मो०	गज मोख	हरसूर वारहठ
गी० रा०	गीत रांमायण	श्री अमृतलाल माथुर (कुचेरा निवासी)
गु०	गुजराती	

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
गु० रू० बं०	गुण-रूपक-बंध	श्री केसोदास गाडण
गोर	गोरादि	
गो० रू०	गोगादे रूपक	श्री पहाड़ खां आढ़ौ
ची०	चीनी	
चेत मांनखा	चेतमांनखा	श्री रेवतदांन कल्पित
चौबोली	चौबोली	सम्पादक डॉ० कन्हैयालाल सहल
ज० खि०	जगा खिड़िया रा कवित	श्री जगौ खिड़ियौ
जा०	जापानी	
ज्यो०	ज्योतिष	
झूमखो	वातांरो झूमखो	सम्पादक डॉ० मनोहर शर्मा
डिं०	डिंगल	
डिं० को०	डिंगल कोश	कविराजा मुरारिदांन जी (बूंदी)
डिं० नां० मा०	डिंगल नांम माला	श्री हरराज (कवि)
ढो० मा०	ढोला मारू [१]	सम्पादक श्री रामसिंह श्री सूर्य करण पारीक श्री नरोत्तमदास स्वामी
तु०	तुर्की	
द० दा०	दयालदास री ख्यात	श्री दयालदास सिढायच
दसदेव	दसदेव	नांनूरांम संस्कर्ता
द० वि०	दलपत विलास	सम्पादक श्री रावत सारस्वत
दे०	देखो	
देवि, देवी	श्री देवियांण	श्री ईसरदास बारहठ
द्रों० पु०	द्रोपदी पुकार	श्री रांमनाथ कवियौ
ध० व० ग्रं०	धर्म वर्धन ग्रंथावली	संपादक अगरचंद नाहटा
नां० मा०	नाम माला	अज्ञात
ना० डिं० को०	नागराज डिंगल कोस	श्री नागराज पिंगल
ना० द०	नाग दमण	श्री सांइया झूला
नी० प्र०	नीति प्रकास	श्री सगरांम सिंह मुहणोत
नैणसी	मुहणोत नैणसी री ख्यात	प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
पं०	पंजाबी	
पं० पं० च०	पंच पंडव चरित्र	सालिभद्र सूरि
प० च० चौ०	पद्मिनी चरित्र चौपाई	कविलब्धोदय
पर्या० पर्याय०	पर्यायवाची शब्द	
पा०	पाली	
पा० प्र०	पाबू प्रकास	कवि श्री मोडजी आसियौ
पिं० प्र०	पिंगल प्रकास	श्री हमीरदांन रतनू
पी० ग्रं०	पीरदान ग्रंथावली	पीरदान लालस

१. इसके अतिरिक्त हमने "ढोला मारू" की भिन्न २ लेखकों द्वारा लिखित हस्तलिखित बातों की प्रतियों में से भी शब्द लिए हैं, उनका भी संकेत चिन्ह ढो मा ही रखा गया है।

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
पु०	पुल्लिग	
पुर्त०	पूर्तगाली	
पृप०	पृपोदरादि	
पे० रू०	पेमसिंह रूपक	श्री प्रतापदांन गाडण
प्र०	प्रत्यय	
प्रा०	प्राकृत	
प्रा० प्र०	प्राचीन प्रयोग	
प्रा० रू०	प्राचीन रूप	
प्रे०	प्रेरणार्थक	
प्रे० रू०	प्रेरणार्थक रूप	
फा०	फारसी	
फ्रां०	फ्रांसिसी	
वहु०/व०व०	वहु वचन	
वां० दा०	वांकीदास ग्रथावली भाग १,२,३,	श्री वांकीदास
वां० दा० ख्या	वांकीदास री ख्यात	श्री वांकीदास
वा०दा० ख्यात		
वी० दे०	बीसल् दे रासौ	नरपति नाल्ह
भ० मा०	भक्तमाल्	श्री वह्मदास दादुपंथी
भाव०	भाव वाचक	
भाव०वा०भाव वा० रू	भाव वाच्य रूप	
भिक्खु	भिक्खु दृष्टान्त	
भि० द्र०	,, ,,	
भू०	भूतकाल	
भू० का० क्रि०	भूत कालिक क्रिया	
भू० का० कृ०	भूतकालिक कृदन्त	
भू० का० प्र०	भूत कालिक प्रयोग	
भ्रं० पु०	भ्रंगी पुरांण	श्री हरदास
म०	मराठी	
मह० रू० भे०	महत्व रूप भेद	
मह० महत्व	महत्ववाची शब्द	
मा०	मागधी	
मा० कां० प्र०	माधवानल काम कंदला प्रवंध	कवि गणपति
मा० म०	मारवाड़ मृर्दुमशुमारी रिपोर्ट	मुंशी श्री देवी प्रसाद
मा० वचनिका	माताजी री वचनिका	जती जयचंद
मि०	मिलाम्रो	
मीरा	मीरां वाई	
मु० मुहा०	मुहावरा	
मे० म०	मेहाई महिमा	श्री हिंगलाजदान कवियौ
यू०	यूनानी	
यौ०	यौगिक	
र० ज० प्र०	रघुवरजस प्रकास	श्री किसनौ ग्राढौ

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
र० रू०	रघुनाथ रूपक गीतां रौ	श्री मंछाराम, मंछकवि
र० वचनिका	रत्नसिंह महेशदासोत री वचनिका	जगौ खिड़ियौ
र० हमीर	रतना हमीर री वारता	महाराजा मानसिंह जोधपुर
रा०, राज	राजस्थानी	
रा० ज० रासौ	राउ जैतसी रो रासौ	अज्ञात
रा० जै० सी०	राउ जैतसी रो छंद	श्री बीठू सूजौ नगराजोत
रात वासौ	राजस्थानी काणी संग्रह	नृसिंह राजपुरोहित
रा० दू०	राजस्थानी दूहा	सम्पादक नरोत्तमदास स्वामी
रा० प्र०	राजस्थानी प्रत्यय	
रा० रा० राम रासौ	रांम रासो	श्री माधोदास दधवाड़ियौ
रा० रू०	राज रूपक	श्री वीरभांण रतनू
रा० व० वि०	राठौड़वंश री विगत	अज्ञात
रा सा० स०	राजस्थानी साहित्य संग्रह भाग १	सम्पादक नरोत्तमदास स्वामी
रु० भे०	रूपभेद	
ल० पिं०	लखपति पिंगल्	श्री हमीरदांन रतनू
ला० रा०	लावा रासौ	श्री गोपालदांन कवियौ
लू०	लू	ठा० चन्द्रसिंह बीकौ
लै०	लैटिन	
लो० गी०	राजस्थानी लोक गीत	
व० भा०	वंश भास्कर	श्री सूर्यमल्ल मीसण
व०	वर्तमान काल्	
व०० का कृ०	वर्तमान कालिक कृदन्त	
वचनिका	वचनिका रतनसिंह महेशदासोतरी	श्री जगौ खिड़ियो
बरसगांठ		श्री मुरलीधर व्यास
व० स०	वर्णक समुच्चय	सम्पादक भोगीलाल सांडेसरा आदि
वांणी	संत बांणी	
बादली	बादली	ठा० चन्द्रसिंह बीकौ
वि०	विशेषण	
वि० कु०	विनय कुसुमांजली	विनयचंद्र-कृति-कुसुमांजलि
विलो०	विलोम	
वि० वि	विशेष विवरण	
वि० मं०	विड़द सणगार	कविराजा करणीदान कवियौ
वी० मा०	वीरमायण	बहादुर ढाढी
वी० स०	वीर सतसई	सूर्यमल मीसण
वी० स० टी०	वीर सतसई टीका	श्री किसोरदांन बारहट
वेलि०	वेलि किसन रुकमणी री	महाराजा प्रिथीराज राठौड़
वेलि० टी०	वेलि किसन रुकमणी री टीका	अज्ञात

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
व्या०	व्याकरण	
शक०	शकदादि	
शा० हो०	शालि होत्र	
शि० वि०	शिखर वंशोत्पत्ति पीढ़ी वार्तिक	श्री गोपाल कवियो
शि०सु०रू०	शिवदांन सुजस रूपक	श्री लालदांन बारहट
सं०	संस्कृत	
सं०उ०	संज्ञा उभय लिंग	
सं०पु०	संज्ञा पुल्लिंग	
सं०स्त्री०	संज्ञा स्त्रीलिंग	
स०	सकर्मक	
स०कु०	समय-सुन्दर-कृति-कुसुमांजली	महाकवि समय सुन्दर
सभा०	सभाश्रृंगार	
स०रू०	सकर्मक रूप	
सर्व०	सर्वनाम	
सू०प्र०	सूरज प्रकास	कविराज करणीदान कवियो
स्त्री०	स्त्रीलिंग	
स्पे०	स्पेनिस	
श्री हरि पु०	श्री हरि पुरुषजी	श्री हरिपुरुषजी
ह०नां० / ह०नां मा०	हमीर नांम माला	हमीरदान रतनूं
ह०पु०वां०	श्री हरि पुरुषजी की वांणी	श्री हरिपुरुषजी
ह०प्र०	हंस प्रबोध	श्री हमीरसिंहजी राठौड़
ह०र०	हरिरस	श्री ईसरदास बारहट
हा०झा०	हाला झालां रा कुण्डलिया	श्री ईसरदास बारहठ

⊛ [यह संकेत इस बात को सूचित करता है कि यह शब्द केवल कविता में ही प्रयोग होता है।
? शंकास्पद

"श्रद्धांजलि"

श्री अनोप रौ पूत, पूतळौ परमारथ रौ।
सांच झूठ परखण जिण, झाल्यौ पथ पारथ रौ ।।
महावीर रणधीर, फौज में थौ जो करनळ।
सिंधु सरिस गंभीर, नीर गंगा ज्यूं निरमळ ।।
हनुमांन आंन नैं प्रांण सम, पाळी थी जो पेखलौ ।
जीवन धिन जिण रौ नांम सुभ, आदि अखर में देखलौ ।।

—संपादक

सहज सरलता की प्रति-मूर्ति, स्वाभाविक सौम्यता के प्रतिरूप भक्त-हृदय,
स्नेहसिक्त सहृदयी मृदुभाषी उदारमना परम साहित्य सेवी सुअध्येता
परहितचिंतक लोकोपकारक जनप्रिय ग्रामनायक

(कर्नल ठाकुर श्री श्यामसिंहजी रोडला)

जन्म :
संवत् १९६२
फाल्गुन शुक्ला ३

स्वर्गधाम :
संवत् २०२४
फाल्गुन शुक्ला ६

जिन्होंने कोश के निर्माण में अपूर्व सहयोग दिया
जिन्होंने आत्मभाव से साहित्योपकार किया
उन्हें
हमारी कोटि – कोटि पावन श्रद्धांजलियां

राजस्थांनी सबद कोस

[राजस्थानी हिन्दी वृहत् कोश]

[तृतीय खण्ड]

(प्रथम जिल्द)

प

प—देवनागरी वर्णमाला का इक्कीसवां व्यञ्जन जो कि विवार, श्वास, घोष और अल्पप्राण प्रयत्न लगने से तथा दोनों ओठों के मिलाने से उच्चरित होता है। अतः इसे स्पर्श व ओष्ठ्य वर्ण कहते हैं।

पंइताळीस—देखो 'पैंताळीस' (रू.भे.)
उ०—पंइताळीस धनुस नी उंची, कंचन वरणी काया रे। सुंदर रूप मनोहर मूरति, प्रणमइ सुरनर पाया रे।—स.कु.

पंक-सं०पु० [सं०] १ पाप (ह.नां., अ.मा., डिं.को.)
उ०—कट्टू कांगरै-कांगरै, पसर न दै अर-पंक। कोट भड़ां रा कांगरा, अड़ बैठा नभ अंक।—रेवतसिंह भाटी
२ कलंक, धब्बा। उ०—सोळै किरणां सरसियो, प्रगट फब्यो विण पंक। सही क सुवरण वेल सूं, मिळियो आण मयंक।
—र. हमीर
३ कीचड़, कीच। उ०—१ वितए आसोज मिळै नभि वादळ, प्रिथी पंक जळि गुडळपण। जिम सतगुरु कळि कळुख तणा जण, दीपति ग्यांन प्रगटे दहण।—वेलि.
उ०—२ अस्ट करम मळ पंक पयोधर, सेवक सुख संपति करणं। सुर-नर-किन्नर-कोट निवेसित, समय सुंदर प्रणमति चरणं।
—स.कु.
रू०भे०—पंग।
यौ०—पंक-जणी, पंक-जनम, पंक-जात।

पंककीर-सं०पु० [सं०] टिटिहरी नामक चिड़िया।

पंकज-वि० [सं०] कीचड़ से उत्पन्न होने वाला।
सं०पु०—१ कमल (ह.नां.)
२ फूल (अ.मा.)
रू०भे०—पंकज्ज, पंकय।
यौ०—पंकज-ग्रह, पंकज-बंधु, पंकज-राग, पंकज-हती।

पंकजग्रह-सं०पु० [सं०] वरुण (नां.मा.)

पंकजणी—देखो 'पंकजिनी' (रू.भे.)

पंकजनम-सं०पु० [सं० पंकजन्मन्] कमल, पद्म।

पंकजबंधु-सं०पु० [सं०] सूर्य्य, रवि (अ.मा.)

पंकजराग-सं०पु० [सं०] पद्म-रागमणि।

पंकजहत, पंकजहती, पंकजहत्थ, पंकजहत्थी, पंकजहथ, पंकजहथी-सं०पु० [सं० पङ्कजहस्त] सूर्य्य, भानु (डिं.को.)
वि०वि०—पङ्कजहस्त=कमलों का हाथ (सहारा)। यदि इसे गुण-वाची 'इन्' प्रत्यय के साथ रखें तो 'हस्ती' होगा। उसका अर्थ होगा कमलों को सहारा देने वाला।

पंकजात-सं०पु० [सं०] कमल।

पंकजासण, पंकजासन-सं०पु० [सं० पंकजासन] ब्रह्मा।

पंकजिणी—देखो 'पंकजिनी' (रू.भे.)

पंकजित-सं०पु० [सं० पंकजित्] गरुड़ का एक पुत्र।

पंकजिनी-सं०स्त्री० [सं०] कमल का पौधा जो पानी में होता है।
(डिं.को.)
रू०भे०—पंकजणी, पंकजिणी।

पंकज्ज—देखो 'पंकज' (रू.भे.)

पंकण, पंकणी-सं०स्त्री०—१ प्रत्यञ्चा। उ०—कह कवांण नैण रस, जीह पंकणी तांणेह। मारू तीर कवांण जिम, नह चूके बांणेह।
—ढो.मा.
२ देखो 'पंखणी' (रू.भे.)

पंकत, पंकति—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)
उ०—१ चंडी सूळ पारजात मराळां पंकतां चंगी, किरमाळां मोज पंगी कोसल्या कवार।—र.रू.
उ०—२ काळी-घड़ पावस कंवळयं, बग-पंकति दीप दंतूसळयं।
—ग.रू.बं.
उ०—३ रुखमणीजी की दंति पंकति सोभित छै।—वेलि. टी.

पंकति-दूहौ-सं०पु० [सं० पंक्ति+रा० दूहो] वह दोहा जिसमें चारों चरण मिला कर ४८ ह्रस्व वर्ण हों। इसका दूसरा नाम सर्प है।

पंकती—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)

पंकदिग्धांग-सं०पु० [सं०] कार्तिकेय का एक अनुचर।

पंकधूम-सं०पु० [सं०] एक नरक (जैन)

पंकप्पभा, पंकप्पहा, पंकप्रभा-सं०स्त्री० [सं० पंकप्रभा] एक नरक।
वि०वि०—इस नरक में कीचड़ भरा हुआ माना जाता है।

पंकय—देखो 'पंकज' (रू.भे.)
उ०—सेवइ जसु पय साध अहे, पंकय महुअर रुण उणइ ए। धन धनु जे नरनारि अहे, नित नितु प्रभु गुण गण थुणइ ए।
—ऐ.जै.का.सं.

पंकरुट-सं०पु० [सं०] कमल (डिं.को.)

पंकरुह, पंकरूह-सं०पु० [सं० पंकरुह] कमल, पद्म (डिं.को.)
रू०भे०—पंकेरुह।

पंकाउळी—देखो 'पंकावळी' (रू.भे.) (पिं.प्र.)

पंकाभा-सं०स्त्री० [सं०] चौथी नरक (जैन)

पंकावळि, पंकावळी-सं०स्त्री० [सं० पंकावलि] प्रत्येक चरण में प्रथम गुरु फिर दो नगण फिर दो भगण सहित १३ वर्ण का वर्णिक वृत्त विशेष जिसे कंजअवळी भी कहते हैं (र.ज.प्र.)
रू०भे०—पंकाउळी।

पंक्ति—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)
उ०—सेरी सांच मोकळी वाट, नगर मांहि छोह पंक्ति हाट।
—कां.दे.प्र.

पंकेरुह—देखो 'पंकरुह' (रू.भे.)
पंक्खण—१ देखो 'पंख' (रू.भे.)
२ देखो 'पक्षी' (रू.भे.)
३ देखो 'पंखी' (रू.भे.)
पंक्ति-सं०स्त्री० [सं०] १ प्रायः एक ही प्रकार की वस्तुओं का ऐसा समूह जो एक दूसरी के पश्चात् एक ही सीध में हों, कतार, पांती, लाइन, श्रेणी। उ०—किते चवदंडिय होदनि छाय, दये डगबेरनि तें खुलवाय। चले मिळि दंतिय पंक्ति समग्र, मनो बग पंक्ति उठी घन भग्र।— ला.रा.
पर्या०—तति, माळा, राजी, वीथि।
२ एक साथ बैठ कर भोजन करने वालों की कतार।
३ फौज में दस-दस योद्धाओं की कतार।
४ प्रत्येक चरण में एक भगण और अंत में दो गुरु वाला एक वर्ण-वृत्त।
५ दस की संख्या*।
रू०भे०—पंकत, पंकति, पंकती, पंकित, पंगत, पंगति, पंगती, पंत, पंति, पंती, पांत, पांति, पांती, पिंगति।
पंक्तिपावन-सं०पु० [सं०] ऐसा ब्राह्मण जिसको यज्ञ में बुलाना और दान देना श्रेष्ठ माना जाता है।
पंक्तिबद्ध-वि० [सं०] कतार में बंधा हुआ, श्रेणीबद्ध।
पंख-सं०पु० [सं० पक्ष] १ चिड़ियों, पतगों आदि पक्षियों का वह अवयव जिससे वे हवा में उड़ते हैं, पर।
उ०—१ आगै खोजां जावतां पंख पड़िया पाया।
—केसोदास गाडण
उ०—२ कुंझड़ियां कळिअळ कियउ, सुणीउ पंखइ वाइ। ज्यांकी जोड़ी बीछड़ी, त्यां निसि नींद न आइ।—ढो.मा.
पर्या०—छद, पत्र, पिच्छ, बाज।
मुहा०—१ पंख आणा—देखो 'पंख लागणा'।
२ पंख उखलणा—असमर्थ होना।
३ पंख उखेलणा—असमर्थ करना।
४ पंख कटणा—देखो 'पंख उखलणा'।
५ पंख काटणा—देखो 'पंख उखेलणा'।
६ पंख जमणा—देखो 'पंख लागणा'।
७ पंख लगणा—देखो 'पंख लागणा'।
८ पंख लागणा—बुरे रास्ते पर जाने के रंग-ढंग दिखाई पड़ना, इधर-उधर घूमने या भटकने की इच्छा दीख पड़ना।
२ पुष्प-दल।
३ धूलि। उ०—दळ मेहळ ऊपड़ै, भमर रज झम्मर भ्रम्मै। असंख वांण आतस्स, गयण पंखारव गम्मै। पसरि पंख है पाई, इळा उड्डै आधंतरि। जरद लाल इक स्याह, वरन वांना विः बहुधरि।
—गु.रू.बं.
रू०भे०—पंक्खण, पंखि, पंखी।
अल्पा०—पंखड़ी, पंखडी, पंखड़ो, पंखडो, पंखुड़ी।
मह०—पंखड़, पंखड, पंखांण।
४ गिद्ध, चील आदि मांसाहारी पक्षी।
५ राजा की सवारी का हाथी।
६ अश्व, घोड़ा (डिं.नां.मा.)
उ०—पाखर में परचंड, पंख पाहाड़ अचग्गळ। ऊंचासो इंद्र रै, रांम रै गुरड विहंगम।—ग.रू.बं.
७ धारा, प्रवाह। उ०—मांडिया उतवंग जियइ द्रू माथइ, नांम जपंतां एक निमंख। संकरदेव पखउ कुण साहइ, पडती गंग तणा झट पंख।—महादेव पारबती री वेलि
८ देखो 'पक्षी' (रू.भे.)
उ०—तांणै मीर तीर धनंख पाड़ै गयण हूंता पंख।—गु.रू.बं.
यौ०—पंखपति, पंखराज, पंखराव।
९ देखो 'पखारो' (रू.भे.)
उ०—१ असिधुज सिलह पखर भिदि आवै। पंख जिकां भींजण नह पावै।—सू.प्र.
उ०—२ कोमंड गरज्ज हुए हलकार, मडां मालोड़ करत भंभार। एकू की मूठ विछुट्ट असख, परै सिर फूटै कोरी पंख।—गु.रू.बं.
पंखड़, पखड—१ देखो 'पंख' (मह., रू.भे.)
पंखड़ी, पंखडी—देखो 'पंख' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—१ ओछा डूंगर बन घणा, खरा पियारा मित्त। देह विधाता पंखड़ी, मिळि मिळि आवउं नित्त।—ढो मा.
उ०—२ कुंझां! द्यउ नइ पंखडी, थांकउ विनउ वहेसि। सायर लंघी प्री मिळउं, प्री मिळि पाछी देसि।—ढो.मा.
पंखड़ो, पंखडो—१ देखो 'पंख' (अल्पा. रू.भे.)
२ देखो 'पंखी' (अल्पा., रू.भे.)
३ देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)
पंखण, पंखणि, पंखणी-सं०स्त्री० [सं० पक्षिणी] १ मादा पक्षी।
२ मादागिद्ध। उ०—१ रिमसेन सगह वहिया जुध रासै। रूकां पांण कनोजै-राय। पळ भखती रात्ती पिड पंखण। तगसंती रावां गिर ताय।—धोळूजी विठू
उ०—२ वारण कारण घाव-दाव वर, भख पंखण रीझव भाराथ। बेटौ बाप दहूं रथ बैठा, सासु वहू अच्छर कर साथ।
—गोपाळदास बळरांम गौड़ रो गीत
उ०—३ झड़प्फड़ पंखणि साम्रज झूल। गुडंत गयघण गात्र सथूल।
—गु.रू.बं.
३ चील।
४ वर्तमान और आगामी दिन के बीच की रात।
५ अप्सरा।
उ०—पनंगणी कना काय पंखणी, कोण देस हूंता गवण। हूं

पुज्ज भेद जांणूं नहीं, कह है तूं बाई कवरण ।—पा.प्र.

६ राठौड़ वंश की कुलदेवी, चक्रेश्वरी, नागणेची ।

उ०—चक्रेस्वरी वळे स्थांने, राटेस्वरी तथा रट । पंखणी सप्त मात्रेण, नागणेची नमस्तुते ।—पा.प्र.

रू०भे०—पंकणी, पंखयांणी, पंखायण, पंखिण, पंखिणि, पंखिणी, पंखीणी, पंखीनी, पांखणी ।

पंखणीग्राळौ, पंखणीयाळौ-सं०पु० [सं० पक्ष+ग्रालुच् प्र०] पक्षी, पंखेरू ।

पंखपत, पंखपति, पंखपती, पंखपत्त, पंखपत्ति, पंखपत्ती-सं०पु०यौ० [सं० पक्षी+पति] १ गरुड़, पक्षिराज (डि.को.)

उ०—परिठिवउ प्रांण पागड़इ पाउ, रेवंति चढ़िय 'जइतसी' राउ । 'चउंडाहर' चड़िवउ चक्रवति, परमेसर जांणें पंखपत्ति ।

—रा.ज.सी.

२ जटायु ।

रू०भे०—पंखीपत, पंखीपति, पंखीपती, पंखीपत्त, पंखीपत्ति, पंखीपत्ती ।

पंखयांणी—देखो 'पंखणी' (रू.भे.)

उ०—पखयांणी ग्राव पख्ख, दांन पाव भाव दख्ख । रूप वो ग्रमर रख्ख, खळां भेळि खख्ख ।—पा.प्र.

पंखराउ, पंखराऊ, पंखराज, पंखराय—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)

उ०—१ वर वागू के सांचे पंखराउ सी घाव । खुरताळूं के झमके सत सिपा के सिळाव ।—र.रू.

उ०—२ दक्खणियां घर वाहण ग्रादो, ग्रोहनपुर ग्रायो साहिजादो । देख 'खुरम' दखणी दळ भग्गे, किरि दीठौ पंखराऊ पनग्गे ।

—गु.रू.बं.

उ०—३ तुरी झळूस साज तांम, घाव देत घारक । उडांण पंखराज एम, पांण में ग्रपारकं ।—सू.प्र.

उ०—४ जळ भीतर ग्राव मचाय महाजुध, कंटक लोघ दवाय करी । गळळावत सूंड रही दुय ग्रंगुळ, हेत घणैं पंखराय हरी ।

—भगतमाळ

पंखराळ-वि० [सं० पक्ष+ग्रालुच्] १ बड़े बड़े परों वाला ।

२ देखो 'पखराळ' (रू.भे.)

उ०—वदन मजीठ रूप विकराळां । पमगां चढै पूर पंखराळां । कहि चहुवांण तणा भड़ केहा । जम हूं लड़ै चाळवंच जेहा ।—सू.प्र.

पंखराव—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)

उ०—१ उरड तूटि ग्रसमांन, जुटि पंखराव जहरघर । हुवै विकट करि हाक, दंत नरसिंघ वाहादर ।—पनां वीरमदे री वात

उ०—२ सारो 'ग्रोरंग साह' सूं, दाखै दूत विगत्त । 'दुरग' 'ग्रकब्बर' जांम्य-दिस, गा पंखराव जुगत्त ।—रा.रू.

पंखवा-सं०स्त्री० [सं० पक्ष+वायु] पंखे की हवा ।

पंखवौ—देखो 'पंखारौ' (रू.भे.)

पंखांण—देखो 'पासांण' (रू.भे.)

उ०—गढ़ भंजै भीत किमाडं, उत्थापै जडां उपाडं । सातखणा मह मंडांणं, किया ढाहि पंखांण पंखांणं ।—गु.रू.व.

२ देखो 'पंख' (मह., रू.भे.)

३ देखो 'पक्षी' (मह., रू.भे.)

पंखांराउ, पंखांराऊ, पंखांराज, पंखांराव—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)

उ०—१ वेग लिए मूंठी वाऊ, राज रथां पंखांराऊ ।—गु.रू.बं.

पंखाकुळी-सं०पु०यौ० [सं० पक्ष+तु० कुली] पंखा खींचने के लिए नियत व्यक्ति ।

पंखाबरदार-सं०पु० [सं० पक्ष+फा० बरदार] पंखे से हवा करने वाला ।

रू०भे०—पंखावरदार ।

पंखाबरदारी-सं०स्त्री० [सं० पक्ष+फा० बरदार+रा.प्र.ई] पंखे से हवा करने का कार्य । उ०—लहलहतो नाचै लता, पवन सगीती पाय । पंखावरदारी करै, रंभ विचै वणराय ।—बां.दा.

रू०भे०—पंखावरदारी ।

पंखायण—देखो 'पंखणी' (रू.भे.)

पंखार, पंखारौ-सं०पु० [सं० पक्ष+ग्रालुच्] तीर का पीछे का वह भाग जहां से तीर प्रत्यञ्चा पर चढ़ाया जाता है ।

वि०वि०—तीर के इस स्थान पर दोनों ग्रोर छोटे छोटे पर (पंख) लगे हुए होते हैं ।

उ०—१ खतां ग्रंगि तीर फरक्कि पखार । घड़ा छत मेघ घणा छत्र-धार ।—सू.प्र.

उ०—२ ऊपर रूपै रा सांवा छै, पीतळ तांवै रा छला छै दांत री चोकड़ी छै, तिलोर रा पंखारा छै ।—रा सा.सं.

उ०—३ कुंवरसी रै हाथ रो तीर जिण रै लागै उण ही घोड़ै तक रै पार नीसर जाय । सवार रै लागै जीं मांही पंखारा मींजे तक नहीं ।—कुंवरसी सांखला री वारता

रू०भे०—पंख, पंखवौ, पंखोवौ, पुंख, पुंखौ ।

पंखाळ, पखाळौ-वि० [सं० पक्षालुः] १ जिसके पंख हों, पर वाला ।

उ०—१ मणिधर मोटा देखीइ, पंखाळा पुन्नाग । सात फणइग्री सहिस-गळ, विमणी विमणी वाग ।—मा.का.प्र.

उ०—२ चलै करण ताळ उताळा चलावै । घरै काळ मा ग्रद्रि पंखाळा घावै ।—वं.भा.

२ पक्ष का, एक ग्रोर का । उ०—तुरग मातंग रथाळि पाळा, ते पारथ नैं वारि हूंया पंखाळा ।—विराट पर्व

सं०पु०—१ पक्षी । उ०—पड़ि सोक भयकर उड़ि पखाळ । फाळ में जांणि घण प्रळयकाळ ।—सू प्र.

२ मांसाहारी पक्षी । उ०—१ गुदाळक जे पंखाळ गजै । विकराळ बबाळ मंबाळ वजै ।—गो.रू.

उ०—२ वरंगा राळ वरमाळ सूरा वरै, त्रिपत पंखाळ दिन गुरै

ताळा। सवळ पड भार सिर तणावै अहेसुर, महेसुर वणावै मुंड-माळा।—र.रू.

३ पक्षिराज, गरुड़। उ०—'पातल' वग्ग पमंग री, यूं कर झली उताळ। चत्रभुज जाणै चालियो, पिड़ कज सझ पंखाळ।
—किसोरदान बारहठ

४ गिद्ध।

५ सांप, नाग। उ०—गज, डूंबी, चीतळ, गोरावा, सुज काळा, पंखाळा सेत नव-कुळ नाग म आंणै नैड़ा, नव-कुळां ई टाळै नखतेत।
—आसो गाडण

[सं० पक्ष सेनाका एक बाजू+आलुच्] ६ घोड़ा, अश्व
(डिं.नां.मा.)

७ तीर, शर (डिं.नां.मा.)

उ०—१ पूर सोक पंखाळ अरस, छायौ आधंतरि।—गु रू.बं.

उ०—२ अखत पंखाळ अणियाळ उछाळती, सुविए ताळ विकराळ साए। दूसरा 'पाल' चुगलाळ घड़ दुलहणी, विमळ वरमाळ करमाळ याए।—जोगीदास चांपावत रो गीत

८ डिंगल का एक गीत (छंद) विशेष जो छोटे सांणोर का एक भेद होता है। इसमें तीन द्वाले होते हैं और ह्रस्व दीर्घ का नियम नहीं होता है।

पंखावरदार—देखो 'पंखाबरदार' (रू.भे.)

पंखावरदारी—देखो 'पंखाबरदारी' (रू.भे.)

पंखासाळ-संस्त्री० [स० पक्ष+शाला] १ वह शाला जहाँ हवा के निमित्त पंखा लगा हुआ हो।

२ मकान के भीतर की वह खुली शाला जिसमें हवा सुगमता से आती हो।

३ मकान के भीतर बनी हुई वह खुली शाला जिसके दोनों पक्षों के कमरों आदि में सामान आदि रखा जाता है किन्तु शाला में प्राय: सामान आदि नहीं रखा जाता है। यह प्राय: गर्मी की ऋतु में दिन को बैठने, महमानों को ठहराने व सोने के उपयोग में ली जाती है।

पंखि—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—१ अनि पंखि वधे चक्रवाक असंधे, निसि संधे इमि अहो-निसि। कांमिणि कांमि तणी कांमागनि, मन लाया दीपकां मिसि।
—वेलि.

उ०—२ रात सखी इणि ताल मइं, काइज कुरळी पंखि। उवै सरि हूं घरि आपणइ, बिहूं न मेळी अखि।—ढो.मा.

२ देखो 'पंख' (१-३) (रू.भे.)

उ०—अर्जं जांनकी सोधवा जोध आया। गिरां 'अंगदेसं' चढ़ै रांम गाया। सुणै राम रो नांम उच्छाह साई। उठै ग्रीध संपात रै पंखि आई।—सू प्र.

३ देखो 'पंखी' (८) (रू.भे.)

पंखिओ १—देखो 'पक्षी' (अल्पा०, रू.भे.)

२ देखो 'पंखियो' (रू.भे.)

३ देखो 'पक्ष' (अल्पा., रू.भे.)

पंखिण, पंखिणि, पंखिणी—देखो 'पंखण' (रू.भे.)

उ०—१ पखिण पंखी वीछड़ै, जिम सोकातुर थाय। तिम कुमरी नै पिउ बिना, खिण एक खिण न सुहाय।—वि.कु.

उ०—२ दुख सायर मन बेडली, कूप ते माधव नांम। कांमकंदळा पंखिणी, फिरि-फिरि एक जि ठांम।—मा.कां.प्र.

उ०—३ कीधी सांन खांनि मूंगळ नइ, सींगिणी परठघउ तीर। तांणी गयणि पंखिणी वीधी, पेखइ मोटा मीर।—कां.दे प्र.

पंखियो-सं०पु० [सं० पक्ष+रा०प्र० इयो] १ वह बैल जिसके पसलियों की अन्त की हड्डियां कुछ छोटी हों (अशुभ)।

रू०भे०—पंखिओ, पंखीओ, पंखीयो।

२ देखो 'पक्षी' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—१ संकुड़ित समसमा संध्या समयै, रति वंछिति रुखमणि रमणि। पथिक वधू द्रिठि पंख पंखियां, कमळ पत्र सूरिज किरणि।
—वेलि.

३ देखो 'पंखो' (अल्पा०, रू.भे.)

पंखी-सं०पु० [स० पक्षी] १ गरुड़, पक्षिराज (ह.नां., अ.मा.)

२ बांण, शर (डिं.नां.मा.)

३ एक प्रकार का ऊनी कपड़ा जो पहाड़ी भेड़ के बालों से बुना जाता है। उ०—आंनन विमळ मुखोप अपारां। तांबूळादि दियै तिण वारां। एहिज सदन सिसर हिमवंतां। आसण पंखी पसम अनंतां।—सू.प्र.

[सं० पक्ष] ४ रहट चलाने वाले के लिए बैठने का स्थान जहाँ पर बैठ कर वह बैलों को हांकता है।

सं०स्त्री०—५ फूल का दल, पंखुरी।

६ गिद्ध, चील आदि मांसाहारी पक्षी।

७ मक्खी, मक्षिका।

८ बंदूक के अग्र भाग में उभरा हुआ वह अंश जिसकी सहायता से निशाना साधा जाता है।

९ देखो 'पक्षी' (रू.भे.) (अ.मा., ह.नां.)

उ०—१ स्रीपति कुण सुमति तूझ गुण जु तवति, तारू कवण गयण जु समुद्र तरै। पंखी, कवण गयण लगि पहुचै, कवण रंक करि मेरु करै।—वेलि.

उ०—२ धनवंतां री 'धरमसी', आवै सहु धरि आस। सरवर भरियौ देख सहु, पंखी बैसै पास।—ध.व.ग्रं.

१० देखो 'पंख' (१-३) (रू.भे.)

११ देखो 'पंखो' (अल्पा., रू.भे.)

पंखीओ—१ देखो 'पंखियो' (रू.भे.)

२ देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)

पंखोड़—१ देखो 'पंखो' (मह०, रू.भे.)

२ देखो 'पक्षी' (मह०, रू.भे)

पंखीड़ो—देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—रूड़ा पंखीड़ा, पंखीड़ां, मुन्हइ मेल्ही नइ म जाय। घुर थी प्रीती करी मइं तो सुं, तुझ विण क्षण न रहाय।—स.कु.

पंखीणी, पंखीनी—१ देखो 'पंखणी' (रू.भे.)

२ देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—ऊमर अति आरहडा खडइ, तउ ढोलउ किम ही नापडइ। पंखीनी परि ऊडचउ जाइ, करहउ मिळियौ वाउवाइ।—ढो.मा.

पंखीपत, पंखीपति, पंखीपती, पंखीपत्त, पंखीपत्ति, पंखपत्ती—देखो 'पंखपत' (रू.भे.) (ह.नां., अ.मा.)

उ०—वाहण गुरुड सयल पंखीपति, जादव करई जगीस। सुर-नर पंनग माहे मोटा, ईस्वर नउं वर ईस।—रुकमणी मंगळ

पंखीयो—१ देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—भोगव्या काम भोग छोड़नें, वेहुं भव हळका थाय। वेउ सरीखा पंखीया नी परें, विचरसां इच्छा आपणी दाय।

—जयवांणी

२ देखो 'पंखियौ' (रू.भे.)

पंखीराव—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे)

उ०—गाढा दांणवां गाळिवा गाव, भवांनी आदू सुभाव। चहूं चक्का सीस चाव विरद्दाव, पंखीराव हूंतां पाव।—सक्ति-सुयश

पंखीस-सं०पु० [सं० पक्षी+ईश] १ गरुड़, पक्षिराज।

२ देखो 'पक्षी' (मह०, रू.भे.)

उ०—पंखीस गीध बैठा अपार, मिळ सकळ पात पळ बेसुमार। इण भांत चली सरता अभंग, जिण वार कमंध असुरांण जंग।

—शि.सु.रू.

पंखुडी—देखो 'पंख' (अल्पा., रू.भे.) (१-२-३)

उ०—आडा डूंगर भुइं घणी, सज्जण रहइ विदेस। मांगी तांगी पंखुडी, केती वार लहेस।—ढो.मा.

पंखेरुओ—देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—उड ज्या रे पंखेरुआ सांझ पड़ी।—मीरां

पंखेरू—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—तरइं पंखेरू आगळि परधानां, विवरा सुघउ कह्यउ वतकाव। वहिलउ दरसण हुवइ विसुंभर, अस इछ कहि पंखो ऊपाव।

—महादेव पारवती री वेलि

पंखेरुओ, पंखेरुवो—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—पिया रे फिकर में भयी दिवांणी, मुसकल घड़ी से घड़ी, उड जा रे! पंखेरुवा सांझ पड़ी।—मीरां

पंखेसर-वि० [सं० पक्ष+ईश्वर] जिसके पंख हो, पंखधारी।

उ०—स्रीखंडू का डवर समीर सें झोला खावें। मळियागिर के भोळें भूलि पंखेसर मिणधर भुजंग आवें।—सू.प्र.

सं०पु०—१ पक्षिराज, गरुड़।

२ जटायु।

३ देखो 'पक्षी' (मह०, रू.भे.)

उ०—अनेक पंखेसर नाग अनंत। मिळै सिधि साधिक संत-महंत।

—रांमरासो

पंखो-सं०पु० [सं० पक्ष+रा.प्र. ओ] १ वह वस्तु जिसे हिला-डुला कर हवा के झोंके को किसी ओर ले जाया जाय। विजना।

वि०वि०—पहले इसे पंख से बनाते थे अथवा इसका आकार पंख जैसा होता था इसलिए इसका यह नाम पड़ा। छत में कपड़े का पंखा लगा कर डोरी से खींच कर हिलाया जाता है। छत में लटका कर चरखी द्वारा भी घुमाया जाता है। आजकल नाना प्रकार के बिजली से घूमने वाले पंखों का व्यापक प्रयोग होता है, जिनसे हवा में इच्छानुसार न्यूनाधिक गति उत्पन्न की जा सकती है।

क्रि०प्र०—खींचणो, चलणो, चलाणो, झळणो, डुलाणो, हिलाणो

मुहा०—पंखो करणो—हवा में गति उत्पन्न करने के लिए पंखे को हिलाना-डुलाना।

२ सोने, चांदी, गोटे आदि की बनी एक प्रकार की झल्लरी जिसे स्त्रियों के चीर या साड़ी की किनार पर लगाया जाता है।

३ प्रायः सुनारों, लुहारों और कारखानों में आग जलाने का एक आधुनिक ढंग का उपकरण विशेष।

अल्पा०—पंखड़ी, पंखड़ो, पंखडी, पंखडो, पंखियो, पंखो।

मह०—पंखीड़, पंखीड।

पंखोवो—देखो 'पंखारो' (रू.भे)

उ०—पिसण घणो कुवर्णेत पिण, जचै न जो सर जेम। करहि पंखोवा काट दै, सखी चलै सर केम।—रेवतसिंह भाटी

पंग—१ देखो 'पगु' (रू.भे.)

उ०—१ आज 'अभमल' भूप एहो, जुधां जोवण पंग जेहो। सांसणां गयंदां समापै, कुरंद पातां तणा कापै।—सू.प्र.

उ०—२ उदित ब्रह्म मधि ईस, पछै वव विसन प्रकासै। तम नासै जोवतां, नांम कहतां अघ नासै। अंतरीख मग उरस, चंचळ सातह-मुख चालै। सुरंग पंग सारथी, हेक चक्रह रथ हालै।—सू.प्र.

उ०—३ हाथ! भलइं रह हालता, पाउ सदैवत पंग। हाळी वाळी आपसिउ, अवरां ही मोरूं अंग।—मा.कां.प्र.

२ देखो 'पंक' (रू.भे.)

पंगत—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)

उ०—१ लूंबां झड़ नदियां लहर, बक पंगत भर बाथ। मोरां सोर ममोलियां, सांवण लायो साथ।—बां.दा.

उ०—२ जीमण रै वैं दिन राजा रा आदमी ऊंठां पर चढ़ नें आय पूग्या हा अर पंगत में भगदड़ मचणोज वाळी ही कै सेठा मुंसीजी नें एक कांनी बुलाय नें जेब गरम कराय दी।—रातवासो

उ०—३ सिर झुकिया सहंसाह, सीहासण जिण सामनें। रळणो पंगत राह, फावै किम तो नें 'फता'।—केसरीसिंह बारहठ

पंगतटाळ-सं०पु०यौ० [सं० पंक्ति+राज० टाळ=पृथक] वह साधु या संन्यासी जो किसी पाप-कर्म के कारण भोजन के समय साधु-मंडली में साथ न बैठने दिया जाता हो।

पंगति, पंगती—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)

उ०—तिणरी आडी पंगति रो, कोठो आदि जिकोइ। आंक सरव गुर एकडो, जांणीजै विधि जोइ।—ल.पिं.

पंगनृप-पंगराज सं०पु० [सं० पंगु+नृप] राजा जयचंद के लिये प्रयोग किया जाने वाला विरुद सूचकशब्द।

उ०—कीजिये इण विध कांम, निज पंग-नृप जिम नांम। विध एम करतां वात, मिळ सैंद दहुवै भ्रात।—सू.प्र.

वि०वि०—महाराजा जयचन्द राठौड़ की सेना इतनी अधिक थी कि उसके कूच और पड़ाव तक के मध्य भाग में सदैव पंक्ति सी बनी रहती थी जिसे कवियों ने पंगु मनुष्य के चलने पर भूमि पर बनी घसीट से तुलना कर राजा जयचन्द का विरुद 'दळपंगुळ' दे दिया। कालान्तर में इसी विरुद के आधार पर राजा जयचन्द का एक नामान्तर ही दळ पंगुळ, दळ पांगळो, पंग और पंगु हो गया।

पंगरण-सं०पु० [सं० उपांगवरण] १ वस्त्र।

उ०—१ विहद कोर गोटै बणै, पातर रै पोसाक। परणी फाटै पंगरण, बैठी फाड़ै बाक।—बां.दा.

उ०—२ पदमणि पुरखां रै पंगरण नह पूरा। भूखा सूतोड़ा संगरणवै भूरा।—ऊ.का.

रू०भे०—पंगुरण, पंगुरिण, पंगुरिणि, पांगरण, पांगुरण, पुंगरण, पूंगरण, पूगरण।

पंगराव, पंगराज—[सं० पंगुराज] राजा जयचन्द का एक नाम।

उ०—१ अनेक पधारणी भावास, रूप भोमि रच्चए। अनेक राग-रंग ओप, नृत्तकार नच्चए। भरै अनेक दंड भूप, केक वीनती करै। करै अनेक दांन कोड़ि, पंगराज भूप रै।—सू.प्र.

उ०—२ कहि यम हैजम करै, विखम रूपी विकराळा। चढि मदझर चालियो, तूर वाजतां त्रंबाळा। तूटै नदी तटाक, हाक खूटै ताळोहर। पंगराव जिम प्रबळ, हलै फौजां घैंसाहर।—सू.प्र.

पंगळ—देखो 'पंगुळ' (रू.भे.)

पंगळियो—देखो 'पंगुळ' (अल्पा., रू.भे.)

पंगळी—देखो 'पंगुळो' (रू.भे.)

पंगळो—देखो 'पंगुळ' (अल्पा., रू.भे.)

(स्त्री० पंगळी)

पंगा—देखो 'पगां' (रू.भे.)

पंगी-सं०स्त्री० [सं० पंग्वी] कीर्ति, यश (डिं.को.)

उ०—१ पंगी गंग प्रवाह, निरमळ तन कीधो नहीं। चित क्यूं राखै चाह, तिकै सरग पावण तणी।—बां.दा.

उ०—२ अकबर जतन अपार, रात दिवस रोकण करै। पूगी समंदां पार, पंगी रांण 'प्रतापसी'।—दुरसो आढो

वि०स्त्री०—जो पैरों से चल न सकती हो, अपंग, लँगड़ी।

रू०भे०—पांगी।

पंगु-वि० [सं०] (स्त्री० पंगवी) जो पैरों से चल न सकता हो, लँगड़ा

उ०—मन पंगु थियो सहुसेन मुरछित, तह नह रही संपेखते। किरि नीपायो तदि निकुटी ए, मठापूतळी पाखांण में।—वेलि.

सं०पु०—१ शनिश्चर।

२ सूर्य के सारथि का एक नाम।

३ एक प्रकार का रोग जिससे मनुष्य पैरों से चल नहीं सकता।

रू०भे०—पंग, पंगू।

अल्पा०—पांगो।

पंगु-गति-सं०स्त्री० [सं०] वर्णिक छंद का एक दोष जो लघु के स्थान पर गुरु और गुरु के स्थान पर लघु के आ जाने पर माना जाता है।

पंगु-ग्राह-सं०पु० [सं०] १ मकर राशि।

२ मगर।

पंगुरण, पंगुरिण, पंगुरिणी—देखो 'पंगरण' (रू.भे.)

उ०—दिन जेही रिणि रिणाई, दरसणि, क्रमि क्रमि लागा संकुड़िणि। नीठि छुडै आकास पोस निसि, प्रौढ़ा करखणि पंगुरिण।—वेलि.

पंगुळ-वि० [सं० पंगुलः] (स्त्री० पंगुळी) १ सफेद रंग का घोड़ा।

२ लँगड़ा, पंगु।

उ०—१ दादू विरह प्रेम की लहरि में, यह मन पंगुळ होय। रांम नांम में गळि गया, बूझै विरळा कोय।—दादूबांणी

रू०भे०—पंगळ।

अल्पा०—पंगळियो, पंगळो, पांगळियो, पांगळो, पांगो।

पंगुळी-सं०स्त्री० [सं० पंगुल+रा.प्र.ई] १ लंगड़ी।

२ कीर्ति। उ०—मेवाड़ ढूंढाड़ जीऊं ही हाड़ौती माळवो मोळो, दोळा काळ चक्र सो किणी न आवै दाय। झाले किसो तो विनां पयाळ जाती काळ-झांपा, लाडली पंगुळी 'चांपा' अंगुळी लगाय।

—सूरजमल मीसण

पंगुळो—देखो 'पंगुळ' (अल्पा., रू.भे.)

(स्त्री० पंगुळी)

पंगू—देखो 'पंगु' (रू.भे.)

उ०—पगू पयादं मूक सादं ऊदमादं कढ्ढए। तेजाळ तांमं वेग कांमं नीस लांमं वढ्ढए।—प्रा.प्र.

पंगो-वि० [देशज] (स्त्री० पंगी) वह द्रव पदार्थ जो गाढा न हो और जिसमें पानी की मात्रा अधिक हो। उ०—काळीगा तूसां कुळी, हूंचां हूंत जियंत। ऊमर दिन ओछा करण, पंगी राब पियंत।

—कविराजा बांकीदास

पंघरणो, पंघरबो—देखो 'पांगरणो, पांगरबो' (रू.भे.)

उ०—हरिया तरु गिरवर हुआ, पंघरिया वन पात।

—सिवबक्स पाल्हावत

पंघरणहार, हारौ (हारी), पंघरणियौ—वि० ।
पंघरिग्रोड़ौ, पंघरियोड़ौ, पंघरयोड़ौ—भू०का०कृ० ।
पंघरीजणौ, पंघरीजवौ—भाव वा० ।
पंघरियोड़ौ—देखो 'पांगरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पंघरियोड़ी)
पंच–वि० [सं०] १ जो चार से एक अधिक हो, पांच ।
उ०—१ आवरत मेघ सम ग्रोवड़ै, घड़ी पंच वगी खड़ग । सिरदार इता भिड़िया समर, नीवड़िया जिम घाय नग ।—रा.रू.
यौ०—पंचअंग, पंचइंद्री, पंचकन्या, पंचकपाळ, पंचकरम, पंचकळा, पंचकवळ, पंचकसाय, पंचकांम, पंचकारण, पंचकेस, पंचकोस, पंचगीत, पंचदेव, पंचनद, पंचनाथ, पंचपिता, पंचबांण, पंचरतन, पंचवांणी, पंचसबद, पंचवाद्य, पंचहुतासण ।
२ जिसका स्थान चार के बाद पड़े, पांचवां ।
सं०पु०—१ पांच की संख्या या पांच का अंक ।
२ किसी झगड़े या विवाद का निर्णय करने के लिए एकत्र एक या एक से अधिक व्यक्तियों का समूह ।
मुहा०—पंच परमेस्वर—पांच व्यक्ति मिल कर जो कहें वह परमेस्वर के कहे के समान होता है ।
३ पचायत का सदस्य ।
[अं०] ४ लोहे को छेदने का ग्रोजार ।
पंचअंग–वि० [सं० पचाङ्ग] पांच अंगों वाला ।
सं०पु०—१ कच्छप, कछुआ (ह. नां. मा.) ।
२ देखो 'पंचांग' (रू.भे.)
रू०भे०—पाच अग ।
पच-आचार–सं०पु० [सं० पंचाचार] ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चरित्राचार, तपाचार व वीर्याचार (जैन)
पंचइंद्री—देखो 'पंचेंद्रिय (रू.भे.)
उ०—सास्त्र सार बतीस जांणै, केवल-ग्यांनी का उपकारी। पंचइद्री कूं जीत न मांनत, पाखंड साध मुनिंद सतधारी ।
—मि.द्र.
पंचइवाद्य—देखो 'पंचवाद्य' (रू.भे.)
उ०—गांन सुसर मुखि गाय करि, वायसि पचइवाद्य । तिहुग्रण श्रिणवत लेखवउं, आज्जनइ उन्मादि ।—मा.कां.प्र.
पंचक–सं०पु० [सं०] १ धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तरा-भाद्रपदा और रेवती इन पांचों नक्षत्रों के समूह का नाम ।
२ फलित ज्योतिष के अनुशार धनिष्ठा नक्षत्र और मकर के चंद्रमा से आरम्भ होकर मीन के चंद्रमा तक चलने वाला समय जिसमें तृण, काष्ठादि का संग्रह वर्ज्य माना जाता है ।
३ पांच का समूह या संग्रह ।
४ शकुन-शास्त्र ।
रू०भे०—पचक, पिचक, पिच्चक ।
पंचकन्या–सं०स्त्री० [सं०] सदा कन्या मानी जाने वाली वे पांच स्त्रियां जो विवाहित होने पर भी वे कन्या के समान ही रहीं, उनका कौमार्य नष्ट नही हुआ । यथा—अहिल्या, द्रौपदी, कुन्ती, तारा और मंदोदरी (पौराणिक)
पंचकपाळ–सं०पु० [सं० पंचकपाल] पांचों कपालों में पृथक-पृथक पकाया जाने वाला पुराडोश ।
पंचकमाळा–सं०स्त्री०—प्रत्येक चरण में एक भगण, फिर एक मगण, फिर एक सगण तथा अन्त में एक दीर्घ वर्ण का कुल दस वर्ण वाला एक वर्णिक छन्द विशेष (पि.प्र.) ।
पंचकरम–सं०पु० [सं० पंचकर्म] १ पांच प्रकार के कर्म—उत्क्षेपण, अवक्षेपण, आकुंचन, प्रसारण और गमन—वैशेषिक ।
२ चिकित्सा की पांच क्रियाएँ—वमन, विरेचन, नस्य, निरूहवस्ति और अनुवासन, मतांतर से निरूहवस्ति और अनुवासन के स्थान पर स्नेहन और वस्तिकरण माने जाते हैं ।
रू०भे०—पंचक्रम ।
पंचकळा–सं०स्त्री० [सं० पंचकला] गुर्ज, गुप्ति, मशकेत, ढाल और बयोनट नामक पांच शस्त्रों के समूह से बना शस्त्र विशेष ।
पंचकलियांण—देखो 'पंचकल्यांण' (रू.भे.)
पंचकल्प–सं०पु० [सं०] एक सूत्र का नाम (जैन)
उ०—पंच-कल्प ते पंचम छेद । सवा इग्यारसैं संख्या वेद ।
—ध.व.ग्रं.
पंचकल्याण–सं०पु० [सं० पंचकल्याण] वह घोडा जिसके चारों पैर और मस्तक श्वेत हो तथा अन्य शरीर किसी अन्य रंग का हो ।
(शुभ)
उ०—कासनी ताफता पंच-कल्यांण । सूलहरी चपा पट सिचांण ।
—सू.प्र.
रू०भे०—पंचकलियांण, पंचकिलियांण, पंचकिल्यांण, पंचाकिल्याण, पचकल्यांण ।
पंचकवळ–सं०पु० [सं० पंचकवल] खाने के पूर्व कुत्ते, पतित, कोढी, रोगी और कौवे के लिए निकाले जाने वाले पांच ग्रास, अग्राशन ।
पंचकविधि–स०स्त्री० [सं०] पंचक में किसी का देहावसान होने पर किया जाने वाला संस्कार ।
वि०वि०—यदि पाचों नक्षत्रों (पंचकों) में कोई मरता है तो उसके साथ चार पुतले, चार में तीन, तीन में दो व दो में एक पुतला साथ में जला कर इसका निवारण किया जाता है ।
पंचकसाय–सं०पु० [सं० पंचकषाय] पांच वृक्षों का कषाय—जामुन, सेमर, खिरैंटी, मौलसिरी और वेर ।
वि०वि०—दुर्गा पूजन के लिए यह कषाय, इन वृक्षों की छाल को पानी में भिगोकर तैयार किया जाता है ।
पंचकांम–सं०पु० [सं० पंचकाम] काम, मन्मथ, कंदर्प, मकरध्वज और मीनकेतु नामक पांच कामदेव (तंत्रसार)

पंचकारण–सं०पु० [सं०] किसी कार्य की उत्पत्ति के पांच कारण, यथा—काल, स्वभाव, नियति, पुरुष और कर्म (जैन)

पंचकिलांण, पंचकिलियांण, पचकिल्यांण—देखो 'पचकल्यांण.(रू.भे.) (शा.हो.)

उ०—कविला काळा केकांण, कमेत पंचकिल्यांण ।—गु.रू.बं.

पंचकेस–सं०पु० [सं० पच:केश] यज्ञोपवीत संस्कार के समय वटुक के शिर पर रखी जाने वाली पांच शिखायें। इनको कम से कम एक वर्ष तक रखा जाता है और इस अवधि में वटुक को ब्रह्मचर्य का पूर्ण पालन करना पड़ता है।

वि०वि०—यह प्रथा गोकुलिया गोस्वामियों में है ।

पंचकेसी–सं०पु० [सं० पचकेश:] १ वह प्रथा जिसके अनुसार कोई अपने शिर, मूंछ, दाढी, बगल व गुप्तेन्द्रिय के केश न कटाए।

२ उक्त प्रथा का पालन करने वाला व्यक्ति ।

पंचकोण–सं०पु० [सं०] कुण्डली में पांचवां व नवां स्थान (ज्योतिष)

पंचकोल–सं०पु० [सं०] पाचक व रुचिकर पांच वस्तुएं—यथा, पीपल, पीपलामूल, चव्य, चित्रकमूल और सोंठ। वैद्यक के अनुसार ये गुल्म और प्लीहा रोगनाशक होते हैं।

पड़ोसी--देखो 'पाड़ोसी' (रू.भे.)

उ०--१ एक पड़ोसी तिण पिण खोडा में धूळ, खात, कचरौ न्हांख नें वर लीपनें ऊआ साफ कियौ।--भि.द्र.

उ०--२ वरज चढी ना पड़ोसण को, दिवलौ जी महाराज।

--लो.गी.

(स्त्री० पड़ोसण, पड़ोसणी)

पच-सं०पु० [सं० पच्] १ पचना क्रिया का भाव।

२ देखो 'पथ्य' (रू.भे.)

उ०--१ सुणौ सासूजी म्हारा ऐ रे बहू रा मीठा बोल। करदघी पंजीरी को रतन कचोळे। थांरे घढै जी बडाई हम जच्चा पच होय।--लो.गी.

पचक--देखो 'पंचक' (रू.भे.)

पचकणो, पचकबौ--देखो 'पिचकणौ, पिचकबौ' (रू.भे.)

पचकणहार, हारौ (हारी), पचकणियौ--वि०।

पचकिओड़ो, पचकियोड़ौ, पचक्योड़ौ--भू०का०कृ०।

पचकीजणौ, पचकीजबौ--भाव वा०।

पचकल्यांण--देखो 'पंचकल्यांण' (रू.भे.)

उ०--मोहरी चंपा सेली समंध, पचकल्यांण पहचांणिये।

--सू.प्र.

पचकांण--देखो 'पचखांण' (रू.भे.)

पचकाणौ, पचकाबौ--देखो 'पिचकाणौ, पिचकाबौ' (रू.भे.)

पचकाणहार, हारौ (हारी), पचकाणियौ--वि०।

पचकायोड़ौ--भू०का०कृ०।

पचकाईजणौ, पचकाईजबौ--कर्म वा०।

पचकायोड़ौ--देखो 'पिचकायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पचकायोड़ी)

पचकियोड़ौ--देखो 'पिचकियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पचकियोड़ी)

पचकूटौ-सं०पु० [सं० पञ्च+कुट्टनम्] शमी वृक्ष की उबाली हुई कच्ची फली (सांगरी), कुम्मट के उबाले हुए बीज, करील के उबाले हुए कच्चे फल (कैर), अमचूर (अमहूर), तथा गुड़ या शक्कर के साथ बनाया हुआ शाक।

पचक्खणौ, पचक्खबौ, पचखणौ, पचखबौ-क्रि०स० [सं० प्रत्याख्यानम्] छोड़ना, त्यागना, परित्याग करना।

उ०--१ सकल जीव खमाविनइ, सरण कीधा च्यार। सत्य निवारी मनथकी, पचख्या चारे अहार।--लाधौ साह

उ०--२ जयमलजी रा टोळा माहि थी संवत १८५२ रै आसरै गुमांनजी, दुरगादासजी, पेमजी, रतनजी आदि सोळै जणा नीकळ्या। थांनक, नित-पिंड कलाल रौ पांणी वहिरणो आदि छोड नवौ साधपणौ पचख्यो पण सरधा तौ बाहिज पुन री।--भि.द्र.

पचखांण-सं०पु० [सं० प्रत्याख्यान] १ दुष्कर्म के त्याग की प्रतिज्ञा, पापों के त्याग की प्रतिज्ञा।

उ०--जद साध बोल्या भगवांन थयांनै मेलै। थें आगै माठा करम किया तिण सूं कसाई रै कुळ ऊपनौ। वळै इसा करम करै तौ नरक में जाय पड़सी। इम भिन्न-भिन्न करनै समझायौ। बकरा मारवा रा जावजीव पचखांण कराया।--भि.द्र.

२ छोड़ना, परित्याग, त्याग।

रू०भे०--पचकांण।

पचखाणौ, पचखाबौ, पचखावणौ, पचखावबौ-क्रि०स० [पचखणौ क्रि० का प्रे०रू०] छुड़ाना, परित्याग करवाना।

उ०--स्वांमीजी... माहि थी नीकळी नवो-साधपणौ पचखावा नै त्यार थया। जद कनै साध था ज्यांरी प्रकृती देखी।--भि.द्र.

पचखायोड़ौ, पचखावियोड़ौ-भू०का०कृ०--छुड़ाया हुआ, परित्याग करवाया हुआ।

(स्त्री० पचखायोड़ी, पचखावियोड़ी)

पचखियोड़ौ-भू०का०कृ०--छोड़ा हुआ, परित्याग किया हुआ।

(स्त्री० पचखियोड़ी)

पचग्रह--देखो 'पंचग्रह' (रू.भे.)

पचड़ो-सं०पु० [सं० पचनम्] किसी विषय से संबंधी व्यर्थ की बातचीत, झंझट, बखेड़ा।

पचणौ, पचबौ-क्रि०अ० [सं० पचनम्] १ जठराग्नि के बल से खाए हुए पदार्थों का रसादि में परिणित होना, हजम होना।

उ०--पेट में आधौ पच्योड़ौ बुगलो बोल्यो--म्है जींऊं हूं, म्हैं जागूं हूं. उठ बिचियां कनै जाई म्हारी बुगली।--फुलवाड़ी

२ पराया धन अन्य अधिकार में इस प्रकार आना कि वह वापिस मालिक के हाथ में न जा सके, अनुचित रूप से प्राप्त धन का अधिकार में होना।

३ एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ में लीन होना।

४ अवैध रूप से प्राप्त धनादि का काम में आना।

५ अत्यधिक, शारीरिक या मानसिक परिश्रम के कारण क्षीण होना, बहुत हैरान होना, दुखी होना।

उ०—जोड़ी माया कृपण पच, रांधै सुपच अनाज। वायस संचियो मांस वप, कळ मैं नावै काज।—बां.दा.

६ पकना।

पचणहार, हारौ (हारी), पचणियौ—वि०।

पचवाड़णौ, पचवाड़बौ, पचवाणौ, पचवाबौ, पचवावणौ, पचवावबौ —प्रे०रू०।

पचाड़णौ, पचाड़बौ, पचाणौ, पचाबौ, पचावणौ, पचावबौ— स०रू०।

पचिग्रोड़ौ, पचियोड़ौ, पच्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पचीजणौ, पचीजबौ—भाव वा०।

पचतारी—देखो 'पचदारी' (रू.भे.)

पचताळीस—देखो 'पैंताळीस' (रू.भे.) (उ.र.)

पचतीरत, पचतीरथ—देखो 'पंचतीरथ' (रू.भे.)

पचदारी, पचधारी-सं०स्त्री० [देशज] १ एक प्रकार का हलवा विशेष जिसमें पानी के स्थान पर केवल दूध या दूध का बना मावा ही डाला जाता है।

रू०भे०—पचतारी।

पचपच-सं०पु० [अनु०] १ कीचड़।

२ पचपच शब्द होने की क्रिया।

पचपचौ-सं०पु० [अनु०] १ घृत की बाहुल्यता से बना व्यंजन विशेष।

२ अधपका भोजन जिसका पानी पूर्ण तरह से जला या सूखा न हो।

रू०भे०—पिचपिचौ।

पचपन-वि० [सं० पञ्चपञ्चाश] पचास और पांच का योग।

सं०पु०—पचास और पांच की संख्या या अंक ५५।

रू०भे०—पंचावन, पंचावनि, पचावन।

पचपनमौं, पचपनवौं-वि० [सं० पञ्चपञ्चाशत्] जो गिनती में चौवन के बाद पचपन के स्थान पर पड़े, क्रम में पचपन के स्थान पर पड़ने वाला।

रू०भे०—पंचपनमौं।

पचपनै'क-वि०—पचपन के करीब, पचपन के लगभग।

पचपनौ-सं०पु० [सं० पञ्चपञ्चाशत्] पचपन की संख्या का वर्ष या साल।

रू०भे०—पंचावनौ।

पचभीखम, पचभीखम—देखो 'भीखमपंचक' (रू.भे.)

पचरंग-सं०पु० [सं० पंच+फा० रंग] १ भिन्न-भिन्न प्रकार के पांच रंगों की सामग्री जो चौक-पूरण में उपयोग ली जाती है।

२ देखो 'पचरंगौ' (मह०, रू.भे.)

उ०—थारा गुरांजी नै पचरंग मोळियौ, थारी गुरांणी नै दखणी चीर।—लो.गी.

रू०भे०—पिचरंग।

पचरंगौ-वि० [सं० पंच+फा० रंग] (स्त्री० पचरंगी) भिन्न-भिन्न पांच रंग का, पांच रंग का या पांच रंगों वाला।

उ०—१ आभा चमकै बीजळी, सीकर बरसै मेह। छांटा लागै प्रेम का, भीजै सारी देह। जी उमराव वना थांरो पचरंगो पेचो भीजै म्हारा प्रांण।—लो.गी.

उ०—२ सांवरिया री मूरत-मूरत सोभै रंगी चंगी ए। पचरंगी ए। मुकट विराजै नेमनै क सहियां ए।—जयवांणी

रू०भे०—पचरंग, पिचरंग, पिचरंगौ।

पचराई-सं०स्त्री० [सं० पञ्च+राजी] फाचर, ग्वारफली, टिंड, तुरई तथा बंगन के सम्मिश्रण का बनाया हुआ शाक।

पचलड़ी-सं०स्त्री० [सं० पञ्च+राज० लड़ी] पांच लड़ियों वाली माला की तरह का स्त्रियों के कंठ में धारण करने का आभूषण।

उ०—जठै दासी पारसी में बोली। पनां नै बधाई दीनी। मनचायौ आयौ रंगभीनी। आ कही बाई थां बधाई। बहोत दिन ढूलै। आयौ देसोत। जठै पनां बोली। थारी जीभ रा वारणा ल्यूं। जो तूं मांगै सो बधाई द्यूं। जठै 'पनां' बी गैला ऊपरै निजर कीनी। यां नै दीठा हर। किसतूरी नै बधाई में एक पचलड़ी दीनी।

—पनां वीरमदे री वात

वि०वि०—इसकी अग्रिम लड़ी नाभि तक पहुँचती है तथा लड़ी के मध्य 'पांन' या 'चौकी' लगी रहती है। इस माला के दाने सोने, मोती या अन्य किसी रत्न के होते हैं।

मह०—पचलड़ौ।

पचलड़ौ—देखो 'पचलड़ी' (मह., रू.भे.)

पचवीस—देखो 'पंचीस' (रू.भे.)

उ०—इणि लेखै आखर उगणीस, विगति मात्र पूरी पचवीस।

—ल.पिं.

पचहत्तर—देखो 'पिचंतर' (रू.भे.)

पचहत्तरमौं—देखो 'पिचंतरमौं' (रू भे.)

पचहत्तरै'क—देखो 'पिचंतरै'क' (रू.भे.)

पचहत्तरौ—देखो 'पिचंतरौ' (रू.भे.)

पचांणु, पचांणू-वि० [सं० पञ्चनवति, शौर. प्रा० पंचाणउइ, अप० पंचानवे] नब्बे और पांच का योग, पांच कम सौ।

सं०पु०—नब्बे से पांच अधिक की संख्या।

उ०—उगणीस लख आवगा, सहस पचांणु सोइ।—ल.पिं.

रू०भे०—पंचांणु, पंचांणू, पंच्यांणु, पंच्यांणू, पच्यांणु, पच्यांणू, पिच्यांणमै, पिच्यांणु।

पचांणू'क-वि०—पचानवे के लगभग।

पचांणूमौं, पंचांणूवौं-वि०—जिसका स्थान क्रमशः चौरानवे के बाद पड़े, पचानवां।

सं०पु०—पचानवे की संख्या का वर्ष।

रू०भे०—पंचांग्णमों, पंचांगणवों, पंचानमों, पंचानवों।
पचाड़णो, पचाड़बो—देखो 'पचाणो, पचाबो' (रू.भे.)
पचाड़णहार, हारो (हारी), पचाड़णियो—वि०।
पचाड़िप्रोड़ो, पचाड़ियोड़ो, पचाड़्योड़ो—भू०का०कृ०।
पचाड़ीजणो, पचाड़ीजबो—कर्म वा०।
पचाड़ियोड़ो—देखो 'पचायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पचाड़ियोड़ी)
पचाणो, पचाबो-क्रि०स० [सं० पचष्] १ खाए हुए पदार्थों को जठराग्नि के बल हजम करना।
२ किसी का धनादि अवैध उपाय से हस्तगत करना, अपने अधिकार में करना।
३ अनुचित रूप से प्राप्त धनादि को अपने काम में लाना, उससे लाभ उठाना।
४ अत्यधिक परिश्रम लेकर या कष्ट देकर शरीर, मस्तिष्क आदि को थकित करना, तंग करना, हैरान करना।
५ एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ को अपने आप में लीन करना, खपाना।
६ पकाना।
पचाणहार, हारो (हारी), पचाणियो—वि०।
पचायोड़ो—भू०का०कृ०।
पचाईजणो, पचाईजबो—कर्म वा०।
पचणो, पचबो—अक० रू०।
पचाड़णो, पचाड़बो, पचावणो, पचावबो—रू०भे०।
पचायणोत-सं०पु०—भाटी वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।
पचायोड़ो-भू०का०कृ०—जठराग्नि के बल हजम किया हुआ (खाद्य)
२ अवैध उपाय से हस्तगत किया हुआ (धनादि)
३ अनुचित रूप से प्राप्त धनादि को काम में लाया हुआ, उपयोग किया हुआ, लाभ उठाया हुआ।
४ अत्यधिक परिश्रम से शरीर, मस्तिष्क आदि को थकित किया हुआ, हैरान किया हुआ, तंग किया हुआ।
५ एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ को अपने आप में लीन किया हुआ, खपाया हुआ।
६ पकाया हुआ।
(स्त्री० पचायोड़ी)
पचारणो, पचारबो—देखो 'पछाड़णो, पछाड़बो' (रू.भे.)
उ०—जोगणी-पीठि वीकइ जुड़ेय। काढिय नाळि करवइ करेय। पाघरे खेत दूदइ पचारि। सूंडाळ लिया सिरियउ संघारि।
—रा.ज.सी.
पचारणहार, हारो (हारी), पचारणियो—वि०।
पचारियोड़ो—भू०का०कृ०।
पचारीजणो, पचारीजबो—कर्म वा०।
पचारसोत-सं०पु०—कछवाह वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।
पचारियोड़ो—देखो 'पछाड़ियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पचारियोड़ी)
पचावणो, पचावबो—देखो 'पचाणो, पचाबो' (रू.भे.)
पचावणहार, हारो (हारी), पचावणियो—वि०।
पचाविप्रोड़ो, पचावियोड़ो, पचाव्योड़ो—भू०का०कृ०।
पचावीजणो, पचावीजबो—कर्म वा०।
पचावन—देखो 'पचपन' (रू.भे.)
पचावनो-सं०पु०—पचपन की संख्या का वर्ष।
पचावियोड़ो—देखो 'पचायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पचावियोड़ी)
पचावो-सं०पु० [देशज] लंबायमान ऊंचा सुव्यवस्थित जमाया हुआ घास-फूस अथवा बाजरे, ज्वार आदि के सूखे डंठलों का ढेर।
उ०—कांणिया काचर रो कैणो व्हियो अर सगळै गुड़ै में लाय लागगी। कठीनै ढाणियां सिळगै, कठीनै चारा रा पचावा सिळगै। गुडा में हायतराय मचगी।—फुलवाड़ी
रू०भे०—पंजावो, पचासो।
पचास-वि० [सं० पञ्चशत्, प्रा० पंचासा] चालीस और दस, चालीस से दस अधिक।
सं०पु०—वह संख्या जो चालीस और दस के योग से बने।
चालीस और दस के योग से बनने वाली संख्या (५०)
रू०भे०—पंचास।
पचासमों-वि० [सं० पञ्चासमः] गिनती में पचास के स्थान पर पड़ने वाला।
पचासे'क-वि० [सं० पञ्चशत्] पचास के लगभग।
पचासो—देखो 'पचावो' (रू.भे.)
पचियासियो—देखो 'पिचियासियो' (रू.भे.)
पचियासी—देखो 'पिचियासी' (रू.भे.)
पचियोड़ो-भू०का०कृ०—१ हजम हुवा हुआ, पचा हुआ (खाद्य)
२ अवैध ढंग से हस्तगत हुवा हुआ (धनादि)
३ अनुचित उपाय से उपयोग में आया हुआ, लाभ हुवा हुआ।
४ अत्यधिक परिश्रम से थका हुआ, हैरान हुवा हुआ।
५ एक पदार्थ दूसरे पदार्थ में लीन हुवा हुआ, खपा हुआ।
५ पक्का हुवा हुआ।
पचियो—१ देखो 'पिचियो' (रू.भे.)
२ देखो 'पचीसो' (अल्पा., रू.भे.)
पचीयत-सं०पु०—पश्चात्ताप ? उ०—'पीथल' तणो म कर दुख पचीयत। द्रढ तज गया तियां कर दुख। आद जुगाद 'अखा' हर आगै। सार मरण घण घणो सुख।—प्रिथीराज जैतावत रो गीत
पचीर-सं०पु० [देशज] 'सुरणाई' नामक फूंक वाद्य के मुंह पर लगा

हुआ गोलाकार नारियल की खोपड़ी का खंड या टुकड़ा जो बजाते समय होठों को ढक लेता है।

पचीस–वि० [सं० पञ्चविंशति, प्रा० पंचवीसति, अप० पा० पचीस] पांच और वीस, वीस से पाँच अधिक या तीस से पाँच कम।

सं०पु०—वह संख्या या अङ्क जो पाँच और वीस के योग से बने। पाँच और बीस के योग से बनी संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है (२५)।

रू०भे०—पचवीस, पच्चीस।

पचीसमों–वि० (स्त्री० पचीसमीं) जो क्रम में पचीस के स्थान पर हो, गिनती में पचीस के स्थान पर पड़ने वाला।

रू०भे०—पच्चीसमों।

पचीसिका, पचीसी–सं०स्त्री० [सं० पंचविंशति] १ एक प्रकार की पचीस वस्तुओं का समूह या संग्रह।

उ०—कुवचन मुख कहणौ नहीं, सुवचण कहणौ सुद्ध। वचन विवेक पचीसिका, इम आखै अविरुद्ध।—बां.दा.

२ आयु के प्रारम्भ के पचीस वर्ष।

रू०भे०—पच्चीसी।

पचीसे'क–वि० [सं० पञ्चविंशति ?] १ पचीस की, पचीस संबंधी।

उ०—दिली ए सहर से सायबा पोत मंगावो जी ।।तो हाथ पचीसे'क गज बोसी गाढ़ा मारूजी।—लो.गी.

२ पचीस के लगभग, करीब पचीस।

रू०भे०—पचचीसे'क।

पचीसौ–सं०पु० [सं० पञ्चविंशति+रा.प्र. औ] पचीस की संख्या का वर्ष।

रू०भे०—पच्चीसौ।

अल्पा०—पचियौ।

पचेटौ, पचोटौ–सं०पु० [सं० पञ्च+रा.प्र. एटौ] पांच गोल कंकड़ या काच की गोलियां जिनसे छोटी छोटी लड़कियें ऊपर उछाल कर हाथ में ग्रहण करने का खेल खेलती हैं।

उ०—इतरै संध्या पड़ी, गुळगचिया आछा-आछा फूटरा सेर दोय तीन भेळा कर आडण री बांह फाटियोड़ी में घाल मूंहडौ बांध साथ लिया। विचारी छोकड़ी रे रमणै नूं पचेटा होसी।

—साह रामदत्त री वारता

पचोतड़(ढ)—देखो 'पचोतर' (रू.भे.)

पचोतड़(ढ)सौ—देखो 'पचोतरसौ' (रू.भे.)

पचोतर–वि० [सं० पञ्चोतर] सौ की संख्या से पांच अधिक, पाँच ऊपर।

रू०भे०—पचतोड़(ढ)।

पचोतरसौ–सं०पु० [सं० पञ्चतर+शत] सौ और पाँच के योग की संख्या का अंक। एकसौ पाँच (१०५)।

रू०भे०—पचोतड़(ढ) सौ।

पचोतरी—देखो 'पिचोतरी' (रू.भे.)

पच्चंग–सं०पु० [सं० प्रत्यङ्ग] प्रत्यंग (जैन)।

पच्चक्ख—देखो 'प्रत्यक्ष' (रू.भे.)

पच्चक्खांण, पच्चक्खांणौ—देखो 'पचखांण' (रू.भे.)

उ०—१ स्रावक स्राविका सहू को सांमळउ। तुम्हे छउ चतुर सुजांणोजी। जन्म जीवित सफळउ करउ आपणउ। करउ आखड़ी पच्चक्खांणौ।—स.कु.

उ०—२ मनुस्य जन्म नवि हारौ आळ। तमे पांणी पहली बांधौ पाळ। जो करइ व्रत आखड़ी पच्चक्खांण। समयसुंदर कहइ ते चतुर सुजांण।—स.कु.

उ०—३ करम छतीसो कांने सुण नइ, करजो व्रत पच्चक्खांण जी। समयसुंदर कहइ सिव सुख लहिस्यउ, धरम तणौ परमांण जी।

—स.कु.

पच्चर—देखो 'फाच्चर' (रू.भे.)

पच्ची–सं०स्त्री० [सं० पचिता] १ इस प्रकार से जड़ने या जमाने का कार्य की जमाई या जड़ी हुई वस्तु उस पदार्थ के समतल हो जाय जिससे जड़ी जाती है।

२ किसी धातु-निर्मित वस्तु पर किसी अन्य धातु के पत्तर का जड़ाव।

पच्चीकारी–सं०स्त्री० [सं० पचिता+फा० कारी] पच्ची करने की क्रिया या भाव, जड़ने-जोड़ने की क्रिया या भाव।

पच्चीस—देखो 'पचीस' (रू.भे.)

पच्चीसमों—देखो 'पचीसमों' (रू.भे.)

(स्त्री० पच्चीसमीं)

पच्चीसी—देखो 'पचीसी' (रू.भे.)

पच्चीसौ—देखो 'पचीसौ' (रू.भे.)

पच्छ—१ देखो 'पक्ष' (रू.भे.)

उ०—१ पढै फारसी प्रथम, म्लेच्छ कुळ में मिळ जावै। अंगरेजी पढ़ अवल, होटलां मैं हिळ जावै। पच्छ ग्रहै प्रालब्ध, नहीं पुरसारथ मैंड़ो। चोखै मत नहिं चाय, भाय आवै मत भैंड़ो।—ऊ.का.

उ०—२ परघो रणखेत मसूर मलेच्छ, मचविक्रंय सेन किलमनि पच्छ।—ला.रा.

२ देखो 'पछै' (रू.भे.)

उ०—पहली गाहो पर वजै, गीत दूहो यक पच्छ फिर गाहो दूहो सुफिर, गीततणो दख दच्छ।—र.ज प्र.

पच्छम—देखो 'पच्छिम' (रू.भे.) (डिं.को.)

पच्छमियो—देखो 'पच्छमी' (अल्पा०, रू.भे.)

पच्छमी–वि०—१ पश्चिम दिशा संबंधी, पश्चिम दिशा का।

२ देखो 'पच्छिमं' (रू.भे.)

उ०—जंबू दीप मैं जांम एको जिकारो, दिशा पच्छमी दूर प्रासाद द्वारो।—मे.म.

रू०भे०—पच्छिमी, पछिमि, पछिमि, पछिमी।

अल्पा०—पच्छमियौ, पच्छिमियौ।

पच्छवांण—देखो 'पछमांण' (रू.भे.)

उ०—नीमडियो भारत्थ, कथ राखी कमधज्जे। किया जोध खळहांण, भार पडतौ ग्रहि भुज्जे। पच्छवांण पगार, हुग्रौ राजा मंडोवर। रुड़ै जंत रिण तूर(फ), वडो जीतो जुडि जागर।—गु.रू.बं.

पच्छिम-सं०स्त्री० [सं० पश्चिम] वह दिशा जिसमें कृतिका नक्षत्र अस्त होता हो, कृतिका नक्षत्र का अस्त-स्थान, पूर्व दिशा के ठीक सामने की दिशा, पश्चिम। उ०—१ अपभ्रंस भाखा प्राकृत सो कुळ का विवहार जिस सेती प्राकृत भाखा विस्तार करि गाई। जिसमें पूरब पच्छिम उत्तर दक्खिण की ए च्यार भाखा कहि दिखाई।

—सू.प्र.

उ०—२ सूरज ना किरण पच्छिम ढळया, पंथी सग्गां नह मिळचा।

—रा.सा.सं.

रू०भे०—पच्छम, पच्छिव, पछम, पछमांण, पछवांण, पछि, पछिम, पछिवांण, पस्चिम, पाछिम, पीछम।

पच्छिम-घाट-सं०पु० [सं० पश्चिम+रा. घाट] बंबई प्रदेश के पश्चिम ओर की पर्वतमाला।

रू०भे०—पछमघाट, पस्चिमघाट।

पच्छिमि—१ देखो 'पच्छिम' (रू.भे.)

२ देखो 'पच्छमी' (रू.भे.)

उ०—तुं पच्छिमी पाट पतिसाह, तुं भेस सरब भगवंत भू। 'पीरीये' कहै परमेसरी, हींगळाज सुप्रसन्न हू।—पी.ग्रं.

पच्छिमियौ—देखो 'पच्छमी' (अल्पा०, रू.भे.)

पच्छिमी—देखो 'पच्छमी' (रू.भे)

पच्छिराज—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)

पच्छिव—देखो 'पच्छिम' (रू.भे.)

पच्छी—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—झुकियौ वेळ झड़ ग्रावौ-फर ग्राघौ। हाथाताळी हरिण लुकियो नहीं लाधौ। कच्छियो कर-कर रच्छी रुळ जावै। तड़फै मच्छी-तळ पच्छी पुळ जावै।—ऊ.का.

पच्छेवांणु-वि० [सं० पश्चात्+त्वन्] पीछे का, पीछे चलने वाला।

उ०—साधीउ पच्छेवांणु भीमि पुरोहितु लाळहरे। मेल्हीउ दीघु पीयांणु केडइ ग्रावी पुणु मिलए।—पं.पं.च.

पच्छोकड़ौ, पच्छोकडउ, पच्छोकडो—देखो 'पछोकड़ौ' (रू.भे.) (उ.र.)

पच्यांणु—देखो 'पचांणु' (रू.भे.)

पच्यासियौ—देखो 'पिचियासियौ' (रू.भे.)

पच्यासी—देखो 'पिचियासी' (रू.भे.)

पच्यासी'क—देखो 'पिचियासी'क' (रू.भे.)

पच्यासीमौं—देखो 'पिचियासीमौं' (रू.भे.)

(स्त्री० पच्यासीमीं)

पछंटणौ, पछंटबौ—देखो 'पछटणौ, पछटबौ' (रू.भे.)

उ०—कर साह किरमिर सूर समहर। ग्रंडर ग्ररिहर पछंट सिर पर।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

पछ-सं०पु० [सं० पथ्य] १ किसी कार्य की सिद्धि के हेतु उसकी पूर्ति पर्यन्त धारण किया जाने वाला व्रत, प्रण।

उ०—ए छोरी दासी तू वैरो भी लगाय, क्यांरो म्हारी जच्चा रांणी पछ लियो हो राज। मांठां को मंडक्यो, ग्रळसी को तेल, बो थारो जच्चा रांणी पछ लियो हो राज।—लो.गी.

२ त्यागना क्रिया, त्यागना, छोड़ना।

३ देखो 'पथ्य' (रू.भे.)

उ०—रांम नांम निज मंत्र है, लीजै चित्त लगाय। ग्रोखध खावै'र पछ रखै, ज्यांरी वेदन जाय।—ग्रज्ञात

४ देखो 'पछै' (रू.भे.)

उ०—सब लघु पय पय धरि, पछ यक गुरु करि, जळहर कळ सम लछण धरै।—र.ज.प्र.

पछइ—देखो 'पछै' (रू.भे.)

उ०—१ दउढ़ वरस री मारुवी, त्रिहूं वरसारउ कंत। बाळपणइ परण्यां पछइ, ग्रंतर पड़घउ ग्रनंत।—ढो.मा.

उ०—२ सुणि सुंदरि केता कहां, मारू देस बखांण। मारवणी मिळियां पछइ, जांण्यउ जनम प्रवांण।—ढो.मा.

पछखाड़णौ, पछखाड़बौ, पछखाणौ, पछखावौ—देखो 'पचखाणौ, पचखावौ' (रू.भे.)

पछखायोड़ौ—देखो 'पचखायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पछखायोड़ी)

पछट-सं०स्त्री०—१ तलवार, खड्ग।

२ प्रहार, चोट. ३ पछाड़।

रू०भे०—पछटी, पछट्ट, पछट्ठ।

पछटणौ, पछटबौ-क्रि०स० [देशज] १ तेज हांकना, द्रुत गति से चलाना। उ०—पमंगां पछटि खेहां पूर, सूझै नहीं ग्रवर सूर।

—गु रू.वं.

२ मैल निकालने के लिए गीले कपड़े को लंबोतरा समेट कर उसके एक छोर को हाथ में पकड़ कर दूसरे छोर को पत्थर पर मार कर धोना।

३ प्रहार करना, मारना।

उ०—ग्ररि गज-घटा पीठि पछटै इम। जळ सिला तटा रजक दुपटा जिम।—सू.प्र.

पछटणहार, हारौ (हारी), पछटणियौ—वि०।

पछटिग्रोड़ौ, पछटियोड़ौ, पछटयोड़ौ—भू०का०कृ०।

पछटीजणौ, पछटीजबौ—कर्म वा०।

पछट्टणौ, पछट्टबौ, पछठणौ, पछठबौ—रू०भे०।

पछटियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ तेज हांका हुग्रा, द्रुत गति से चलाया

हुआ।
२ शिल पर खड़े-खड़े पछाड़ कर धोया हुआ (वस्त्र)
३ प्रहार किया हुआ, चोट पहुंचाया हुआ, मारा हुआ।
(स्त्री० पछटियोड़ी)

पछटो, पछट्ट, पछट्ठ—देखो 'पछट' (रू.भे.)
उ०—खाय पछट्टा मीर खग, कटिया कोपट्ट।—लूणकरण कवियो

पछट्टणो, पछट्टबो--देखो 'पछटणो, पछटबो' (रू.भे.)
उ०—'हूठी' रिणछोड़ तणै करि हाक। पछट्टत खाग हणै पिसणाक।
—सू प्र.

पछठणो, पछठबो—क्रि०स० [देशज] १ भेजना।
उ०—प्रीउ बालंतु पंखीउ, अहनिस रहि अगासि। वयरणि तास न नीसरइ, पछठी माहरे पासि।—मा.कां.प्र.
२ देखो 'पछटणो, पछटबो' (रू.भे.)
पछठणहार, हारौ (हारी), पछठणियो—वि०।
पछठिओड़ो, पछठियोड़ो, पछठ्योड़ो—भू०का०कृ०।
पछठीजणो, पछठीजबो—कर्म वा०।

पछठियोड़ो—भू०का०कृ०— १ भेजा हुआ।
२ देखो 'पछटियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पछठियोड़ी)

पछताओ—देखो 'पछतावो' (रू.भे)

पछताणो, पछताबो—क्रि०अ० [सं० पश्चाताप, प्रा० पच्छताव] अपने द्वारा या निकटस्थ संबंधी या इष्ट मित्रों द्वारा अनुचित कार्य होने के कारण दुखी होना, खेद प्रकट होना, मनस्ताप होना, पछताना। उ०—पर नारी सूं प्रीत कर, आफू डळा अरोग। आखर पछताया अठै, लांणत दे दे लोग।—बां दा.
पछतावणहार, हारौ (हारी), पछतावणियो—वि०।
पछतायोड़ो— भू०का०कृ०।
पछताईजणो, पछताईजबो—भाव वा०।
पछतावणो, पछतावबो, पछिताणो, पछिताबो, पसताणो, पसताबो, पस्ताणो, पस्ताबो, पस्तावणो, पस्तावबो, पिछताणो, पिछताबो, पिछतावणो, पिछतावबो, पिसताणो, पिसताबो, पिसतावणो, पिसतावबो, पिस्ताणो, पिस्ताबो, पिस्तावणो, पिस्तावबो।—रू०भे०।

पछताप, पछतापो—देखो 'पछतावो' (रू.भे.)
उ०—१ हा हा! वीर तइं स्यूं वस्यूं जी रे जी, गौतम करत अनेक विलाप रे जी। जेतलउ कीजइ नेहलउ जी रे, जिवड़ा तेतलउ हुयइ पछताप रे।—स.कु.
उ०—२ पस्चाताप ते करे घणो, बचन मांन्यो नहीं सजनां तणो। तेह नी परै सांभळ तूं राय रे? पछै पछतापो तो नै थाय।
—जयवांणी

पछतायोड़ो—भू०का०कृ०—मनस्ताप किया हुआ, खिन्न हुवा हुआ।
(स्त्री० पछतायोड़ी)

पछताव—देखो 'पछतावो' (रू.भे.)

पछतावणो, पछतावबो—देखो 'पछताणो, पछताबो' (रू.भे.)
उ०—१ न करचो नीच पुरुस सूं नेह, करसी ते पछतावसी जी खिण-खिण मां।—वि.कु.
उ०—२ इतरी बात देख झाली रो मुंहडो सफेद पड़ गयो, अर दूर जाय नै ऊभी रही। मन में पछतावण लागी। जे औ कासूं उपद्रव छै।—कुंवरसी सांखला री वारता
पछतावणहार, हारौ (हारी), पछतावणियो—वि०।
पछताविओड़ो, पछतावियोड़ो, पछताव्योड़ो—भू०का०कृ०।
पछतावीजणो, पछतावीजबो—भाव वा०।

पछतावियोड़ो—देखो 'पछतायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पछतावियोड़ी)

पछतावो—सं०पु० [सं० पश्चात्ताप, प्रा० पच्छताव] वह मनस्ताप या दुख जो अपने या अपने निकटस्थ संबंधी या इष्ट मित्रों के द्वारा किसी अनुचित कार्य होने के पश्चात् उस कार्य के औचित्य-अनौचित्य का ध्यान आने पर किया जाय, अनुताप, अफसोस, रंज। उ०—१ सुमरण का सांसा रह्या, पछतावा मन माहि। दादू मीठा रांम रस, सगळा पीया नाहि।—दादूवांणी
उ०—२ अकल रै विचार सूं कांम रै अत नूं देखौ, तिसूं कांम कियां रै पाछै पछतावौ नहीं होय। पाछै पछतावै सूं कोई नफो नहीं छै।—नी.प्र.
उ०—३ कूड़ कपट नवि कीजियइ रे, पापे पिंड भराय। पहिले पुण्य न कीजियइ रे, तउ पछइ पछतावौ थाय।—स कु.
रू०भे०—पछताओ, पछताप, पछतापो, पछताव, पछाताप, पछातापो, पछिताव, पछितावो, पस्चात्ताप, पस्ताव, पस्तावो, पिछताओ, पिछताप, पिछतापो, पिछताव, पिछतावो, पिसतावो, पिस्ताओ, पिस्ताप, पिस्तापो, पिस्ताव, पिस्तावो।

पछम—देखो 'पच्छिम' (रू.भे.)
उ०—कालींजर री पहाड़ वडे गांव सूं कोस······पछम दिसा। लांबो कोस पांच ५।—नैणसी

पछमघाट—देखो 'पच्छिमघाट' (रू.भे.)

पछमांण—वि० [सं० पश्चिम+रा.प्र. आंण] १ पश्चिम दिशा का, पश्चिम का (की)
उ०—धुकै आरांण असमांण नीसांण धुबै, ढहै मोहतांण मुगळांण ढेरी। जोड़ियां पांण सज डांण जोगणपुरी, फौज पछमांण दखणांण फेरी।—जोगीदास चांपावत रो गीत
२ देखो 'पच्छिम' (रू.भे.)
उ०—तूं तजै मांण दिल करय तंग। पछमांण दिसा ऊगै पतंग।
—वि.सं.
रू०भे०—पच्छवांण, पछवांण, पछिवांण।

पछलारो—वि० [सं० पश्चात्+रा.प्र. आरो] (स्त्री० पछलारी)

उ०—सीरावण जीमण दोपेरां सारो। पीसण पोवण नै म्हारो पछलारो। आती श्रोलण नै श्रंबक दक आयो। छाती छोलण नै छपनो छित छायो।—ऊ.का.

पछलो—देखो 'पाछलो' (रू.भे.)

उ०—श्रोर सहेली, मा खिलण-मिळण नै जाय, मनै दीन्हो मा पोवणो जे। पोयी पोयी, मा रोटियां री ए जेट, पछलो पोयो, मा, मांडियो जे।—लो.गी.

(स्त्री० पछली)

पछवांण—१ देखो 'पछमांण' (रू.भे.)

उ०—गजण गरज्जे बोलियो, करि ग्रहियै केवांण। भला मिड़ंता आगळी, बाहुड़ियो पछवांण।—गु.रू.वं.

२ देखो 'पच्छिम' (रू.भे.)

पछवा—देखो 'पिछवा' (रू.भे.)

उ०—हां जो म्हारा सायबा, चाली है परवा पछवा पून तिंवाळो तिंवाळो सुंदर गिर पड़ी जी म्हारा राज तिंवाळो।—लो.गी.

पछवाई-स०स्त्री० [स० पश्चात्] सेना के पीछे के भाग से युद्ध करने की क्रिया। उ०—कांधळजी घोड़ो खुरी करावता ताहरां सदा तंग पुस्तंग दुमची श्रागवंध तूट जावता सु तूट गया। ताहरां दीकरा-राजो सूरो, नीवो बीजो ही साथ हूतो तैने कह्यो के थे फौज रो मुहड़ो झालो, जितरै हूं तंग सुंवार ल्यां। सु साथ ठैहराय न सक्यो। पासै सूं कर वध गयो। ताहरां कांधळजी कह्यो—जावो रे कपूतां! म्है तो थांनू बाघा रै भरोसै पछवाही रो कह्यो हूतो, कै बाघो सदाई पछवाई करतो हूतो।—नैणसी

रू०भे०—पछवाही।

पछवाड़ो-सं०पु० [सं० पश्चात्+पाट अथवा वाटः] पीछे का भाग, पीछे का प्रदेश। उ०—दिन-दिन खीची तूटता गया, हाडां रो जमाव हूतो गयो। हाडे खीची मारनै धरती भोग घाली, मुदो मऊ ऊपर सूं मऊ नू गोव १४०० लागै। गांव ७०० अगवाड़ (रे) तिके चोड़ै गांव ७०० पछवाड़ै।—नैणसी

पछवाही—देखो 'पछवाई' (रू.भे.)

उ०—तद कांधळजी तंग सारण नूं ऊतरिया। श्ररु साथ सारो आनै है। जिसै सारंग खांन नूं कांधळजी रै साथ पर घोड़ा उठाय नांखिया। तद साथ सूं अरु कांधळ रै वेटां सूं धको झलियो नहीं, सू भाज नीसरिया। नै कांधळजी खनै आदमी पनराएक रया। पीछै कांधळजी कयो 'जावो रे कपूतां! मैं थांनै वाघा रै भरोसै पछवाही रो कयो हो।' पोछै कांधळजी पाळा ग्रादमियां पनरा सूं सारंग खांन री फौज सूं तरवारां मिळिया।—द.दा.

पछांणणो, पछांणबो—देखो 'पिछांणणो, पिछांणबो' (रू.भे.)

उ०—धरणीधर नूं जिके ध्यावइ, सरग तणै विचि तिके समायइ। उर ऊपर लिखमी पग श्रांणै, पारब्रह्म रा चरण पछांणै।

—पी.ग्रं.

पछांणणहार, हारो (हारी), पछांणणियो—वि०।

पछांणाणो, पछांणावो, पछांणावणो, पछाणावबो—प्रे०रू०।

पछांणिश्रोड़ो, पछांणियोड़ो, पछांण्योड़ो—भू०का०कृ०।

पछांणीजणो, पछांणीजबो—कर्म वा०।

पछाड़-सं०स्त्री० [सं० पश्चात्+प्रहार] १ पछाड़ने की क्रिया या भाव।

२ मूर्च्छित होकर या अचेत होकर गिरने की क्रिया।

उ०—माघी सी ढळतां जी क चनणा नीसरी जी, कोई रांमूड़ो खाई छै पछाड़। खाय तिवाळो जी क रांमूड़ो गिर पड़्यो जी।

—लो.गी.

पछाड़णो, पछाड़बो-क्रि०स० [सं० पश्चात्+प्रहार] १ वध करना, हनन करना, घात करना, मारना। उ०—१ भिड़ भू 'भीम' पछाड़ियो, खुरम गयो कर खेह। गाजण-गंजण अगंजियां, वीर वणायो वेह।—बां.दा.

उ०—२ झळहळ बीज रूप खग झाडूं। पिसण घणा जरदैत पछाड़ूं।

—सू.प्र.

उ०—३ यमुना तीरे जाय नै कन्हैया, तैं नाथ्यो काळी नाग रे। कंसराजा नै पछाड़ियो, पछै खुलिया थारा भाग रे।—जयवांणी

२ पराजित करना, हराना, खदेड़ना।

उ०—१ श्रघळा दईत पछाड़िया, भिड़ि जीता भाराथ। ताहरो दरसण श्रीकमां, साध करै सनमाथ।—पी.ग्रं.

उ०—२ पातिसाहां रा नर हैवर-कुंजर-घड़ा पछाड़ां। चद-जस-नांमो चाडां।—वचनिका

उ०—३ महाबळवंत काळीनाग नै नाथियो। कंस नै मार जरासंध पछाड़ियो।—जयवांणी

३ मारना, पीटना। उ०—फबै जूत सिर फूल, पत्र सोई पटक पछाड़ै। फळ ढूंगां में फाड़, तोय बांसां सूं ताड़ै।—ऊ.का.

[सं० प्रक्षालनम्] ४ धोने के निमित्त कपड़े को खड़े-खड़े पत्थर पर जोर-जोर से आछटना, पटकना।

५ कुश्ती में विपक्षी को गिराना, पटकना।

६ गिराना, पटकना। उ०—महावीर पाड़ै पछाड़ै मइंदां, ग्रहै दंत रोकै मदाळा गइंदां।—वं.भा.

पछाड़णहार, हारो (हारी), पछाड़णियो—वि०।

पछाड़ाड़णो, पछाड़ाड़वो, पछाड़ाणो, पछाड़ावो, पछाड़ावणो, पछा-ड़ावबो—प्रे०रू०।

पछाड़िश्रोड़ो, पछाड़ियोड़ो, पछाड़्योड़ो—भू०का०कृ०।

पछाड़ीजणो, पछाड़ीजबो—कर्म वा०।

पचारणो, पचारबो, पछाडणो, पछाडबो, पछारणो, पछारबो—रू०भे०

पछाड़ियोड़ो-भू०का०कृ०—१ वध किया हुआ, मारा हुआ।

२ पराजित किया हुआ, हराया हुआ, खदेड़ा हुआ।

३ गिराया हुआ, पटका हुआ।

४ (खड़े-खड़े कपड़े को) धोने हेतु जोर-जोर से पटका हुआ।
५ कुश्ती में गिराया हुआ।
६ पटका हुआ, गिराया हुआ।
(स्त्री० पछाड़ियोड़ी)

पछाड़ी-सं०स्त्री० [सं० पश्चात्+रा. प्र. आड़ी] १ पीछे का भाग, पीछे का हिस्सा, पृष्ठ भाग। उ०—१ ज्यूं जसवंतसिहजी भागिया सो जसवंतसिहजी कन्है आपरी चाळीस हजार फौज थी सो सारी भागी। हूरमां हाथियां चढी पछाड़ी नूं खड़ी थी सो लूट लीवी भर चलता रहिया।—पदमसिंह री वात
उ०—२ पोसाकां कर परी, बैंठ सुखपाळ पछाड़ी। दो माला-बरदार, एक नीसांण अगाड़ी।—अरजुणजी बारहठ
२ घोड़े के पिछले पैर बांधने की रस्सी। उ०—राजाजी रा घोड़लिया काळा रे लारे दोड़ै ओ। आऊवै रा घोड़ा तो पछाड़ी तोड़ै ओ झगड़ो हूं'ण दो। झगड़ा में थांरी जीत व्हैला ओ झगड़ो व्हैण दो।—लो.गी.
क्रि०प्र०—बांधणी, मारणी, लगाणी।
३ पंक्ति में सबसे अन्तिम व्यक्ति या प्राणी।
४ बंदूक छोड़ते समय सीने पर लगने वाला कुन्दे का आघात।
क्रि०प्र०—मारणी, लगाणी।
अव्य०—जिधर मुह हो उसके विरुद्ध दशा में, पीठ की ओर, पीछे।

पछाड़ीवाव-सं०स्त्री०यौ० [सं० पश्चात्+रा० वाव=प्रहार] वह बंदूक जो छूटने पर छोड़ने वाले के सीने के ऊपर कुंदे का आघात या झटका मारती हो।

पछाडणी, पछाडबौ—देखो 'पछाड़णी, पछाड़बौ' (रू.भे.)
उ०—पाडे किय पहट मेंदांनं, दरबार दीवांणह-खांनं। उध्रं पुडि दखण उपाडे, खंडे मीर खपाड पछाडे।—गु.रू.बं.

पछाडियोडौ—देखो 'पछाड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पछाडियोडी)

पछाडी—देखो 'पछाड़ी' (रू.भे.)

पछाताप, पछातापौ—देखो 'पछतावौ' (रू.भे.)
उ०—माहो-माहे मोठे मिल्या ए, मांन महातम खोय। पछाताप ते अति करै ए, हूण-हार जिम होय।—ध.व ग्रं.

पछिमी—देखो 'पच्छिम' (रू.भे.)
उ०—गुण-जांणग 'लाखो' खत्रिआं-गुर, आस दातार अभिनमो आंमुर। धरती पछिमी करामति घणी, भूपां रूप लियां व्रद भारी।
—ल.पि.

पछि—१ देखो 'पच्छिम' (रू.भे)
उ०—१ फरियो पछि वाउ उत्तर, फरहरियौ सहू ए सूहव उर सरग। भुयंग घनी प्रथमी पुड़ भेदे, विवरे पैठा वे वरग।—वेलि.
उ०—२ तठा उपरांति करि नै राजांन सिलांमति हेमंतरित रौ वणाव कीजै छै। हेमंतरित लागि पछि री वाउ फिरियौ, उतराधौ वाउ वाजियौ—रा.सा.सं.
२ देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

पछितांणौ, पछितावौ—देखो 'पछतांणौ, पछतावौ' (रू.भे.)

पछितायोड़ौ—देखो 'पछतायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पछितायोड़ी)

पछितावौ—देखो 'पछतावौ' (रू.भे.)
उ०—जिको सुणि पूरा पछितावा समेत समुद्र सिंह आपरी पत्नी इसड़ी विजयसूर री बहिणी वरजण नूं गोळ में भेजी, जिकण कहियौ—बाभी! पहिली मोनूं मारि पछै चिता री तरफ चरण दीजै।—वं.भा.

पछिम—देखो 'पच्छिम' (रू.भे.)
उ०—पेख उतराद दखणाद पूरब पछिम, धूज मन सरम सारी धरा की। सबळ दोय राह री साह री मांन संक, ताह री 'करन'-सुत ओट ताकी।—भोपत आसियौ

पछिमि, पछिमी—१ देखो 'पच्छमी' (रू.भे.)
२ देखो 'पच्छिम' (रू.भे.)

पछिलउ, पछिलौ—देखो 'पाछलौ' (रू.भे.)
उ०—एक दिन पेट नउ गरभ दीठउ, गुरुणी पूछ्युं स्युं एह रे। पतिनउ गरभ ए हूतउ, पहिलउ नहि पछिलउ निसंदेह रे।
—स.कु.
(स्त्री० पछिली)

पछिवांण—देखो 'पछमांण' (रू.भे.)
उ०—१ दळथंभ हुओ पछिवांण-दळ, आप पराक्रम अप्रभै। कमधज्ज तांम संग्रांम किय, जुड़ै जांम एकह उभै।—गु.रू.बं.
उ०—२ अगनि मैं बांण छूटा असंख, वळी वीट चिहूं वै-वळा। पछिवांण हुओ पूठीरखो, 'गजण' नांम दिल्ली दळां।
—गु.रू.बं.

पछींत—देखो 'पछीत' (रू.भे.)

पछी-क्रि०वि० [सं० पश्चात्] १ पश्चात, बाद में, अनन्तर, पीछे।
उ०—तो वारू राजा रे अहि डसियां पछो मांहरा साहिबा अनंगसेना इण नांम रे वेस्या विगताळी।—वि कु.
२ देखो 'पक्षी' (रू भे.)

पछीत, पछीतरा-सं०स्त्री० [सं० पश्चात् ?] मकान के अन्दर सामान रखने के निमित्त लगाया जाने वाला पट्टा और सीधा लम्बा-चौड़ा पत्थर जिसकी एक किनार दीवार में अड़ी रहती है।
उ०—एक चोरीयै तु तो क्यूं भला छै। भलो वस्त आवै हाथ अर मरीजु तो पिण भलां। आइनै पछीतरा नेचा उभो रह्यो। मांहैं खींवौ सूतो जाग छै।—चौबोली
रू०भे०—पछींत, पछीतरा।

पछें, पछे—देखो 'पछै' (रू.भे.)
उ०—१ जिको सुणि पूरा पछितावा समेत समुद्रसिंह आपरी

पत्नी इसड़ो विजयसूर री वहिरणी वरजण नूं गोळ में भेजी जिकण कहियौ—बाभी, पहिली मोनूं मारि पछें चिता री तरफ चरण दीजो।—वं.भा.

उ०—२ पछे एकांत में बैठ'र कागद नू वाचणै लागी।

—कुंवरसी सांखला री वारता

पछेड़की—देखो 'पछेवड़ौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पछेड़लु, पछेड़लू—वि० [सं० पश्चात्+रा. प्र. लु या लू] (स्त्री० पछेड़ली)
१ पश्चात् का, बाद का. २ पीछे का।
३ देखो 'पछेवड़ौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पछेड़ियौ—देखो 'पछेवड़ौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पछेड़ौ—देखो 'पछेवड़ौ' (रू.भे.)

पछेड़ौ—देखो 'पछेवड़ौ' (रू.भे.)

पछेडलु—देखो 'पछेड़लु' (रू.भे.)। उ०—अणीआ! एक पछेडलु, अंधारू अम्ह आपि। मंदिर जाऊं मलपतु, बइसउ थांनक थापि।

—मा.कां.प्र.

पछेडी—देखो 'पछेवड़ो' (रू.भे.)
उ०—पाघडी वींटी रेट चूनड़ी पाताळ साडी, नंदरबारी, पाघडी पांमडी लोवडी वाहण-वही लोवडी पछेडी चूनडी गजवडी।—व.स.

पछेली—सं०स्त्री० [देशज] स्त्रियों के हाथ की कलई में धारण करने का आभूषण।

पछेवड़ी—सं०स्त्री० [सं० प्रच्छदः+पटि या पटी या पच्छात्-पटी] १ मोटा सूती कपड़ा जो पहनने ओढ़ने या बिछाने के काम आता है।
उ०—१ परभात रा लाखोजी घोड़ा देखण नूं पधारिया ताहरां घोड़ो देखनै कह्यौ—रे घोड़ो रे घोंड़ौ किणी छोड़ियो नहीं हुंतो! ताहरां साहणी कह्यौ जी कुण छोडै? ताहरां लाखोजी घोड़ ऊपर पछेवड़ी फेरी। पछेवड़ी सूं घोड़ो लूह्यौ—नैणसी
उ०—२ पछै खेतसीजो स्वांमी वै सुवांण नै सिरांणा माहि थी नवी पछेवड़ी काढ नै ओढाय दीधी।—भि.द्र.
२ निश्चित लम्बाई का, मोटा पूरा कपड़ा, थान।
उ०—यूं करतां हेक दिन रावजी सूं चूक कियौ। पचीस गज पछेवड़ी रिणमलजी रै ढोलियै दोळी पळेटी। आप पौढिया हुता।

—नैणसी

३ सिलमा सितारे से बना लाल या श्वेत छोटे अर्ज का लम्बा कपड़ा जो दरबार में जाते समय पघड़ी पर बांधा जाता था।

(मेवाड़)

४ सिरोपाव में पगड़ी के साथ दिया जाने वाला वस्त्र (मेवाड़)
५ स्री संघ द्वारा पूज्य पाट पर आसीन करते समय ओढाया जाने वाला श्वेत वस्त्र (जैन)
उ०—पाटू नी पूजि ओढउ पछेवड़ी रे। पाटण नीपनी सखरी दोपड़ी रे।—स.कु.
मुहा०—पछेवड़ी ओढाणी—शिष्य बनाना, पूज्य पद पर आसीन करना (जैन)
६ देखो 'पछेवड़ौ' (अल्पा०, रू.भे.)
रू०भे०—पछेड़ी, पछेडी, पछेवडी, पछेवडी, पछोड़ी, पिछेड़ी, पिछेवड़ी, पिछोड़ी, पीछोड़ी।
अल्पा०—पछेड़की।

पछेवडु, पछेवडु, पछेवडउ, पछेवड़ौ, पछेवडो—सं०पु० [सं० प्रच्छदः+पटः या पटम्] १ प्रायः सफेद रंग का ओढ़ने का कपड़ा (उ.र.)
उ०—१ राणोजी देवलोक हुवै जद पाटवी कुंवर पछेवड़ो ओढ़लै। राणाजी नूं दाग दे पाछा आवै उमराव दरबार में जद कोठारियै रो राव कुंवर माथा सूं पछेवडो दूर करै।—बां.दा.ख्यात
उ०—२ तरै सोढ़ी कहै—'थांहरै ढोल रो पछेवड़ो मोनूं दीजै। इण पछेवड़ा रा दरसण करीस नै मोहल में बैठी रहीस।—नैणसी
उ०—३ वीनी रै वीरा! भांणजड़ा नै वाट, ऊवरती रो फाको म्है लियोजी म्हाराराज। आधो बाई भांणजड़ा रै हाथ, कोई आधो घाल पछेवड़ै जी म्हाराराज।—लो.गी.
२ जाजम, पलंग आदि पर बिछाने का सफेद रंग का कपड़ा, प्रच्छदपट।
रू०भे०—पछेडो, पछेडो, पिछेड़ो, पिछेडो, पिछेवड़ो, पिछेवडो, पिछोडो, पिछोवड़ो।
अल्पा०—पछेड़ियौ, पछोड़ो, पछेड़लु, पछेड़लू, पछेडलु, पछेवडी, पीछोडलु।

पछेवांणि—क्रि०वि०—पीछे की ओर। उ०—वीर पुरस महा-सुभट प्रगुण नीपना चक्रव्यूह गुरुड-व्यूह तणी रचना नीपनी अगवांणी सींगडिया तणी स्रेणी, पछेवांणि फारक तणी पद्धति, तती हस्ती-घंटा सीत्कार करती।—व.स.

पछैं, पछै—क्रि०वि० [सं० पश्चात्] १ बाद, तदुपरांत, पीछे।
उ०—१ रांम-रांम रसणा रटै, बासर वेर अवेर। अटवयां पछैं न आवसी, रांम तणी मुख रेर।—ह.र.
उ०—२ वरस एक हुओ, ता पछै महमद हुसेन अहमदाबाद आय घेरी।—द.वि.
२ फिर। उ०—ले जाओ रै इणां नै घोड़ां री पायगा में, अर लागे जूत रांड रै। रावळा घोड़ा नै बावळा असवार। अंदाता रो हुकम लागो, पछै पूछणो ई कांई। हाजरियै आपरा हाथां रो खार पूरो काढियो।—रातवासो
३ अन्त में। उ०—पछै काबुल जातां रा। किसोरदास गोपाळ-दासोत रै चाकर मारियो।—नैणसी
रू०भे०—पछइ, पछें, पछे, पाछै।

पछोकड़ो, पछोकडउ, पछोकडो—सं०पु० [सं० पश्चादोक] पीछे का स्थान, पीठ का स्थान, आगे के विरुद्ध दिशा का स्थान।—(उ.र.)
रू०भे०—पच्छोकड़ो, पच्छोकडउ, पच्छोकडो, पिछावड़ो, पिछोकड़, पिछोकड़ो, पिछोकडउ, पिछोकडो।

पछोड़ी—देखो 'पछेवड़ो' (रू.भे.)

उ०—बारणं पिण तुटी ग्राटि न मिळं एक, सूत नी ग्राटो, मिळं पछोड़ी पण फाटी।—सभा.

पछोपो, पछोपो—देखो 'पाछोपो' (रू.भे.)

उ०—राजा ग्रचळसर कहइ छइ—यउ तउ बोलियउ करि विचारिजइ, एक पुरुख तउ पुरिख-कइ पछोपइ उबारिजइ।—ग्र. वचनिका

पजणो, पजबो—क्रि०ग्र० [सं० प्रजुडन्] १ बंधन में ग्राना, फँसना।

उ०—१ गाडी वाळो मन में सोच्यो के किराड़ ग्राज तो जबरो पजियो। ऊमर में बळीतो मोलावणो नीं मुलाय दूं तो चोधरण रा नीं चूंधिया।—फुलवाड़ी

२ उलझन पड़ना, ग्रड़ना। उ०—उण सांयत मल्ल कह्यो—ग्रपां बाथियां तो ग्रावां पण हार-जीत रो साखी कुण रैवेला। कीं बात पजगी तो उणरो निवेड़ो कुण करैला।—फुलवाड़ी

३ इस प्रकार जड़ा जाना या जमाया जाना कि जमाई गई हुई वस्तु उस वस्तु के समतल बराबर हो जाय।

ज्यूं—खाट में पट्टी पजणी, हळ में कील पजणी।

४ किसी वेश या पहिराव का ग्रंग पर या ग्रपने स्थान पर उपयुक्त बैठना।

ज्यूं—पग में जूती ठीक पजी है, कोट ठीक पजतो बणायो है।

५ पीटा जाना, मारा जाना।

ज्यूं—गाय रै सींगड़ा में गवाळिया रै ठुलिया री ग्राय ऐड़ी पजी के गाय रै माथा में भंणाट ऊठियो।—फुलवाड़ी

६ ग्रधीन होना, पराजित होना, हार जाना।

उ०—सुख हित स्याळ समाज, हिंदू ग्रकबर बस हुवा। रोसीलो म्रगराज, पजै न रांण प्रतापसी।—दुरसो ग्राढ़ो

७ बलात् प्रविष्ट होना, धसना, घसना। उ०—सेठ जोर सूं पूछयो—लाडी पैला बीटी चिट्टूड़ी रै पजी के मिट्टूड़ी रै। च्यारां में ईं पैरलै।—फुलवाड़ी

८ पूर्ण रूप से किसी कार्य में लगना, खपना।

उ०—समर में दसकध जिण सजे, पह वडा हर चाप दळ पजे। मनव ते घन जांण सुघमता, रघुपति जस जे नित रता।

—र.ज.प्र.

पजणहार, हारो (हारी), पजणियो—वि०।

पजवाड़णो, पजवाड़बो, पजवाणो, पजवाबो, पजवावणो, पजवावबो

—प्रे०रू०

पजाड़णो, पजाड़बो, पजाणो, पजाबो, पजावणो, पजावबो—क्रि०स०

पजिग्रोड़ो, पजियोड़ो, पज्योड़ो—भू०का०कृ०

पजीजणो, पजीजबो—भाव वा०।

पजांमो—देखो 'पाजामो' (रू.भे.)

पजाग्रो—देखो 'पजावो' (रू.भे.)

पजाड़णो, पजाड़बो—देखो 'पजाणो, पजाबो' (रू.भे.)

पजाड़णहार, हारो (हारी), पजाड़णियो—वि०।

पजाड़िग्रोड़ो, पजाड़ियोड़ो, पजाड़्योड़ो—भू०का०कृ०।

पजाड़ीजणो, पजाड़ीजबो—कर्म वा०।

पजाड़ियोड़ो—देखो 'पजायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पजाड़ियोड़ी)

पजाणो, पजाबो—क्रि०स० [सं० प्रजोडनम्] १ बंधन में करना, फंसाना।

२ ग्रधिकार में करना, ग्राधिपत्य में करना।

उ०—१ वैरसल नरवद रावजी जोधाजी नूं ग्रावता सुण नै ग्राप री वसी ले नै नीसर गया। घको झलियो नहीं। राव जोधोजी द्रोणपुर छापर मारियो। सारी धरती पजाई। वडो ग्रमल कियो।

—नैणसी

उ०—२ रावजी ग्राप द्रोणपुर पधारिया, कबीला काढ दिया। धरती सारी पजाई।—नापे सांखले री वारता

३ उलझाना, ग्रड़ाना, फसाना, धसाना। उ०—द्यालदास सुत रांमदास रै, परची फेर पजाई। मांनो लाय लागी मुरधर में, ऊपर ग्रांधी ग्राई।—ऊ.का.

४ पराजित करना, हटाना।

५ तंग करना, परेशान करना, हैरान करना।

उ०—कवि सूर रा द्रस्टांत सूं सूरवीर रो साहस कहै छै, इण कवळं (वाराह) तूंड रे जोर हाथी पाड़िया—फेट दे घोड़ा सवार पाड़िया, डाढां (दातढो) सूं सूरवीरां नै ग्रोझाड़िया, झटको दे हेठा न्हांकिया—देखो एकण हीज कंवळं सूर फौजां रा पाथरा कर खूंद न्हांकिया। प्रयोजन एकण हीज सूरवीर सारी फौज नै पजाय दीधी।

वी.स.टी.

६ दण्ड देना, ग्रधीन करना, वशीभूत करना।

७ मजबूती से फंसाना, प्रवेश कराना, जमाना।

८ इस प्रकार से जड़ने या जमाने का कार्य करना कि जमाई हुई वस्तु को उस वस्तु के समतल कर देना।

९ पीटना, ठोकना, मारना।

पजाणहार, हारो (हारी), पजाणियो—वि०।

पजायोड़ो—भू०का०कृ०।

पजाईजणो, पजाईजबो—कर्म वा०।

पजणो, पजबो—ग्रक० रू०।

पजाड़णो, पजाड़बो, पजावणो, पजावबो—रू०भे०।

पजायोड़ो—भू०का०कृ०—१ बंधन में किया हुग्रा, फसाया हुग्रा।

२ ग्रधिकार में किया हुग्रा, ग्राधिपत्य में किया हुग्रा।

३ उलझाया हुग्रा, फसाया हुग्रा, धसाया हुग्रा।

४ पराजित किया हुग्रा।

५ तंग किया हुग्रा, परेशान किया हुग्रा।

६ दण्डित, ग्रधीन।

७ मजबूती से फसाया हुग्रा, जमाया हुग्रा।

८ जड़ा हुआ, जमाया हुआ।
९ पीटा हुआ, मारा हुआ, ठोका हुआ।
(स्त्री० पजायोड़ी)

पजाव—देखो 'पजावौ' (मह०, रू.भे.)

पजावगर–सं०पु० [फा० पजावः+गर] मिट्टी की ईंट बनाने वाला व्यक्ति। उ०—पजावगर री प्रीत, खंधेड़ो खातर राखै। लाय खमोळा खूब, पीड़ पावै अंग आखै। पांणी में पिघळीज, लोय विसन री तापै। चढ कारीगर करां, कांम ईंटोडी कापै।

—दसदेव

पजावणौ, पजावबौ—देखो 'पजाणौ, पजाबौ' (रू.भे.)

उ०—१ सोभत दुंद करे 'सबळावत', ज्याह तरफ 'विजौ' चांपावत। जोधांणै उत्तर दिस जेती, अहनिस रांम पजावै एती।

—रा.रू.

उ०—२ कुतक खिदर धव काठ रा, विदर पजावण वेस। वौ पिण हाजर राखना, घण मेखचा हमेस।—बां दा.

उ०—३ सिवियांणै सोनगिर जेण, एकण दिन गीता। वीर नारायण वंस, वहै वेसास वदीता। दहियावत ढूंढार, मार संग्रांम मनावै। कर सह वरस कटक, पछै नाडूळ पजावै।—मालो आसियौ

उ०—४ परजा भाड़ंगनेर पजावै। ऊगै दिन फरियादां आवै।

—गो.रू.

उ०—५ जुद लीधौ जाळोर, घण साचोर पजावै—रा.वं.वि.

पजावणहार, हारौ (हारी), पजावणियौ—वि०।

पजाविग्रोड़ौ, पजावियोड़ौ, पजाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पजावीजणौ, पजावीजबौ—कर्म वा०।

पजावियोड़ौ—देखो 'पजायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पजावियोड़ी)

पजावौ–सं०पु० [फा० पजावः] १ ईंटें खड्डी आदि का पकाने के लिए व्यवस्थित ढंग से बनाया हुआ ढेर।
क्रि०प्र०—देणौ, लगाणौ।
रू०भे०—पजाग्रौ।
मह०—पजाव।

पजियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ बंधन में आया हुआ, फसा हुआ।
२ उलझन में पड़ा हुआ, अड़ा हुआ।
३ जड़ कर या जम कर किसी वस्तु के समतल हुवा हुआ।
४ कोई वेश या पहिनाव अङ्ग पर या अपने स्थान पर उपयुक्त बैठा हुआ।
५ पीटा गया हुआ, मारा गया हुआ।
६ हारा हुआ, पराजित।
७ बलात प्रविष्ट हुवा हुआ, घुसा हुआ, फसा हुआ।
८ पूर्ण रूप से किसी कार्य में लगा हुआ, खपा हुआ।
(स्त्री० पजियोड़ी)

पजूंण, पजूण, पजूसण—देखो 'परयूसण' (रू.भे.)

उ०—१ सीख करे मेड़ता थकी, सादड़ो पधारइ। परव पजूसण पारणइ, रांणपुर जोहारइ।—गुणविजय

उ०—२ आया पजूसण भादव मास, छती सक्ति न करइ उपवास। चित दियौ अत रोटा दाळ।—जयवांणी

उ०—३ पुररिणी सतरै से पचीसै, प्रगट पख पजूसणै। वाचक विजय हरस, सांनिध, 'धरमसी' मुनि इम भणै।—ध.व.ग्रं.

पजोणौ, पजोबौ, पजोवणौ, पजोवबौ–क्रि०स०—प्राप्त करना।

उ०—१ एक समय आखेट, वळै साळा वहणोई। आवे हुणे सस एक, प्रीति मनुहार पजोई।—वं.भा.

उ०—२ आसी हे उदमादियौ, रळी पजोवण कंत। मो 'सुगणी री साहिबौ, मदमातो मैमंत।—पनां वीरमदे री वात

पजोवणहार, हारौ (हारी), पजोवणियौ—वि०।

पजोविग्रोड़ौ, पजोवियोड़ौ, पजोव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पजोवीजणौ, पजोवीजबौ—कर्म वा०।

पजोयोड़ौ, पजोवियोड़ौ–भू०का०कृ०—प्राप्त किया हुआ।
(स्त्री० पजोयोड़ी, पजोवियोड़ी)

पज्ज–सं०पु० [सं० पद्य=प्रा पज्जा] मार्ग, रास्ता।

उ०—सज्जण चाल्या हे सखी, पाछै पीळी पज्ज। नव पाहा नगर बसइ, मो मन सूंनउ अज्ज।—ढो मा.

पज्जण–सं०पु० [सं० पर्जन्य] वर्षा, बादल (जैन)

पजत, पज्जत्त–वि० [सं० पर्याप्त] १ पर्याप्त से युक्त, सम्पूर्ण, पूर्ण (जैन)

उ०—भगनि असख्यात गुण पज्जत बादरा, एह थी गुण असंख्यात अनुत्तर सुरा।—ध.व.ग्रं.
२ समर्थ, शक्तिवान (जैन)
३ उतना, जिससे काम चल जाय, यथेष्ट (जैन)

पज्जता–सं०स्त्री० [सं० पर्याप्त] १ सम्पूर्णता, पूर्णता।

उ०—सूक्ष्म पज्जता जांण सूखम सहुगिणौ भव्य सत्यासी में भणौ ए।—ध.व.ग्रं.

पज्जत्ति–सं०स्त्री० [सं० पर्याप्ति] १ जीव की वह शक्ति जिसके द्वारा पुद्गलों को ग्रहण करने तथा उनको आहार, शरीर आदि के रूप में परिवर्तन करने का काम होता है (जैन)
२ शक्ति, सामर्थ्य (जैन)

पज्जव–सं०पु० [सं० पर्यव] १ परिच्छेद, निर्णय (जैन)
२ विशेषता (जैन)
३ द्रव्य और गुण का रूपान्तर (जैन)
४ पर्याय। उ०—एक अक्षर केवळी तणौ, कीजै पज्जव अनंत। एक पज्जवे अनंत गया, भाख्या श्री भगवंत।—जयवांणी

पज्जूसण, पज्जोसवण, पज्जोसवणा—देखो 'परयूसण' (रू.भे.)

उ०—१ चौपरवी पज्जूसण परव, वलि कल्यांणक तिथि पण सरवा

—स.कु.

उ०—२ संवत १८५४ स्वामीजी च्यार साधां सूं खेरवै चौमासौ कीधौ। तिहां पज्जूसण में केयक स्रावक गछ वास्थां कनै सुणवा गया।—भि.द्र.

पज्झटिका—सं०स्त्री० [सं० पद्धटिका] एक प्रकार का मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में आठ लघु, एक गुरु, चार लघु व एक गुरु कुल सोलह मात्रायें होती हैं। किसी भी चरण के अन्त में लघु नहीं होता है।

रू०भे०—पद्धटिका।

पटंगय—सं०स्त्री०—एक राग विशेष। उ०—भणंत स्त्री विनोदयं। कल्यांण केक मोदयं। खंभायची पटगयं। वगेसरी विहुंगयं।

—रा.रू.

पटंतर—सं०पु० [सं० पट+अन्तर] १ वह जिसका तत्व सहज में सब की समझ में न आ सके, गोप्य विषय, रहस्य।

उ०—एह पटंतर दाख इम, भगतां वच्छळ भ्रम्म। कीधा अम्ह के तुम किया, धुर हर पाप धरम्म।—ह.र.

२ भेदोपभेद। उ०—भूपाल आल भयंकरं, साहाय सुर सिव संकरं। सो भाग खाग 'प्रिआग', समवड वड त्याग कळप तरं। स प्रवीत चीत नरेसरं, परमांण जांण पटंतरं। उदार वसुधा वार, आंकण अनड भड भकरं।—ल.पिं.

३ पार्थक्य, पृथकत्व, अलगाव। उ०—१ एक बाप नी पुत्री दोय, परतिख पुन्य पटतर जोय।—स्रोपाळ

उ०—न्याति जाति सौ सारखी, अधिको नाहीं कोय। थे राजा म्हे ओडण्यां, ओह पटंतर जोय।—जसमा ओडण री वात

४ सादृश्य कथन, उपम। उ०—कौण पटंतर दीजिये, दूजा नाही कोइ। रांम सरीखा रांम है, सुमिरे ही सुख होय।—दादूवांणी

५ समानता, सादृश्य। उ०—उचित यो राजा वचन दियो भोज सुणि बाई! वचन तैं कह्या चोज। ज्यांनको लिय पटंतर। धीय तणइ सिर सोवन गोड़।—वी.दे.

६ परिवर्तन। उ०—छै अगवाळ ढळंती छाया, जको पटंतर सकळ जुए। सुवस वसावै सहर सितारौ, हत्थणापुर में वेड हुए।

—ओपो आढौ

रू०भे०—पट्टंतर।

अल्पा०—पटंतरौ।

पटंतरइ—सं०स्त्री०—१ पाट बैठते समय ओढाई जाने वाली चादर।

सं०पु०—२ आचार्य के पट्ट यानी गद्दी पर बैठाया जाने वाला दूसरा व्यक्ति।

उ०—हसितइ बोलइ बोल, ते बोल होते बोल, थारा मुझ नइ सांभरइ हो। एहवा चतुर सुजांण, कहउ, कुण हो कहउ, कुण हो कहियउ पूज्य पटंतरइ हो।—स.कु.

पटंतरौ—देखो 'पटंतर' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—१ परतख वायस पटंतरौ, बहनइ सुण बोलीह। जीहा चाखी दाख ज्यां, न रुचै नींबोळीह।—र. हमीर

उ०—२ सूरज पुत्र करन्न, पेटकुंता उतपन्नौ। पवनपुत्र हणमंत, उदर अंजनी उपन्नौ। ईसपुत्र खटमुक्ख, पुत्र जनमे रुद्रांणी। राघव दसरथ पुत्र, जणे कउसल्या रांणी। जनमियौ पुत्र कणहैगिरी, 'भ्रमर' कुंभा गजसिंघ रौ। बे-पक्ख सुद्ध आदू बिरद, पुत्रां एह पटंतरौ।

—गु.रू.बं.

उ०—३ वधता विसेस 'धरमसी' वधे, वळत छांह जिम विस्तरै। द्रस्टांत एण सज्जण दुज्जण, परखि देख पटंतरै।—ध.व.ग्रं.

उ०—४ एह नो कांइ पटंतरौ, निगे लहे सू साचवै। इम चींतवी हसि हस मिळ्यौ, धाई सूं वातां राचवै।—रीसाळू री वात

पटंबर—सं०पु० [सं० पट्टः+अम्बर] १ कौशेय, रेशमी वस्त्र।

उ०—१ आसन स्यंघ, घटातन स्यांम। पटंबर पीत, सु विद्युत है।

—र.ज.प्र.

उ०—२ वपु स्यांम सुंदर मेघ रुचि फबि तड़ित पीत-पटंबरं।

—र.ज.प्र.

२ वस्त्र, कपड़ा। उ०—जुरती नहीं आवण जावण की, फुरती नहीं रांड फंसावण की। परवाह न पाट पटंबर की। अध चाह सु कंवर अंवर की।—ऊ.का.

[सं० पटः=पर्दा+अंबर] ३ कपट, धूर्तता। (डि को.)

४ गुप्त भेद।

५ गोप्य विषय।

रू०भे०—पटंबरि, पटंबरी, पाटंबर।

अल्पा०—पटंबरौ।

पटंबरि, पटंबरी—वि० [सं० पटः+अंबर+रा.प्र. ई] १ कपट करने या रचने वाला, धूर्त।

२ देखो 'पटंबर' (रू.भे.)

उ०—पांणी धांन पटंबरी, संतोखिउं सहकोय। आनंद इक मांगतां, देवा ऊठइ दोय।—मा.कां.प्र.

पटंबरौ—देखो 'पटंबर' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—झूठा पाट पटंबरा, झूठा दिखणी चीर। सांचि पियाजी री गूदड़ी, निरमळ रहे सरीर।—मीरां

पट—सं०पु० [सं० पटः या पटम्] १ वस्त्र, कपड़ा।

उ०—१ चाकर जांण चरण कमळां री। मन रौ ताप मटावो म्हारौ। जटाजूट री भार उतारौ। मुकट-माळ पट भूखण धारौ।

—पी.ग्रं.

उ०—२ परगट कट तट तड़त पट, सरस सघण तन स्यांम।

—र.ज.प्र.

२ महीन कपड़ा. ३ कपाट, किवाड़। उ०—निज मंदिर पट द्विब दरसण झत, मन आणंद माता।—जोगीदांन कवियौ

क्रि०प्र०—उघड़णौ, खुलणौ, खोलणौ, देणौ, बंध करणौ, भिड़णौ, भिड़ाणौ।

मुहा०—१ पट उघड़ना—पूजा काल में मन्दिर के कपाट खुलना।
२ पट खुलणा—देखो 'पट उघड़णा'।
३ पट मंगळ होणा—सेवा-पूजा के पश्चात् देव मन्दिर के कपाट बन्द हो जाना, दर्शन का समय बीत जाना।
४ पट बंद होणा—देखो 'पट मंगळ होणा'।
४ पर्दा।
क्रि०प्र०—उघड़णो, उघाड़णो, करणो, कराणो, खुलणो, खोलणो, खोलाणो, हटणो, हटाणो।
मुहा०—१ पट खुलणो—गुप्त बातों का प्रकट हो जाना, भेद खुल जाना।
२ पट खोलणो—छिपी बात को प्रकट करना, भेद का उद्‌घाटन करना।
५ पालकी के दरवाजे के कपाट।
यौ०—पटदार—वह पालकी जिसमें पट हो।
क्रि०प्र०—खुलणो, खोलणो, दैणो, बंद करणो, सरकणो, सरकाणो
६ वह कागज जिस पर चित्र उतारा या खींचा जाय।
यौ०—चित्रपट।
७ जगन्नाथ, बदरिकाश्रम आदि मन्दिरों में दर्शनप्राप्त यात्रियों को दिया जाने वाला चित्र।
८ नदी का तट या किनारा।
ज्यों—नदी पूर पटां व्है है।
यौ०—पूरपटां।
९ शकट या गाड़ी के ऊपर लगाया जाने वाला सरकण्डे आदि का बना छप्पर।
यौ०—पटमंडप।
१० छत, छाजन।
यौ०—पटमंडप।
११ कुश्ती का एक पेच।
१२ किसी छोटे पदार्थ को गिरने से होने वाली आवाज।
ज्यूं—पट पट छांटा पड़ण लागा।
१३ नाश, ध्वंस।
मुहा०—१ पट करणो—बर्बाद करना, नाश करना, नष्ट करना।
२ पट होणो—नाश होना, बर्बाद होना, नष्ट होना।
क्रि०वि०—१ शीघ्र, झट। उ०—धोबौ मुट्ठी धांन, मांगै ज्यांनै ना मिळै। पट काढ़ै पकवांन, ना ना करतां नाथिया।—नाथियौ
२ देखो 'पट्ट' (रू.भे.)
३ देखो 'पाट' (रू.भे.)
४ देखो 'पटौ' (मह., रू भे.)

पटउडि, पटउडी—देखो 'पटकुटी' (रू.भे.)
उ०—पगि-पगि पउळि-पउळि हस्ती की गज-घटा। ती ऊपरि सात-सात सइ-धनक-धर सांवठा। सात-सात ओळि पाइक की वइठो सात-सात ओळि पाइक की ऊठी। खेड़ा उडण मुद फरफरी चुंह-चकि ठांइ-ठांइ ठठरी। इसी एक रया पटउडि चत्र दिसि पड़ी।
—अ. वचनिका

पटउलउ, पटउलीय, पटउली—देखो 'पटकूल' (रू.भे.)
उ०—पाय पटउलां पाथरी, लीधउ मंदिर मांहि। अंगरखी अपछर जिसी, चिहू पखि चमर ढुळाइ।—मा.कां.प्र.
उ०—२ पहरणि सेत्र पटउलीय, ऊलीम पांन न माइ।
—जयसेखर सूरि
उ०—३ उमरगढ़ गुच्छ पटउलउं, साव पट्ट पट्टहीर। सूहवी घोपाच्छुडहूं सवाड़ी, चंपावती स्वेत सिलाहट्टी।—व.स.

पटऔ—देखो 'पटवौ' (रू.भे)

पटक-सं०स्त्री० [सं० पत्] १ पराजय, हार. २ पछाड़।
क्रि०प्र०—खाणी, दैणी।

पटकणो, पटकबो-क्रि०स० [सं० पत्] १ किसी पदार्थ को ऊपर उठा कर जोर से झोंके के साथ डालना। उ०—वीरम लोपी वाग, खोटा अस ज्यूं हा खत्री। पटकी जोयां पाग, विढ़ रण वेढ वधाव सां।
—वी.म.
उ०—२ मुख ओडी रै मांहिलो, पर कापड़ा पुरीस। पटकै रोड़ी ऊवण पर, से चांडाळ सरीस।—बां.दा.
२ अबाधुंध दानादि में व्यय करना, झोंकना।
उ०—चाह करीर कळी नृप चटकै, भंवर छैल वेश्या-घर भटकै। पत महुआ सम दांनी पटकै, खत्रिय वंस वांस मिळ खटकै।
—ऊ का.
३ पहनाना, धारण करवाना। उ०—जिण रा कटिया सीस नूं थाळ में मंगाय जवनराज री सुता वरमाळा पटकण रो विचार कियो।
—वं.भा.
४ किसी पदार्थ का आधार या अवरोध आदि हटाकर उसे अपने स्थान से नीचे डालना, गिराना। उ०—कहै सुगरीव सुणो हरि वातां। हूं देखी सीता नै जातां। रांवण हर नै लेगो स्वांमी। रथ सूं गगन पंथ रो गांमी। भूसण सिया पटकिया केई। ए देखो प्रभु घरचा अठेई।—गी.रां.
५ व्याप्त करना, फैलाना। उ०—नागणी लेती तोप रै अभिमुख धकावै जिण तरह काळेजा करां मैं लीधा प्रांणां रो दुरभिक्ष पटकता चहुवांण रा सांमंत बीच हुआ।—वं.भा.
६ अपने पास से पृथक करके दूसरे के हाथ करना, दूसरे के अधिकार में देना, सौंपना। उ०—दक्खिण में साल १ रै तथा दूसरा तीसरा कुपुत्र २ रै साथ केही जुद्ध जीति केही पुर १ दुरग २ दाबि पत्र हस्त लिख'र ७५००० रो मुलक दिल्ली हेठै पटकियो।
—वं.भा.
७ द्वन्द्वयुद्ध या कुश्ती में विपक्षी को पछाड़ना या गिराना, गिरा देना।

८ भीतर से वेगपूर्वक बाहर निकालना, गिराना, डालना।

उ०—गोरण दिन सूती सखी, वागा ढोल विणास। बाह उसीसो खींचियो, जागी पटक निसास।—वी.स.

पटकणहार, हारौ (हारी), पटकणियौ—वि०।

पटकवाड़णौ, पटकवाड़बौ, पटकवाणौ, पटकवाबौ, पटकवावणौ, पटकवावबौ, पटकाड़णौ, पटकाड़बौ, पटकाणौ, पटकाबौ, पटकावणौ, पटकावबौ—प्रे०रू०।

पटकिग्रोड़ौ, पटकियोड़ौ, पटक्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पटकीजणौ, पटकीजबौ—कर्म वा०।

पड़णौ, पड़बौ—अक० रू०।

पटक्कणौ, पटक्कबौ, पट्टकणौ, पट्टकबौ—रू०भे०।

पटकाड़णौ, पटकाड़बौ—देखो 'पटकाणौ, पटकाबौ' (रू.भे.)

पटकाड़णहार, हारौ (हारी), पटकाड़णियौ—वि०।

पटकाड़िग्रोड़ौ, पटकाड़ियोड़ौ, पटकाड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पटकाड़ीजणौ, पड़काड़ीजबौ—कर्म वा।

पटकाड़ियोड़ौ—देखो 'पटकायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पटकाड़ियोड़ी)

पटकाणौ, पटकाबौ—क्रि०स० [पटकणौ क्रि० का प्रे०रू०] १ (किसी पदार्थ को) ऊपर उठाकर जोर से झोंके के साथ नीचे गिरवाना या डलवाना।

२ अन्धाधुन्ध खर्च करवाना, खर्च करने में प्रवृत्त करवाना।

३ आधार या अवरोध हटवा कर नीचे की ओर डलाना, डलवाना, गिराना, गिरवाना।

४ पहनवाना, धारण कराना।

५ व्याप्त कराना या करवाना, फैलाना।

६ दूसरे के अधिकार में करवाना।

७ कुश्ती में गिरवाना।

८ भीतर से वेगपूर्वक बाहर निकलवाना।

पटकाणहार, हारौ (हारी), पटकाणियौ—वि०।

पटकायोड़ौ—भू०का०कृ०।

पटकाईजणौ, पटकाईजबौ—कर्म वा०।

पटकायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ (पदार्थ को) ऊपर उठा कर जोर से झोंके के साथ डलवाया हुग्रा, गिरवाया हुग्रा।

२ अन्धाधुन्ध व्यय करवाया हुवा, दानादि में झोंकवाया हुग्रा।

३ पहनाया हुग्रा, धारण करवाया हुग्रा।

४ आधार या अवरोध को हटवा कर नीचे की ओर गिरवाया हुग्रा या डलवाया हुग्रा।

५ व्याप्त करवाया हुग्रा, फैलाया हुग्रा।

६ दूसरे के अधिकार में करवाया हुग्रा।

७ कुश्ती में गिरवाया हुग्रा।

८ भीतर से वेगपूर्वक बाहर निकलवाया हुग्रा।

(स्त्री० पटकायोड़ी)

पटकाय—सं०पु० [सं० पटकारः] १ कपड़ा बुनने वाला, जुलाहा, तंतुवाय. २ चित्रकार।

पटकावणौ, पटकावबौ—देखो 'पटकाणौ, पटकाबौ' (रू.भे.)

पटकावणहार, हारौ (हारी), पटकावणियौ—वि०।

पटकाविग्रोड़ौ, पटकावियोड़ौ, पटकाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पटकावीजणौ, पठकावीजबौ—कर्म वा०।

पटकावियोड़ौ—देखो 'पटकायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पटकावियोड़ी)

पटकियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ (पदार्थ को) ऊपर उठा कर जोर से झोंके के साथ डाला हुग्रा या गिराया हुग्रा।

२ अन्धाधुन्ध व्यय किया हुग्रा, दानादि में झोंका हुग्रा।

३ पहनाया हुग्रा, धारण कराया हुग्रा।

४ आधार या अवरोध हटाकर नीचे की ओर गिराया हुग्रा।

५ व्याप्त किया हुग्रा, फैलाया हुग्रा।

६ कुश्ती में पछाड़ा हुग्रा, गिराया हुग्रा।

७ दूसरे के अधिकार में किया हुग्रा या सौंपा हुग्रा।

८ भीतर से वेगपूर्वक बाहर निकाला हुग्रा।

(स्त्री० पटकियोड़ी)

पटकी—सं०स्त्री० [सं० पत्] वज्र, बिजली, विद्युत।

उ०—१ परम गुरु के सरणैं जाऊं, करूं प्रणाम सिर लटकी। जेठ बहू की काण न मानूं, पड़ौ घूंघट पर पटकी।—मीरां

उ०—२ ग्रमली ढोली एक, जको ग्रलगूंजे गावै। सांझ वगत रै समै, ग्रागै ग्रसवारी ग्रावै। जिण नै जव नित सेर, करै रीझ दे चटकी। एह बैंडा, दातार पड़ै तो ऊपर पटकी।

—ग्ररजुणजी बारहठ

उ०—३ ताकत ढोलै तीसरा, साथरवाड़ा सोद। पैलां घर पटकी पड़ै, माखां रै मनमोद।—ऊ.का.

मुहा०—पटकी पड़णी—दैव से भारी दण्ड मिलना, सत्यानाश होना।

ग्रल्पा०—पटकौ।

२ वज्र, इन्द्र का ग्रस्त्र।

पटकुटी—सं०स्त्री०—छोटा तम्बू, खेमा, छोलदारी।

रू०भे०—पटउडि, पटउडी।

पटकूल—सं०पु०यौ० [सं० पट्ट+दुकूल] १ वस्त्र, कपड़ा।

उ०—तिमरौ ग्राविया, पइसारा मोटई मंडाण कराविया, ढोल जांगी झालरि संखि वादित्र वजाविया। बिहुंपासे पटकूल तणा नेजा लहकाविया।—रा.सा.सं.

२ रेशमी वस्त्र, रेशम का कपड़ा। उ०—१ मोखमल मोटा मोल रा, पंचरंग पटकूल। जरी कथीया जुगति सूं, सखर बिछावे सूल।

—प.प.च.

उ०—२ रुडी विध कीधा रातीजुगा, साहमी वच्छळ सारौ जी। पटकूलै कीधी पहिरांवणी, सहू संघ नैं स्रीकारौ जी।—ध.व.ग्रं.

३ दुपट्टा (रेशम का)

उ०—ताहरां राजा नूं ओड़ कहै, नव सौ हाथी, एक हजार घोड़ा, हीर, चार पटकूल, राजा कह्यौ ओड मोल कर न जांणौ।

—जसमा ओडणी री वात

४ देखो 'पट्टदुकूल' (रू.भे.)

रू०भे०—पटउल, पटउलीय, पटउलौ।

पटकोड़ा-सं०स्त्री०—पंवार वंश की एक शाखा।

पटकोड़ौ-सं०पु०—पंवार वंश की पटकोड़ा शाखा का व्यक्ति।

पटको—देखो 'पटकी' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—घुर-घुर कर-कर नर लागा धीरावण। वे सोने चांदी रौ करिग्या सीरावण। पड़जौ कुलसखिया वौ'रां पर पटकौ। गैं'णा-गांठा रौ करिग्या ठग गटको।—क का.

पटक्कणौ, पटक्कबौ—देखो 'पटकणौ, पटकबौ' (रू.भे.)

पटक्कियोड़ौ—देखो 'पटकियोड़ौ' (रू भे.)

(स्त्री० पटक्कियोड़ी)

पटड़ियौ—१ देखो 'पटौ' (अल्पा०, रू.भे)

२ देखो 'पाटौ' (अल्पा०, रू.भे.)

३ देखो 'पटियौ' (रू.भे.)

पटड़ी—१ देखो 'पटी' (अल्पा०, रू.भे.)

२ देखो 'पट्टी' (अल्पा०, रू.भे.)

३ देखो 'पाटी' (अल्पा०, रू.भे.)

पटड़ौ—१ देखो 'पटौ' (अल्पा., रू.भे.)

२ देखो 'पाटौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पटचर-सं०पु० [सं० पटच्चर] चोर (ह नां.मा.)

पटचार-सं०पु [सं० पट+चारः] वस्त्र, कपड़ा।

उ०—विय आनूप सरूप स्याम घट वरसणवार। कसियौ कट तट कोमळा चपळा पटचार।—र.ज.प्र.

पटझर—देखो 'पटाझर' (रू.भे.) (डिं को.)

उ०—१ धर बहूवैं दिस नृपत चलावै। पटझर सेत रंग नह पावै।

—सू.प्र.

उ०—२ झिलम टोप सूधौ सिर झड़ियौ। पटझर हूं चूड़ामणि पड़ियौ।—सू.प्र.

पटण—देखो 'पट्टण' (रू.भे.)

पटणी-सं०स्त्री० [सं० पटः या पट+रा. प्र. णी] एक प्रकार का बहुमूल्य वस्त्र। उ०—दुरंग यज मांगळ रीवज गढगजी चुगजी पटणी पट-पाटू पंचवरण छींट नीलवटा चकवटा।—व.स.

पटणीतेग-सं०स्त्री०यौ०—एक प्रकार की तलवार।

पटणौ-सं०पु० [सं० पट्टन] पाटलीपुत्र।

पटणौ, पटबौ-क्रि०अ० [सं० पत्] १ कर्ज या उधार दिए गए धन की वसूली या प्राप्ति होना।

ज्यूं—इण दिनां सुगाळ होणै सूं सारी उधार पट गई।

२ परस्पर दो व्यक्तियों के विचार, भाव तथा स्वभावादि में समानता होना जिससे उनमें मैत्री या सहयोगिता हो सके, मन मिलना, बनना।

ज्यूं—सरदारमलजी थांनवी और श्रीनाथजी मोदी में खूब पटै है।

३ क्रय-विक्रय, लेन-देन आदि में दोनों पक्षों का मूल्य, सूद, शर्तों आदि में सहमत हो जाना, तै हो जाना।

ज्यूं—सोदौ पट गयौ, मांमलौ पट गयौ।

४ किसी झील, कूप या गड्ढे आदि का समीप की सतह के बराबर हो जाना, समतल होना।

ज्यूं—बाईजी रौ तळाव पूरौ पट गयौ, हमैं उण में पांणी कोनी।

५ स्थान विशेष में पदार्थ विशेष का इतना आधिक्य होना कि उससे रिक्त स्थान न दिखाई पड़े। पूर्ण होना, परिपूर्ण होना।

ज्यूं—स्याळकोट रौ मैदान दुसमणां री लासां सूं पट गयौ।

६ धसना, प्रवेश करना। उ०—अंगीअंगि पटै अणियाळं, प्रांण पाखर फोडइ। खांडा तणं घाइ सपराणं, सांधिइ सांधि विछोडइ।

—कां.दे प्र.

पटणहार, हारौ (हारी), पटणियौ—वि०।

पटवाड़णौ, पटवाड़बौ, पटवाणौ, पटवाबौ, पटवावणौ, पटवावबौ, पटाड़णौ, पटाड़बौ, पटाणौ, पटाबौ, पटावणौ, पटावबौ—प्रे०रू०।

पटिओड़ौ, पटियोड़ौ, पटयोड़ौ—भू०का०कृ०।

पटीजणौ, पटीजबौ—भाव वा०।

पटतर—देखो 'पटंतर' (रू.भे.)

उ०—कामधेनु के पटतरै, करै काठ की गाइ। 'दादू' दूध दूझै नहीं, मूरख देहु बहाइ।—दादूवांणी

पटताळ-सं०पु० [सं०पट्ट+ताल] एक दीर्घ और दो ह्रस्व मात्रा का मृदंग का एक ताल।

पटधारी-वि० [सं०] जो वस्त्र धारण किए हुए हो।

पटन—देखो 'पट्टण' (रू.भे.)

पटपड़ौ-सं०पु० [देशज] १ मस्तक, सिर (व्यंग्य)

२ लकड़ी या लोहे का एक उपकरण जो राज द्वारा दीवार या फर्श के चूने या सीमेंट को समतल व चिकना बनाने के रूप में लिया जाता है।

पटपट—देखो 'पड़ापड़' (रू.भे.)

पटपादु-सं०पु०यौ० [सं० पटः+रा. पाटू] एक प्रकार का बढिया कपड़ा। उ०—गढगजी, सवागजी, चुगजी, पटणी, पटपादु 'पंचवरण' छींट, नीलवटां चकवटां……।—व.स.

पटपोरौ-सं०पु० [?] सूंघनी या तम्बाकू की डिब्बी को खोलने से पूर्व उंगली द्वारा डिब्बी के बाहर से सूंघनी को झाड़ने की क्रिया।

उ०—नवो हुवोड़ा नीच, डबी भर लेवै डाकी। बैठ सभा रै बीच,

करै मनवार फजाकी। दे पटपोरा दोय, नाक मैं दाबै नीकां। मूंछो खांधो मोड़, छड़ा-छड़ खावै छींकां। अंग में आय निसदिन अड़ै, फड़ै नही मळ फाड़ियो। जगदीस पाक कीन्हां जिकां, बिलळां नाक बिगाड़ियो।—ऊ.का.

पटमजरी-सं०स्त्री० [सं०] सम्पूर्ण जाति की एक शुद्ध रागिनी जो हिंडोला राग की स्त्री मानी जाती है (मीरां)।

पटमंडप-सं०पु० [सं०] तम्बू, खेमा।

पटरंगणा(ना)-सं०पु० [सं० पटः+फा० रङ्ग=खेलतमाशा (ब.व.)] विवाह के पश्चात वर-वधू द्वारा खेला जाने वाला खेल।

उ०—कुळ देवी आगळि छोड़ि अंचळ, जुअनो आचार। रुकमणी रांम रमंतड़ां? कुण जीपस्यंइ कुण हार। विस्वस्व ज्योति कळामति नइ, विस्व नऊं अधिकार। तुम्हे महालिखमी महा मोटा, क्रिस्ण नउं अधिकार। स्रीक्रस्ण जीता दळया दांणव रुखमणी वर कान्ह। पटरंगणा करि अंगनां हरि दिधलु निजमांन।—रुकमणी-मंगळ

पटरांणी, पटराणि, पटराणी—देखो 'पट्टरांणी' (रू.भे.)

उ०—१ स्रीरघुनाथ अौतार निरमळा हुआ, जनक सुता पटरांणी। त्रेता लीला अैसी कीधी, जुग-जुग भगति बखांणी।—रुकमणी-मंगळ

उ०—२ जाळंधर राजा 'अजन', पटराणि चहुवांण। दसरथ कौसल्या तणी, जोड़ प्रकासी जांण।—रा.रू.

पटरी—१ देखो 'पटी' (रू.भे.)

२ देखो 'पट्टी' (अल्पा०, रू.भे.)

३ देखो 'पाटी' (अल्पा०, रू.भे.)

पटळ, पटल-सं०पु० [सं० पटलम्] १ मकान की छत, छान, छप्पर।

उ०—१ ११८० संवत् समां मैं चउद्दहां १४ दिल्लीस गयासुद्दीन १४ कोई प्रासाद रा पड़ता पटल रै हेठै आइ मरियो।—वं.भा.

उ०—२ घोड़ा घर ढाळां पटळ, भालां थंभ बणाय। जो ठाकुर भोगै जमीं, और किसो अपणाय।—वी.स.

२ आड़ करने या आच्छादन करने का पदार्थ पर्दा, आवरण।

उ०—धुनि उठी अनाहत सख मेरि धुनि, अरुणोदय थियौ जोग अभ्यास। माया पटळ निसा मैं मंजे, प्राणायांमै ज्योति प्रकास।

—वेलि

३ ढेर अंबार।

उ०—एवडऊ ताप गाढउ, भावइ करवउ टाढउ वाइ वाजइ प्रबळ उडइ धूळि ना पटळ।—रा.सा.सं.

४ समूह, झुण्ड (ह.नां., अ.मा.)

उ०—पणिहारि पटळ दळ वरण चंपक दळ, कळस सीस करि कर कमळ। तीरथि तीरथि जंगम तीरथ, विमळ ब्राह्मण जळ विमळ।

—वेलि

५ आंख का मोतियाबिंद नामक रोग।

उ०—१ भरमल री दोनूं आंख्यां रा पटळ दूर हुय गया जिसा निर-धूम दिया होय।—कुंवरसी सांखला री वारता

उ०—२ दादू सद्गुरु अंजन बाहिकर, नैण पटळ सब खोले। बहरा कानां सुणणै लागा, गूंगे मुख सूं बोले।—दादूबांणी

६ देखो 'पिटल' (रू.भे.)

पटलि-सं०स्त्री० [देशज] १ मोटाई, मोटापन। उ०—तेजइ पटलि सूरय निवारइ, स्वेत छत्र कि इंद्र ज डारइ।—शालि सूरि

२ देखो 'पटली' (रू.भे.)

पटली-सं०स्त्री० [सं० पटः+रा. प्र. ली] १ धोती की लांग का तह-जमा वह भाग जो धोती के साथ नाभि के नीचे खोंसा जाता है।

उ०—अथवा दियै सुभट कोई अहोड़ो। लजहीणा ज्यां हूंत लड़ै। मूंछां दिसा हाथ न मेलै। पटली ऊपर हाथ पड़ै।

—लक्ष्मीदान बारहठ

२ 'अोढने' के वस्त्र के एक छोर को तह बना कर लहंगे या घघरी के साथ नाभि प्रदेश में खोंसा जाने वाला भाग।

उ०—इण भांत गणगोर री तयारी कर आप आप रै डेरै सणगार करवा सारी ही गई। वसन भूसण का। मुरलियां गाती हुई। जठे चीता रा सा-लंक ऊपरै लहंगा कसीजै छै। घण मही झीण चीर अोढीजै छै। चुणवट री पटल्यां बणाईजै।

—पनां वीरमदे री वात

३ देखो 'पटी' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—हरस हिंडोळाणइ झूलइ, नेमि-प्रभ जिन राय। जिहां सुद्ध आसय भूमि पटली, सोहियइ थिरवाय।—वि.कु.

रू०भे०—पटलि।

पटवाद्य-सं०पु० [सं०] झांझ से मिलता-जुलता एक प्रकार का वाद्य जो ताल लगा कर बजाया जाता है।

पटवार, पटवारगिरी-सं०स्त्री० [सं० पट्ट+कार+फा० गरी]

१ पटवारी का काम।

२ पटवारी का पद।

३ पटवारी को मिलने वाला पारिश्रमिक, धन।

पटवारी-सं०पु० [सं० पट्ट+कार=राज० वार+रा०प्र० ई] वह सर-कारी कर्मचारी जो गांव की जमीन और उसके लगान का हिसाब-किताब रखता है। उ०—जद गांवरा चौदरी पटवारी अो छो थांमे जद चेला नैं हुंकारो करनैं घर हाटां रा केलू फोड़ै······।

—मि.द्र.

पटवो-सं०पु० [सं० पट्ट+रा०प्र० वो] (स्त्री० पटवी) गहनों को पिरोने व गूंथने का कार्य करने वाला व्यक्ति।

उ०—म्हां रे गांवां रै गोरवे पटवो बीणै छै पाट। मेरे साहब को 'पो' दै पूंचियो।—लो.गी

रू०भे०—पटओ, पटुओ, पटुवो।

पटसन-सं०पु० [देशज] एक पौधा जिसके तनों से रस्सी, टाट, बोरे आदि बुनते हैं।

पटसाळ-सं०स्त्री० [सं० पृष्ठ-शाला] मकान के पीठ से बनी शाला।

उ०—पटसाळां ओरा प्रघळ बिच चौकी विसतार ।—गजउद्धार

रू०भे०—पठसाळ

पटह-सं०पु० [सं० पटह:] १ दुन्दुभी, नगाड़ा ।

उ०—सांभळि पटह नी घोसणा ।—वि.कु.

२ बड़ा ढोल ।

रू०भे०—पड्ह, पड़हउ, पड़हौ, पढह, पाड ।

३ प्रथम गुरु ढगण के एक भेद का नाम ऽ। (डिं.को.)

रू०भे०—पट्टह ।

पटहत्थ, पटहथ, पटहस्ती-सं०पु० [सं० पट्ट+हस्ती] १ हाथी, गज । (ह.नां., अ.मा.)

उ०—१ पटहत्थ मदोमत पक्खरियं, वन जांण वसंत गिरव्वरियं ।
—गु.रू.बं.

उ०—२ पटहत्थ पतसाह मयंद मोताहळ, पै भाजतां जु भुय पड़िया, 'दूद' दीठा मैं चक्रवत चुणता, कळत रै स-ग्राभरण किया ।
—नैणसी

२ राजा की सवारी का हाथी । उ०—पटहती स्रीकस्ण रो(नो) रे, आय हुआ असवारौ ।—जयवांणी

रू०भे०—पट्टहसती, पाटहाथी ।

[सं० पट्ट=तलवार+हस्त] ३ योद्धा, वीर ।

उ०—काम पतसाह रै जरद भळहळ कियां, सेल सींदूरियौ सजै जगीस । पवंग सींदूर व्रन चाढ़तां पटहथां, 'सूरै' सूरमंडळ नामियौ सीस ।—मालौ सांदू

पटहोड, पटहोडउ, पटहोडौ-सं०पु० [देशज] घोड़ा, अश्व ।

उ०—१ जडलग्ग फरी खड़खड़ई जोड । पटहोडां वाजिय पूरी पोड ।—रा.ज.सी.

उ०—२ इळ भारति जर साकति आंणउ । पटहोडउ पंडवा पलांणउ ।—रा.ज.सी.

उ०—३ माइन्यां बीजी घर आंणी, पटहोड़ा पक्खरिय पलांणी । यह केतउ केता विचि पांणी, खेड़ सिरइ खिड़िया खुरसांणी ।
—रा.ज.सी.

रू०भे०—पाटहोडौ, पाटीहोडौ ।

पटांतर, पटांतरूं-अव्य० [सं० प्रत्यन्तर] प्रत्यन्तर (उ.र.)

पटांसुक-सं०पु० [सं० पटांशुक] एक प्रकार का वस्त्र या पहनावा ।

उ०—अथ-वस्त्र-देवांगचीर चीनांसुक पटांसुक पट्टदुकूल पट्टहरी···।
—व.स.

पटा—देखो 'पट्टा' (रू.भे.)

पटाइत—देखो 'पटायत' (रू.भे.)

पटाई-सं०स्त्री०—१ पटाने की क्रिया या भाव ।

२ वसूली, प्राप्ति ।

३ पाटने की क्रिया या भाव ।

४ पाटने का पारिश्रमिक ।

पटाक-अव्य०—१ किसी छोटे पदार्थ के गिरने का शब्द ।

२ शीघ्र, जल्दी ।

उ०—हिरणी फेर कह्यौ—म्हारा विचिया खाया जिण रौ पेट फूट ज्यौ । खोडिया ना'र रौ पटाक दैणी रौ पेट फूटग्यौ ।—फुलवाड़ी

पटाकौ, पटाखौ-सं०पु० [अनु०] एक प्रकार की आतिशबाजी जो छूटते समय पटाक शब्द करती है । उ०—हीरू घर में बड़ियौ पण उदास मन सूं । टाबर वाप नैं घेर'र पटाका मांगण लागा । पण मा आयी ऊभी है आगळी फेरी, जकै-नैं देख'र सैं-रा सैं चुप हुयग्या ।
—वरसगांठ

पटाझर-सं०पु०यौ० [सं० पट्ट=मुकुट, पगड़ी+झर=क्षरणम्]

१ मस्त हस्ती, मदोन्मत्त हाथी । उ०—१ चढतै जोवन रंग चुवै, पायल बाजै पाय । चालै सुंदर चौहटै, जांण पटाझर जाय ।
—पनां वीरमदे री वात

उ०—२ पेखि रोस पतिसाह, माळ मोतियां समप्पै । वगसी भेजि सताव, आंणि माळा सुज अप्पै । मीर-तुजक मारि, धिकै जमदढ कर धारै । दुफ्फल खांन दौरांन पटाझर जिम पूंतारै । असतूत करै बहुकरि अरज, जोड़ै हाथ जुहारियौ । असपती मोहर आंणै 'अभौ', इण विध क्रोध उतारियौ ।—सू.प्र.

२ हस्ती, हाथी, गज (ह.नां.)

उ०—करां खग मोगर घूण करूर । पटाझर आहुडिया मदपुर ।
—गो.रू.

३ सिंह, शेर ।

रू०भे०—पटभर, पट्टभर, पट्टाभर ।

पटाड़णौ, पटाड़बौ—देखो 'पटाणौ, पटावौ' (रू.भे.)

पटाड़ियोड़ौ—देखो 'पटायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पटाड़ियोड़ी)

पटाणौ, पटावौ-क्रि०स० ['पटणौ' क्रि० प्रे०रू०] १ वसूली कराना, प्राप्ति कराना ।

२ दो व्यक्तियों के विचार, भाव, स्वभाव आदि में समानता कराना, मेल कराना ।

३ क्रय-विक्रय, लेन-देन आदि में दोनों पक्षों को मूल्य, सूद, शर्तों आदि में सहमत कराना, तै कराना ।

४ किसी कूप, झील, गड्ढे आदि का आसपास के स्थान के समतल कराना, बराबर कराना ।

५ किसी स्थान पर पदार्थ विशेष की इतनी अधिकता करानी कि रिक्त स्थान दिखाई न पड़े ।

६ ध्वंस या नष्ट कराना ।

७ धसाना, प्रविष्ट कराना ।

पटाणहार, हारौ (हारी), पटाणियौ—वि० ।

पटायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

पटाईजणौ, पटाईजबौ—कर्म वा० ।

उ०—प्रतपइ तेज पडूरि।—स.कु.

रू०भे०—पंडूर।

पडेरौ-सं०पु०—डेरा, खेमा, शिविर

उ०—घेरे सिकार मांहि ससा, लुंकड़ी, सीह, रोझ, स्याळ, रींछ, अनेक हिरण आदि भेळा हुया छै। नान्हां जीवां पडेरा मांहे आइ आइ पडे छै।—द.वि.

पडोज-सं० पु०—सहानुभूति, हमदर्दी, शिष्टाचार।

उ०—१ यूं करतां दिन नीसरता जावै छै। होळी ऊपर आदमी दस साथे देय प्रोहित नूं बेणीदास खरळ कन्है मेलियौ जे हलांणौ कर दीज्यौ घणी पडोज मनहारां लिखी।

—कुंवरसी सांखला री वारता

उ०—२ प्रोहितजी नूं मेलिया घणी-घणी पडोज मनुहारां जे कराई।—कुंवरसी सांखला री वारता

पडोटियौ-सं०पु० [देशज] एक छोटा सफेद और चितकबरा सर्प।

रू०भे०—परडोटियौ।

पडोवी, पडोवौ—देखो 'पड़ूदौ' (रू.भे.)

पडोस—देखो 'पाड़ोस' (रू.भे.)

पडोसी—देखो 'पाड़ोसी' (रू.भे.)

उ०—किण ही साहूकार गोहां रा खोडा भरया। ऊपर दर लीपनें तीखा किया। एक पडोसी तिण पिण खोडा में धूल खात कचरौ न्हाख नें दर लोपनें ऊपर साफ कीधौ।—भि.द्र.

(स्त्री० पडोसण, पडोसणि, पडोसणी)

पडोसु—देखो 'पाड़ोस' (रू.भे.)

पड्डौ—देखो 'पाडौ' (रू.भे.)

पढ़णी-सं०स्त्री० [सं० पठ्] १ पढ़ने की क्रिया या ढंग।

उ०—पढणी बेळा में पग फावै, पढ़यां विचै पोमाई नै। करे दलील जिकां सूं कोई, लाधे ख्यार लड़ाई नै।—ऊ.का.

२ कविता पाठ करने का उच्चारण या ढंग।

पढ़णौ, पढ़बौ-क्रि०स० [सं० पठनं] १ किन्हीं लिखे गए शब्दों या वाक्यों का अभिप्राय समझना।

२ लिखावट के शब्दों का उच्चारण करना, बाँचना।

३ उच्चारण करना।

४ स्मरण रखने हेतु किसी अंश का बार-बार उच्चारण करना या रटना, पढ़ना।

५ मंत्र बोलना या कहना। उ०—प्रगटै मधु कोक संगीत प्रगटिया, सिसिर जवनिका दूरि सिरि। निज मंत्र पढे पात्र रितु नांखी, पहुपांजळि वणराय परि।—वेलि

६ अध्ययन करना। उ०—हरि समरण रस समझण हरिणाखी, चाअण खळ खगि खेत्र चढ़ि। वैसे सभा पारकी बोलण, प्रांणी वंछइ त वेलि पढ़ि।—वेलि

७ शिक्षा प्राप्त करना, पढाई करना।

उ०—पढ़ियां बिना मूढ़ पग फावै।—ऊ.का.

८ मैना तोते आदि द्वारा मनुष्यों के सिखाए हुए शब्दों का उच्चारण करना।

पढ़णहार, हारौ (हारी), पढ़णियौ—वि०।

पढ़वाड़णौ, पढ़वाड़बौ, पढ़वाणौ, पढ़वाबौ, पढ़वावणौ, पढ़वावबौ, पढ़ाड़णौ, पढ़ाड़बौ, पढ़ाणौ, पढ़ाबौ, पढ़ावणौ, पढ़ावबौ—प्रे०रू०।

पढ़िग्रोड़ौ, पढ़ियोड़ौ, पढ़योड़ौ—भू०का०कृ०।

पढ़ीजणौ, पढ़ीजबौ—कर्म वा०।

पढम—देखो 'प्रथम' (रू.भे.)

उ०—पोस पढम दसमी दिन सांमी, वंस इख्वाग सुहायउ। चउसठ इंद्र मिली मन रंगइ, मेरु सिखरि न्हवरायउ।—स.कु.

पढ़ाई-सं०स्त्री० [सं० पठनम्] १ अध्ययन, विद्याध्ययन।

२ पढने की क्रिया, भाव या ढंग।

३ पढने के बदले दिया जाने वाला धन।

४ पढाने का ढंग, अध्यापन की शैली।

५ पढाई के बदले दिया जाने वाला धन।

पढाड़णौ, पढाड़बौ—देखो 'पढ़ाणौ, पढाबौ' (रू.भे.)

पढ़ाड़णहार, हारौ (हारी), पढ़ाड़णियौ—वि०।

पढ़ाड़िग्रोड़ौ, पढ़ाड़ियोड़ौ, पढाड़योड़ौ—भू०का०कृ०।

पढ़ाड़ीजणौ, पढाड़ीजबौ—कर्म वा०।

पढ़ाड़ियोड़ौ—देखो 'पढायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पढ़ाड़ियोड़ी)

पढ़ाणौ, पढ़ाबौ-क्रि०स० [सं० पठ्] १ शिक्षा देना।

२ अध्ययन कराना।

३ उच्चारण करने के लिए प्रेरित करना।

४ उच्चारण कराना।

५ रटाना।

६ सिखाना, समझाना।

७ कोई कला या हुनर सिखाना।

पढ़ाणहार, हारौ (हारी), पढ़ाणियौ—वि०।

पढ़ायोड़ौ—भू०का०कृ०।

पढ़ाईजणौ, पढ़ाईजबौ—कर्म वा०।

पढ़ायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ शिक्षा दिया हुआ।

२ अध्ययन कराया हुआ।

३ उच्चारण के लिए प्रेरित किया हुआ।

४ उच्चारण कराया हुआ।

५ रटाया हुआ।

६ सिखाया हुआ, समझाया हुआ।

७ कोई कला या हुनर सिखाया हुआ।

(स्त्री० पढ़ायोड़ी)

पढ़ावणौ, पढ़ावबौ—देखो 'पढ़ाणौ, पढ़ाबौ' (रू.भे.)

पढ़ावणहार, हारो (हारी), पढ़ावणियो—वि० ।
पढ़ाविप्रोड़ो, पढ़ावियोड़ो, पढ़ाव्योड़ो—भू०का०कृ० ।
पढ़ावीजणो, पढ़ावीजबो—कर्म वा० ।

पढ़ावियोड़ो—देखो 'पढ़ायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पढ़ावियोड़ी)

पढ़ियोड़ो-भू०का०कृ०—१ लिखे हुए शब्दों या वाक्यों का अभिप्राय समझा हुआ ।
२ लिखावट के शब्दों का उच्चारण किया हुआ, बांचा हुआ ।
३ उच्चारण किया हुआ ।
४ स्मरण रखने के लिए बार-बार उच्चरित, रटा हुआ, पठित ।
५ मंत्र बोला हुआ या कहा हुआ ।
६ अध्ययन किया हुआ ।
७ कोई कला या हुनर सीखा हुआ ।
(स्त्री० पढ़ियोड़ी)

पढ़िवं-वि० [सं० पठितव्यम्] १ पढ़ने योग्य (उ.र.)
२ पढ़ाने योग्य ।

पढ़ू-वि० [सं० प्रति-भूः] १ जमानत देने वाला, जामिन। उ०—ताहरां राव कांनड़दे कह्यौ—'माला ! तो नूं धरती में तीजो हैसो देईस।' ताहरां कह्यौ—'जी मोनूं एथ लिखाय द्यो, अर थांहरा रजपूत पढ़ू द्यो तो छोडूं ।' ताहरां ओथ हीज कागळ लिख दियौ । रजपूत पढ़ू दिया ताहरां छोडिया ।—नैणसी
२ निष्कलंक, बेदाग । उ०—प्रथीपत बे पखां पढ़ू मोटा प्रगट, ग्रोछवै धकै जुध भार आयै । तोल ग्रणियाळ जळबोळ चखता तणा, रोद हीलोळिया दईवरायै ।—नरहरदास बारहठ
३ वीर, बहादुर । उ०—परै जोधांण बीकांण मोटा पढ़ू आज री लाज तो सूं अनाजा । राज जहांगीर रौ करां थिर राखियो, राव रांणो सिरै 'सूर' राजा ।—किसनो सिढ़ायच
रू०भे०—पिढ़ू ।

पढ़ोकड़ो-वि० [सं० पठ्+रा०प्र० ओकड़ो (स्त्री० पढ़ोकड़ी) १ पढने वाला, अध्ययन करने वाला ।
२ विद्वान (व्यंग्य)

पणंग, पणंगियो, पणंगो-सं०पु० [सं० पानाङ्ग] १ पानी ।
—ना.डिं.को.
२ मेघ की बूंद । उ०—प्रभू तूं पांणी मांय पवन, गरज्जे गाजै मांय गगन्न । इळा तव पोढ़ण ओढ़ण अभ्भ, पणंगां मेंघां तूं ज प्रभ्भ ।—ह.र.
रू०भे०—पणग, पुणग ।
अल्पा०—पणगो ।

पणंच—देखो 'पणच' (रू.भे.)

पण-सं०पु० [सं० प्रतिज्ञा, प्रा० पइण्णा] १ प्रतिज्ञा । उ०—ओ धनुस वडो विकराळ रघुवर छोटो रे ! कमळ जिसो तन रांम रो, ओ धनुस वजर सम जांण, रघु ! वडो कठण पण पिता कियो, कोइ रंच न कियो विचार, रघु ।—गी.रां.
यौ०—पणधर, पणधारी, पणबंद, पणबंध, पणमंड, पणवंत, पणहार, पणधारण, पणहारी ।
[सं० पर्वन् ग्रन्थि, जोड़] २ आयु के चार भागों में से एक ।
ज्यूं—बचपण, लड़कपण, चौथापण आदि ।
[सं० पानीयम्] ३ पानी, जल ।
यौ०—पणघट ।
क्रि०वि० [सं० पुनः अपि] १ भी ।
उ०—ताहरां रांणो कूंभो मांडव रै पातसाह ऊपर आयो । तद रिण-मलजी पण हुतो ।—नैणसी
२ परन्तु । उ०—मुहै रावळ रै जीव प्रांण बीजा बेटा हुता पण रायधण सूं वडो प्यार, ए अठै राज करै ।—रायधण री वारता
उ०—२ सव्वे भला मासडा, पण वइ साहम तुल्ल । जे दवि दाधा रूंखडा, तीहं माथइ कुल्ल ।—रा.सा.सं.
अव्य०—१ तो । उ०—गडवी 'गांगो' गाविजे, स्यांम न मेल्है साथ। ओढण अनिकारां नरां, हालां रा पण हाथ ।—हा. झा.
२ तो भी ।
वि० [सं० पंच] —पंच, पांच ।
यौ०—पणइंद्रिय ।
प्रत्यय—१ प्रत्ययः जिसके लगने से नामवाचक या गुणवाचक संज्ञा भाववाचक बन जाती है ।
ज्यूं—गैलापण, छिछोरापण, टाबरपण, लड़कपण आदि ।
रू०भे०—पणउ, पणि, पणो, पणू, पिण, पिण, पिणि ।

पणइंद्रिय—देखो 'पंचेंद्रिय' (रू.भे.)
उ०—जल थल खचर भुयंग दुइ, पणइंद्रिय तिरि अइयाल ।
—स.कु.

पणखो-सं०पु० [देशज] छाछ से बना पेय पदार्थ विशेष । उ०—जो जीविया तो सीम फड़ीस अर पणखो छाछ पातळी रो आरोगता ।
—द.वि.

पणग-सं०स्त्री०—वर्षा की बूंद ।
उ०— पणग ते जांणे पाछणां, पवन ते लाइ लूण । पडी पडी हुं तडपडुं, पीडि निवारइ कुंण ?—मा.कां.प्र.
उ०—निसि तु थाइ तिमेस को, दियस लसीनइ जाय । परजापति ! तइं पणग को, अधिकु करिकु प्राय ।—मा.कां.प्र.

पणगो-देखो 'पणंग' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—मोटे पणगे मेह, आव्यो घरती धरपतो । अम पांती नो एह, झाकळ न वरस्यो जेठवा ।—जेठवा

पणगो—देखो 'पांणगो' (रू.भे.)
उ०—भांति भांति रा पकवांन मांस परूसीया । हळवे-हळवे सुसते सारा आरोगै छै, दारू रो पणगो हुवै छै, तिको पांणी ज्यूं ढोळीजै

छं ।—राव रिणमल री वात

पणघट-सं०पु० [सं० पानीय+घट्ट] पानी भरने का घाट ।

उ०—हेम कळस कुच जुग हिए, नीर कळस सिर लेइ । पणघट हूंतां वाहुड़े, कळस दुहूं कर देइ ।—बां.दा.

रू०भे०—पनघट, पिणघट ।

पणच, पणछ-सं०स्त्री० [सं० प्रतंचिका] धनुष की प्रत्यंचा (डि.को.)

उ०—१ पह वीर हाक पनाक पणचां, बाज डाक अंवाक । असनाक पर ग्रीधाक आवध, करण वाज कजाक ।—र.ज.प्र.

उ०—२ धनुस मानि पणछ, सरीर मांनि छाया, पग मांनि वांणही, आंखि मांनि भरण ।—व.स.

पर्या०—गुण, जीवा, द्रुणा, बांणासण, मुरवी ।

रू०भे०—पिणच, पुंणच, पुंणछ, पुणच, पुणछ ।

पणझल्ल-वि०यौ० [सं० प्रतिज्ञा+राज. झल्ल] प्रतिज्ञा का पालन करने वाला, प्रणवीर । उ०—ईंदा आहव आगळां, पड़िहारां पणझल्ल । हरधल्लां आगै हुवा, चढ़े अलला भल्ल ।—रा.रू.

पणणौ, पणबौ—देखो 'पुणणौ, पुणबौ' (रू.भे.)

उ०—पणै 'पीरियौ' दास प्रभ पतिसाहौ । भला हो, भला हो, भला हो, भला हो ।—पी.ग्रं.

पणधर, पणधारी-वि०यौ० [सं० प्रतिज्ञा+धारी] प्रतिज्ञा धारण करने वाला । उ०—१ भोलै राखण आपरां, चोळनै कर चाव । 'सूरज माल' समापिया, पणधर लाख पसाव ।—द.दा.

उ०—२ धन वे पुरस बडा पणधारी, खलक सिरोमण सुजस खटै । उमगे दांन ऊधमै आचां, रांम-रांम मुख हूंत रटै ।—र.रू.

पणनडो-सं०पु० [सं० पानीय+रा. नडो] पोखर ।

उ०—पावस वरसइ पणनडे, नयणे वाली नींक । हैडइ गाढइ हुं दीउं, ढीलूं करवा ढीक ।—मा.कां.प्र.

पणपणौ, पणपबौ-क्रि०अ० [सं० पर्ण=पत्र व पर्णय=हरा होना]

१ पानी प्राप्त कर फिर से हरा हो जाना ।

२ फिर से तंदुरुस्त होना, रोगमुक्त होने के बाद स्वस्थ तथा हृष्ट-पुष्ट होना ।

३ वैभवयुक्त होना ।

४ प्राप्त होना, मिलना ।

रू०भे०—पनपणौ, पनपबौ ।

पणपाणौ, पणपाबौ-क्रि०स० [सं० पर्ण] १ पानी पिला कर फिर से हरा-भरा करना ।

२ रोगमुक्त करना, हृष्ट-पुष्ट करना ।

३ वैभवयुक्त करना ।

४ प्राप्त कराना, मिलाना ।

पणपायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ पानी पिला कर हरा-भरा किया हुआ ।

२ रोग मुक्त किया हुआ, हृष्ट-पुष्ट किया हुआ ।

३ वैभवयुक्त किया हुआ ।

४ प्राप्त किया हुआ, मिलाया हुआ ।

(स्त्री० पणपायोड़ी)

पणपियोड़ौ-१ पानी प्राप्त कर फिर से हरा हुवा हुआ ।

२ फिर से तंदुरुस्त हुवा हुआ ।

३ प्राप्त हुवा हुआ, मिला हुआ ।

४ वैभवयुक्त हुवा हुआ ।

(स्त्री० पणपियोड़ी)

पणफर-सं०पु० [सं०] कुण्डली में लग्न से दूसरा, पांचवां, आठवां और ग्यारहवां घर ।

पणबंध, पणबंध-वि० [सं० प्रतिज्ञा+बन्ध] प्रणवीर, प्रतिज्ञावान ।

उ०—मोहकमसिंह किल्यांण तणा, मेड़तियौ पणबंध । तज मनसब सुरतांण रौ, मिळियौ फौज कमंध ।—रा.रू.

पणमंड-वि० [सं० प्रतिज्ञा+मण्डनं] प्रतिज्ञावीर, प्रण निभाने वाला ।

उ०—वग्गा खग्गां साह दळ, माडेचा पणमंड । वार विखंमी झेलणा, आदूनेम अखंड ।—रा.रू.

पणमणौ, पणमबौ-क्रि०स० [सं० प्रणाम] प्रणाम करना, नमस्कार करना ।

उ०—कांमित संपय करणं, तम भर हरणं सहस्सकर किरणं । पणमसि सद्गुरु चरणं, वरणिस नवकार गुण वरणं ।—ध.व.ग्रं.

पणयालीस—देखो 'पैंताळीस' (रू.भे.)

उ०—सुयक्खंध एक दसमइ अंगइ पणयालीस अज्झयणा । पणयालीस उद्देश वलीपद, सहस संख्यात नीरयणा ।—वि.कु.

पणवंत-वि० [सं० प्रतिज्ञा+वान्] (स्त्री० पणवंती) प्रतिज्ञावान् ।

उ०—चालेवौ चक्रवती, निजर सुरपती निहारै । भाग धन्य भूपती, एम सोभाग उचारै । पणवंता पारणी, सीळवंती सतवंती । अति मुगती हालियौ, कियां साथै कुळवंती ।—रा.रू.

पणव-सं०पु० [सं० पणवः] १ छोटा नगाड़ा ।

२ छोटा ढोल ।

पणस-स०पु० [सं० पनस] १ कटहल का वृक्ष अथवा उसका फल ।

२ राम की सेना का एक बंदर । उ०—नळ नील दधमुख पणस नाहर, विहद जंबूवांन ।—र.ज.प्र.

पणसणु-वि०—नष्ट करने वाला ।

पणासणौ, पणासबौ-क्रि०स० [सं० प्रनाश] १ नष्ट करना ।

उ०—तउ जिणदत्त जई सुनामि, उव सग्ग पणासइ । रूपवंतु जिणचंद सूरि, सावय आसासय ।—कवि सारमूर्ति

क्रि०अ०—२ नष्ट होना । उ०—नामिइं लीधइ जास तणां, सवि पाप पणासइ दूरि ।—हीराणंद सूरि

पणासियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ नष्ट किया हुआ ।

२ नष्ट हुवा हुआ ।

(स्त्री० पणासियोड़ी)

पणहार, पणहारण, पणहारी-वि०यौ० [सं० प्रतिज्ञा+हारी] १ प्रतिज्ञा

को हारने वाला, प्रण में हार जाने वाला।
२ देखो 'पणिहार' (रू.भे.)
उ०—१ पणंघट पर पणहार, नीर कज नीसरी। स्रीफळ तणै प्रमांण क सोभा सीस री।—सिवबक्स पाल्हावत
उ०—२ हंसपाळ माथो पड़िये पछै घड़ गायां ले वळियो। गायां खेड़ आंणी। पणहारियां कह्यो—'देखो माथा विण घड़ आवै छै।' —नैणसी

पणि—देखो 'पण' (रू.भे.)
उ०—१ जु वेदवंत भला ब्राह्मण था। त्यां वेद रौ वेदोकित विचारयौ। वात पणि कही चाहीजै अर मन मांहि भय उपनो छै। —वेलि टी.
उ०—२ सेना मात कूखि मांनस सर, राजहंस लीना राजेसर। प्रकट रूप पणि तूं परमेसर, अलखरूप पणि तू अलवेसर।—स.कु.
उ०—३ तुम्हें करवउ धरम, पणि नथी जांणता मरम। —वि.कु.

पणियार, पणियारी, पणिहार, पणिहारण, पणिहारी—सं०स्त्री० [सं० पानीयहारो] १ पानी भर कर ले जाने वाली, पनिहारिन।
उ०—१ सजना बूझी पांणी री पणियार। होद बतावो ए पणियारियां हाडेराव रौ।—लो.गी.
उ०—२ बूझी भंवरजी कुवे री पणियारी, पोळ बताओ रांणी सीकरी री, कुणसी जो म्हारा राज।—लो.गी.
उ०—३ पना ए भंवरजो बूझी कुवै री पणिहार।—लो.गी.
उ०—४ काळी रे कळायण ऊमड़ी ए पणिहारी ए लो। छोटोड़ा छांटां रौ बरसै मेह वाला जी ओ।—लो.गी.
२ वर्षा के बहते पानी में उठने वाले बड़े-बड़े बुदबुदे (मारवाड़)
३ हल के नीचे का वह भाग जिसमें कुश या फाल लगाया जाता है। खेत जोतते समय जिससे सीता बनती है (मेवात)।
४ ऐसी 'चऊ' जिसके ऊपर हल चलाते समय फाल या कुसी लगाने की आवश्यकता नहीं रहती (शेखावाटी)।
५ एक राजस्थानी लोक गीत।
६ सारंगी में हाथी दांत से मढा वह खड्डा जिसमें से होकर मुख्य तार या दूसरा तार निकलता है।
७ गधा या गधी (ऊमरकोट, थाट)
रू०भे०—पणहार, पणहारण, पणहारी, पणीहारी, पनीहारी, पिणयार, पिणहार, पिणहारी, पिणियार, पिखियारी, पिणिहार, पिणिहारी।
अल्पा०—पीणिहारड़ी।

पणी—देखो 'पण' (रू.भे.)

पणीहारी—देखो 'पणिहार' (रू.भे.) (उ.र.)

पणू, पणौ—सं०पु० [देसज] वह फलाहार जो खरबूजा, पपीता, केला, कलमी-आम में से किसी विशिष्ट फल को काट कर गिरी के टुकड़ों में शक्कर मिला कर रोटी के साथ खाया जाता है।
२ देखो 'पण' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—पसू पणौ पंखी पणूं, सुतर मुरग रै संग। मरद पणौ मिहला पणौ, मावड़िया रै अंग।—वां.दा.
रू०भे०—पांणौ, पुणौ, पूंणौ।

पण्यागना—सं०स्त्री० [सं० पण्य+अंगना] १ वेश्या।
उ०—१ अवसर सिउं इणि परि कहै, माधव मरण समांनि। प्रेम करी पण्यांगना, देवी जीवित दांनि।—मा.कां.प्र.
उ०—२ अधो दृष्टि जोई रहो पण्यांगना मां, ऊतर नापे लिगार रे। —वि.कु.

पतंग—सं०पु० [सं०] १ सूर्य, सूरज।
उ०—ऽवे पहराव कनक अरधांणं। अरधण अरक गंगाजळ आंणं। पतंग अरधि नृप सेव पधारै। धाय उठाय खड़ाऊ धारै।—सू.प्र.
यौ०—पतंगज, पतंगजा।
२ दीपक, ज्योति (अ.मा.)
३ चिनगारी।
४ खून। उ०—लड़तां अंग लोह छछोह लगै। जगि जोगिक ज्वाळ अहूति जगै। अरणांग पतंग ज ई उफणै। वप स्रोवण घाव जड़ाव वणै।—सू प्र.
५ लाल रंग। उ०—कसीसत वांण जुवांण कबांण। विहूं वळ छूटत फूटत बांण। अठै अंग नारंग छींछ अपार। फिरगिय जांणि पतंग फुंहार।—सू.प्र.
६ हलका रंग (अ.मा.)
मुहा०—पतंग-रंग—हलका या अस्थायी स्नेह।
७
उ०—दियै कपि डांण उडांण दमंग, पड़ै उर चोट मतंग पतंग। —सू.प्र.
८ परदारकीड़ा, पतंगा।
उ०—१ दीप पतंग तणी परइ सुपियारा हो। एक पखो म्हारो नेह नेम सुपियारा हो।—स.कु.
उ०—२ जड़ियो तिलक जवाहरां, जांणै दीपक जोत। वालम चीत पतंग विधि, हित सू आसक होत।—वां.दा.
९ पक्षी (अ.मा.)
१० टिड्डी।
११ कनकोआ, किनका, गुड्डी।
उ०—रमै वसंत राजंद, पतग चरखा अप्पालां। केसर छोळ अवीर, गूंज डंवरां गुलालां।—सू.प्र.
क्रि०प्र०—उडाणौ, कटणौ, काटणौ, वढाणौ, लड़ाणौ।
यौ०—पतंगवाज, पतंगवाजी।
१२ शरीर, अंग।
१३ एक झाड़ी विशेष जिसकी लकड़ी का रग लाल होता है। (अमरत) (उ.र.)

१४ एक प्रकार का वृक्ष विशेष ।

१५ डिंगल का वेलिया सांणोर छंद का भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में ५६ लघु ४ गुरु कुल ६४ मात्राएँ होती हैं तथा शेष द्वालों में ५६ लघु ३ गुरु कुल ६२ मात्राएँ होती हैं (पि.प्र.) ।

रू०भे०—पतग, पतिंग, पतिग, पयंग, पातंग ।

अल्पा०—पतंगड़ो, पतंगियो, पतंगो, पतंगियो ।

पतंगज-सं०पु०यौ० [सं०] १ सूर्यपुत्र यमराज ।

२ सूर्यपुत्र अश्विनीकुमार ।

३ सूर्यपुत्र कर्ण ।

४ पसीना ।

पतंगजा-सं०स्त्री०यौ० [सं०] सूर्य की पुत्री यमुना ।

पतंगबाज-सं०पु०यौ० [सं० पतंग+फा० बाज] १ पतंग उड़ाने की क्रिया में निपुण ।

२ पतग उड़ाने का शौकीन ।

पतंगबाजी-सं०स्त्री०यौ० [सं० पतंग+फा० बाजी] १ पतंग उड़ाने की क्रिया या भाव ।

२ पतग उड़ाने का शौक ।

पतंगसुत—देखो 'पतंगज' ।

पतंग्या—देखो 'प्रतिग्या' (रू.भे.)

उ०—भीसम सील पतंग्या भारथ । सरविद्या पारथ परसावथ ।
—ऊ.का.

पतंगियो, पतंगो—देखो 'पतंग' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—१ पड़िया होय पतगिया, कोळ सूं खग काढ़ । हूतासण 'जींदं' हुवै, वेढ लिया दळ वाढ ।—पा.प्र.

उ०—२ घण बोझ उठावै सिर गधो, सबळवांन बाजै न सुण । विप धरै पतंगो आगविच, कहै सूर जिणनूं कवण ।—पा.प्र.

पतंजळि-सं०पु० [सं० पतजलिः] १ एक ऋषि जिन्होंने योग शास्त्र की रचना की ।

२ एक मुनि जिन्होंने पाणिनीय सूत्रों पर महाभाष्य की रचना की ।

उ०—वैसेसिक में कणभुक सो बळ विस्तारचौ पातजळी पाठ पतंजळि जेम प्रचारचौ ।—ऊ.का.

पत-सं०स्त्री० [?] १ गुड़ व पानी के मिश्रण से बनाया गया द्रव पदार्थ जो किसी खाद्य पदार्थ को मीठा बनाने के काम आता है, गुड़ की चासनी ।

रू०भे०—पात ।

२ मर्यादा । उ०—माताजी मनावै मीरां थें मांनो, दूधड़ला री पत राख । भक्ति छोडो जी हरिनांम की ।—मीरां

३ प्रतिष्ठा, इज्जत, लाज । उ०—१ ऊभा पगां अनेक, केता नर सळवळ करै । पड़ियां पूठी पेख पत तूं राखै 'पातला' ।
—ऊकजी बोगसो

उ०—२ सट्ठ सभा मैं बैठतां, पत पंडत री जाय । एकण बाड़े किम वड़ै, रोझ गधेड़ो गाय ।—अज्ञात

उ०—३ सत मत छोडो हे नरां, सत छोड्यां पत जाय । सत की बांधी लिछमी, फेर मिळेगी आय ।—अज्ञात

४ पैठ, विश्वास, भरोसा । उ०—झूठे की कुछ पत नहीं, साजन झूठ न बोल । लाखांपति का झूठ में, दो कोडी का मोल ।
—अज्ञात

रू०भे०—पति ।

५ देखो 'पति' (रू.भे.)

उ०—१ नायक है जग रांम नरेसर, ते कर लायक देवतरेसर । सीत तणौ पत संत सधारण, चाव करे भज तूं घिन चारण ।
—र.ज.प्र.

उ०—२ हूं कुळ में पापी हुवो, पत नै दीन्ही पूठ । त्रिया पतिव्रत पाळ तूं, धिक धिक मत कह धीठ ।—बां.दा.

६ देखो 'पत्री' (रू.भे.)

७ देखो 'पत्र' (रू.भे.)

उ०—आंम फळै परवार सूं, महू फळै पत खोय । ताको रस जे कोई पियै, अकल कठा सूं होय ।—अज्ञात

विलो०—अपत ।

अल्पा०—पाती ।

पतउड-सं०पु०यौ० [सं० उडपति] चन्द्रमा, सोम (डि.को.)

पतओखद-सं०पु०यौ० [सं० ओषधिपति] चन्द्रमा, सोम (डि.को.)

पतकिरण-सं०पु०यौ० [सं० किरणपति] सूर्य, रवि ।

उ०—सह भांत विगत विवाह सुणतां, अंग प्रफुलित आंण । पतकिरण निकसै रसम परसत, जळज विकसे जांण ।—र.रू.

पतग—देखो 'पतंग' (रू.भे.)

पतगर-सं०पु० [?] विश्वास, भरोसा ।

अल्पा०—पतगरो ।

पतगरणो, पतगरबो-क्रि०अ०स० [?] १ विश्वास करना ।

उ०—कोप कळचाल जमदाढ 'झरड़ा' कहर, चाळ दुरजण तणै हिये चढियो । पोह वडा पतगरै कमंध एकावपत, जड़ाळो सुघट 'जंदराव' जड़ियो ।—झरड़ा राठोड़ रो गीत

२ मानना, स्वीकार करना । उ०—पर्खं जारज न को अनेरां पतगरै, करै सोभाग आतम सकत कोड । हरै विकटोरिया रखो रची हुवो, रजै तण खूंद बळरूप राठौड़ ।—किसोरदांन बारहठ

पतगरियोड़ो—भू०का०कृ० ।

पतगरियोड़ो-भू०का०कृ०—१ विश्वास किया हुआ ।

२ स्वीकार किया हुआ ।

(स्त्री० पतगरियोड़ी)

पतगरो—देखो 'पतगर' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—पल-पल री पतगरो, लेर दीठो लिलना री, पोपां री पायगा, खबर न पड़ै तोखारां ।—अरजुणजी बारहठ

पतग्वाळ-सं०पु० [सं० ग्वालपति] श्रीकृष्ण (अ.मा.)

पतड़ी-सं०स्त्री० [सं० पत्रम्+रा.प्र.ड़ी] इष्टदेव की धातु के पत्र पर बनी मूर्ति जिसे डोरे में पिरो कर गले में धारण करते हैं।

रू०भे०—पतरी, पातड़ी।

पतड़ौ-सं०पु० [सं० पत्र+रा. प्र. ड़ौ] १ तिथिपत्र, पंचांग, पत्रा।

उ०—जितणा, ए गोरी, वड़ पीपळ रा पांन, इतणा दिनां में आसी सायबौ। वाळूं-जाळूं, रे जोसी, पतड़ै रौ वेद, आक धतूरा, जोसी, थारौ मुख भरूं।—लो.गी.

२ कुम्मट की फली।

रू०भे—पतरौ, पातड़ौ।

पतचील-सं०पु० [रा० चील=सर्प+सं० पति] शेषनाग।

उ०—पड़ी खबर नर 'पेम' नै, अड़ी मूंछ अहू आय। चढी पंख पतचील रै, घड़ी उण बक घुराय।—पे.रू.

पतजादव-सं०पु० [सं० यादवपति] श्रीकृष्ण (ह.नां.)

पतझड़-सं०स्त्री० [सं० पत्रम्+क्षरणम्] वह ऋतु जिसमें पेड़ों के पत्ते झड़ जाते हैं। शिशिर-ऋतु।

पतणी—देखो 'पत्नी' (रू.भे.)

उ०—द्रूपद सुता नौ चीर बढायां, दुसासण मद मारण। पहळाद परतग्या राखां, हरणाकुस नौ उद्र विदारण। थे रिख पतणी किरपा पायां, विप्र सुदांमा विपत विडारण। मीरां रे प्रभु अरजी म्हारी, अब अबेर कुण कारण।—मीरां

पतत—देखो 'पतित' (रू.भे.)

उ०—परमेसर जै लोकपति, पतत नु तारण पारि। जगत निमंधण गुर जगत, बळ-बंधण बळिहारि।—पि.प्र.

पतत्रि-सं०पु० [सं०] पक्षी, चिड़िया (अ.मा.)

पतत्रिभरण-सं०पु०यौ० [सं० पतत्रि+राज. भरण] जटायु।

उ०—घणनांमी इम सुणे विगत घण, जण जटायू भर अंक जण। वण द्रिग गोद धरे पतत्रि भवण; मणधर छवरी हरख मण।—र.रू.

पतत्री-सं०पु०—पक्षी (अ.मा.)

पतधीर-वि०—विश्वासी। उ०—पीरां पतधीरां पैलो घर धायो। उण दिन रांमो डर सांमी नहि आयो।—ऊ.का.

पतन-सं०पु० [सं०] १ अवनति, अधोगति।

२ गिरना, पड़ना।

उ०—प्रळै व्रज करेवा नीम दांमण पतन, गयण फूटै घटा भीम गरजै। उठावै अछळतौ जेम हळधर अनुज, वळ तकै यंद्र छी भलां वरजै।—बां.दा.

३ मृत्यु, नाश।

४ देखो 'पट्टण' (रू.भे.)

पतनाळ, पतनाळो—देखो 'परनाळ' (रू.भे.)

पतनी, पतन्नी-सं०स्त्री० [सं० पत्नी] १ स्त्री, नारी (अ.मा., ह.नां.मा.)

२ देखो 'पत्नी' (रू.भे.)

उ०—१ व्यथा विरहाग वियोग विहाय, सवागण भाग संयोग सुहाय। अनाग्रह मुल्लित मान उपाय, प्रफुल्लित ज्यूं पतनी पति पाय।—ऊ.का.

उ०—२ पति पूजन जीवन पतनी रौ सो कइं कोसौ जग-जामी। सब ही विध सेवा व्रत साधूं हो संग लीजे मो नैं स्वामी।

—गी.रां.

उ०—३ बंदे भ्रात वे तिण वार, चवियौ मुनि सिसटाचार। निज वह हुवी रिसपतनी स सीता मिळी नांमे सीस।—र.रू.

उ०—४ देवी बांण रै रूप अरजुण वन्नी। देवी द्रौपदी रूप पांचां पतन्नी।—देवि.

पतनीबरत, पतनीव्रत, पतनीवरत, पतनीव्रत—देखो 'पत्नीव्रत' (रू.भे.)

पतन्नी—देखो 'पथरणी' (रू.भे.)

पतन्या—देखो 'प्रतिग्या' (रू.भे.)

उ०—पूरउ तप हुउ पतन्या पूगी, ईसर ताई मूनव्रत लीयइ। वारां जुगां हुंती बहुनांमी, ताळी छोडी दीह तीयइ।

—महादेव पारवती री वेलि

पतपच्छी-सं०पु०यौ० सं० पक्षीपति] १ गरुड़।

२ देखो 'प्रतिपक्षी' (रू.भे.)

उ०—पतपच्छी जुग पांण, सरोरुह पल्लवां। नग-जुत वळय अमोल, दिया जे निधनवां।—बां.दा.

पतप्रीत-सं०पु०यौ० [सं० पति=स्वामी+प्रीति] १ सेवक, अनुचर (अ.मा.)

सं०स्त्री० [सं० पति=धव+प्रीता] २ पतिव्रता।

वि०स्त्री० [सं० पति=धव+प्रीता] पति से प्रेम करने वाली, पतिअनुरक्ता।

उ०—सुता 'दलै' रावळ तणी, पतवरतां पत-प्रीत। रांणी राजा परणियौ, मिरघावती 'अजीत'।—रा.रू.

पतप्रेम-सं०स्त्री०यौ० [सं० पति+प्रेमा] १ सती, साध्वी (अ.मा.)

सं०पु०यौ० [सं० पति+प्रेमिन्] २ सेवक।

पतवरत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतवरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

पतव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतमंदोदरी-सं०स्त्री० [सं० मंदोदरीपति] रावण (अ.मा.)

पतमाळ—देखो 'प्रतमाळा' (रू.भे.)

पतयारौ—देखो 'पतिआरौ' (रू.भे.)

पतर—१ देखो 'पात्र' (रू.भे.)

उ०—१ तिण आपरा गळा रौ कांठलो १ जड़ाव रौ मालदे नूं दीयौ, पतर एक लोही रौ भर दीयौ सु मालदे पीयौ नहीं।

—नैणसी

उ०—२ पुणियौ यम जायल पती, रो'ड़दार सूं रीस। जोगी नै जी मायनै, वळ दौ पतर भरी-स।—पा.प्र.

२ देखो 'पत्र' (रू.भे.)

३ देखो 'पतर' (रू.भे.)

पतरण—देखो 'पथरण' (रू.भे.)

पतरणौ, पतरबौ—देखो 'पथरणौ, पथरबौ' (रू.भे.)

पतरणहार, हारौ (हारी), पतरणियौ—वि० ।

पतरिग्रोड़ौ, पतरियोड़ौ, पतरयोड़ौ—भू०का०कृ० ।

पतरीजणौ, पतरीजबौ—कर्म वा० ।

पतराखण-वि० [राज० पत+सं० रक्षणम्] प्रतिष्ठा की रक्षा करने वाला।

सं०पु० [राज० पत+रक्षणम्] ईश्वर (नां.मा.)

पतरियोड़ौ—देखो 'पथरियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० पतरियोड़ी)

पतरी—१ देखो 'पथरी' (रू.भे.)

२ देखो 'पत्र' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—पतरी लिखद्यूं प्रेम की ए दीज्यो पियाजी नैं जाय ।—लो.गी.

३ देखो 'पतड़ी' (रू.भे.)

पतरूह, पतरोह-सं०स्त्री० [सं० पृथ्वी+रूह] रज, धुलि (अ.मा.)

पतळ—देखो 'पातळ' (रू.भे.)

पतलज-सं०स्त्री० [रा० पत=पति+लज=लज्जित करने वाली] कुटनी, व्यभिचारिणी । उ०—गोली गोरे गात, पर घर दीसे पदमणी । पतलज सागे पात, रती न कीजे राजिया ।—किरपाराम

पतळियौ-स०पु० [सं० पत्रल] १ सोने चांदी के आभूषणों पर खुदाई के काम में तार खोदने का एक लोहे का कीला (स्वर्णकार)

२ देखो 'पतळौ' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—हां ए गोरी, होठ पतळिया दांत ऊजळिया बोलण की चतराई मिरगा-नैणी ।—लो.गी.

पतलून-सं०पु० [अं० पैण्टलून] बिना मियानी का मोटे वस्त्र का पाजामा ।

पतलूननुमा-वि० [अ० पैंटलून+सं० नामन्] पतलून से मिलता-जुलता, पतलून के समान ।

पतळोड़ौ—देखो 'पतळौ' (अल्पा०, रू.भे.)

(स्त्री० पतळोड़ी)

पतळौ-वि० [सं० पत्रल] (स्त्री० पतळी) १ तरल ।

उ०—बिलळी बातां री बांणी बधरावै । पतळी झिण जिण में पांणी पधरावै ।—ऊ.का.

२ अशक्त, कमजोर । उ०—१ पीहर पतळां रा सैंणां रा प्यारा । सारक तूटां रा नैणां रा तारा ।—ऊ.का.

उ०—२ अपणं ग्रासरिये असळौ दिन ऊगौ । पीहर सासरिये पतळौ पुनि पूगौ ।—ऊ.का.

उ०—३ 'खीमसी' रौ 'कंवरसी', 'कंवरसी' रौ 'जैसौ', 'जैसा' रौ 'भूंजौ', 'भूंजा' रौ 'ऊदौ', 'ऊदा' सूं सांखला पतळा पड़िया ।
—बां.दा.ख्यात

मुहा०—१ पतळौ दिन—दुर्दिन, दुर्दशाकाल ।

२ पतळौ पड़णौ—कमजोर होना, अशक्त होना, निर्धन होना ।

३ कृश, क्षीण, दुबला । उ०—१ खटकै खांवंद रै घड़ियां रर खारी । पतळी कड़ियां री कड़ियां बिन प्यारी ।—ऊ.का.

उ०—२ पतळै सै करवै जवांई जी जिन चढी, पतळा थारी मायां री प्यारी रा होट, सुरग्यांनी जंवाई···।—लो.गी.

यौ०—पतळौ-दूबळौ ।

मुहा०—पतळौ पड़णौ—कृश या क्षीण होना ।

४ जो स्थूल न हो, मोटा न हो ।

५ जिसका घेरा कम हो, संकड़ा, कम चौड़ा ।

उ०—हां ए गोरी, पींडी पतळियां एडी उजळियां चालण की चतराई मिरगा नैणी ।—लो.गी.

६ वह वस्तु जिसकी मोटाई का दल कम हो, झीना, महीन ।

रू०भे०—पातळौ ।

अल्पा०—पतळियौ, पतळोड़ौ. पातळड़ौ, पातळियौ ।

पतवड़—देखो 'पित्तोड़' (रू.भे.)

पतवरत—१ देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

२ देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

पतवरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

उ०—सुता 'दले' रावळ तणी, पतवरता पत-प्रीत । रांणी राजा परणियौ, 'मिरधावती' 'अजीत' ।—रा.रू.

पतवसांन-सं०पु० [सं० प्रत्यवसान] भोजन (अ.मा.)

रू०भे०—पतिवसांण ।

पतवांण-सं०स्त्री० [सं० प्रत्यापन] १ जांच ।

२ विश्वास ।

पतवांणणौ, पतवांणबौ-क्रि०स० [सं० प्रत्यवायनम्] परीक्षा करना, जांचना । उ०—मन री तिस्णा नह मिटै, प्रगट जोइ पतवांण । लाभ थकी बहु लोभ व्हे, है त्रिस्णा हैरांण ।—ध.व.ग्रं.

पतवांणणहार, हारौ (हारी), पतवांणणियौ—वि० ।

पतवांणिग्रोड़ौ, पतवांणियोड़ौ, पतवांण्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

पतवांणीजणौ, पतवांणीजबौ—कर्म वा० ।

पतवांणियोड़ौ-भू०का०कृ०—परीक्षा किया हुआ, जांचा हुआ ।

(स्त्री० पतवांणियोड़ी)

पतवार-सं०स्त्री० [सं० पत्रबाल या पात्रपाल प्रा० पात्तवाड] नाव का विशेष अंग जिसके द्वारा नाव मोड़ी या घुमाई जाती है ।

पतवासत-सं०पु० [सं० वास्तोष्पति] इन्द्र (नां.मा.)

पतव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतव्रता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

पतसंगम-वि० [सं० पति+संगम] शीतल* ।

पतसा—देखो 'बादशाह' (रू.भे.)

उ०—हुवै न गमियां हांण, आइयां ही हरख न ऊपजै । राजा

पतसा रांण, मन कांइ परवा मोतिया ।—रायसिंह सांदू

पतसाई—देखो 'बादसाही' (रू.भे.)

उ०—सील सहित सिवराज सितारे, खोस लूट घर खाई । कै ग्रोरंग के कटक काट के, पट्ट करी पतसाई ।—ऊ.का.

पतसाय—देखो 'बादसाह' (रू.भे.)

पतसार-सं०पु० [सं० सार=लोह+पत=पिता] पहाड़ (ग्र.मा.)

पतसाळ-सं०स्त्री० [सं० पितृ+शाला] १ पैतृक भवन, पीहर।

उ०—जनवास रह्यौ कळ चालजती । सुपियार बळी पतसाळ सती ।
—पा.प्र.

पतसाह—देखो 'बादसाह' (रू भे.)

उ०—'सोनग' बीठळदास रौ, रोद्रां लग्गौ राह । जोत न धारे दुंद डर, चंद्र ज्यूंही पतसाह ।—रा.रू.

पतसाहण-वि०—१ बादशाह का ।

२ देखो 'बादसाह' (रू.भे.)

पतसाही—देखो 'बादसाही' (रू.भे.)

उ०—१ पिंड 'सूजौ' पाघोरियौ, ग्रोरंग' लियौ उबार । पतसाही राखी पगे, 'केहर' राजकुमार ।—पदमसिंह री वात

उ०—२ ग्रागै ग्रह वाराह रै, पुहकर सांम गरज्ज । लड़िया पतसाही दळां, फड़ पड़िया कमधज्ज ।—रा.रू.

पतस्वाहा-सं०पु० [सं० स्वाहापति] ग्रग्नि (डि.को.)

पतहीण, पतहीणौ-वि० [राज० पत+सं० हीन] १ ग्रविश्वासपात्र ।

२ मानहीन ।

पतांणणौ, पतांणबौ-क्रि०स० [सं० प्रत्यवाय:] जाँच करना ।

पतांणणहार. हारौ (हारी), पतांणणिग्रौ—वि० ।

पतांणिग्रोड़ौ, पतांणियोड़ौ, पतांण्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

पतांणीजणौ, पतांणीजबौ—कर्म वा० ।

पतांणियोड़ौ-भू०का०कृ०—जाँचा हुग्रा, परखा हुग्रा ।

(स्त्री० पतांणियोड़ी)

पता—देखो 'पिता' (रू.भे.)

उ०—'कर्ना' हरा जुध वार करारी, जुध जीपण ग्रवसांण जता । पता, कहै सैबास पूत नैं, पूत कहै सैवास पता ।—ग्रज्ञात

पताक—देखो 'पताका' (रू.भे.)

उ०—व्रत सदन पीत पताक फरकत, वरण चहु सुख वेख । मध जनकपुर सुर ग्रसुर मांनव, पड़ै संभ्रत पेख ।—र.रू.

पताकणी, पताकनी-सं०स्त्री० [सं० पताकिनी] १ फौज, दल, सेना (ह.नां.मा.)

उ०—यह है न पताकणी, तस में ग्रसन तुखार। रूपै रढाळौ रटण रण, हिय हिम्मत हथियार ।—रेवतसिंह भाटी

२ एक देवी ।

रू०भे०—पताकिनी, प्रताकनी ।

पताका-सं०स्त्री [सं०] १ झण्डा, झण्डी, ध्वजा (ग्र.मा., ह.नां.मा.)

क्रि०प्र०—उडणी, उडाणी, खड़ी करणी, खोलणी, गाडणी, गिरणी, गिराणी, पड़णी, पाड़णी, फहरणी, फहराणी, रोपणी ।

२ पिंगल के नौ प्रत्ययों में से ग्राठवां जिसके द्वारा किसी निश्चित गुरु-लघु वर्णों के छंद या छंदों का स्थान जाना जाय ।

३ घोड़े के चारजामा का एक भाग जहाँ पर जल-पात्र लटकाए जाता है ।

रू०भे०—पताक, पताख, पताखा, प्रताका ।

पताकादंड-सं०पु०यौ० [सं०] १ झण्डे का डण्डा ।

२ ध्वज ।

पताकामीन-सं०पु०यौ० [सं० मीन+पताका] कामदेव (ग्र.मा.) ।

पताकिनी—देखो 'पताकनी' (रू.भे.)

पताकी-वि०—पताकधारी ।

सं०पु० [सं० पताकिन्] १ रथ ।

२ फलित ज्योतिष के ग्रनुसार राशि ग्रौर ग्रहों का वेध देखने का चक्र विशेष ।

पताख, पताखा—देखो 'पताका' (रू.भे.)

उ०—१ हल हल्लिय लंक गढ़ बंक सौ, दस धू पैहल काहल्लिय । हल्लिय पताख गजराज पै, विजै कटक राघव हल्लिय ।—र.ज.प्र.

उ०—२ घोडा लोह चाव रह्या छै । जीणां री साखां-जनाखां ऊंची नांखजै छै । तंग खोळा कीजै छै । तठा उपरांत पताखां सूं बादळा छोडजै छै ।—रा.सा.सं.

उ०—३ ग्रवर वेद उणि ग्रागळी, दूजै कोठै दाखि । महि पताखा मीढिजै, रुडो लेखौ राखि ।—ल.पिं.

पताम्ह—देखो 'पितामह' (रू.भे.) (डि.को.)

पताळ—देखो 'पाताळ' (रू भे.)

उ०—परि किमि करि लागां पगे, पाउ पताळ प्रमांण । समण दिसै वैकुंठ छत, राज निमौ रहमांण ।—पी.ग्रं.

पताळखंड—देखो 'पाताळखंड' (रू.भे.)

पताळगारुड़ौ—देखो 'पाताळ-गारुडी' (रू.भे.)

पताळदंती—देखो 'पाताळदंती' (रू.भे.)

पताळजंत्र—देखो 'पाताळजंत्र' (रू.भे.)

पताळि—देखो 'पाताळ' (रू.भे.)

उ०—सरग पताळि प्रिथी चौ सांम ।—रांमरासौ

पताळियौ-वि०—पाताल संबंधी, पाताल का ।

सं०पु० [सं० पाताल+रा.प्र. इयौ] १ नीचे की ग्रोर झुके हुए लम्बे सींगों वाला बैल ।

२ ग्रथाह पानी का बहुत गहरा कुग्रा ।

यौ०—पताळियौ-बेरौ ।

३ देखो 'पाताळ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

रू०भे०—पाताळियौ ।

पतास—देखो 'पतासौ' (मह०, रू.भे.)

उ०—१ सड़ण पड़ण विध्ंसण देहणी, तिणरी किसड़ी रे आस । खिण एक मांही जासी रे बिगड़ी, जिम पांणी मांहे पतास ।
—जयवांणी

उ०—२ घारां, वेवर, ससिवदन, सुहालो, अतवणी, घारडी, पतास फीणी, दहीथरां, तिलसांकली···।—व.स.

पतासड़ौ—देखो 'पतासौ' (अल्पा.,रू.भे.)

पतासि—देखो 'पतासी' (रू.भे.)

पतासियौ—देखो 'पतासौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पतासी-सं०स्त्री० (?) १ लोहे की चद्दर का तासकनुमा बना हुआ एक वर्तन विशेष जिसके एक तरफ लकड़ी का डण्डा लगा हुआ होता है ।

२ लोहे की एक ही चद्दर की बनी छिछली व कम गहरी कढाई ।

३ बढई का एक औजार विशेष, छोटी रुखाणी ।

४ एक प्रकार की आतिशबाजी जो अनार का छोटा रूप होती है ।

४ देखो 'पतासौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पतासौ-सं०पु० [सं० वातास] १ चीनी की नरम चासनी को टपका कर बनाया हुआ एक पदार्थ विशेष, बताशा । उ०—मिसरी पतासा मखांणा भर नाळेरां री बिकरी घणी ही व्हैण लागी ।—फुलवाड़ी

२ पानी का बुदबुदा ।

३ मैदे का तल कर फुलाया हुआ एक गोलाकार खाद्य पदार्थ जिसमें जलजीरे का पानी भर कर खाते हैं ।

रू०भे०—बतासौ ।

अल्पा०—पतासड़ौ, पतासियौ ।

पतिंग—देखो 'पतंग' (रू.भे.)

उ०—अला पतिंगह चदमां तणौ पालौ । अला भाभ नांमी, इसा विरद भालौ ।—पी.ग्रं.

पति-सं०पु० [सं०] १ किसी स्त्री का विवाहित पुरुष, भर्त्ता, खाविंद (ह.नां.मा.)

उ०—१ व्यथा विरहाग वियोग विहाय, सवागण भाग संयोग सुहाय । अनाग्रह मुल्लित आंन उपाय, प्रफुल्लित ज्यूं पतनी पति पाय ।—ऊ.का.

उ०—२ वांणी हर बीसार कर, बंचै आंन कुबांण । नार छांड पति आपणौ, जार विलग्गी जांण ।—ह.र.

पर्या०—ईस्ट, कंत, करणबिबाह, खामंद, ढोलौ, धणी, धव, नाथ, नायक, पनामारू, पीतम, प्रांणेय, प्रांणेस, बर, बरयित, बालम, भरतार, भोगता, मांटी, रमण, विवोढ़, साहिब ।

२ स्वामी, प्रभु, मालिक ।

३. ईश्वर ।

४. शिव ।

५. मर्यादा, इज्जत, प्रतिष्ठा ।

६. विश्वास, प्रतीति, पत ।

उ०—साहिब, तुज्झ सनेहड़इ, प्रीति-तणी पति जाइ । जळ खिण ही जांणइ नहीं, मच्छ मरइ खिण मांइ ।—ढो.मा.

७ देखो 'पत' (रू.भे)

रू०भे०—पत, पती, पत्त, पत्ति, पत्ती ।

पतिआणौ, पतिआबौ-क्रि०स० [सं० प्रत्ययितम्] विश्वास करना, सच मानना ।

क्रि०अ०—विश्वास होना ।

पतियाणौ, पतियाबौ, पतियावणौ, पतियावबौ (रू०भे०)

पतिआयोड़ौ-भू०का०कृ०—१ विश्वास किया हुआ, सच माना हुआ ।

२ विश्वास हुवा हुआ ।

(स्त्री० पतिआयोड़ी)

पतिआरौ-सं०पु० [सं० प्रत्ययित] विश्वास, भरोसा ।

रू०भे०—पतयारौ, पतियारौ, पत्यारौ ।

मह०—पतियार ।

पतिउत्तर-सं०पु०यौ० [सं० उत्तर+पति] कुबेर (नां.मा.)

पतिग—देखो 'पातक' (रू भे)

उ०—वांणारसी तिहां परसजे, तिणि दरसण जाई पतिग न्हास ।
—बी.दे.

पतिघातण, पतिघातणी, पतिघातिण पतिघातिणी-सं०स्त्री० सं० पतिघातिनी] १ स्त्री की हथेली पर होने वाली वह रेखा जो अंगुष्ठ की जड़ के अति नीचे से कनिष्ठका अंगुली तक सीधी जाती है, वैधव्यसूचक हस्तरेखा ।

२ वह स्त्री जिसका ज्योतिष या सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार विधवा हो जाना संभव हो, वैधव्य योग या लक्षण वाली स्त्री ।

३ पति को हत्या करने वाली स्त्री ।

पतिजळ-सं०पु० [सं० जलपति] समुद्र, उदधि (ह.नां.मा.)

पतित-वि० [सं०] १ गिरा हुआ ।

(स्त्री० पतिता)

२ महापापी, अतिपातकी ।

उ०—अनंत पर आरती उतारिस, सोळ प्रकार पूज संभारिस । भाव भगत करती जग-भावन, पतित सरीर करिस मम पावन ।—ह.र.

३ आचार, नीति या धर्म से गिरा हुआं ।

रू०भे०—पतत, पतीत ।

पतितउधारण-स०पु०यौ० [सं० पतित+उद्धारण] ईश्वर (नां.मा.)

पतिधरम-सं०पु०यौ० [सं० पति-धर्म] पति के प्रति स्त्री का कर्त्तव्य, धर्म ।

पतिवरत—१ देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

२ देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

पतिबरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

उ०—राम न छाडौ मैं डरूं, ऊडै धसै बलाय । पतिबरता पति कूं

तजै, सब ही खोटा खाय ।—ह पु.वा.

पतिव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतिमराळ-सं०पु०यौ० [सं० मराल+पति] ब्रह्मा (नां.मा.)

पतियत-सं०पु० [सं० पति+रा. प्र. यत] स्वामित्व, पतित्व ।

उ०—जिको जीव नूं प्यारो राखै छै तिण नूं सरदारी, देस पतियत सूं कांई कांम छै ।—नो.प्र.

पतिया-सं०स्त्री० [सं० पत्र] देखो 'पत्र' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—तरसत अखियां हुई द्रुम पखियां । जाय मिलो पिव सूं सखियां । यदुनाथजी रे हाथ री ल्यावे कोई पतियां ।

—जयवांणी

पतियाणौ, पतियाबौ—देखो 'पतिआणौ, पतिआबौ' (रू.भे.)

उ०—माया मरे जीव सब, खंड खंड कर खाइ । दादू घट का नास कर, रोयै जग पतियाइ ।—दादूबांणी

पतियारौ—देखो 'पतिआरौ' (रू.भे.)

उ०—वा सिंघ अर चीता नैं कह्यो—आप इण नकली राजा रै डर सूं मांस छोड़ दियो, थांनै लाज नीं आवै । अेकर सामनो करनै तो पतियारौ लो ।—फुलवाड़ी

पतियावणौ, पतियावबौ—देखो 'पतिआणौ, पतिआबौ' (रू.भे.)

उ०—फूल न सेफ सूल होइ लागी, जागत रैणि बिहावै हो । कासूं कहूं कुण मांनै मेरी, कह्यां न को पतियावै हो ।—मीरां

पतिलोक-सं०पु०यौ० [सं०] पतिव्रता स्त्री को प्राप्त होने वाला वह स्वर्ग जहां उसका पति रहता हो ।

पतिवती-सं०स्त्री० [सं०] सौभाग्यवती, सधवा ।

पतिवरत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

उ०—१ जळवा काज 'नरूकी' 'जादम', धर ऊठी पतिवरत तणै भ्रम । रट हरि मुखपति ध्यांन रहायो, मंजण कर सिणगार मंगायो ।

—रा.रू.

उ०—२ लाज सीळ सनेह, लाज पतिवरत न मूकै ।—रा.रू.

पतिवरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

उ०—वेस्या सुख भोगै पतिवरता व्याधी । इणसूं ईस्वर री ईस्वरता आधी ।—ऊ.का.

पतिवसांण—देखो 'पतवसांन' (रू.भे.)

पतिव्रत-सं०पु० [सं०] स्त्री की अपने पति में निष्ठा, प्रीति ।

उ०—१ पत सहती पतनो सवै, दीनो वैकुंठो बास । पतिव्रत पाळयो हरि भज्यो, प्रभू निवाजै तास ।—गजउद्धार

उ०—२ हूं कुळ में पापी हुवो, पत नूं दीन्ही पीठ । थिया पतिव्रत पाळ तूं, धिक धिक मत कह धीठ ।—वां.दा.

क्रि०प्र०—धारणौ, निभाणौ, पाळणौ, राखणौ ।

रू०भे०—पतबरत, पतव्रत, पतवरत, पतव्रत, दतिवरत, पतिव्रत, पतिवरत, पतिव्रत, पतीवरत, पतीव्रत, पतीवरत, पातिव्रत, प्रतिवत ।

पतिव्रता-सं०स्त्री [सं०] पति में अनन्य अनुराग रखने वाली स्त्री, सती, साध्वी, सच्चरित्रा ।

उ०—अनुकूळ पुरुस, पतिव्रता जोय । सुभ करम करत, कुळधरम सकोय ।—सू.प्र.

पर्या०—एकपत(ति) पतिप्रेमा, मनसमी, मनस्विनी, सती, साध्वी, सुचरुच, सुचहिय, सुभचरिता ।

रू०भे०—पतबरता, पतव्रता, पतवरता, पतव्रता, पतिबरता, पतिव्रता, पतिवरता, पतीवरता, पतीव्रता ।

पतिसाह—देखो 'बादसाह' (रू.भे.)

उ०—कूरमनाथ नबाब कै, साथ हुवै 'जैसाह' । बावीसी वेली दिया, विदा किया पतिसाह ।—रा.रू.

पतिसाही—देखो 'बादसाही' (रू.भे.)

उ०—कांम फैल मति करो, स्यांमध्रम धरो सिपाही । सराजांम दो सरब, तोपखाना पतिसाही ।—सू.प्र.

पतिस्या—देखो 'बादसाह' (रू.भे.)

पतिहथाणापुर-सं०पु०यौ० [सं० हस्तिनापुर+पति] युधिष्ठिर

(ह.नां.मा.)

रू०भे०—पतीहतणापुर ।

पती—१ देखो 'पति' (रू.भे.)

उ०—१ सत पाय उपाय डिगाय सती । पद गाय रिझाय छुडाय पती ।—ऊ.का.

उ०—२ नित जय स्यांन निवास, पती गणनायकां । लंबोदर हर नंद, सिरोमण लायकां ।—वां.दा.

२ देखो 'पत्र' (अल्पा., रू.भे.)

पतीअपार-वि० [सं० अपारपति] वह जिसके अनेक पति हो ।

सं०स्त्री०—१ पृथ्वी ।

२ वेश्या ।

३ लक्ष्मी ।

पतीग्रह-सं०पु० [सं० ग्रहपति] सूर्य (ना.डि.को.)

पतीजणौ, पतीजबौ-क्रि०स० [सं० प्रत्यय, प्रा० प्रतिज्ज] विश्वास करना, भरोसा करना । उ०—रीता हुवै हजारहां, कळस भरीज भरीज । रीतो हुवै निवांण नह, इण द्रस्टांत पतीज ।—वां.दा.

पतीजियोड़ौ-भू०का०कृ०—विश्वास किया हुआ ।

(स्त्री० पतीजियोड़ी)

पतीत—देखो 'पतित' (रू भे.)

उ०—औ पतीत पावन प्रभु, इणि रौ करौ उचार । इणि रौ नांम कल्यांण छै, औ अरिजण रौ यार ।—पी.ग्र.

पतीनागराइ-सं०पु० [सं० पतिनागराज] शेषनाग ।

उ०—पतीनागराई फेण सा चौगणा आगराई पीधा, साहंसीक दीधा पाव पाघड़ै सकाज ।—महादांन महड़

पतीनि—देखो 'पत्नी' (रू.भे.) (ह.नां.)

पतीयासी—सं०स्त्री० [?] सरोवर ?

उ०—जसीया कसीयक छै, आपनं भी उधारै जसीयक छै। पतीयासी को कमळ, गंगासी विमळा, भूमळिया नैनां की भ्रमरता सा वेणां की।
—मयाराम दरजी री बात

पतीव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

उ० - मात पिता री मोह, कुटुंब छोडै जिण कारण। धरै पतीव्रत धरम, तेण समझै भवतारण।—ऊ.का.

पतीराखण—देखो 'पतराखण' (रू.भे.) (ह.नां.मा.)

पतीवरत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतीवरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

उ०—कुळवंति पतीवरता किहड़ी, उधरै पख च्यारि जिसा इहड़ी। धुरिआ घण वाजित्र घाउ घणूं, तिणि वर त्रिआं वधि रूप तणूं।
—वचनिका

पतीवसंत-सं०पु०यौ० [सं० वसन्त+पति] वृक्ष (नां.मा.)

पतीव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

उ०—दरसण देख करै नित दांतण, रहै पतीव्रत रंगी। पुन्य खीण तें करत पयांणो, धणी छोड अरधंगी।—ऊ.का.

पतीव्रता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

उ०—पुरस तो वीर है—अर स्त्री पतीव्रता सूरमी सती है।
—वी.स.टी.

पतीहतणापुर—देखो 'पतिहथणापुर' (रू.भे.)

पतेरि-सं०स्त्री० [सं०पितृव्य+रा.प्र. रि] चाचा की पुत्री, चचेरी बहन।

उ०—छळ कर बळ कर धाइ कर, मारे जिहिं तिहिं फेरि। दादू ताहि न धीजिये, परणे सगी पतेरि।—दादूबांणी

पतोड़, पतोळ—देखो 'पित्तोड़' (रू.भे.)

पतोलड़ी, पतोली—देखो 'पातली' (अल्पा; रू.भे.)

पतो-सं०पु० [सं० प्रत्यय, प्रा०पत्ताय=ख्याति] १ स्थान सूचित करने वाली वह बात जिससे उस स्थान पर पहुंचा जा सके।

क्रि०प्र०—करणो, जांणणो, देणो, पूछणो, बताणो, लेणो।

२ चिट्ठी पर लिखी वह इबारत जिससे वह निर्दिष्ट स्थान पर पहुंच जावे।

क्रि०प्र०—पढ़णो, पढ़ाणो, लिखणो, लिखाणो।

३ जानकारी, खबर।

उ०—१ ए इतरा मिनख कठा सूं आवै है, अर कठै जावै है, कांई पतो ही नहीं लागै।—रातवासो

उ०—२ छोंया देखनै म्हैं पतो पाड़ लेवूंला के कुण पढ़ियो अर कुण पटकियो।—फुलवाड़ी

क्रि०प्र०—करणो, देणो, भेजणो, लगाणो, लागणो, होणो।

४ अनुसंधान, खोज, टोह, सुराग।

उ०—म्हनै राज रै दाय पड़ै ज्यूं वाढ़ो, छूनो, पण अेकर चोर रो पतो लगाय लूं तो मरियां हूं मुगातर पावूं।—फुलवाड़ी

५. मोटे कागज का गोल या चौकोर खण्ड जो तास के खेल में काम आता है।

६ देखो 'पत्र' (रू.भे.)

७ देखो 'पत्तो' (रू.भे.)

रू०भे०—पैंतो।

पत्त—१ देखो 'पत्र' (रू.भे.)

यौ०—पत्तपुप्फ।

२ देखो 'पिता' (रू.भे.)

३ देखो 'पति' (रू.भे.)

उ०—साहां ऊथप थप्पणो, पहु नरनाहां पत्त। राह दुहूं हद रक्खणो, 'अभैसाह' छत्रपत्त।—रा.रू.

४ देखो 'पात्र' (रू.भे.)

उ०—जड़धार तार जैकार किद्ध, भरि पत्त रत्त जोगणी पिद्ध।
—गु.रू.बं.

पत्तन—१ देखो 'पट्टण' (रू.भे.)

उ०—राज्य हस्ती नइ तुरंगम, हारीउ भंडार रे। नगर पुर पत्तन सवि भला, अग अोलगूं सार रे।—नळदवदंती रास

२ देखो 'पतन' (रू.भे.)

पत्तपुप्फ—देखो 'पत्रपुस्प' (रू.भे.)

पत्तर-सं०पु० [सं० पात्र] १ सन्यासियों का भिक्षा-पात्र, खप्पर, खपड़ा।

उ०— पिड फूटै रत पड़ै, पियै चोसठि भर पत्तर। सिर तूटां, सूरिमां, सझै संकर गळि चोसर।—सू.प्र.

२ देखो 'पत्र' (रू.भे.)

३ देखो 'पात्र' (रू.भे.)

पत्तळ—देखो 'पातळ' (रू.भे.)

पत्ति, पत्ती—१ देखो 'पति' (रू.भे.)

उ०—हिंदुआं मोड राठौड़ मोटे हुसम, पुहवि पत्ति मांहि परताप प्राझौ।—ध.व.ग्रं.

२ देखो 'पत्र' (अल्पा.,रू.भे.)

उ०—पुरांणा प्रभु वंचांणी पत्ति, जगत्पति तूं ही सव्व जगत्ति।
—ह.र.

पत्तीजणो, पत्तीजबो—देखो 'पतीजणो, पतीजबो' (रू.भे)

उ०—फूलां फळां निघट्टियां, मेहां घर पड़ियांह। परदेसां का सज्जणा, पत्तो जूं मिळियांह।—ढो.मा.

पत्तीसुरळियो-सं०पु० [देशज] स्त्रियों के कान का आभूषण विशेष।

पत्तेणम—देखो 'पत्र' (रू.भे)

उ०—सिसु वै मित्ती वित्ती, उदभौ पौगंड मंह सिगारौ। ज्यो अं'धारक सरयं, प्रांमै ढाळ संगि पत्तेणम।—रा रू.

पत्तो-सं०पु० [सं० पत्रक] १ कान का आभूषण विशेष।

उ०—वीरा म्हारे कानां में पत्ता लाज्यो, म्हारे कुंडळ बैठ घड़ाज्यो,

म्हारे रिमक-भिमक माती आज्यो ।—लो.गी.

२ देखो 'पतौ' (रू.भे.)

उ०—१ पत्ता भड़ पत्ता खत्ता खड़खावै, उड़ता ऊपर इव पत्ता नहि पावै ।—ऊ.का.

उ० —२ चोर पत्तौ पड़ियां म्हैं अठी-उठी उण रौ हेरौ करूं तौ लारै राजा नै साची वात तौ बता सकै ।—फुलवाड़ी

उ०—३ ऊंट रै दूजा डील रौ तौ कीं पत्तौ नी पण भींडी रै माथा कर वधती वा गाबड़...सगळै फिरगी ।—फुलवाड़ी

पत्थ—१ देखो 'पारथ' (रू.भे.)

उ०—मरोड़े गजां कंध ओडै मरद्दं, रहचै जिसा सिंघ मुक्की रवद्दं, । कसीसै गुणं ओसटंकी कवांणं, बळी भीम वरथ कळी पत्थ बाणं ।
—वचनिका

२ देखो 'पंथ' (रू.भे.)

उ०—पालउ जीव दया इह घरम पत्थ, भगवंत भाखइ सवत्थ सत्थ ।
—स.कु.

३ देखो 'पथ्य' (रू.भे.)

उ०—हाथी जनमि किसौं न व्हे, वैद दिये किम पत्थ । नर आदर किम नां लहै, उत्तर तिहुं इक अत्थ ।—घ.व.ग्रं.

पत्थकळा—देखो 'पत्थरकळा' (रू.भे.)

पत्थय—१ देखो 'पंथ' (रू.भे.)

उ०—नवाब पुत्र नूरली, अनेक मीर असली । सिताब सामरत्थयं, कियौ कि पार पत्थयं ।—रा.रू.

२ देखो 'पारथ' (रू.भे.)

३ देखो 'पथ्य' (रू.भे.)

पत्थर—सं०पु० [सं० प्रस्तरः, प्रा० पत्थर] पृथ्वी के बड़े स्तर का पिण्ड या खण्ड, पाषाण

उ०—स्त्रीहर परहर अवर नूं, मत संभरै अयांण । तरु छंडै लागी लता, पत्थर चै गळ जांण ।—ह.र.

पर्या०—अस्म, उपल, ग्राव, घण, द्रखद, धात, पाखांण, सिळ ।

रू०भे०—पथर, पथ्थर, पाथर ।

यौ०—पत्थरकळा, पत्थरचटी (चट्टी), पत्थरफोड़, पत्थरफोड़ौ, पत्थरबाज, पत्थरबाजी ।

पत्थरकळा—सं०स्त्री०यौ० [सं प्रस्तरकला] एक प्रकार की बन्दूक जिसके घोड़े के पास पत्थर होता था जिस पर घोड़े को चोट पड़ने से बन्दूक छूटती थी ।

रू०भे०—पत्थकळा, पत्थरकळा ।

पत्थरचटी—सं०स्त्री०यौ० [सं० प्रस्तरः+चष्ट] एक प्रकार की औषधि, पाषाणभेद ।

रू०भे०—पथरचटी, पथरचट्टी ।

पत्थरचटौ—वि० [सं० प्रस्तरः+चष्ठ] कंजूस ।

सं०पु०—१ एक प्रकार का सर्प ।

२ एक प्रकार की घास जिसकी पत्तियां कोमल होती हैं ।

पत्थरफोड़—सं०पु० [सं० प्रस्तरः+स्फोटनं] १ एक प्रकार का पक्षी, हुद-हुद ।

२ देखो 'पत्थरफोड़ौ' (रू.भे.)

पत्थरफोड़ी—सं०स्त्री [सं० प्रस्तरः+स्फोटनं] पथ्थर को तोड़ने वाली, टांकी ।

रू०भे०—पथरफोड़ी ।

पत्थरफोड़ौ—वि० [सं० प्रस्तरः+स्फोटनम्] (स्त्री० पत्थरफोड़ी) पत्थर तोड़ने का कार्य करने वाला, संगतरास ।

रू०भे०—पत्थरफोड़ ।

पत्थरबाज—वि० [सं० प्रस्तरः+फा०बाज] पत्थर फेंकने वाला ।

पत्थरबाजी—स० स्त्री० [सं०प्रस्तरः+फा० बाजी] पत्थर फेंकने की क्रिया या भाव ।

पत्थरी—देखो 'पथरी' (रू.भे.)

पत्थु—देखो 'पारथ' (रू.भे.)

उ०—तीणं परीक्षां गुर तणी, पूगउ एक जु पत्थु । राहा वेहु तउ सिखवइ, मच्छइ देविणु हत्थु ।—पं.प.च.

पत्थ्या—सं०स्त्री० [सं० पथ्या] १ गली ।

उ०—बैठस वैरागी त्यागी तन तावैं, वेला तेला विधि सहजां वण आवै । पत्थ्या पाटण दै भिक्ष्याटण भाजी, रथ्या करपट लै चरपट वत राजी ।—ऊ.का.

२ मार्ग, रास्ता ।

पत्नी—सं०स्त्री० [सं०] विधिवत् विवाहिता स्त्री, अर्धांगिनी (डिं.को.)

पर्या०—अरधांगणी, जोड़ायत, घण, प्यारी, लाडी ।

रू०भे०—पतनी, पतन्नी, पतीनि, पत्नि ।

यौ०—पत्नीदास, पत्नीप्रिय, पत्नीभक्त, पत्नीव्रत ।

पत्नीदास—सं०पु०यौ० [सं०] पत्नी का गुलाम ।

पत्नीप्रिय—सं०पु०यौ० [सं०] १ पत्नी का प्यार। ।

२ वह जिसको पत्नी प्यारी हो ।

पत्नीव्रत—देखो 'पत्नीव्रत' (रू.भे.)

पत्नीभक्त—सं०पु०यौ० [सं०] पत्नी का भक्त ।

पत्नीव्रत—सं०पु०यौ० [सं०] अपनी पत्नी के अलावा किसी अन्य से गमन न करने का संकल्प, प्रण ।

रू०भे०—पतनीबरत, पतनीव्रत, पतनीवरत, पतनीव्रत, पत्नी-व्रत ।

पत्यारौ—देखो 'पतियारौ' (रू.भे.)

पत्र—सं०पु० [सं० पत्रम्] १ चिट्ठी, पत्री, खत (अनेका.)

२ लिखा हुआ कागज, दस्तावेज ।

उ०—जरै खीची रौ भय टळियां विस्वास पाइ धोजियां नूं रजपूत करण रै काज मीणां री चाल छोडण रौ पत्र कपट कर लिखांणौ ।
—वं.भा.

२ पन्ना, पृष्ठ, पेज (अनेका०)
४ किसी वृक्ष का पत्ता, पर्ण ।
उ०—गजंद सुंड नाभ कुंड पेट पत्र-पीपळं। नितंब तंब जंघ रंभ केहरी कटी मिळं ।—पा.प्र.
पर्या०—छद, छदन, दळ परण, पळाश, पांन ।
५ तीर या पक्षी का पंख (अनेका०)
६ चिड़िया, पंखेरू (अनेका०)
७ प्रथम लघु ढगण के भेद का नाम (डिं.को.)
८ सवारी रथ, बहल, ऊंट, घोड़ा आदि ।
९ देखो 'पात्र' (रू.भे.)
उ०—१ दीध तिहवर चढ पत्र पर गूंद पळ बर धपाड़ै रिण धीर ।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात
उ०—२ विहंग खळां बहु खोण वहाऊं। पत्र भरि भरि काळिका धपाऊं।—सू.प्र.
रू०भे०—पत, पतर, पतौ, पत्त, पत्तर, पतेणम, पत्रियांणि ।
अल्पा०—पतरी, पतिया, पती, पति, पात्ती ।
पत्रका—देखो 'पत्रिका' (रू.भे.)
पत्रकार-सं०पु० [सं०] किसी समाचार पत्र का सम्पादक ।
पत्रच्छेद-सं०स्त्री० [सं०] पुरुषों की ७२ कलाओं में से एक कला ।
पत्रज-सं०पु० [सं०] तेजपात (वृक्ष विशेष)
पत्रती-सं०पु० [सं० पतत्रि] पक्षी, पंखेरू (अ.मा.)
पत्रदूत-सं०पु० [सं० पत्र+दूत] चिट्ठीरसा, डाकिया, पत्रवाहक।
पत्रधार-सं०पु० [सं० पत्र+धार=पक्षी] पक्षी ।
उ०—भुध जंतुनखी मख लेन चले, पत्रधार पळच्चर संग हले ।
—ला.रा.
पत्रपुगायण-सं०पु०—पत्रवाहक (डिं.को.)
पत्रपुस्प-सं०पु० [सं०] भेंट की मामूली सामग्री ।
रू०भे०—पत्त-पुप्फ ।
पत्रबाह—देखो 'पत्रवाह' (रू.भे.)
पत्रभंग-सं०पु०यौ० [सं०] सौंदर्य वृद्धि के लिए माथे और गाल पर की जाने वाली चित्रकारी (मारोठ)
पत्ररथ-सं०पु०—पक्षी (अ.मा.)
पत्रवाह-सं०पु० [सं०] संदेशवाहक, पत्रवाहक ।
रू०भे०—पत्रबाह ।
पत्रांतूळ, पत्रातूळ-सं०पु० [सं० पत्र+तुल्य] नाश, समाप्ति ।
उ०—कोस दोय दंताळा दकूळ भूल जत्रां-कत्रां, पत्रांतूळ कीधौ बत्रां बधूल पटेल ।—हुकमीचंद खिड़ियौ
पत्राकार-वि० [सं० पत्र+आकार] पत्ते क आकार वाला ।
उ०—पियकर परसत पीठ, घणौ सुख पाव ही । कदली पत्राकार, प्रसिद्ध कहावही ।—बां.दा.
पत्राळ-सं०पु० [सं० पत्र=पक्ष, आलुच्] १ पक्षी, पंखेरू ।
उ०—कई जातरा तत्र पत्राळ कूंजै, गहक्कै सिवा साद सादूळ गूंजै ।
—मे.म.
२ घने पत्तों वाला वृक्ष ।
पत्रावळी-सं०पु० [सं० पत्र+अवली] १ एक प्रकार का हार ।
उ०—एकावळी कनकावळी, रत्नावळी वज्रावळी चंद्रावळी ।
—व.स.
सं०स्त्री०—२ पत्तों की पंक्ति ।
३ फायल ।
पत्रिका-सं०स्त्री० [सं०] १ छोटा पत्र, खत । उ०—या प्रेम पत्रिका दीज्यो हो, म्हारा मारू ने जाय कीज्यो । आंसू टप टप अंगिया टपके, बदन गुलाबी भीज्यो भीज्यो ।—लो.गी.
यौ०—जन्मपत्रिका, लग्नपत्रिका ।
२ कोई सामयिक पत्र या पुस्तक ।
३ जन्मपत्रिका ।
४ लग्नपत्रिका ।
रू०भे०—पत्रका ।
पत्रियांणि—देखो 'पत्र' (रू.भे.)
पत्री-सं०स्त्री० [सं० पत्रिन्] १ वृक्ष (अ.मा.)
२ पक्षी (अ.मा.)
३ तीर, बाण । उ०—बळी नृप 'जैत' करां बळिहार । पत्री अण-भीज परां खळ पार ।—मे.म.
४ यमराज (नां.मा.)
५ कमल (अनेका०)
[सं० पत्र+रा प्र.ई] ६ चिट्ठी, खत ।
७ जन्मपत्रिका ।
८ ताड़ ।
९ पर्वत, पहाड़ ।
रू०भे०—पत ।
पत्रीराज-सं०पु० [सं० पत्री+राज] गरुड़ (नां.मा.)
पत्रीस-सं०पु० [सं० पत्री+ईश] १ कल्पवृक्ष, कल्पतरु (अ.मा.)
२ गरुड़ ।
पत्रेसुर—देखो 'पित्रेस्वर' (रू.भे.)
उ०—यों वरखा रितु ऊतरी, आवी सरद सुमाय । पत्रेसुर कीजे प्रसन, पोखीजे रिख राय ।—रा.रू.
पत्रौ—देखो 'पतड़ौ' (रू.भे.)
पथ-सं०पु० [सं० पाथं] १ जल, पानी (अ.मा., डिं.को.)
२ देखो 'पथ्य' (रू.भे.)
उ०—मीठे को मंडको अळसी को तेल, बो थारी जच्चा रांणी पथ लियौ राज ।—लो.गी.
३ देखो 'पारथ' रू.भे.)
उ०—भीम पथ जिम करण भारथ निवहि चाडण नीर ।—ल.पिं.

४ देखो 'पंथ' (रू.भे.)

उ०—उज्जेंण महाराज वीर विक्रमादित्य राज करै। तहां सकळ प्रजा धरमपथ हालै।—सिंघासण बत्तीसी

रू०भे०—पाथ।

अल्पा०—पाथू।

पथक-सं०पु० [सं०] १ रास्ता चलने वाला राहगीर।

२ रास्ता बताने वाला।

पथचारी-सं०पु० [सं० पथचारिन्] राहगीर, पथिक।

पथछाया-सं०पु०यौ० [सं०पथ+राज०छाया] आकाश, आसमान (हिं.को.)

पथदरसक-वि० [सं० पथदर्शक] मार्ग बताने वाला, रास्ता दिखाने वाला।

पथर—देखो 'पत्थर' (रू.भे.)

उ०—अकबर पथर अनेक, के भूपत भेळा किया। हाथ न लागो हेक, पारस रांण 'प्रतापसी'।—दुरसौ आढ़ौ

पथरकळा—देखो 'पत्थरकळा' (रू.भे.)

पथरचटी—देखो 'पत्थरचटी' (रू.भे.)

पथरचटौ—देखो 'पत्थरचटौ' (रू.भे.)

पथरणउ, पथरणौ-सं०पु० [सं० प्रस्तरणम्] गद्दा, घासिया।

उ०—ऊठौ म्हारा मारू बनड़ा करौ नी पोढणियौ, हिंगळू तौ ढोळयौ बनड़ा सिरख पथरणौ।—लो.गी.

रू०भे०—पतन्नौ, पाथरणि, पाथरणौ।

अल्पा०—पथरणियौ।

मह०—पाथर।

पथरणौ, पथरबौ—देखो 'पाथरणौ, पाथरबौ' (रू.भे.)

पथरणहार, हारौ (हारी), पथरणियौ—वि०।

पथरिम्रोड़ौ, पथरियोड़ौ, पथरयोड़ौ—भू०का०कृ०।

पथरीजणौ, पथरीजबौ—कर्म०वा०।

पथरफोड़ी—देखो 'पत्थरफोड़ी' (रू.भे.)

पथरफोड़ौ—देखो 'पत्थरफोड़ौ' (रू.भे.)

पथराणौ, पथराबौ-क्रि०स० [सं० प्रस्तरणम्] फैलाना, बिछाना।

उ०—पछै साहां पैहली सड़ौ सबळौ बंधायौ, हेठे हाडे सोर पथरायौ, ऊपर घास पाथरियौ।—नैणसी

पथराणहार, हारौ (हारी), पथराणियौ—वि०।

पथरायोड़ौ—भू०का०कृ०।

पथराईजणौ, पथराईजबौ—कर्म०वा०।

पथरावणौ, पथरावबौ, पाथरणौ, पाथरबौ, पाथराणौ, पाथराबौ, पाथरावणौ, पाथरावबौ—रू०भे०।

पथरायोड़ौ-भू०का०कृ०—फैलाया हुआ, बिछाया हुआ।

(स्त्री० पथरायोड़ी)

पथरावणौ, पथरावबौ—देखो 'पथराणौ, पथराबौ' (रू.भे.)

पथरावणहार, हारौ (हारी), पथरावणियौ—वि०।

पथराविम्रोड़ौ, पथरावियोड़ौ, पथराव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पथरावीजणौ, पथरावीजबौ।—कर्म०वा०।

पथरावियोड़ौ—देखो 'पथरायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पथरावियोड़ी)

पथरी-सं० स्त्री० [सं० प्रस्तरः+रा०प्र०ई] १ पक्षियों के पेट का वह भाग जहां अन्न पचता है।

२ मूत्राशय में छोटे-छोटे पत्थर के टुकड़े हो जाने का रोग।

३ कटोरी के आकार का बना पत्थर का पात्र, कूंडी, पत्थर का प्याला।

४ चकमक पत्थर जिस पर चोट पड़ने से आग उत्पन्न होती है।

उ०—प्रीत पुरांणी ना पड़ै, जो सज्जन सूं लग्ग। सौ जुग जळ में रहै, पथरी तजै न अग्ग।—अज्ञात

५ पत्थर का वह टुकड़ा जिस पर रगड़ कर औजार तेज करते हैं, सिल्ली।

रू०भे०—पतरी, पत्थरी।

पथरीलौ-वि० [सं० प्रस्तरः, रा. प्र. ईलौ] पत्थरों से युक्त, पथरीला।

यौ०—पथरीलौ-मारग।

पथरोटी—देखो 'पथरोटौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पथरोटौ-सं०पु० [सं० प्रस्तरः+रा०प्र०ओटौ] पत्थर का बना बड़ा पात्र, कूंडा।

अल्पा०—पथरोटी।

पथवारियौ—देखो 'पंथवारियौ' (रू.भे.)

पथवारी—देखो 'पंथवारी' (रू.भे.)

पथारी-सं०स्त्री० [सं० प्रस्तरणम्] १ बिछौना, बिस्तर (घास-फूस)

उ०—म्हारा रूंगता ऊभा व्हेग्या, अर म्हूं म्हारी पथारी सूं चार छः हाथ आघो जाय पड़यौ।—रातवासौ

२ झड़बेरी के सूखे पत्तों को झाड़ लेने के बाद बचे हुए कांटों से युक्त भाग का वह अंश जिसे एक आदमी सिर पर उठा कर लेजा सके।

रू०भे०—पाथारी।

पथि—देखो 'पंथ' (रू.भे.)

उ०—वांण घोरणि विहूं पथि छूटइं, नाद सींगणि तणे गुणि सूंकइं।
—पं.पं.च.

पथिक-सं०पु० [सं०] १ रास्ता चलने वाला राहगीर।

२ रास्ता बताने वाला।

रू०भे०—पई, पथिम्र, पथी, पहिय, पही।

पथिचक्र-सं०पु० [सं०] फलित ज्योतिष का एक चक्र जिससे यात्रा का शुभ या अशुभ फल जाना जाता है।

पथी—देखो 'पथिक' (रू.भे.)

पथ्य—१ देखो 'पंथ' (रू.भे.)

पीतवान-स०पु० [देशज] हाथी के दोनों आंखों के बीच का स्थान
(डि.को.)

पीतवास-सं०पु० [सं० पीत वासस्] १ श्रीकृष्ण (नां मा.)
२ विष्णु का नामान्तर।

पीतविंदु-सं०पु० [सं०] विष्णु के चरण-चिन्हों में से एक।

पीतस-सं०स्त्री० [?] पति या पत्नी की माता, सासु (शेखावाटी)

पीतसरो-स०पु० [?] चचिया ससुर।

पीतांबर-सं०पु० [सं० पीत+अम्बर] १ पीले रंग का वस्त्र।
उ०—मोर मुकुट पीतांबर सोहै, स्यांम बरण वडभागी। जनम-जनम को साहिब मोरो, वा सौं लो लागी।—मीरां
२ पूजा पाठ के समय पहिनी जाने वाली मरदानी रेशमी धोती।
उ०—१ लघु-भ्रत जिम अभिलाख सू लाधै, समैं तेणि दासातन साधै। उतिम सिनांन करावै आंणै, पीतांबर धोतावर पांणै।—सू प्र.
उ०—२ गढपति न्हाय गंग जळ गहरे, पीतांबर खीरोदक पहरे।
—सू प्र.
३ पीला वस्त्र धारण करने वाला व्यक्ति।
४ विष्णु (डि.नां.मा.)
५ श्रीकृष्ण (डि.को.)
रू०भे०—पितंबर, पीतंबर।

पीता-स०स्त्री० [सं०] हल्दी (अ मा.)

पीति, पीती-सं०पु० [सं० पीतिः] १ घोड़ा (डि.को.)
२ देखो 'पित्ती' (रू.भे.)

पीतु-सं०पु० [सं० पितुः] १ सूर्य।
२ अग्नि।
३ हाथियों के गिरोह का सरदार, यूथपति (डि.को.)

पीतो-सं०पु० [सं० पित्त] पित्त का थैला जो यकृत या जिगर के पीछे और नीचे की ओर होता है। उ०—भळगा एकांयत नीयत निरदावै, धूणी अवधूता दूणी धुकवावै। पूरा पोमाह्हं सूरा सत सावै, पीता मरियोड़ा जीता पद पावै।—ऊ.का.
मुहा०—१ पीतामार कांम करणो—ऐसा कार्य करना जो अपनी सामर्थ्य के बाहर हो और जिसे पूरा करने में बहुत अधिक परिश्रम की आवश्यकता हो।
२ पीतो उबळणो—पित्ताशय में उष्णता होना, क्रोध आना।
३ पीतो गळणो—पशु का पित्ता खराब हो जाना जिससे उसके पूंछ के बाल गिर जाते हैं और शनैः शनैः वह भी मर जाता है।
४ पीतो मरियोड़ो—अति कृश व कमजोर।
रू०भे०—पित्तो।

पीत्रांणो-वि० [सं० पिता+रा.प्र. आंणो] पिता के वंश का, पिता संबंधी।

संoस्त्रीo [संo पितृव्य+पत्नी] चाची (उ.र.)

पीत्रीयउ, पीत्रीयु-संoपुo [संo पितृव्य] १ चाचा, काका।

उo—पत्रमीय तायह पाय पाछउ वालीउ मद्रि सउं। विद्या वृद्धि उपाइ आपीय पहुतउ पीत्रीयउ।—पं.पं.च.

२ कोई भी कुटुम्ब का वृद्ध पुरुष (उ.र.)

पीथ-संoपुo [संo पीथः] १ सूर्य (डि.को.)

२ अग्नि।

३ समय।

४ जल।

पीथड़-संoपुo—राठौड़ वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

पीथळिया-संoस्त्रीo—पंवार वंश की एक शाखा।

पीथळियौ-संoपुo—उक्त शाखा का व्यक्ति।

पीथापुरा-संoस्त्रीo—सोलंकी वंश की एक शाखा।

पीथि-संoपुo [संo पीथिः] घोड़ा (डि.को.)

पीद, पींदु, पीदो, पीध, पीधु, पीधौ—देखो 'पीन्हौ' (रू.भे.) (उ.र.)

(स्त्रीo पीदी, पीधी)

पीन-विo [संo] १ मोटा, मांसल, स्थूल। उo—सुणतां हाकौ सहज ही, कोधी जेज कधी न। नीदाळ् अब छोडणां, मोडांणा कुच पीन।—वी.स.

२ भरापूरा, सम्पन्न।

३ पुष्ट।

रूoभेo—पीण।

४ देखो 'पीन्हौ' (रू.भे)

(स्त्रीo पीनी)

पीनण—देखो 'पींजण' (रू.भे.)

पीनणी—देखो 'पींजणी' (रू.भे.)

उo—राखो ताव तमांम, पीनणी अर पुसळाई। नेड़ी पैंडी तणी, जाळ त्रसतुवा बणाई।—दसदेव

पीनणौ, पीनबौ—देखो 'पीजणौ, पींजबौ' (रू.भे.)

पीनणहार, हारौ (हारी), पीनणियौ—विo।

पीनिग्रोड़ौ, पीनियोड़ौ, पीन्योड़ौ—भूoकाoकृo।

पीनीजणौ, पीनीजबौ—कर्म वाo।

पीनस-संoपुo [संo] १ सर्दी, जुखाम।

२ नाक का एक रोग जिससे नाक से दुर्गन्धमय पानी निकलता रहता है तथा घ्राण शक्ति नष्ट हो जाती है।

उo—पीनस-काय के पास कपूर, धरयौ कवि 'ऊमर' तौ हिय हारयौ।—ऊ.का.

३ देखो 'पिंजस' (रू.भे.)

उo—घोड़े की हीस को सुण कर डरै, मुरदे की तरह पीनस की सवारी करै।—दुरगादत्त बारहठ

रूoभेo—पिनस।

पीनसी-विo [संoपीनस+राoप्रoई] पीनस रोग से पीड़ित।

उo—रूठ'र कहै अवर नह रूड़ौ, तूठ न देऊं तार। पूठ फिराय पीनसी जंपै, गांधी ऊठ गंवार।—ऊ.का.

पीनारा—देखो 'पिंजारा' (रू.भे.)

पीनारौ—देखो 'पिंजारौ' (रू.भे.)

उo—धोवी सवणी-गर न्यारा रे, नाई नीलगर पीनारा। सकलीगर गांछा नै घोसी रे।—जयवांणी

(स्त्रीo पीनारी)

पीनियोड़ौ—देखो 'पीजियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्रीo पीनियोड़ी)

पीनोड़ौ, पीन्हू, पीन्होड़ौ, पीन्हौ-विo [संo पीत] पान किया हुआ पिया हुआ।

(स्त्रीo पीनोड़ी, पीन्होड़ी, पीन्ही)

रूoभेo—पिद्ध, पीद, पीदु, पीदौ, पीध, पीधुं, पीधौ, पीन।

पीप-संoपुo [संo पूय] फोड़े या घाव के अन्दर से निकलने वाला सफेद रसदार पदार्थ (पानी), मवाद, पीव।

रूoभेo—पींप, पीव।

पीपड़ी—देखो 'पीपी' (अल्पाo, रूoभेo)

पीपड़ौ-संoपुo [देशज] १ लोहे का एक पत्तरा जिसके चारों ओर के किनारे उठे हुए होते हैं। (स्वर्णकार)

२ देखो 'पीपौ' (अल्पाo, रू.भे)

पीपर-संoपुo [संo पिप्पली] १ एक प्रकार की लता जो मगध, बरार में अधिक होती है।

२ उक्त लता की कली जो औषधि के रूप प्रयोग में ली जाती है।

पर्याo—उपकुल्या, उसणा, कणा, कोल्या, ऊसणा, चपळा, तंदुला, तिगम, मागधी, वैदेही।

३ देखो 'पीपळ' (रू.भे.)

रूoभेo—पीपळ।

अल्पाo—पिप्पळ, पींपलि, पीपली।

पीपरामूळ-संoपुo [संo पिप्पला+मूल] देखो 'पिप्पळीमूळ' (रू.भे.)

पीपळ-संoपुo [संo पिप्पल] १ भारत में सर्वत्र पाया जाने वाला बरगद की जाति का एक वृक्ष विशेष जिसे हिन्दू पवित्र मान कर पूजते हैं (अ.मा., नां.मा., ह.नां.मा.)

पर्याo—अस्वथ, कुंजरअख, चळदळ, दंतीभख, बोधीव्रख, सुव्रख, स्त्रीव्रख।

२ देखो 'पीपर' (रू.भे.)

रूoभेo—पिप्पल, पींपल, पीपर।

अल्पाo—पीपड़ियौ, पीपळियौ।

पीपळपतो, पीपळपत्ती-सं०पु०यौ० [सं० पिप्पल-पत्र] (ब व. पीपलपत्ता)
१ पीपल वृक्ष का पान या पत्ता।
२ स्त्रियों के कान में धारण करने का सोने या चांदी का बना आभूषण विशेष।
३ पीपल के पत्तों के आकार की बनी झल्लरी जो स्त्रियों के आभूषणों के नीचे लगाई जाती है।

पीपळपांन-सं०पु०यौ० [सं० पिप्पलपत्र] स्त्रियों के कान में धारण करने का आभूषण।

पीपळपांनकटार-सं०स्त्री०यौ०—एक प्रकार की कटार जिसकी बनावट पीपल के पत्ते के समान होती है।

पीपळरी—देखो 'पीपी' (अल्पा०, रू.भे.)

पीपळामूळ—देखो 'पिप्पळीमूळ' (रू.भे.)
उ०—तद चाचे दीठी। देखै तौ कासूं बिछेरो छै। तुरंत रुई मांहि लपेट एकै मूहरै मांहे राखियो। कुमार री बयर चतुर हुंती। घोड़ नै मांखण मांहे पीपळामूळ अजमो चटावै।
—राव रिणमल राठौड़ खाबड़ियै री वात

पीपळि—देखो 'पीपर' (अल्पा०, रू.भे.)
२ देखो 'पीपळी' (रू.भे.) (अमरत)

पीपळियो-वि० [स० पिप्पल+रा.प्र. इयो] १ पीपल का, पीवल वृक्ष-संबधी।
२ पीपल का फल।
३ देखो 'पीपळ' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—इण सरवरिया री पाळ, हगांमी ओ ढोला रे पीपळिया, हो ढोला, पीपळिया थोड़ा, बड़ळा चोगणां, हो राज।—लो.गी.

पीपळो-सं०स्त्री० [सं० पिप्पल] १ एक प्रकार का पीपल का वृक्ष विशेष, यह आकार में पीपल से छोटा होता है।
उ०—कळियां कूळां री कादै में कळगी। विसहर संगत सूं पीपळियां बळगी।—ऊ.का.
२ बहन के लिये प्रयोग में लाया जाने वाला शब्द।
उ०—सो थे उठीनै सूराचंद रा झाड़ा खेह लगावण नै जावो छो तो हू थांरी धरम री पीपळी छूं। आगै आपो परगासो।
—जैतसी ऊदावत री वात
३ एक राजस्थानी लोक गीत।
रू०भे०—पीपळी, पीपळि।

पीपळो-सं०पु० [देशज] तलवार का वह निचला भाग जहां से वह कुछ अधिक पतली होकर चंद्राकार मुड़ी हुई होती है।

पीपाड़ा-सं०स्त्री०—गहलोत वंश की एक शाखा।

पीपाड़ो-सं०पु० (स्त्री० पीपाड़ी) गहलोत वंश की पीपाड़ा शाखा का व्यक्ति।

पीपावंसी-सं०पु०—१ पीपा नामक भक्त के वंशज।
२ दर्जियों की एक जाति।

पीपी-सं०स्त्री० [सं० पिप्पलं] १ पीपल का फल।
२ कागज, पत्ता आदि को मोड़कर बच्चों द्वारा फूंक देकर बजाया जाने वाला बाजा विशेष।
३ छोटा टीन।
अल्पा०— पीपड़ी, पीपाड़ी।

पीपूड़ो, पीपूड़ीपरड़-सं०स्त्री० [देशज] एक प्रकार का छोटा सर्प विशेष जो प्रायः उछल कर काटता है।
उ०—धरती खारी जे'र, अर निजर पूगै जितरै कठई झाड़ बांटको नै घासफूस री नांम ही नी। इण धरती में सांडा अर पीपूड़ीपरड़ा घणी मिळै।—रातवासो

पीपो-सं०पु० [देशज] १ लोहे का बना चौकोर बर्तन विशेष जिसमें तेल, घी आदि प्रायः तरल पदार्थ रखे जाते हैं।
उ०—कलसियांबंद आटो पीसांणो, पीपांबंद घी अर बोरियांबंद गुड़ खांड आई।—रातवासो
२ एक विशेष प्रकार की बनावट की, कुए से पानी निकालने की डोली।
३ गागरोण (कोटा) का खीची राजा जो रामानुज का शिष्य हो गया था।
रू०भे०—पिपो।
अल्पा०—पीपडो, पीपलियो।

पीब—देखो 'पीप' (रू.भे.)

पीय—१ देखो 'प्रिय' (रू.भे.)
उ०—१ मिगसर पाळो चमंकियो, प्यारो लागो सीय। प्यारी मीठी पीव नूं, प्यारी मीठी पीय।
—कुंवरसी सांखला री वारता
उ०—२ लाधो हिव प्रभ्भु पड़दो लाय। मुरारि परत्तख बाहिर मांय। ठगारा ठाकुर हेको थीय। पड़दो नांख परो हिव पीय।
—ह.र.
२ देखो 'पिता' (रू.भे.)
उ०—अह देवह वसि तेवि पंच ए पंडव वणि चलिय। हथिणाउरि जाएवि मुकलावइ निय माय पीय।—पं.प.च.

पीयण-वि०—पीनेवाला।
सं०स्त्री०—१ पीने की क्रिया या भाव।
२ देखो 'पैंणी' (रू.भे.)

पीयणजहर—देखो 'पीअणजहर' (रू.भे.) (ह.नां.)

पीयणो—देखो 'पैंणो' (रू.भे.)
उ०—जिण मुइ पन्नग पीयणा, कयर-कंटाळा रूंख। आके-फोगे छांइड़ी, हूंछां भांजइ भूख।—ढो.मा.

पीयमधु-सं०पु० [सं० प्रियमधु] श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम (ह.नां.)

पीयर—देखो 'पी'र' (रू.भे.)
उ०—ढोलाजी रे परणी पीयर मेल।—लो.गी.

पीयल-सं०स्त्री० [सं० पा] १ वह भूमि जिसमें कुए से सिंचाई कर

पानी पिलाया जाता है।

२ रबी की वह फसल जिसका उत्पादन सिंचाई द्वारा होता है।

उ०—हळवद री पाखती झाड़ी थोड़ी, मैदान छै। खेती ज्वार, बाजरो, तिल, कपास हुवै। उनाळी-पीयल कस वे काई नहीं।

—नैणसी

३ पीले रंग की चिड़िया विशेष जो बाजरी की बालों में दाने पड़ने से पूर्व 'उत्तर-पश्चिम' दिशा की ओर से आती है और बाजरी की बालों के दाने खाकर चली जाती है।

४ शराब की गोष्ठी।

उ०—साथ सारा नू पीयल हो रही छै। मनहारां होय छै।

—कुंवरसी सांखला री वारता

५ कान का आभूषण विशेष।

उ०—फूली भूली भांमिणी, कांन कहंती बात। पीयल ऊपरि पांनड़ी, मंडि महासणि सात।—मा.कां.प्र.

रू०भे०—पीअळ, पीअल, पील, पीवल।

पीयळौ, पीयलौ—१ देखो 'पीळौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पीयळी, पीयली)

पीयांण, पीयांणउ, पीयांणौ—देखो 'प्रयांण' (रू.भे.)

उ०—१ हूं लूकिड रे लाडकी, दिहाडी दूरि पीयांण। माहरु अमह तुहनारडा, पंजर पूठइं प्रांण।—मा.कां.प्र.

उ०—२ जं वाहरू दळ भुजाबलि मइं न जाणिउं। मइं देखि दीधउं तुझ ऊपरि पीयांणउं।—सालिसूरि

उ०—३ सवा लाख खांडायत सरसू, पाखरीए केकांणे। समीआंणे सउळ कान्हडदे, आव्यु छडे पीयांणे॥—कां.दे प्र.

उ०—४ सुंन सहर की चढया चाकरी, प्रकट किया पीयांण। गुर-गम घोड़ा मेरे सतगुरु दीना, ब्रह्म आणद में रहणा॥

—स्री हरिरांमजी महाराज

पीया—१ देखो 'प्रिय' (रू.भे.)

२ देखो 'प्रिया' (रू.भे.)

पीयाई—१ देखो 'पिसाई' (रू.भे.)

२ देखो 'पिआई' (रू.भे.)

पीयामहु—देखो 'पितामह' (रू.भे.)

पीयार—१ देखो 'पाताल' (रू.भे.)

२ देखो 'प्यार' (रू.भे.)

उ०—पिसुन-पणइ प्रांणी हण्या, जीह न बोलिउं साच। चोरी वस्त पीयारड़ी, पर-नर-नारी राचि।—मा.कां.प्र.

पीयारडुं, पीयारड़ो—१ देखो 'प्यारौ' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—१ प्रेम धरी प्रासाद-मुखि, अक्षर लिखिया हृयि। भांजइ दुख पीयारडुं, सो अवनी-तलि नत्थि।—मा.कां.प्र.

उ०—२ भांजइ दुख पीयारडुं, सो अवनी-तलि अत्थि। भूप-तणा अक्षर भणी, अति आनदिउ चिति।—मा.कां.प्र.

वि०—२ पराया, दूसरे का।

(स्त्री० पियारडी)

पीयारी—देखो 'प्यारी' (रू.भे.)

पीयारो—देखो 'प्यारौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पीयारी)

पीयाल—१ देखो 'पाताल' (रू.भे.)

२ देखो 'प्यालौ' (मह०, रू.भे.)

पीयाली—देखो 'प्यालौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पीयालौ—देखो 'प्यालौ' (रू.भे.)

उ०—१ ताळी खुलै कुदां पीयालां जतू तांनमानां, अद्रा सिधां घेरे जोस ऊजळै अमाप। भूरा-वाघ थटैतां मेळियौ भलां भाई, पटैतां अेकलौ ढाहै विजाई 'प्रताप'।—महारांणा भीमसिंह रौ गीत

उ०—२ सूळा गोळां घणै मसालै, वळै कटारी अमल विया। ऐकण चोट पीआलां असमर, कुरंमां दल सेलोट कीया।

—दुरजणसिंह सेरसिंह राठौड़ रौ गीत

पीयूख, पीयूस-सं०पु० [सं० पीयूषं या पीयूषः] १ अमृत, सुधा। (ह.नां.मा.)

उ०—१ वीनती सेठजी सांभळौ जी, सरस पीयूस समांन।—वि.कु.

२ दूध।

३ मधुर* (डि.को.)

रू०भे०—पयूख, पियूख, पियूस, पीऊस।

पीयोड़ो—देखो 'पियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पीयोड़ी)

पीयौ—१ देखो 'प्रिय' (अल्पा०, रू भे.)

उ०—पड़ै ठाउड़ली जोरावर ओ राज, मरै रे बन रा मोरिया। पाडोसण रो पीयौ घर आवियो, मद री लेनै मनवार।—लो.गी.

२ देखो 'पियौ' (अल्पा., रू.भे.)

पी'र-सं०पु० [सं० पितृ+गृह] विवाहिता स्त्री के माता-पिता का घर, मायका, मैका।

उ०—१ हंस-सरोवर गोरी पी'र थांहरो जी राज। मांन-सरोवर थांरो सासरो जी राज।—लो.गी.

मुहा०—१ पी'र पूरो करणो—पिता के वंश में किसी को न रखना, पिता का वंश समाप्त करना।

२ पी'र पूरो होणो—पिता के वंश में कोई न रहना, पिता का वंश नाश होना।

रू०भे०—पिउहर, पियर, पिवर, पिहर, पीयर, पीवर, पीह, पीहर,

अल्पा०—पीवरियो, पींहरियो, पी'रियो, पी'रो, पीवड़लो, पीहड़ो, पीहरड़ो।

पीर-वि० [फा०] १ महात्मा, पूज्य, सिद्ध।

उ०—पर पीर विदीरण पीर प्रपा, तुलसी तसवीर कबीर कृपा। सुधि नानक बानक सी सरसी, दुति दादु दयाळ समी दरसी।

—ऊ.का.

२ बड़ा ।

उ०—पाल्यो रहै न पीर, साच कहुं कांनां सुणै । बढ़जे रण विच वीर, आजे मत भाजै 'भजा' ।—बांकजी बोगसौ

३ बूढा, वृद्ध ।

४ चालाक, धूर्त ।

सं०पु०—१ परलोक का मार्गदर्शक, धर्मगुरु ।

उ०—१ क्योरूं दिस कीरत रही, पीर तणी छित छाय । जग में नीर तळाय सह, वणिया खीर तळाय ।—बां दा.

उ०—२ पूजे कर-कर पीर, घर-घर नूंतै गांम में । वळै जगावै वीर, मूंठ चलावै मोतिया ।—रायसिंह सांदू

२ महात्मा और सिद्ध पुरुष, सिद्धिप्राप्त महात्मा ।

उ०—पीरां पतखीरां पैं'ली घर धायो, उण दिन 'रांमो' डर सांमो नहिं आयो । लुट-लुट खीरां में दुनियां लव लाई । पांचुं हिं पीरां मिळ खीरां न खाई ।—ऊ.का.

३ मुसलमानों के धर्मगुरु, पैगम्बर ।

उ०—१ पीर पैंकंबर दस्तगीर, सब हाजर बंदे ।

—केसोदास गाडण

उ०—२ राग न रंग उमंग न राजस, हौज न बाग फुंहार न हुन्नर । ह्वै असवार सिकार न हालत, पाठ कुराण न पीर पैंकंबर ।

—सू.प्र.

वि०वि०—वैसे तो मुसलमानों में बहुत से धर्मगुरु हुए हैं परन्तु इनमें प्रमुख २४ ही माने जाते हैं यथा—आदम, शीश, नूह इब्राहीम, याकूब, इसहाक, यूसुफ, इस्माईल, जकरिया, यहया, यूनुस, दाऊद, अयूब, लूत, सुलेमान, स्वालह, शुएब, ईसा, मूसा, इलयास, हारू, यूसआ, जिलकिल्प, मुहम्मद साहिब ।

४ सोमवार ।

५ देखो 'पीड़ा' (रू.भे.)

उ०—१ संयम सहाय, अल अंतराय । परहरहु पीर, तुरीयाब्धि तीर ।—ऊ.का.

उ०—२ पर पीर विदीरन पीर प्रथा, तुलसी तसबीर कबीर कृपा । सुधि नानक बांनक सी सरसो, दुति दादुदयाळ समो दरसो ।

—ऊ.का.

पीरअजोनी—स०पु० [फा० पीर+सं० अयोनी] महादेव, शिव ।

उ०—हास मधुर कुंडळ हिंडळता, जोग्याभ्यास जजोनी । इण तसबीर रावळी ऊपर, वारूं पीरअजोनी ।

—महाराजा मांनसिंह (जोधपुर)

पीरजादो—सं०पु० [फा० पीर+जादः] (स्त्री० पीरजादी) धर्म-गुरु का लड़का ।

उ०—१ कुतब-गोस अबदाळ सूफी अनै कळंदर, पीरजादा मिळै सांझ परभात । कांन अवरंग रा भरै इक राह कज, बरै नह पड़ै 'जसवंत' छतै बात ।—नरहरदास बारहठ.

उ०—२ मक्कारै पीरजादा, नोसरे साह नूं लिखी तो ने बादसाही न सोभै ।—नी प्र.

पीरजुगादी—सं०पु० [फा० पीर+सं० युग+आदि] महादेव ।

पीरांण—देखो 'प्राण' (रू.भे.)

उ०—तूटो वोम बाट निराताळ सो बिछूटो तारो, केतां छूटो पीरांण आ लखां ताके कूप । कोप रुद्र माळका विहंगनाथ धूटा किना, रुठो गोरां माथै प्रळै काळ को सो रूप ।—गिरवरदांन कवियो

पीरांणो—वि० [फा० पीर+रा०प्र० आंणो] १ पीरों का, पीरों संबंधी ।

उ०—अला मांहि महमद साथै मुलांणा, अला पास दरवेस दीसे पीरांणा ।—पी.प्र.

२ देखो 'परांणो' (रू.भे.)

पीराई—सं०स्त्री० [फा० पीर+रा०प्र०आई] १ पीर होने के भाव ।

२ पीर का चमत्कार, पीर की करामात ।

सं०पु०—३ पीरों के गीत बाजे पर गाने वाले एक प्रकार के मुसलमान ।

पी'रियो—वि० [सं०पितृ+गृह+रा०प्र०इयो] विवाहित स्त्री के मायके का ।

सं०पु०—१ विवाहित स्त्री के पिता के कुटुम्ब या निवास का व्यक्ति ।

२ देखो 'पी'र' (अल्पा ,रू भे.)

रू०भे०—पीवरियो, पीहरियो ।

पीरी—सं०स्त्री० [फा० पीर+रा०प्र०ई] १ पीर होने का भाव ।

२ वृद्धावस्था । ३. शिष्य बनाने का धंधा ।

पीरू—सं०स्त्री० [सं० पीड़ा] पीडा, दर्द ।

उ०—ध्रुव धन सिधायो वचन मारयो ध्यांन धारयो एक ये । तजि पांन नीरू महाधीरू परा पीरू पेख ये ।—करुणासागर

पीरोजियो, पीरोजी—देखो 'फीरोजी' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—१ तरै राठौड़ आसकरण जैतावत देवीदासोत नै दोनूं ही भेळा होय नै पीरोजी २०००० राव रांम नूं दी......... ।

—राव चंद्रसेण री वात

उ०—२ संवत १६४१ मोटै राजा राव सुरतांण सिरोही रो धणी जिण माथै पेसकसी पीरोजी लाख दोय नै घोड़ा १३ ठहराया ।

—बां. दा. ख्यात

पीरोजो—सं०पु०—देखो 'फीरोजो' (रू.भे.) (अ.मा.)

पीरोत—देखो 'पुरोहित'

उ०—टग-टग महलां जी उमादे रांणी ऊतरी जी, जड़िया सजड़ किवाड़ । पहली मनाव महाराज पीरोत पधारिया, भठियांणी रांणी खोल किवाड़ ।—लो.गी.

पी'रो—देखो 'पी'र' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—रांमलै री बहू, राजी-राजी पी'रै सूं गैणा लाय'र भूवा जी, मासी जी अर मांमो जी रो टंटो निवटाय दियो अर सासू री जी सौरो

करायं दियौ।—वरसगांठ

पील–वि० [?] रक्षक, सहायक।

उ०—के तुम किस के मांमले चाहत सुर आया। के तुम किस के पील हो अरजी गुजराया।—ला.रा.

सं०पु० [फा०] १ हाथी।

रू०भे०—पीलु।

२ देखो 'पोयल' (रू.भे.)

उ०—बीघा २००० रेलीजै, काठा गेहूं हुवै। पील घणी कोन्ही।
—नैणसी

पीळखांनौ–सं०पु०यौ० [फा० पील+फा० खांन] हाथियों के बांधने का स्थान, हस्तिशाला।

पीळचोस, पीळचौस, पीळजोत—देखो 'पीलसोज' (रू.भे.)

उ०—१ सेझवट तकिया घणू ऊजळा गरकाब गदरा परां नैरू सूं भरिया थका घणूं ऊजळी गरकाव बिछात कीजै छै, पीलचोसां अठार दांनीग्रां री रुसनाई लागी रही छै, तेज-पुंज आसप आरोगीजै छै।
—रा.सा सं.

उ०—२ तद हरिरांम कह्यौ—'लोक सरव ऊभा ऊठो। तद लोक सरब ऊठि ऊभा हुग्रा। मसाळची पीलचोसां ने गया।
—पलक दरियाव री बात

उ०—३ चारू कांनी घी री पीलजोतां जगमगावती ही। सौरमी चीजां री सौरम सूं कमरा में भभरोळां उठती ही।—फुलवाड़ी

पीळणौ, पीळबौ–क्रि०अ० [?] पीला पड़ना, पीत वर्ण होना, पीला होना।

उ०—पीळांणी घरा ऊखधी पाकी, सरदि काळि एहवो सिरी। कोकिल निसुर प्रसेद ओसकण, सुरति अति मुख जिम सुश्री।
—वेलि

पीलणौ, पीलबौ–क्रि०स० [देशज] १ कठोर और वजनी दो वस्तुओं के बीच में किसी रसदार पदार्थ को डाल कर इस प्रकार दवाना कि उसका रस निकल जाय।

उ०—वेळू घांणी पील-कर कोई तेल कढावै।—केसोदास गाडण

२ मारना, संहार करना।

उ०—मळिया मेछां मांण, पापी चोकस पीलिया। आलम जोरी आंण, आज हुई इळ ऊपरा।—पी.प्रं

३ ध्वस्त करना, नाश करना।

४ तंग करना, परेशान करना।

५ अत्यधिक परिश्रम कराना। ज्यूं०—कांम में पीलणौ।

पीलणहार, हारौ (हारी), पीलणियौ—वि०।

पीलाड़णौ, पीलाड़बौ, पीलाणौ, पीलावौ, पीलावणौ, पीलावबौ
—प्रे०रू०।

पीलिग्रोड़ौ, पीलियोड़ौ, पील्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पीलीजणौ, पीलीजबौ—कर्म वा०।

पीलती–सं०स्त्री०—देखो 'पीळी' (रू.भे.)

उ०—गाय भैंस अर ऊंट, पीड सूं खड़ा खुड़ावै। मारै दूसरौ पसू, पांव में सोई आवै। सीघ्र खंदेहो खोद, पीलती माटी लावै। गोबर रै गुण घाल, ठींगळ घोळ सिजावै। सैंती सैंती पीड ताहो, लपेट लकड़ी लीरड़ा। तीजै दिन वन पयांन करै, त्यांग दुवाई चीरड़ा।
—दसदेव

पीलपांव–सं०पु०यौ० [फा० पील+सं० पाद] श्लीपद नामक एक प्रसिद्ध रोग जिससे पैर फूल कर हाथी के पैर जैसे हो जाते हैं।

पीलपायौ–सं०पु० [फा० पील-पाय] १ चारपाई के पाए के नीचे लगाया जाने वाला सहारा या आधार। (पत्थर काष्टादि)

२ किले आदि की दीवार के साथ या नीचे बनी बहुत मोटी दीवार।

पीलपाळ–सं०पु० [फा० पील+सं० पाल] हाथीवान, महावत।

पीलबांन—देखो 'पीलवांन' (रू.भे.)

पीलरियौ—देखो 'पीलरौ' (अल्पा०, रू भे)

पीलरौ–वि० (स्त्री० पीलरी) १ रक्ताल्पता रोग से पीड़ित, अति दुर्बल।

उ०—तिण इण तू घणौ दुरबळ दीठो, पीलरो दीठो, तरै पीलरो होंण रौ हाल पूछियौ।—नी प्र.

२ पीले रंग का, पीत।

उ०—हे सोना नै सरीसी घण पीलरी ओ राज। राज ढोला राखेनी थारै हिवड़ै रै माय।—लो गी.

अल्पा०—पीलरियौ।

पीलवण–सं०स्त्री० [देशज] एक प्रकार की मोटे तने की लता जो वृक्षों पर चढी रहती है। रंगभेद से सफेद और श्याम दो प्रकार की होती है। (मारवाड़)

रू०भे०—पीलवांण, पीलवांनी।

मह०—पीलवणौ।

पीलवणौ—देखो 'पीलवण' (मह०, रू.भे.)

पीलवांण, पीलवांन–सं०पु० [सं० पीलुवान, फा० फीलवान] महावत।

उ०—१ पीलवांण कूंभाथळां माथै पगां रा अंगूठा चलावै छै, गज-वागां खैंचे छै, घता-घता करै छै।—रा सा सं.

उ०—२ उरं ओद्रकं सास अभ्यास आंणं। वडा जूह पूंतारिया पील-वांणं।—बचनिका

उ०—३ पोसाक ऊंच अनोप, इम पीलवांनह ओप। असवार गज उणवार, पुज देव दुज अणयार।—सू.प्र.

२ देखो 'पीलवण' (रू.भे.)

रू०भे०—पिलवांन, पीलवांन।

पीलवपांनी–स०स्त्री० [फा० पीलवान+ई] १ फीलवान का कार्य, महावत का कार्य।

२ महावत का पद।

३ महावत को मिलने वाला वेतन।
४ देखो 'पीलवण' (रू.भे.)

पीलसोज, पीलसोत-सं०स्त्री० [फा० फतीलसोज] १ पीतल या और किसी धातु की बनी दीयट जिसमें एक अथवा अनेक दीपक ऊपर बने हुए होते हैं। उनमें तेल रखकर बत्तियां जलाई जाती हैं।

उ०—१ दोय बड़ी नोबत, दोय बडी देग रकवाई घड़ियाल, सोनारी पीलसोज, रूपा रा किंवाड़ चितोड़ सूं आंण अकबर अजमेर ख्वाजेजी रै भेंट किया।—बां.दा. ख्यात

उ०—२ भरमल री मा कन्है बैठी दारू पावै छै, पीलसोतां चस रही छै।—कुंवरसो सांखला री वारता

२ साधारण चिरागदान।

रू०भे०—पिलोत, पीलचोस, पीलचौस, पीलजोत, पीलोत।

पीळाग्रक्षत, पीळाग्राखतो, पीळाग्राखा, पीळाचावळ-सं०पु०यौ० [रा० पीळा+सं०अक्षत, तदुल] (ब.व.) मांगलिक अवसरों पर इष्टमित्रों के यहां कुंकुमपत्रिका के स्थान पर केसर या हल्दी में रंग कर भेजे जाने वाले चावल।

उ०—१ इम धसूं गोळ मझि करि करि उरड़, धसत लोपि घड़ मंगळां। उजळा करूं पीळाग्रक्षत, असुर विहूंडे खग उजळां।—सू प्र०

उ०—२ तो पहुंचूं लग नील पताखां, इम उजवाळूं पीळाग्राखां।

उ०—३ अठै आईदांन खड़िया री बेटी परणियौ छै, तिण बाई सूं दोय संदेसा कहिणा छै। तरै म्हारा सासरिया पूछसी राज रै बहू सूं कठारी सेध। तरै थे कहिज्यौ म्हारै पीळाग्राखां री घणी सांमदांन ग्रासियो छै। तिण री भांणेजी छै।—जैतसी ऊदावत री वात

मुहा०—पीळा चावळ देणा—मांगलिक अवसर पर निमंत्रण देना।

रू०भे०—पीलाग्रखतेस।

पीळाड़ी-वि० [?] पापी, दुष्ट।

उ०—पेच मुंदियाड़ पर 'बादरो' पोलाड़ी, कवर रै लिलाड़ी मांय करकै। हारगा बियां सूं हिलै न हिलाड़ी, सिलाही तो विना नांज सिरकै।—ऊमरदांन लाळस

पीलाणो, पीलाबो-क्रि०स० ('पीलणो' क्रिया का प्रे०रू०) १ कठोर और वजनी दो वस्तुओं के बीच में डालकर किसी रसदार पदार्थ का रस निकलाना, कोल्हू में डाल कर पेराना।

२ मरवाना, सहार कराना।

उ०—अबै तो म्हनै घांणी में पीलाय देवैला। मार मारनै फेर मारैला।—फुलवाड़ी

३ परेशान करना, अत्यधिक परिश्रम कराना।

पीलाणहार, हारो (हारी), पीलाणियो—वि०।

पीलायोड़ो—भू०का०कृ०।

पीलाईजणो, पीलाईजबो—कर्म वा०।

पीलावणो, पीलावबो—रू०भे०।

पीलायोड़ो-भू०का०कृ०—१ रसदार पदार्थ का दो वजनी वस्तुओं द्वारा रस निकलाया हुआ, कोल्हू में पेराया हुआ।

२ मरवाया हुआ, संहार कराया हुआ।

३ परेशान करवाया हुआ, अधिक परिश्रम करवाया हुआ।

(स्त्री० पीलायोड़ी)

पीलावणो, पीलावबो—देखो 'पीलाणो, पीलाबो' (रू भे.)

उ०—हार देवतां देवतां ही ई घांणी में पीलावै तो सो बार पीलावै। —फुलवाड़ी

पीलावणहार, हारो (हारी), पीलावणियो—वि०।

पीलाविग्रोड़ो, पीलावियोड़ो, पीलाव्योड़ो—भू०का०कृ०।

पीलावीजणो, पीलावीजबो—कर्म वा०।

पीलावियोड़ो—देखो 'पीलायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पीलावियोड़ी)

पीलिया—देखो 'पीलू' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—कई खाय पीलिया कैंणा, कई जाळ जाळोटिया। मुरधर मलक वणै इण मेवै, बाळ बैंड बोरोटिया।—दसदेव

पीलियोड़ो-भू०का०कृ०—१ कोल्हू में डालकर पेरा हुआ, तेल निकाला हुआ।

२ संहार किया हुआ, मारा हुआ।

३ तंग किया हुआ, परेशान किया हुआ।

(स्त्री० पीलियोड़ी)

पीळियो-वि० [देशज] पीत वर्ण का, पीले रंग का।

सं०पु०—१ रक्त के दूषित होने से होने वाला एक रोग जिससे नेत्र, नाखून और शरीर का रंग पीत वर्ण का हो जाता है, कामला।

२ पीले रंग का बैल।

(स्त्री० पीळी)

रू०भे०—पीळयो।

पीळी-वि० [देशज] पीत वर्ण की, पीले रंग की।

उ०—अेकर एक जूं रिसांणी कर नै आप रै नांनांणै जावती। सोना गैणा सू पीळी जरद व्हियोड़ी।

—फुलवाड़ी

सं०स्त्री०—१ पीतवर्ण की गाय।

उ०—मोडी गोडी दे पसवाड़ा मोड़, तड़छां बातोड़ी घड़छां तन तोड़। पीळी पाछळ पर फिर फिर कर फेरे, धोळी घूमर नै फिर फिर घर घेरे।—ऊ.का.

२ पीले रंग की घोड़ी।

३ एक प्रकार की मिट्टी विशेष जिसका रंग पीला होता है।

रू०भे०—पीळती।

पीळीकणेर-सं०स्त्री०—कनेर वृक्ष का एक भेद जिसके फूल पीले रंग के होते हैं।

पीळीचमेली-सं०स्त्री०यौ० [रा० पीळी+सं० चंपावेललि:] चमेली की जाति की लता विशेष जिसके फूल पीले रंग के होते हैं।

पीळीजूही-सं०स्त्री०यौ० [रा० पीली+सं० यूथिका या यूथी] एक प्रकार की जूही जिसके फूल पीले रंग के होते हैं, सोनजूही।

पीळीमाटी, पीळीमिटी-सं०स्त्री० [राज० पीळी+सं० मृतिका] पीले रंग की मिट्टी, पीली मिट्टी। (ग्रमरत)

पीलु, पीलू-सं०पु० [सं० पीलुः] १ हाथी, हस्ती (डि.को.)

२ तीर, बाण।

३ एक वृक्ष विशेष, इस वृक्ष का फल।

४ एक राग विशेष।

अल्पा०—पीलिया।

पीलूवडौ-सं०पु० [सं० पीलू] वृक्ष विशेष।

उ०—पीपळ पाडळ पींपळी, पीठवनी पदमाख। पारिजात पीलूवडां, पींपरि पस्तां पाख।—मा.कां.प्र.

पीलोत—देखो 'पीलसोज' (रू.भे.)

उ०—ग्रह छिद्र गवाक्षन मीट घणी। तिण दीठिय जोत पीलोत तणी।—पा.प्र.

पीळौ-वि० [देशज] (स्त्री० पीळी) १ वह जो सोने, केसर या हल्दी के रंग का हो, पीत, जर्द, पीला।

उ०—चरणे चामीकर तणा चंदाणणि, सज नूपुर घूघरा सजि। पीळा भमर किया पहराइत, कमळ तणा मकरंद कजि।—वेलि

मुहा०—पीळा हाथ करणा—लड़के या लड़की का विवाह करना।

२ रक्तात्पता के कारण हलका श्वेत हो गया हो, जिसके स्वास्थ्य-सूचक कांति या दीप्ति न हो, कांतिहीन, निस्तेज। (शरीर)

उ०—प्रीतम वीछुड़ियां पछइ, मुई न कहिजइ काइ। चोळी केरे पांन ज्यूं, दिन-दिन पीळी थाइ।—ढो.मा.

क्रि०प्र०—पड़णौ, होणौ।

३ वह जो भय, लज्जा आदि के कारण पीत हो गया हो।

मुहा०—लाल पीळौ होणौ—क्रोध के कारण शरीर का रंग फीका पीत होना, क्रोध करना।

सं०पु०—१ स्त्रियों के ओढने का पीला रंगा हुआ वस्त्र।

उ०—येई म्रो वना सूरज ऊगं जोधाणं सिधाग्रो, पीळो म्हारं कुण जी मोलाय। येई म्रो जच्चा राणी गीगलियो हुलराय, पीळो म्हारा माताजो मोलावसी।—लो.गी.

२ पुत्र जन्मोत्सव पर राजस्थान में गाया जाने वाला मांगलिक लोक गीत।

३ सोने या हल्दी से मिलता जुलता एक प्रकार का रंग।

४ पीले रंग का बैल।

५ रंग विशेष का घोड़ा।

रू०भे०—पीग्रळौ, पीग्रलौ, पीयळौ, पीयलौ।

पीळौधतूरौ-सं०पु० [सं० पीत धुस्तुर] एक प्रकार का धतूरा जिस के पुष्प पीत वर्ण के होते हैं।

पीळोपो-सं०पु०यौ० [राज०पीळौ+सं०पाद=पाय=किरण] उषा-काल, सवेरा, तड़का।

पीळौवादळ-सं० पु० यौ० [रा० पीळौ+सं० वारिद] उषाकाल तड़का। उ०—चांद-किरण मिळ पवन सूं, टीवां करी किलोळ। पीळेवादळ खोज लै, लूम्रां रोळ गिदोळ।—लू

पीळ्यौ—देखो 'पीळियौ' (रू.भे.)

पीव-सं०पु० [सं० प्रिय ?] १ चातक, पीहा। (ग्र०मा०)

२ देखो 'प्रिय' (रू.भे.)

उ०—१ प्रीत कर पाछो न जावै, ये ही वैराग की रीत। कवहूं तो मन होय उदासी, कवहूं गावै गीत। आसक महल अरु इसक झरोखा, चढण अगम की भीत। पल-पल प्रीत करो उण पीव से, लख जो नीत ग्रनीत।—स्री हरिरामजी महाराज

उ०—२ सब ही म्रतक देखिये, किहि विध जीवै जीव। साधु सुधा-रस आणकर, दादू वरसै पीव।—दादूवांणी

उ०—३ झूठै हाकै हुलसता, पीव बधाई दार। जाणौ सिव सांचो कियो, घूमै मैंगळ वार।—वी०स०

पीवड़लौ—देखो 'प्रिय' (अल्पा०, रू.भे.)

२ देखो 'पी'र' (म्रल्पा०, रू.भे)

उ०—पीवड़लै लिख भोजड़ल्यां पठावां, कहो ऐ भेजां संदेस। भोजड़ल्यां वायव हूम नां पतीजां, सदेसे न आवै म्हारो वीर।
—लो.गी.

पीवण, पीवणउ, पीवणौ-वि०—१ पीने वाला।

२ देखो 'पंणौ' (रू.भे.)

उ०—मारवणी मुख ससि तणइ, कसतूरी महकाइ। पासइ पन्नग पीवणउ, विळकुळियउ तिणि ठाइ।—ढो.मा.

रू०भे०—पिवण।

पीवणौ, पीवबौ—देखो 'पीणौ, पीवौ' (रू.भे)

उ०—१ इण पर पड़गी रात अंधारो, पीवण नै घट मैं नहीं पाणी। तिरया पुरसां खांचातांणी प्यासां मरता विलखा प्रांणी।—ऊ.का.

उ०—२ डाबी नै फरूकै देखकर, जळै आंख मम जीवणी। साथियां कठै तूं सीखियो, पीव तमाखू पीवणी।—ऊ.का.

उ०—३ वाही थी गुण वेलड़ी, वाही थी रस वेलि। पीणइ पीवी मारवी, चाल्या सूती मेलि।—ढो मा.

पीवणहार, हारो (हारी), पीवणियो—वि०।

पीविग्रोड़ो, पीवियोड़ो, पीव्योड़ो—भू०का०कृ०।

पीवीजणौ, पीवीजबौ—कर्म० वा०।

पीवर-सं०पु० [सं०] १ बड़ा, स्थूल, मोटा।

उ०—१ उनमत पीवर ग्रतिघन, स्तन मध्य मुकलित माल। सखी मास काती दहत छाती, माळ सो भई झाल।—वि.कु.

उ०—२ लाडो लाखीणीं, प्यारा घूंघाती। पीवर ऊधारी पारां पय पाती। माखा खीणां मइ एवड़ ले म्राता। घाया घीणा रा गोधन रा घाता।—ऊ.का.

२ देखो 'पी'र' (रू.भे.)

उ०—घरा मुढलें पीव पिलंगा, दोय जणां बात करें मते ए उपावें, आवो प्यारी घरा मते ए बैठां, करां ए नचींतड़ी बात। हम न करस्यां सायब थे ही करस्यो, म्हारो पीवर दूर।—लो.गी.

पीवरियो—देखो 'पी'र' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—भंवरजी पीवरिये रे मांय, थरपूं देवळो, हूं आवती नें जावती थानें धोक सूं। भंवरजी एक अरज म्हारी हेलो सांभळो।—लो.गी.

२ देखो 'पी'रियो' (रू.भे.)

उ०—आयो आयो ए मां पीवरिया रो ए काग, वो झपके लंग्यो मां मांडियो जे। भागी-दोड़ी मा कागलिये री ए लार, कांटो लाग्यो मा केर को जे।—लो.गी.

पीवल—१ देखो 'पीयल' (रू.भे.)

उ०—बरसाळा कंवळा खेत, बाजरी घणी हुवें, ऊनाळी पीवल सेंवज घणो।—नैणसी

२ देखो 'प्रिय' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—कै है रे थारें सासू सावकी, ए पणिहारी ए लो। कै है थारो पीवरियो परदेस बाला जी हे लो।—लो.गी.

पीसण, पीसणू, पीसणो—सं०पु० [सं० पेषणं] १ पीसने की क्रिया या भाव. २ पीसा जाने वाला पदार्थ. ३ पीसाई करने का उद्योग, धंधा।

पीसणो, पीसबो—क्रि०स० [सं० पेषण] १ सूखे या ठोस पदार्थ को दबाव या रगड़ के द्वारा महीनतम चूर्ण के रूप में करना, किसी वस्तु को आटे के रूप में करना।

उ०—१ गुण-पाखर पूरब गयो, नभ औ घसतें सीस। आटो करे उड़ावियां, जेण पठाणां पीस—बां.दा.

उ०—२ पीस-पीस पीसणो हाथ घस गया हाथां सूं।—ऊ का.

२ शिला पर रख कर किसी पदार्थ को पत्थर से महीनतम बांटना, चटनी रूप करना।

३ बहुत अधिक परिश्रम करना, कठोर परिश्रम करना।

किसी को बुरी तरह से कुचलना, किसी से कठोरतापूर्वक कार्य कराना।

५ शोषण करना।

पीसणहार, हारो (हारी), पीसणियो—वि०।

पीसाड़णो, पीसाड़बो, पीसाणो, पीसाबो, पीसावणो, पीसावबो —प्रे०रू०।

पीसिओड़ो, पीसियोड़ो, पीस्योड़ो—भू०का०कृ०।

पीसीजणो, पीसीजबो—कर्म वा०।

पिसणो, पिसबो—अक०रू०।

पीसाई—देखो 'पिसाई' (रू.भे.)

पीसाड़णो, पीसाड़बो—देखो 'पीसाणो, पीसाबो' (रू.भे.)

पीसाड़णहार, हारो (हारी), पीसाड़णियो—वि०।

पीसाड़िओड़ो, पीसाड़ियोड़ो, पीसाड़्योड़ो—भू०का०कृ०।

पीसाड़ीजणो, पीसाड़ीजबो—कर्म वा०।

पीसाड़ियोड़ो—देखो 'पीसायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पीसाड़ियोड़ी)

पीसाणो, पीसाबो—क्रि०स० ('पीसणो' क्रिया का प्रे रू.) १ सूखे या ठोस पदार्थ को दबाव या रगड़ के द्वारा महीनतम चूर्ण के रूप में कराना, आटे के रूप में कराना।

२ शिला पर किसी पदार्थ को महीनतम बंटवाना, चटनी रूप कराना।

३ बहुत अधिक परिश्रम कराना, कठोर परिश्रम कराना।

४ बुरी तरह से कुचलाना, कठोरतापूर्वक कार्य करवाना।

५ शोषण कराना।

पीसाणहार, हारो (हारी), पीसाणियो—वि०।

पीसायोड़ो—भू०का०कृ०।

पीसाईजणो, पीसाईजबो—कर्म वा०।

पिसणो, पिसबो—अक० रू०।

पीसाड़णो, पीसाड़बो, पीसावणो, पीसावबो—रू०भे०।

पीसायोड़ो—भू०का०कृ०—१ दबाव या रगड़ के द्वारा महीनतम-चूर्ण रूप में कराया हुआ, आटे के रूप कराया हुआ।

२ महीनतम बंटवाया हुआ, चटनी रूप कराया हुआ।

३ अत्यधिक परिश्रम करवाया हुआ, कठोर परिश्रम करवाया हुआ।

४ कुचलाया हुआ, कठोरतापूर्वक कार्य करवाया हुआ।

५ शोषण करवाया हुआ।

(स्त्री० पीसायोड़ी)

पीसावणो, पीसावबो—देखो 'पीसाणो, पीसाबो' (रू.भे.)

पीसावणहार, हारो (हारी), पीसावणियो—वि०।

पीसाविओड़ो, पीसावियोड़ो, पीसाव्योड़ो—भू०का०कृ०।

पीसावीजणो, पीसावीजबो—कर्म वा०।

पीसावियोड़ो—देखो 'पीसायोड़ो (रू.भे.)

(स्त्री० पीसावियोड़ी)

पीसू—देखो 'पिसू' (रू.भे.)

पीसो—देखो 'पईसो' (रू भे.)

पीसोड़ो—देखो 'पीसियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पीसोड़ी)

पीसोधरी—सं०पु० [स० पिश=पापयुक्त+धारिन्] राक्षस, असुर।

उ०—आगम संपेखे अंगद, माया विसतारे। पीसोधर अरि फेरि पूठि, सिल सभा सझारे।—सू प्र.

पीसोर—सं०पु०—पेशावर।

उ०—तानासाह मास ९ दिन १२ गढ़ में लड़ियो। पण गढ़ छूटो नहीं। तद दीवांण हस्त खां रो बेटो जिलफिकार खां पीसोर फौज लाख दोय सूं लड़तो हो सू इण नू बादसाहजी........जलदी आमो। —द.दा.

पीह, पीहर—देखो 'पी'र' (रू.भे.)

उ०—१ ताहरां भा, चांनण सांगमरावजी नूं कहियौ—'जु राज। चढ़ीजै नहीं। घोडीरौ वेम हू ले आईस। ताहरां भा, चांनण पीहर गई। जाय नै भाई विसनदास पासा बछेरौ मांगियौ।—नैणसी

उ०—२ पीहर पतळारा, सैणां रा प्यारा, तारक तूटां रा नैणां रा तारा। सीरौ सिटियां रा सूल्हांरा सारा, भीड़ी भूखां रा फूलां रा भारा।—ऊ.का.

उ०—३ पित-मात बांधव गोत्र पीहर, पांण मांण पराक्रमं।
—पी.ग्रं.

उ०—४ जाया माजी रात जिस, पीहर हुग्रो प्रवीत। ग्रायां सुसरा ग्रांगणं, निरमळ फैनी नीत।—बां.दा.

पीहरड़ौ—देखो 'पी'र' (ग्रल्पा०, रू.भे.)

पीहरियौ—१ देखो 'पो'रियौ' (रू.भे.)

२ देखो 'पी'र' (ग्रल्पा., रू.भे.)

उ०—चालो-चालो नगीने रे देस म्हारी सुंदर गोरी रे। थांरो पीहरियौ म्हांरो सासरो हो राज।—लो.गी.

पीहरौ—देखो 'पी'र' (ग्रल्पा०, रू.भे.)

पीहाई—देखो 'पिसाई' (रू.भे.)

पीहू-सं०स्त्री०—पपीहे के बोलने की ग्रावाज।

पुंख, पुंखौ-सं०पु० [सं० पुङ्ख] तीर का वह भाग जहां उसमें पर लगे रहते हैं।

उ०—जितरै दूसरौ तीर फेर मारियौ सो सर पुंखा समेत गरक हुवौ।
—ठाकुर जैतसी री वारता

२ देखो 'पूंख' (रू.भे.)

पुंग—देखो 'पूग' (रू.भे) (ग्र.मा.)

पुंगरण—देखो 'पंगरण' (रू.भे.)

उ०—पुंगरण जान सेन है साखति, ग्रणवर 'गोयंद' किसन ग्रगाह। रवद्द तणी घड़ सांम्हो 'रतनो', मिळियौ मोड़ बंधे रिण मांह।—दूदौ

पुंगळ—देखो 'पूंगळ' (रू.भे.)

पुंगव-वि० [सं०] कुशल, श्रेष्ठ।

उ०—धर्क परसधर चक्रधर, पाळौ जिण निज पैज। सो सूरां सिर सेहरौ, नर-पुंगव सुरनैज।—बां.दा.

पुंगी—देखो 'पूंगी' (रू.भे.)

उ०—विरदां पुंगी रागवस, मांनै मत्र स-मोद। ग्रथी सिर धाका पड़ै, जटपख ताखा जोध।—कविराजा करणीदांन

पुंगीफळ—देखो 'पूंगीफळ' (रू.भे)

पुंचाळौ—देखो 'पूंचाळौ' (रू.भे.)

उ०—काका खेमकरण, 'सहस' 'ग्रजवेस' संघाळा। भड़े पांच भाग्रीज, पड़े वेटा पुंचाळा।
—कल्याणसिंह नगराजोत वाढेल री वात

पुंचिका—देखो 'पुणची' (रू.भे.)

उ०—जुहारं मिणी पुंचिका हाथ जोपै, ग्रघ पंकजं मंडळं भ्रंग वोपै, कळी चंप की ग्रांगळी सोभ कीनै, नसं उज्जळं चंद्र सोभा नवीनै।
—बगसीरांम प्रोहित री वात

पुंची—देखो 'पुणची' (रू.भे.)

पुंचीयौ—१ देखो 'पुणची' (ग्रल्पा०, रू.भे.)

उ०—१ गजरा नवग्रही पूंचिया ए प्रोंचा कै विसै। ग्रापणी-ग्रापणी ठोड़। विधि-विधि सों बणाया छै।—वेलि टी.

२ देखो 'पुणचौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

पुंछ—देखो 'पूंछ' (रू.भे.)

पुंछाळ, पुंछाळौ-वि० [सं० पुच्छ+ग्रालुच्] १ पूंछ वाला।

२ पीछे लगने वाला, खुशामदी, ग्राश्रित, पिछलग्गु।

सं०पु०—घोड़ा (डि.नां.मा.)

पुंज-सं०पु० [सं० पृषो०] समूह, ढेर, राशि।

उ०—१ ना बूंदी ना दीद, चाव ना चूरमं घेवर। पीलूड़ा रस पुंज, जाळ रा मीठा जेवर।—दसदेव

उ०—२ स्वकीय सदन ग्राय प्रभात ही सो पुरट पुंज जाचकां नै लुटाय ग्रपूरब जस लीधो।—वं.भा.

रू०भे०—पूंज।

पुंजी—देखो 'पूंजी' (रू.भे.)

उ०—सजि व्यापार तुं पुंजी सारू, ग्रटकलि ठांम देह उधारू। रखे वधारे रिण नै रोग, लखण लीजै ज्यूं हसै न लोग।
—घ.व.ग्रं.

पुंठ—देखो 'पूठ' (रू.भे.)

पुंड-सं०पु० [सं० पुण्ड्रः] १ केसर, चंदन ग्रादि का मस्तक पर बनाया गया तिलक या चिन्ह।

यौ०—त्रिपुंड, उर्ध्वपुंड।

२ सफेद कमल।

पुंडग-सं०पु० [?] बूंद। उ०—सिर जावौ सहनांक, नाक न जावै पख। पांणी पुंडग न जावज्यो, लोही जावौ लख।
—कुंवरसी सांखला री वारता

पुंडर—१ देखो 'पुंड' (रू.भे.)

२ देखो 'पांडुर' (रू.भे.) (नां.मा.)

पुंडरिकणी-सं०पु० [ ] १ श्वेत कमलिनी।

२ एक नगर का नाम। उ०—मध्य विदेह विजय पुस्प कलावती, नयरी पुंडरिकणी सार सलूणा। तिहां विचरइ भविजन मन मोहता सत्य की मातु मल्हार सलूणा।—वि.कु.

पुंडरी-वि० [सं० पाण्डरीक] श्वेत, सफेद। उ०—घर नीली घण पुंडरी, घरि गहगहइ गमार। मारू देस सुहामणउ, सांवणि सांझी वार।—ढो.मा.

पुंडरीक-सं०पु० [सं०] १ कमल, श्वेत कमल।

उ०—पांणी सांथि पुंडरीक, केतूं करइ परांण। मित्त पखइ मरवूं तथा, जांणइ जे को जांण।—मा.कां.प्र.

२ रघुवंश का एक राजा (नभ का पुत्र)

उ०—पुंडरीक नभ पादि विरदपति, सुज पुत्र खेम धन्व वायक सति। देवानीक तास पुत्र दीपत, सुर दातार अनीक तास सुत।—सू प्र.

३ यवन, मुसलमान। उ०—१ पुळिया पुंडरीक सुपह संचरिया, वागी हाक न कोय वळै। बालाचद ऊठ अतुळीबळ, भोजराज गढ तूफ मळै।—भोजराज रूपावत रो गीत

४ बादशाह। उ०—मानतौ जत्र न मंत्र नह मांनतौ, वैण नह मांनतौ मंडतौ वीक। गुरड़ जिम 'आसकरण' तणौ गाबड़ ग्रहे, पिटारै घालियौ पनंग पुंडरीक।—दुरगादास राठौड़ रो गीत

४ जैनियों के एक गणधर का नाम। उ०—पुंडरीक गणधर तणी, प्रतिमा अति आणदि मोरा लाल। हां रे मोरा लाल सहसकूट अस्टापदे, प्रमुख बहु जिन वांदि।—वि कु.

५ सिंह (अ.मा.)

६ श्वेत वर्ण।

७ सफेद रग।

८ सफेद रग का हाथी।

९ सफेद रंग का सांप।

१० एक प्रकार का बाज पक्षी।

११ एक नाग का नाम।

१२ क्रौंच द्वीप का एक पर्वत।

१३ आकाश।

१४ तिलक।

१५ हाथी का ज्वर।

१६ अग्निकोण के दिग्गज का नाम।

१७ श्वेत कुष्ट (अमरत)

पुंडरीकस, पुडरीकाक्ष, पुंडरीकाख, पुंडरीकास-सं०पु० [सं० पुंडरीकाक्ष] कमल-नयन श्रीकृष्ण, विष्णु, ईश्वर।

उ०—जब बलिभद्रजी आई उलाहणौ दियौ। तब क्रस्णजी लजाय कै नीचौ द्रस्टि करी। पुंडरीकाख खहतां कंवळ नयण प्रसन्न हुआ। —वेलि टी.

पुंडरीकासण-सं०पु० [सं० पुंडरीकासन] ब्रह्मा (गजमोख)

पुंड्र-वि० [सं०] १ श्वेत, सफेद। उ०—जेहरि घूघर माळ पगां झुणकं जियां। कुजै बारिज पुंड्र बचा कलहंसिया।—बां.दा

सं०पु०—१ एक देश का नाम।

२ एक वृक्ष का नाम।

३ बलि के पुत्र एक दैत्य का नाम जिसके नाम पर देश का नाम पड़ा।

४ चदन या केशर से अंकित ललाट पर तिलक।

५ कमल।

६ श्वेत कमल।

रू०भे०—पुंडर।

पुंण—देखो 'पूंण' (रू.भे.)

उ०—पुंण पहुर पडिलेहण करीनइ, मातरा पडिलेह ए। जल घड़ा लोटी बाटका, पडिलेहवा वलि तेह ए।—स.कु.

पुंणच, पुंणछ-सं०स्त्री०—१ हरिसा और हल के जोड़ पर मजबूती के लिए तिरछा लगा हुआ काष्ठ का छोटा सा डण्डा।

२ देखो 'पंणच' (रू.भे.)

रू०भे०—पुणछ।

पुंतार-सं०पु० [देशज] हाथी का शिक्षक।

उ०— करणीकार, रसकार, क्षीरकार, सस्यकार, वस्त्रकार, विभूसणकार, पुंतार, अस्व-सिक्षाकार, रथकार, साव्यकार।—व.स.

रू०भे०—पउंतर, पोतार।

पुंन्नाग-सं०पु० [सं० पन्नाग] १ सर्प, सांप।

उ०—मणिधर मोटा देखीइ, पंखाला पुंन्नाग। सात फणइ पो सहिस गल, बिमणी-बिमणी वाग।—मा.कां.प्र.

[सं० पुन्नाग] २ श्वेत हाथी।

३ श्वेत कमल।

४ नागकेशर का वृक्ष या नागकेशर।

पुंन्यु—देखो 'पूरणिमा' (रू.भे.)

उ०—फिरि जिनुका जसका प्रकास, मनूं हंस का सा विलास। किधुं हरजू का हास किधुं, सरद पुंन्युं का सा उजास।—रा.सा.सं.

पुंलिग—देखो 'पुल्लिग' (रू.भे.)

पुंवार—देखो 'परमार' (रू.भे.)

पुंस-सं०पु० [सं० पुंस्] पुरुष, नर। उ०—परम अंस रवि वंस, अवर दुरवंस अभायौ। हंस वंस अवतंस, पुंस परताप सवायौ।—रा.रू.

पुंसचळी-सं०स्त्री० [सं० पुंश्चली] १ व्यभिचारिणी, कुलटा स्त्री (अ.मा.)

२ वेश्या, गनिका (अ.मा.)

रू०भे०—पुंसळी।

पुंसत्व-वि० [सं० पुंशत्व] १ पुरुषार्थ, बल।

२ सत्य।

पुंसरस-सं०पु० [सं०] दूध (अ मा.)

पुंसळी—देखो 'पुंसचळी' (रू.भे.)

पुंसवन-सं०पु० [सं०] गर्भाधान से तीसरे महीने में किया जाने वाला सोलह सस्कारों में से दूसरा सस्कार।

पुंहुच—देखो 'पहुंच' (रू.भे.)

पुंहचणो, पुंहचबो—देखो 'पहुंचणो, पहुंचबो' (रू.भे.)

उ०—सोहती मन मोहती, पुंहचउ सदल सुरंग। अंगुली मूंगनी फळी, समस्त तीखा नख सुरंगा।—रुकमणी मगळ

पुंहचणहार, हारौ (हारी), पुंहचणियौ—वि०।

पुंहचिओड़ौ, पुंहचियोड़ौ, पुंहच्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पुंहचीजणौ, पुंहचीजबौ—भाव वा०।

पुंहचियोड़ौ—देखो 'पहुंचियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पुंहचियोड़ी)

पुंहचौ—देखो 'पुणचौ' (रू.भे.)
उ०—इण भांत रौ तिजारौ सू गोरौ मूंवरिया पुंहचांसू दूजण साह्यां कटोरा में भलौ जुवांन मचकावं छं।—रा.सा.सं.

पुंहत—देखो 'पहुच' (रू.भे.)

पुंहतणौ, पुंहतबौ—देखो 'पहुंचणौ, पहुंचबौ' (रू.भे.)
उ०—ताहरां बूड़ंजी नूं रीस आई। ताहरा बूड़ंजी चढिया सो खीची नूं जाय पुंहता। ताहरां बूड़ंजी कह्यौ—'रे खीची! पावू नं मार कठं हालियौ?—नैणसी
पुंहतणहार, हारौ (हारी), पुंहतणियौ—वि०।
पुंहतिग्रोड़ौ, पुंहतियोड़ौ, पुंहत्योड़ौ—भू०का०कृ०।
पुंहतीजणौ, पुंहतीजबौ—भाव वा०।

पुंहतियोड़ौ—देखो 'पहुचियोड़ौ' (रू भे.)
(स्त्री० पुंहतियोड़ी')

पुंहरी—देखो 'पांभड़ी, पांभरी' (रू भे)
उ०—पुंहरी रा छेह ढळकतां पासइ, लाज करे अंजळउ लीयउ। कोरज वळ पहरि रायकुंवरी, कुंकम तिलक निलाट कीयउ।
—महादेव पारवती री वेलि

पुम्राल—देखो 'पूळौ' (मह०, रू.भे.)

पुम्रोहर—देखो 'पयोधर' (रू.भे.)
उ०—उन्नत पीन पुम्रोहर नारि, कठि निगोदर उरवरि हार। इसी नारि घरि हुइ दुइ चारि, अउर किसूं छइ सरगह बारि।
—लो.गी.

पुम्रो—सं०पु० [सं० पूप]
रू०भे०—पूम्रो।

पुकरमूळ—देखो 'पुस्करमूळ' (रू.भे.)

पुकर—देखो 'पुस्कर' (रू.भे)

पुकार—स०स्त्री० [प्रकुश] १ बचाव या मदद के लिए की गई आवाज।
उ०—१ अजामेळ जमदळ भगा, विछटयो बिखमी बार। कीधी नारायण कहै, पुत्तर हेत पुकार।—ह.र.
उ०—२ समं कुसमं सुर सारत सार, पुकारत आरत वंत पुकार। सुखी करिये अति आप समांन, दुखी सरणागत ऊमरदांन।
—ऊ.का.
२ किसी के द्वारा पहुचे हुए दुख के प्रतिकार में की गई चिल्लाहट, फरियाद। उ०—तिणरे लाख वळद तिणसूं लखी वालदियौ बाजतौ। ते लूंण लेवा मारवाड़ आवतौ। जद जाटां रा खेत भेलै। जद जाटां विजयसिहजी कनं पुकार की।—भि.द्र.
३ आवश्यकीय पदार्थ के लिए की गई मांग, गहरी मांग।
ज्यूं—जठै जाम्रो उठै सकर सकर री ही पुकार है।
क्रि०प्र०—करणी, होणी।
४ किसी का नाम लेकर ऊंचे स्वर से बुलाने की क्रिया या भाव। अपनी ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी के प्रति ऊचे स्वर से आवाज।
क्रि०प्र०—करणी, देणी, मचणी, मचाणी, होणी।
रू०भे०—पूकार, पोकार, पोकारु, पौकार।

पुकारणौ, पुकारबौ—क्रि०म० [स० प्रकुश] दुखी होकर छुटकारे के लिए आवाज करना, रक्षा के लिए चिल्लाना।
उ०—१ अदालतां सूं होय आगती, पिरजा रोय पुकारी रे। सूंक दुकांना मंडी सरासर, घोळं दिवस अंधारी रे।—ऊ.का.
उ०—२ समं कुसमं सुर सारत सार, पुकारत आरत वंत पुकार। सुखी करिये अति आप समांन, दुखी सरणागत ऊमरदांन।
—ऊ.का.
उ०—३ ब्रह्मादिक तणउ हुम्रौ दईतां वर, अति गति मांडी तियां अनंत। इंद्र री सभा इंद रह आगळ, कितरा देव पुकार करत।
—महादेव पारवती री वेलि
२ घोषणा करना, ध्यानाकर्षण हेतु कोई बात जोर से कहना।
उ०—सुति समाचार को सार पुकार सुणायौ, धरमी सुख धार अधरमी सीस धुणायौ।—ऊ.का.
३ शिकायत करना। उ०—भीखणजी उठं अमकड़िये गांमें काचौ पांणी लीधौ, अमकड़िये गांम कंवाड़ जड़नं सूता, अमकड़िये नित्य पिंड लीधौ, इत्यादिक अनेक दोस पांनां सूं वांचवा लागौ। जद सेठजी बोल्या—जोधपुर जावौ। राजा कनं पुकारौ।—भि.द्र.
४ नाम रटना, धुन लगाना। उ०—वावहिया डूंगर दहण, छौंडि हमारउ गांम। सारी रात पुकारियउ, लइ-लइ प्रिय कउ नांम।
—ढो.मा.
५ फरियाद करना।
पुकारणहार, हारौ (हारी), पुकारणियौ—वि०।
पुकारिम्रोडौ, पुकारियोड़ौ, पुकारयोडौ—भू०का०कृ०।
पुकारीजणौ, पुकारीजबौ—कर्म वा०।
पोकारणौ, पोकारबौ—रू०भे०।

पुकारू—वि०—पुकार करने वाला, फरियादी। उ०—खांन आजम मांहे हुतौ सु जाहरां वेरियौ ताहरां पातिसाह कन्है पुकारू आया खांन आजम रा मेल्हिया हुता।—द वि.

पुक्कर—देखो 'पुस्कर' (रू.भे)
उ०—खीरकंद मिस्रित हित खती, भोजन अवर दियै वह भंती। जुगत अरध भक्ष त्रिखा जतावं, अधर भेन पुक्कर अंचवावं।—सू.प्र.

पुक्कळ—सं०पु०—एक सूर्यवंशी राजा का नाम (पुराणों में पुक्कल नाम के स्थान पर किन्नर नाम मिलता है)।
उ०—पुत्र सुनिखत्र नृप रं नृप पुक्कळ, सुन जे अतरीख दळ सब्बळ। कहि सुतपा जिण सुत व्रद कोटिक, अमिंत्रजीत तेण सुत नृप इक।
—सू.प्र.

पुक्खर-वि० [सं० प्रखर] १ तीक्ष्ण, धारदार, पैना।
२ देखो 'पुस्कर' (रू.भे.)

पुक्खरवरत—देखो 'पुस्करवरत' (रू.भे.)
उ०—काळो दधि नैं पैले पार ए, धीरट्यज जूड़ी जेम विचार ए। सोलै लख जोयण विस्तार ए, दीप पुक्खरवर अति सुखकार ए।
—ध.व.ग्रं.

पुक्ष-सं०पु० [सं०] १ पुस्य नामक राजा जो हिरण्यनाभ का पुत्र था।
उ०—पुक्ष संभ्रम ध्रुवसंधि प्रथीपति, सुत सुदरसण उदारह दति सति। अगन वरण जे सुत आचारी, सीघ्र नृपति जिण सुत सति धारी।—सू.प्र.
३ देखो 'पुस्य' (रू.भे.) (अ.मा., नां.मा.)

पुख—देखो 'पुस्य' (रू.भे.)
उ०—१ धज्जनाभ सुत सुगण धरम वप, ते सुत विध्रत नरेस उग्र तप। सुत जय हरिणनाभ सुभियांणे, पुख नृप जे सुत इंद्र प्रमांणे।
—सू.प्र.
उ०—२ करि चक्र पूज हेत अधिकारै, धरपति कनकथाळ मभि धारै। उर नंदनंद प्रदुमन आराधे, साधन एह नखित्र पुख साधे।
—सू.प्र.

पुखणौ, पुखबौ-क्रि०स० [सं० पुष्प] १ पुष्पों की माला बनाना।
२ देखो 'पोखणौ, पोखबौ' (रू.भे.)
पुखणहार, हारौ (हारी), पुखणियौ—वि०।
पुखिग्रोड़ौ, पुखियोड़ौ, पुख्योड़ौ—भू०का०कृ०।
पुखीजणौ, पुखीजबौ—कर्म वा०।

पुखत—देखो 'पुख्त' (रू.भे.)
उ०—१ प्राणी तूं डूबौ पुखत, मोह नदी रे मांहि। देव नदी में डूबियौ, नख पग हुंदौ नांहि।—बां दा.
उ०—२ प्रांण गांठ जेते पुखत, इण तन मांझल एह। बयावर तेते नांम कर, धांम गांठ मत देह।—बां.दा.
उ०—३ मेर मरजाद रणजीत आखाड़मल, खेर दीधा इसण जबर खेटै। पुखत गुरगम मिळी सेन पण पांकियौ, भरतपुर फेर नह उसर भेटै।—कविराजा बांकीदास

पुखताई-सं०स्त्री० [फा० पुख+रा. प्र. आई] १ गम्भीरता, गांभीर्य।
२ वृद्धावस्था।
रू०भे०—पुगताई।

पुखतापण, पुखतापणौ, पुखतापौ-सं०पु० [फा० पुख्तः+रा. प्र. ण, णौ, पौ] १ वृद्धा अवस्था, बुढापा। उ०—भायां सूं खेटा किया, साळां खाधौ धन्न। पुखतापै पछितावियौ, हुई सो जांणै मन्न।
—अज्ञात
२ दृढ़ता, मजबूती।
३ पक्कापन, स्थिरता।
रू०भे०—पुगतापणौ।

पुखतौ—देखो 'पुख्तौ' (रू.भे.)
उ०—तरै मोकलजी कह्यौ—राजि हकीकत सुणी होज हुसी। पातसाह रौ कागद नैं लकड़ी एक मेली छै नैं गोढ दिसा पुह्यायौ छै, सो राजि बडेरा पुखता छौ, घणी दीठी छै, तिणसूं म्हांनै.तौ गोढ़ री खबर नहीं।—राव रिणमल री बात

पुखमास—देखो 'पुस्यमास' (रू.भे.)

पुखर—देखो 'पुस्कर' (रू.भे.)

पुखराण-सं०पु० [सं० पक्षिराट] पक्षिराज। उ०—गुटकांण सिदांण विमांण तणी गत। नाव तिरांण देधांण नणैं। पुखराण वेगांण प्रमांण पराचक। वात वसै विहगांण भणैं।—किसनौ दधवाड़ियौ

पुखराज-सं०पु० [सं० पुष्पराग] एक प्रकार का बहुमूल्य पीले रंग का रत्न या पत्थर। उ०—कलरंग घाट कुमाच, पन्नास नीलम पाच। संग रंग ठंग सुढाल, पुखराज अन्य प्रवाळ।—सू.प्र.

पुखराजी-वि० [सं० पुष्पराट+रा.प्र. ई] पुखराज का बना, पुखराज का। उ०—मोतियां री लड़ां रा पेच उघटि रह्या छै। पुखराजी प्याला सूं अैराक चाक पीवै छै।—पनां वीरम दे री वात

पुखलावती-सं०स्त्री० [सं० पुष्कलावती] पुष्कलावती नामक नगरी।
उ०—पुरी 'पुखलावती' विजय कही, पुंडरिकणी नांमे नगरी लही। तिहां जिनजी उतपति पांमी, सुमरो स्रीसीमंधर स्वांमी।
—जयवांणी

पुखसनांन—देखो 'पुस्यस्नान' (रू.भे.)

पुखा-सं०पु० [सं० पूषन] सूर्य (अ.मा., नां.मा.)

पुखि—देखो 'पुस्यनक्षत्र' (रू.भे.)

पुखीख, पुखेक-सं०पु० [सं० पुष्प+इषु+स्वार्थिक] कामदेव (अ.मा.)

पुख्त, पुख्ता, पुख्तौ-वि० [फा० पुख्तः] १ वृद्ध, बुजुर्ग, बूढा।
२ पक्का, दृढ, मजबूत। उ०—१ बाप रा हिवड़ा सूं बेटा रै वास्तै वा प्रेम री आह ही के तावतप री कराह-पुख्ता तौर माथै सुभट कीं कह्यो नीं जा सकै।—फुलवाड़ी
उ०—२ छिण पैलां ई आपरै इण मरण री पुख्तौ सनेसौ नीं मिळै। मौत रौ औ अंधारखातौ अबै घणा दिन नीं चालैला, आ बात आपनै साफ कैदूं।—फुलवाड़ी
३ पूर्ण, पूरा।
रू०भे०—पुखता, पुखतौ, पुगता, पुगतौ।

पुख्यारक—देखो 'पुस्यारक' (रू.भे)
उ०—कांतिधर सेठ एक नवौ मिंदर बरणावै सो पुस्य नक्षत्र रविवार नूं वैरौ नींव लगाई। पुस्य नक्षत्र नूं ही वैरौ कारज होवै। वीं मिंदर मांही सुंदर भींत सुवरण मई, अर खंभा रतनजटित, तोरण दरीखांना, दरवाजा, महराबदार महल, कोटड़ी, जाळी बारी, सिखर-कळस, ध्वजा-पताका, बंदरवार, चंदवा, पड़दा, रथमाळा, गजमाळा, अस्वमाळा सै परम सुंदर निरमांण कराया। फेर पुख्यारक मांही नीं

मांही प्रवेस कियौ ।—सिंघासण बत्तीसी

पुगड़ौ—देखो 'पगड़ौ' (रू.भे.)

उ०—पाट-हसत पुगड़े पटहोड़ा, पेस करे आय कियौ परणांम । साझै गढ गिरनार 'कला' सुत, जेर किया वे मारू जांम ।—द.दा.

पुगताई—देखो 'पुखताई' (रू.भे.)

पुगतापण-सं०पु० [फा० पुख्त:+रा. प्र. पण] वृद्धावस्था ।

उ०—कर कंपै लोयण झरै, मुख ललरावे जीह । मावड़िया जुध में मिळै, पुगतापण रा दीह ।—बां.दा.

पुगतौ—देखो 'पुख्तौ' (रू भे.)

उ०—कहै दास सगरांम, हमैं तूं हुम्रौ पुगतौ । किया मोकळा कांम, राख खाविंद सूं नुकतौ ।—सगरांमदास

पुगाड़णौ, पुगाड़बौ—देखो 'पहुचाणौ, पहुंचाबौ' ।

पुगाड़णहार, हारौ (हारी), पुगाडणियौ—वि० ।

पुगाड़िम्रोड़ौ, पुगाड़ियोड़ौ, पुगाड़योड़ौ—भू०का०कृ० ।

पुगाड़ीजणौ, पुगाड़ीजबौ—कर्म वा० ।

पुगाड़ियोड़ौ—देखो 'पहुंचायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पुगाड़ियोड़ी)

पुगाणौ, पुगाबौ—देखो 'पहुंचाणौ, पहुंचाबौ' ।

पुगाणहार, हारौ (हारी), पुगाणियौ—वि० ।

पुगायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

पुगाईजणौ, पुगाईजबौ—कर्म वा० ।

पूगणौ, पूगबौ—अक० रू० ।

पुगाड़णौ, पुगाड़बौ, पुगावणौ, पुगावबौ—रू०भे० ।

पुगायोड़ौ—देखो 'पहुंचायोड़ौ' ।

(स्त्री० पुगायोड़ी' (रू.भे.)

पुगावण-वि० [?] पहुंचाने वाला । उ०—आगे कनखळ सैल हिमाळै उतरी धरणी । सागर-पूतां सरग पुगावण गंगा सरणी । मोह चढंतां अंब हंसण मिस झाग उडाती । करां तरंगां चद जटाहर हाथ जुळाती ।—मेघ.

पुगावणौ, पुगावबौ—देखो 'पहुचाणौ, पहुंचाबौ' ।

उ०—१ म्हारै थकां आपरी बारी नीं आवै । औ भार ऊंचायनै म्हैं आपनै ठेट आपरै घरै पुगावूंला ।—फुलवाड़ी

उ०—१ कबूड़ो अर हिरण दोनुं राजकंवर नै मारग तांई पुगावण नै आया —फुलवाड़

पुगावणहार, हारौ (हारी), पुगावणियौ—वि० ।

पुगाविम्रोड़ौ, पुगावियोड़ौ, पुगाव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

पुगावीजणौ, पुगावीजबौ—कर्म वा० ।

पुगावियोड़ौ—देखो 'पहुंचायोड़ौ' ।

(स्त्री० पुगावियोड़ी)

पुग्गळ, पुग्गल—१ देखो 'पुदगळ' (रू.भे.)

उ०—अरगाहैं पूरण गलणैं नभ पुग्गल धम्म । समय वलिय महुत्त दीह पख मासनैं साल ।—स.कु.

२ देखो 'पूंगळ' (रू.भे.)

पुड़-सं०पु० [?] १ तह, परत । उ०—वमि पावक लोह झड़ी बरसै, दगियां कळ पांत घड़ी दरसै । करणी गढ ग्रास घणी कड़कै, धरणी गढ़ धूजि फणी धड़कै ।—मे.म.

२ नगारे या ढोल पर मंढा जाने वाला चमड़ा ।

उ०—फुटै पुड़ नौबत पड़ी, टूटै डंड निसांण । पेख सहेली पीव रै, पूंचै बधियौ पांण ।—वी.स.

रू०भे०—पुढ़, पुड़िवाल ।

पुड़ऊंध-सं०पु० [सं०पुट+अवमूर्द्ध] १ उथल-पुथल । उ०—लाख नेस लूटिजै, देस कीजै पुड़ऊंधै । जितौ भूक हुय जाय, सूक साहे पव रूंधै ।—रा.रू.

पुड़छी, पुड़छी-सं०स्त्री० [देशज] १ घोड़े की पीठ में 'मुहा' और 'पुट्ठे' के मध्य का भाग । उ०—उर ढाल सारीख चौड़ा अलल्ला, भिड़ज्जां बाहु जंघ वे पक्ख भल्ला । पुड़च्छी जिम्रां तोछ पै बंध पूरा, संग्राम विखे हांम पूरंत सूरा ।—वचनिका

२ 'पड़छी' (रू.भे.)

रू०भे०—पड़च्छ, पड़च्छी, पड़छ, पड़छी ।

पुड़तक्काळ—देखो 'पुरतगाळ' (रू.भे.)

उ०—सीरोही री नीपनी, वे भांगळ बाढ झेरियां थका जनैव मगरेब पुड़तक्काळ सेफ विलायती भुजरी बिरांणपुरी हवसांनी फिरंगी ।
—रा.सा.सं.

पुड़दड़ी-सं०स्त्री० [सं० पुट+द्रढी] कटारी रखने का बना चमड़े का उपकरण । उ०—मीर म्हे जकां मीरी विसंभर, गाज कुंण सकै 'जसराज' रा गांव । राव एक थाप ऊथापिया रिड़मलां, रिड़मलां पुड़दड़ी राखिया राव ।—बां.दा.

पुड़पुड़ी-सं०स्त्री [सं० पुट् ?] गुदगुदी । उ०—चौरासी आसण रा भेद कीजै छै । अस्टांग मिळण चुंबण, अधरपांन, नखदांन, कुचमरदन, पुड़पुड़ी, चूंहटी, चसका, मसका, हांजी, ना जो इण भांति कांम री कुहक पड़िनै रही छै ।—रा.सा.सं.

पुड़ि—देखो 'पुड़' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—१ भगवाट दुहेली कुळवट भारी, वैरी ऊक धनोख व्रत । जैचंद कहै जीवि था जग पुड़ि, पनरह ऊपहरां परत ।
—जैचंद सोलंकी री गीत

२ देखो 'पुड़ौ' (रू.भे.)

पुड़िकौ—देखो 'पुड़ौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पुड़ियाल—देखो 'पुड़' (मह., रू.भे.)

उ०—पड़ै ढोल पुड़ियाल वरंग गुड़ियाल चहुं धळ ।
—पनां वीरमदे री वात

पुड़ियो-सं०पु० [देशज] १ चक्की का पाट ।

२. देखो 'पुड़ौ' (अल्पा०, रू.भे.)

३ देखो 'पुड़ी' (अल्पा., रू.भे.)

पुड़ी-सं०स्त्री० [सं० पुटिका, प्रा० पुडिया] १ हाथ चक्की का आटा गिरने के लिए चारों ओर बना हुआ लकड़ी, मिट्टी, पत्थर या लोहे का घेरा।

२ आटे की छोटे आकार की बनी हुई रोटी जो घी में तली जाती है।

३ मोड़ या लपेट कर संपुट के आकार का किया हुआ कागज या पत्ता जिसके भीतर कोई वस्तु रखी जाय।

४ देखो 'पुड़' (रू भे.)

रू०भे०—पुड़ि, पुड़ियो, पुड़ी, पूरी।

पुड़ो-सं०पु०—१ बड़ी पुड़िया या बंडल।

२ चूतड़।

अल्पा०—पुड़ियौ।

पुचकार-सं०स्त्री० [अनु०] प्यार जताने के लिए ओठों से निकला हुआ चूमने का शब्द, चुमकार।

रू०भे०—पुचकारी, पुचकारो, बुचकार, बुचकारी, बुचकारो।

अल्पा०—बुचको।

पुचकारणौ, पुचकारबौ-क्रि०स० [अनु०] १ स्नेह प्रदर्शित करते हुए ओष्ठों से विशेष प्रकार की ध्वनि करना।

उ०—पाणी प्रेरणिका पापल पुचकारै, बापू बापू कर थापल बुचकारै।—ऊ.का.

२ प्यार से शरीर पर हाथ फेरना। उ०—वीर स्त्री पती रै चढण रा मरजीदांन घोड़ा नै हाथ सूं पुचकार नै कह रही छै अर आ भी जांण रही छै कै म्हारा धणी री फतै इण होज घोड़ा रै प्रताप सूं छै।—वी.स.टी.

पुचकारणहार, हारौ (हारी), पुचकारणियौ—वि०।

पुचकारिग्रोड़ो, पुचकारियोड़ो, पुचकारयोड़ो—भू०का०कृ०।

पुचकारीजणौ, पुचकारीजबौ—कर्म वा०।

बुचकारणौ, बुचकारबौ—रू०भे०।

पुचकारियोड़ो-भू०का०कृ०—१ ओष्ठों से एक विशेष प्रकार की ध्वनि करते हुए स्नेह प्रदर्शित किया हुआ।

२ प्यार से शरीर पर हाथ फेरा हुआ।

(स्त्री० पुचकारियोड़ी)

पुचकारी—देखो 'पुचकार' (रू.भे.)

पुचकारो-सं०पु०—देखो 'पुचकार' (रू.भे.)

पुच्छ, पुच्छी—देखो 'पूंछ' (रू.भे.)

उ०—१ सदा मिळै बिल स्याळ रै, वच्छ पुच्छ खुर चांम। मिळै गयां म्रगराज-थह, गजरद मोती ग्रांम।—बां.दा.

उ०—२ जरासिंध लौ अंगमें जोर पायौ, पनग्गी मनूं पाय पुच्छी दबायौ।—ला.रा.

पुच्छणौ, पुच्छबौ—देखो 'पूछणौ, पूछबौ' (रू.भे.)

उ०—पंडु पुच्छीउ पंडु पुच्छीउ विदुर घरि कन्हु, रोसारुणु चल्लीयउ मग्गि मिलिउ सहूइ नावइ।—पं.पं.च.

पुच्छणहार, हारौ (हारी), पुच्छणियौ—वि०।

पुच्छिग्रोड़ो, पुच्छियोड़ो, पुच्छयोड़ो—भू०का०कृ०।

पुच्छीजणौ, पुच्छीजबौ—कर्म वा०।

पुजनीक—देखो 'पूजनीक' (रू.भे.)

उ०—तरै वीरम जी कयौ आपणै ही फरास रौ ढोल करावो। तरै जोयां री मसीत ऊपर फरास थो ऊ फरास जोयां रै पुजनीक छै। सो फरास बढ़ायनै वीरमजी ढोल करायौ।—रा.वं वि.

पुजा—देखो 'पूजा' (रू.भे.)

पुजाई-सं०स्त्री० [सं० पूज्+रा.प्र.आई] १ पूजने की क्रिया या भाव।

२ पूजा कराने का पारिश्रमिक।

पुजाड़णौ, पुजाड़बौ—देखो 'पूजाणौ, पूजाबौ' (रू.भे.)

पुजाड़णहार, हारौ (हारी), पुजाड़णियौ—वि०।

पुजाड़िग्रोड़ो, पुजाड़ियोड़ो, पुजाड़योड़ो—भू०का०कृ०।

पुजाड़ीजणौ, पुजाड़ीजबौ—कर्म वा०।

पुजाड़ियोड़ो—देखो 'पूजायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पुजाड़ियोड़ी)

पुजाणौ, पुजाबौ-क्रि०स० ('पूजणौ' क्रि० का प्रे०रू०) १ किसी को देवपूजा में प्रवृत्त कराना, दूसरे से पूजा कराना। उ०—पाखंड खंड दव दंड अखंड पुजायो। धरणी तळ को बल-बंड प्रचंड धुजायो।—ऊ.का.

२ अपनी पूजा या प्रतिष्ठा कराना।

पुजाणहार, हारौ (हारी), पुजाणियौ—वि०।

पुजायोड़ो—भू०का०कृ०।

पुजाईजणौ, पुजाईजबौ—कर्म वा०।

पूजणौ, पूजबौ—सक०रू०।

पुजाड़णौ, पुजाड़बौ, पुजावणौ, पुजावबौ, पूजाणौ, पूजाबौ—रू०भे०

पुजापो-सं०पु० [सं० पूज+रा० प्र० पो] देवपूजन की सामग्री।

मुहा०—पुजापो बिखेरणौ—पदार्थों को अस्त-व्यस्त करना।

रू०भे०—पूजापो।

पुजायोड़ो-भू०का०कृ०—१ देवपूजा में प्रवृत्त कराया हुआ। दूसरे से पूजा कराया हुआ।

२ अपनी पूजा-प्रतिष्ठा कराया हुआ।

(स्त्री० पुजायोड़ी)

पुजारी, पुजारो-सं०पु० [सं० पूज] (स्त्री० पुजारण, पुजारिण, पूजरण, पूजारिण) १ किसी देवमंदिर में देवमूर्ति की पूजा करने के लिए नियुक्त व्यक्ति, किसी देवमूर्ति की पूजा करने वाला व्यक्ति।

उ०—१ गाजै ग्रह मांझल बैठौ मुज्झ, पुजारा पंच चढावै पुज्झ। सबआं थी तुम्ह तुम्हा थी संभ, उपज्जै-जेम प्रकासा अंभ।—ह.र.

उ०—२ राजा आपरा हाथ सूं पुजारी नै खावण सारू वो अमर-फळ दियौ। पुजारण ई पुजारी रै पावतो ऊभी ही। बोली हंसी हंसतां वा राजा नै हाथ जोड़ वीणती करी—पिंडतजी जवांन छियां म्हनै घर सूं तगड़ देवैला।—फुलवाड़ी

रू०भे०—पूजारी, पूजारू, पूजारौ।

पुजावणो, पुजावबो—देखो 'पुजाणौ, पुजाबौ' (रू.भे.)

पुजावणहार, हारौ (हारी), पुजावणियो—वि०।

पुजाविग्रोड़ो, पुजावियोड़ौ, पुजाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पुजावीजणो, पुजावीजबो—कर्म वा०।

पुजावियोड़ौ—देखो 'पुजायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पुजावियोड़ी)

पुज्झ—देखो 'पूज' (रू.भे.)

उ०—गाजे ग्रह मांझल बैठो मुज्झ, पुजारा पंच चढावै पुज्ज। सब्बी थी तुम्ह तुम्हां थी सभ, उपज्जै जेम प्रकासी अंभ।—ह.र.

पुट-सं०पु० [सं० पुट] १ तह, परत, पल्ला।

२ गिलाफ, खोल, आच्छादन।

३ दोने के आकार का पदार्थ, कटोरेनुमा पदार्थ।

ज्यूं—अंजळि-पुट, कर-पुट।

४ कोई भी छिछला गोल बर्तन, दोना, कटोरा।

५ ओषध पकाने या भस्म तैयार करने का मुहबंद बर्तन।

६ मुहबंद बर्तन में ओषध पकाने की या भस्म बनाने की विधि विशेष।

वि०वि०—एक गज चौड़ा और एक गज गहरा (लगभग २७ इंच) खड्डा कर उसमें गोबरी भर बीच में ओषध के संपुट को रख कर अग्नि देने को गज-पुट अग्नि कहते हैं। गज-पुट के लिए २।। हाथ का गोल खड्डा बना कर पक्की ईंटों से बंधवा लेने से २७ इंच का लगभग खड्डा तैयार हो जाता है। खड्डे की गोलाई जितनी नीची हो उससे ऊपर के भाग में ३, ४ इंच कम करना चाहिए। इस रीति से खड्डा तैयार होने पर अग्नि प्रमाण में लगती है। ईंटों के बांधे बिना अग्नि का तेज जमी में बहुत चला जाता है। संपुट के ऊपर एक दो कण्डों की तह रख कर इस तरह संपुट को बीच में रखना चाहिए। संपुट स्वांग शीतल होने पर ही गज-पुट से निकालना चाहिए। इसी प्रकार गड्ढे के विस्तार के हिसाब से महापुट, कुक्कुट-पुट, बराह-पुट आदि बनते है।

७ वैद्यक के अनुसार किसी चूर्ण आदि को किसी प्रकार के रस या तरल पदार्थ में बार-बार मिला कर घोटना और सुखाना जिससे उक्त पदार्थ का कुछ गुण आ जाय। भावना।

उ०—विस में मिठास न हुवै, वळी दूधां ही सूं पुट दियां।

—ध.व.ग्रं.

८ रंग या हलका मेल देने के लिए धुले हुए वस्त्र को रंग या अन्य तरल पदार्थ में डुबाना, बोर।

ज्यूं—इण रे गुलाबी रंग रौ पुट दे दो, इण रै लाल रंग रो पुट दे दो।

९ ढकने वाला पदार्थ, आच्छादन।

ज्यूं—करण-पुट, नेत्र-पुट।

उ०—नमो अग्राह्यारू स्रवनपुट सारू सत नमो।—ऊ.का.

१० नगर, शहर (ह.नां.)

वि० [अनु०] उलटा, औंधा। उ०—दो तीन जणां उचक'र आया अर जरै जरै दो लाठी लादाळै रै जमाय दी। दो थप्पड़ बापड़ै छोरा रै लागा। लादाळो गुलांच खा'र पुट पड़ियो।

—घरसगोठ

पुटपड़ो-सं०पु० [देशज] १ गाल। उ०—फेर तरै दीठी जो पांख्यां नीसर आई, पुटपड़ा बैठ गया।—साह रांमदत्त री वारता

२ देखो 'पापड़ो' (१) (रू.भे.)

पुटपाक-सं०पु०यौ० [सं०] पत्तों के दोने में रख कर ओषध बनाने का ढंग या क्रिया।

पुटभेद, पुटभेदण, पुटभेदन-सं०पु० [सं० पुटभेदन] १ नगर, शहर (अ.मा., डिं.को.)

२ वाद्य-यंत्र विशेष।

पुटाळ, पुटळो-सं०पु० [सं० पुट+आलुच्] तलवार की मूठ के मध्य भाग में पकड़ने के स्थान पर उभरे भाग में किसी ओर का ढळवां भाग।

पुटियो-सं०पु० [देशज] चिड़िया से भी छोटा एक प्रकार का पक्षी विशेष जो आकाश की तरफ पैर करके सोता है।

उ०—१ आछो मान अमाव, मतहीणा केई मिनख। पुटिया की ज्यूं पाव, राखै ऊंचा राजिया।—किरपारांम

पुट्टळी—देखो 'पोट' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—सूरां हूरां सत्य है, गळ-बत्थ मिळाया। खंडै राय खिल्हार हू, रन फग्ग रचाया। पात गदा के पुट्टळी, फटकार फबाया। घाय हब्बकं रंग के जळजंत चलाया।—व.भा.

पुट्ठो-सं०पु० [सं० पुष्ठ या पृष्ठ] १ शरीर के पृष्ठ भाग में चूतड़ के ऊपर का भाग, विशेषकर चौपायों के चूतड़ का ऊपरी भाग।

२ किसी पुस्तक का ऊपरी भाग।

पुठाणो, पुठाबो-क्रि०स० [?] गाड़ी के पूठी लगवाना।

उ०—२. वोलै साचा बोल, काचा नह आरै करै । तिण मांणस रा तौल, मेरू प्रमांणै मोतिया ।—रायसिंह सादू

उ०—३. तिण समय चद्रमा रै चारौं तरफ परिवेस रै प्रमांण भाले सिंहदेव साठि हजार सेना सूं स्वकीय स्वामी रा सिबिर रै छत्रीना रो चक्र चलायो ।—वं. भा.

४ अटल, दृढ़ । उ०—१. अह आगम वचन 'जसा' हर आखै, पहु जांणै घु मेरु प्रमांण । मोनै अस रीभ मोकळियौ, देस्यूं तस बदळौ दीवांण ।—बलू चांपावत रौ गीत

उ०—२. ताहरै माहरै प्रीतड़ी जी, आज थी थई रे प्रमांण, पिण दस दिवस मुझ कंत नी जी, कांइक राखीयें कांण ।—वि. कु.

५. कामयाब, कृत कार्य, सफल, सार्थक । उ०—१. प्रांण छतै जीवै पुरख, कासूं ज्यां री कांण । प्रांण गयां जीवै पुरख, ज्यों जीवणौ प्रमांण ।—बां. दा.

उ०—२. बहै भार जूपें बहै, करै न खांचाताण । जद तूं तांडै धवळ जिम, तो तांडणौ प्रमांण ।—बां. दा.

६. निर्धारित, निश्चित, सही । उ०—करण सगण पय प्रंति करि, मात्रा बत्रीस मडांण । लीलावती ए लखण, पिंगळ कीघ प्रमांण ।
—पिं.प्र.

७. सत्य ।

स०पु०—१. वह वात या कथन जिस से किसी दूसरी वात या कथन का यथार्थ ज्ञान होता हो, सबूत ।

२. वह कथन या वात जो किसी अन्य कथन या वात को सत्य या ठीक सिद्ध करने के लिए औरों के सम्मुख कही या रखी जाती है, गवाही, साक्षी ।

३. सत्यता, सचाई । उ०—सोहै नीलांबर सहत, प्रमुदा प्रीत प्रमांण । चपकमाळा हरत चित, जुत भमरावळि जांण ।
—बां. दा.

४. प्रतीति, यकीन, दृढ़ विश्वास ।

५. ऐसी चीज या वात जो बिल्कुल ठीक होने के कारण सबके लिए मान्य हो । उ०—स्रीमाहाराज ! श्रो बाळक करड़ा नक्षत्र में जनम्यो छै नै कुंडळी मांहे ग्रह खोटा आया छै, वेळा पिण खोटी छै सो माता-पीता नै विघनकारी छै, मोत-घात ज्यूं छै । इण बाळक रो मूंहडो बारै वरस तांई देखणो जूगत नही छै । इण। वीघ रा ज्योतिस में समाचार छै। स्रीमाहाराज रा मन में आवै सो कराईजै, तठै राजा जी सूतनो प्रोहित जी नै कहीयो—थे कहो सोई ज प्रमांण छै ।—रीसालू री वात

६. लबाई, चौडाई नापने या भार आदि तोलने का मान ।

७. लंबाई-चौड़ाई, विस्तार, आकार, आयतन । उ०—जिण समय दो ही फौजां रा हिलाळा समुद्र रै समाण प्रमांण में आया अर तोपां री गाज हूं सेस रा सीसां समेत मकराकर मेखळा मही रै मचोळा लगाया ।—वं. भा.

८. ऐसी वात, कथन या तथ्य जिसे सब लोग प्रामाणिक या सत्य मानते हो । उ०—गुरु बिरजानंद समीप गयो ब्रह्मग्यांनी । प्रभु पांणिनीय व्याकरण प्रमांण प्रमांनी ।—ऊ. का.

९. प्रकार, तरह, भांति । उ०—१. नथी रजोगुण ज्यां नरां, वां पूरो न उफांण । वे भी सुणता ऊफणै, पूरा वीर प्रमांण ।—वी.स.

उ०—२. देवीदास सहस्रनांम रौ पाठ कियौ । वहोत करुणा कीधी। गरीव प्रमांण दंडवत करि, घर नै बहिर हुवा ।
—पलक दरियाव री वात

१०. वह तर्क या स्पष्टीकरण जिसमे किसी वात या विवादास्पद स्थिति के किसी एक पक्ष के औचित्य की पुष्टि होती हो ।

११. धर्म-शास्त्र, आगम । उ०—आप रै आलय हो काठां चढ़ाई वंबावदै आइ अग्रज रौ साथ कीधौ सो जांणि हालू नरेंद्र थी पावक में पत्नी रो प्रवेस प्रमांण थी विरुद्ध बिचारि आप रा अग्रज नु उपालभ दीधौ ।—वं. भा.

१२. तालाब । (ह. नां. मा.)

१३. साहित्य में एक अर्थालंकार जिसमें किसी अर्थ का प्रमाण अर्थात् यथार्थ का अनुभव होता हो (अमुक पदार्थ ऐसा या इतना है) वर्णित हो ।

१४. आकार । उ०—१. म्रग-मद वेंदी भाळ मझ, जाय कही छवि जौन । निस अस्टम सनि रौ नखित, भयो उदै ससि भौन । भयौ उदै ससि भौन, ती ब्रहूवां वणी । नयणां अंजन नोक, अडी स्रवणां अणी । नासा (कीर) मुक-मुख नास समांण अधर त्रिब ओपिया । पकती हीर प्रमांण रदन जनु रोपिया ।—सिवबक्स पाल्हावत

उ०—२. सो पनां वीरणीक भांती री छै, सीस री सोमा नाळेर प्रमांण, लीलाट तो पूनम रो चंद जांण ।—पनां वीरमदे री वात

१६. लक्षण, नियम । उ०—१. विध इण मत्ता वरण री, परगट जांण प्रमांण । भांण-गीत जिण नांम भल, भण जस रघुकुळ भांण ।—र. ज. प्र.

उ०—२. यगण संखनारी उभय, दोय तगण मथांण। दुजगण प्रियगण मिळ दहूं, मदनक छंद प्रमांण।—र ज.प्र.

१७. आधार, बूता, जोर। उ०—'गोग्ररधन' गाढ़िम लोह गढ़ळ, संग्रांमचद समोभ्रम सनद्ध। वाळापुर विढियौ बळ प्रमांण, वड रावत लोडो खुरासांण।—गु.रू.बं.

१८. अपना व दूसरों का निश्चय करने वाला सच्चा ज्ञान।

वि०वि०—प्रमांण ज्ञान वस्तु की सब दृष्टि बिन्दुओ से जाना जाता है अर्थात् वस्तु के सब अंशो को जानने वाले ज्ञान को प्रमाण-ज्ञान कहते हैं। (जैन)

१६. न्याय-शास्त्र के अनुसार प्रमांण के चार प्रकार– (१) प्रत्यक्ष प्रमाण। (२) अनुमान प्रमाण। (३) उपमान प्रमाण। (४) शब्द प्रमाण।

२०. यथार्थ ज्ञान, शुद्धबुद्धि। २१. सीमा, मात्रा।

२२. देखो 'परिमाण' (रू. भे.)

उ०—१. प्रथम तो सतयुग री थापना। सतरै लाख अठावीस हजार वरस प्रमांण।—रा.वं.वि.

उ०—२. तिण जुग मांहे २१ ताड प्रमांण देह हुई। दस हजार वरस रौ आउखौ।—रा. वं. वि.

उ०—३. तिकण अवंतीपुरी रै परै पंचकोस रै प्रमांण पूगि बीरां री बासठि हजार ६२००० सेना रै साथ मेळ पायौ।—वं.भा.

रू०भे०—परमांण, परवांण, परिवांण, प्रमांणि, प्रमांणी, प्रमांणु, प्रमांणु, प्रवांण, प्रवांन।

अल्पा०—परमाणौ, परवांणौ।

प्रमांणणौ, प्रमांणबौ–क्रि०स० [सं० प्रमाणम्] मानना।

उ०—१. अर एक सौ चालीस सिपाह बिबाहण रै उचित दीठा तिकां रै स्वीकार करण रौ भी मालिक रा बिबाह बिनां असभव ही प्रमांणीजै इसडी सुणि हम्मीर री माता आप रा पुत्र नूं बारहठ लोहठ रै पगां लगाइ अतेउर री डोढी बुलाइ अंजळीउपेत अपराध मांगि कहियौ।—वं. भा.

उ०—२. अर मडोउर हूं हालू आवियां केडै नरेस हम्मीर कासीबास कीधौ, जिण पछै बुंदी रौ नरेस बरसिंह हुवौ जिण रौ भी अद्वितीय आतंक प्रमांणीजै।—वं. भा.

उ०—३. उठै थंभि दो दीह लाखां उडाऊ, हठां लै भटां भेजियो द्रग भाऊ। जिकी बात भाऊ घणी नीच जांणी, पिता रै मतै नीठि सो ही प्रमांणी।—व. भा.

प्रमांणपत्र–सं०पु०यौ० [स०प्रमाण+पत्र] किसी बात या विषय के प्रमाण स्वरूप लिखा हुआ लेख या पत्र।

प्रमांणि—देखो 'प्रमांण' (रू. भे.)

उ०—आदि गुरु मात्रा इकत्रीस, सुकवि सभळै घूणै सीस। पायै-पायै एण प्रमांणि, जपिया छद पवंगम जांणि।—वि. प्र.

प्रमांणिक–वि० [सं० प्रमाणिक] १. शास्त्रज्ञ। उ०—जिण रा सिद्धांत प्रमाणिक पंडितां रा रचिया प्रबंधा मैं इण रीति पुणीजै।
—वं. भा.

२. मानने योग्य, माननीय। ३. ठीक, सत्य।

४. शास्त्र-सिद्ध। ५. जो प्रत्यक्षादि प्रमाणों द्वारा सिद्ध हो।

रू०भे०—परमांणिक, परवांणि, परवांणी।

प्रमांणिका–सं०स्त्री० [सं० प्रमाणिका] प्रत्येक चरण में एक जगण, एक रगण, एक लघु, एक गुरु वाला छंद विशेष। इसका दूसरा नाम प्रमांणी तथा नगर-स्वरूपिणी भी है।

रू० भे०—प्रमांणी।

प्रमांणी—१. देखो 'प्रमांण' (रू. भे.)

२. देखो 'प्रमाणिका' (रू. भे.)

उ०—लघु गुरु क्रम वरण अठ, छंद प्रमांणी कथ्य।—र.ज.प्र.

प्रमांणु, प्रमांणु—१. देखो 'प्रमांण' (रू. भे)

उ०—इम अपणपुं घणुं वखांण बोलि न नीय कुल तणुं प्रमांणुं।
—पं. पं. च.

२. देखो 'परमांणु' (रू. भे.)

प्रमांन—देखो 'प्रमांण' (रू. भे.)

उ०—१. सुसील सभ्य साच्छरं, स्तुति प्रमांन सोहनै।—ऊ. का.

उ०—२. नये नये पदारथांन खांन खोजते नहीं, गुमांन मेटनै गुनी प्रमांन सोभते नहीं।—ऊ.का.

प्रमा–सं०स्त्री० [सं०] १. लक्ष्मी, रमा।

२. श्रीरुक्मिणी का एक नाम। उ०—लोकमाता सिंधु-सुता स्रीलिखमी, पदमा पदमाळया प्रमा। अवर ग्रहे अस्थिरा इंदिरा, रांमा हरिवल्लभा रमा।—वेलि

२. यथार्थ ज्ञान, शुद्धबोधन।

रू०भे०—परमा।

प्रमातम—देखो 'परमात्मा' (रू. भे.)

प्रमाद–सं०पु० [सं०] १. किसी प्रकार के मादक पदार्थ के सेवन करने से होने वाली शरीर की अवस्था या भाव, नशा, मस्ती।

२. मनुष्य के मस्तिष्क की वह अवस्था, जिसमें वह अभिमान, अनवधानता, उपेक्षा आदि के कारण बिना आगा-पीछा सोचे कोई अनुचित कार्य या भूल कर बैठता है, मदान्ध की स्थिति।

३. उपर्युक्त स्थिति या अवस्था में की जाने वाली कोई भूल।

४. उन्माद, पागलपन।

५. अंतः करण की दुर्बलता।

६. बेहोशी, मुर्च्छा।

७. आलस्य, गफलत। उ०—ग्रांम बड़धा कुमार ती रै बीच मुकांम हुवौ। अर रात्रि रै आगम तिका रै प्रमाद राखण

रौ कुकांम हुवौ । निसीथ रै समय कुमार दूदै तिकां मायै जाइ नत्रीठा वाजी पटकिया । —वं. भा.

८. योग-शास्त्र के अनुसार समाधि के साधनों की भावना न करना या उन्हें ठीक प्रकार से न समझना । ये नौ प्रकार के अंतरायाम हैं ।

९. मनुष्य की वह अवस्था या स्थिति जिसमें जीव सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन, सम्यग्चरित्र रूप मोक्ष के प्रति उद्यम करने में शैथिल्य करता है । (जैन)

रू० भे०—पमाअ, पमाय, परमाद, परमाय ।

अल्पा०—परमादौ ।

प्रमादी—वि० [सं० प्रमादिन्] (स्त्री० प्रमादण) १. वह जो प्रमाद करता हो ।

२. पागल ।

३. उन्मत्त, मस्त । उ०—पढ़ दुरस प्रमादी मुरसद मादी, महंत पुरुस माचदा है ।—ऊ का.

४. गफलत करने वाला, लापरवाह, असावधान । उ०—लग्यो स्वादो स्वादी उपक्ति प्रमादी नहिं लख्यो ।—ऊ. का.

रू० भे०—परमादी ।

प्रमार—देखो 'परमार' (रू. भे.)

प्रमीस सं०पु० [सं० परम+ईशः] १. परमात्मा, ईश्वर । उ०—रमीस प्रमीस हरां अघरीस ।—र. ज. प्र.

२. विष्णु ।

प्रमुकणौ, प्रमुकवौ—देखो 'मूकणौ, मूकवौ' (रू. भे.)

प्रमुकणहार, हारौ (हारी), प्रमुकणियौ—वि० ।

प्रमुकिग्रोड़ौ, प्रमुकियोड़ौ, प्रमुक्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

प्रमुकीजणौ, प्रमुकीजबौ—कर्म वा० ।

प्रमुकियोड़ौ—देखो 'मूकियोड़ौ' (रू. भे.)

प्रमुक्कणौ, प्रमुक्कबौ—देखो 'मूकणौ, मूकबौ' (रू.भे.)

उ०—उर निस्वास प्रमुक्कै, भग्गो ज्यास चीत साभ्रंम । यौं चिंता उद्वेगौ, लग्गी अग्ग वस घासांण ।—रा. रू.

प्रमुक्कणहार, हारौ (हारी), प्रमुक्कणियौ—वि० ।

प्रमुक्किग्रोड़ौ, प्रमुक्कियोड़ौ, प्रमुक्कयोड़ौ—भू० का० कृ० ।

प्रमुक्कीजणौ, प्रमुक्कीजबौ—कर्म वा० ।

प्रमुक्कियोड़ौ—देखो 'मूकियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० प्रमुक्कियोड़ी)

प्रमुख-वि० [सं०] (भाव० प्रमुखता) १. सब से अग्र या पहले वाला, प्रथम ।

२. जो औरों से सब बातों में बढ़कर हो, श्रेष्ठ, प्रधान, मुख्य ।

३. जो दूसरों के प्रतिमुख होकर खड़ा हो ।

४. समस्त पदों के अंत में, जो प्रधान के पद पर हो ।

ज्यूं०—राज-प्रमुख ।

सं० पु०—१. प्रधान ।

२. प्रधान शासक ।

३. विधान सभा या संसद का अध्यक्ष ।

अव्य०—१. आदि, प्रभृति । उ०—सिंध तांम्रपरणी प्रमुख, नदियां ते नर नाह । हैवर ढोया 'भीम' हर, गिरां उलगां गाह ।—बां. दा.

२. आगे, सामने ।

रू० भे०—पमुंह, पमुह, परमुख ।

प्रमुखता—सं०स्त्री० [सं० प्रमुख+रा०प्र०ता] १. प्रमुख होने का गुण या भाव, प्रमुख होने की अवस्था ।

२. प्राथमिकता दी जाने वाली स्थिति ।

प्रमुद—सं०पु० [सं०] १. आनंद । (ह.नां.मा.)

२. देखो 'प्रमुदित' (रू भे)

प्रमुदा—देखो 'प्रमदा' (रू. भे)

उ०—१. सोहै नीलांबर सहत, प्रमुदा प्रीत प्रमांण । चंपकमाळा हरत चित, जुत भमरावळि जांण ।—बां. दा

उ०—२. ओदण महदालय ओढण थण ओढैं । प्रमुदा आलय विण प्रमथालय पोढ़ै ।—ऊ. का.

प्रमुदित—वि० [सं०] आल्हादित, प्रसन्न, हर्षित ।

उ०—फुट वांनरेण कच्च नाळिकेर फळ, मज्जा तिकरि दधि मंगळिक । कुंकुम अखित पराग किंजळक, प्रमुदित अति गायंति पिक ।—वेलि

रू० भे०—प्रमुद ।

प्रमूकणौ, प्रमूकवौ—देखो 'मूकणौ, 'मूकवौ' (रू. भे.)

उ०—१. गात सवारण में गमै, ऊमर काय अजांण । आखर प्राण प्रमूक औ, खाख हुसी मळ खांण ।—बां. दा.

उ०—२. द्रढ़ मंत्री दिल्लेस पास, 'अमरेस' भंडारी । रीत नीत ऊजळौ, प्रीतधारी हितकारी । सुपनै ही सामाय न्याय-व्रत चाय न चूकै । राज काज चित राग,माग अनि समळ प्रमूकै । महाराज 'अभै' मंडोवरै, सकळ लाज परखै सरू । द्रढ वात नेम लखि रविखयौ, खुंद थान 'खेमंगरू' ।—रा. रू.

प्रमूकणहार, हारौ (हारी), प्रमूकणियौ—वि० ।

प्रमूकिग्रोड़ौ, प्रमूकियोड़ौ, प्रमूक्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

प्रमूकीजणौ, प्रमूकीजबौ—कर्म वा० ।

प्रमूकियोड़ौ—देखो 'मूकियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० प्रमूकियोड़ी)

प्रमेय—वि० [सं०] १. जिसका अवधारण हो सके,जो समझ में आ सके ।

२. जो प्रमाण का विषय हो ।

२. जो प्रमाणों से सिद्ध किया जा सके ।

सं०पु०—१. वह विषय जिसका बोध प्रमाणों द्वारा करा सके, वह पदार्थ या बात जिसका यथार्थ ज्ञान हो सके ।

प्रमेस—देखो 'परमेस' (रू. भे.)

उ०—१. प्रमांण खोडस प्रकार, देत उग्र दांनयं। **प्रमेस** चंड रुद्र पूज, सेवतं समांनयं।—सू.प्र.

प्रमेरार, प्रमेसुर—देखो 'परमेस्वर' (रू. भे.)

उ०—२. ब्रह्म्मा रुद्र बिचार ब्रह्म्म, न जांणं तोरा पार निगम्म। **प्रमेसर** तोरा पाय प्रळोय, कुरांण पुरांण न जांणं कोय।—ह. र.

उ०—३. हिंदू धरम के रखपाळ, हिंदुस्थांन के **प्रमेसुर**।—रा.रू.

प्रमेह–स०पु० [स०] मूत्र-मार्ग से शुक्र या अन्य धातु निकलने का एक रोग, धातु संबंधी रोग विशेष।

रू० भे०—परमेह।

प्रमोद–सं०पु० [स० प्रमोदः] १. खुशी, हर्ष, आनन्द।

(अ. मा., ह. नां. मा.)

रू० भे०—परमोद।

उ०—जी हो बरस सरस आठां लगे लाला, लीला बाल, विनोद। जी हो सब ही परमा देवकी, लाला, पावे अधिक **प्रमोद**।—जयवांणी

प्रमोदक–वि० [स०] आनन्द देने वाला, हर्षित करने वाला।

सं०पु०—एक प्रकार का जड़हन।

प्रमोदन–सं०पु० [स० प्रमोदनः] विष्णु का एक नाम।

प्रमोदा–स० पु० [स०] आठ प्रकार की सिद्धियों में से एक जिसकी प्राप्ति से आध्यात्मिक दुःखों का नाश होता है। (सांख्य)

प्रमोहन–स०पु० [सं०] मोहित करने की क्रिया।

प्रम्म—देखो 'परम' (रू. भे.)

उ०—नमो प्रहळाद उबारण प्रम्म, नमो अग कासव मारण क्रम्म।

—ह.र.

प्रम्मदा—देखो 'प्रमदा' (रू. भे.)

उ०—विधि-विधि वल्ली विस्तरइ, फूले रंग विचित्र। पेखी पेखी **प्रम्मदा**, मन चोरंती मित्र।—मा. कां. प्र.

प्रम्मल, प्रम्मळ–वि० [सं० परिमल ?] सुन्दर।

उ०—सजत के चिकन्न साज, सुदरां स-सोभरा। करंत के मुकेस कांम, भार कार चौमरा। तणंत के वणांत तास, **प्रम्मळं** पटंबरं। सिवंत के जरी सकाज, अग-अग अंबरं।—सू. प्र.

२. देखो 'परिमळ' (रू. भे.)

प्रयंक—देखो 'परयक' (रू. भे.)

प्रयंत—देखो 'परयत' (रू. भे.)

प्रयत्न–स०पु० [स०] १. मानसिक या शारीरिक चेष्टाएं जो कोई कार्य या उद्देश्य पूर्ण करने के लिए की जाती है।

२. किसी पदार्थ की प्राप्ति या किसी कठिन कार्य की सफलता हेतु आदि से अंत तक परिश्रमपूर्वक किये जानेवाले कृत्य, उद्योग, चेष्टाएं। उ०—जिण थी दिसा दिसा रा नरेसां मुगळ रै सांम्हे अनेक उपहार भेजि आप री इळा आप रै हेठै लैंण रो **प्रयत्न** बधारिया।

—व. भा.

३. क्रियाशीलता, सक्रियता।

४. भाषा-विज्ञान और व्याकरण के मतानुसार वर्ण के उच्चारण मे होने वाली क्रिया।

५. न्यायशास्त्र के अनुसार जीव या प्राणी के छः गुणों में से एक जो उसकी सक्रिय चेष्टा का सूचक होता है।

रू० भे०—परयतन।

प्रयसा–सं०स्त्री० [सं०] एक राक्षसी जिस को रावण ने सीता को समझाने हेतु नियुक्त किया था।

प्रयांण–सं०पु० [सं०प्रयाणम्] १. कही जाने के लिये यात्रा आरंभ करना, कूच, प्रस्थान। उ०—स्रवण संदेसा सांभळे, ढाढी किया **प्रयांण**। सागरवाळ जु आविया, देसे साल्ह सुजाण।—ढो. मा.

२. यात्रा, सफर। उ०—चलतां-चलतां अखड **प्रयांण**, आया चित्रोड समीपं जांण।—वि. कु.

३. अभियान, चढाई। उ०—जिकण महापातक माथै लेर आधी पातसाही रो लोभ दे प्रतीची रा पति आप रा अनुज मुरादसाह नूं मिळाइ पाउस री कादंबिनी रै अनुकार आप रो अनीक तणियो। अठी दूजा साहजादै सूजासाह भी पहली री सूचना रै समांन दिल्ली रै अभिमुख **प्रयांण** कीधो।—वं. भा.

४. मरकर किसी दूसरे लोक में जाना। उ०—प्रांण जितै जग आपणो, प्राण जितै तन पाक। प्रांण **प्रयांण** कियां पछै, हूं नर नाम हलाक।—बां. दा.

५. कार्य का अनुष्ठान या आरंभ।

रू०भे० —पयांण, पयांणउ, परांण, परियांण, पायांण पियाण, पियाणउ, पीआंण, पीयांण, प्रयांन।

अल्पा० – पयांणो, पियांणो, पीआणउ, पीआंणू, पीआंणो, पीयांणउ, पीयाणो।

प्रयांणकाळ–स०पु० [सं०प्रयाण+काल] १. यात्रा का समय, यात्राकाल। २ मृत्युकाल।

प्रयांन—देखो 'प्रयांण' (रू. भे)

प्रयाग–स० पु० [सं० प्रयागः] १. गंगा और यमुना के सगम-स्थान पर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थस्थान, जहां पर प्राचीन काल में बहुत यज्ञ होते थे।

२. वह स्थान जहां पर अधिक यज्ञ होते हों।

३. प्रथम गुरु की चार मात्रा का नाम। (पिंगल)

रू०भे०—परयाग, पराग, पिराग, प्राग, प्रियाग।

प्रयागराज–सं०पु०यौ० [सं०प्रयागः+राज] गगा जमुना के संगम पर स्थित तीर्थ।

प्रयागराजेस्वर–सं०पु०यौ० [सं०प्रयागः+राजेश्वर] प्रयागवट के पास

स्थित शिवालय। (वां. दा. ख्यात)

प्रयागवड़–सं० पु० [सं० प्रयागः+वटः] प्रयाग का प्रसिद्ध वटवृक्ष जहां बुद्ध भगवान को ज्ञान प्राप्त हुआ था।

रू०भे०—परयागवड़, परागवड़, पिरागवड़, प्रागवड़, प्रियागवड़, प्रियागवड़।

प्रयागिनी–सं०पु० [सं०प्राज्ञ] पंडित। (ह.नां.मा.)

प्रयास–स०पु० [स०प्रयासः] १. किसी कठिन कार्य को करने के लिए किया जाने वाला उद्योग या प्रयत्न, परिश्रम, मेहनत। उ०—एवडो सिंहलद्वीप नो, फोकट कीध प्रयास। गढ़ चीतोड किसौ गजो, साहि कहै सुणि व्यास।—प. च. चौ.

२. वह पदार्थ या कार्य जो इस प्रकार किया या बनाया गया हो।

रू०भे०—परयास, परियास, प्रियास।

प्रयुंजणौ, प्रयुंजबौ–क्रि०स० [?] प्ररूपित करना। उ०—दोइ स्रुत खध नइ वीस अध्ययन वलि, वीस उद्देस इहां जिन प्रयुंजइ।

—वि कु.

प्रयुंजणहार, हारौ (हारी), प्रयुंजणियौ—वि०।

प्रयुंजिग्रोड़ौ, प्रयुंजियोड़ौ, प्रयुंज्योड़ौ—भू०का०कृ०।

प्रयुजीजणौ, प्रयुंजीजबौ—कर्म वा०।

प्रयुंजियोड़ौ–भू०का०कृ०—प्ररूपित किया हुआ.

(स्त्री० प्रयुंजियोड़ी)

प्रयुक्त–वि० [सं०] १. व्यवहार में लाया हुआ, इस्तेमाल किया हुआ।

२. सलग्न। ३. नियुक्त किया हुआ, नामजद किया हुआ।

४. प्रेरित किया हुआ, उकसाया हुआ।

प्रयुत–वि० [स० प्रयुत] दस लाख। उ०—खांन इनायत जोधपुर, बैठौ रावणखड। प्रयुत पमगै पाखरां, जगे सेन प्रचंड।—रा. रू.

प्रयोग–स०पु० [स०प्रयोगः] १. किसी कार्य में योग, किसी कार्य में लगना, किसी कार्य में अभ्यास करना। उ०—वय बाळ विहाय युवा वरणी, कटिबद्ध भयौ करणी-करणी। विमनां अनुराग बिराग वह्यौ, चितग्रत्तिय जोग प्रयोग चह्यौ।—ऊ. का.

२. किसी काम में लाया जाना, व्यवहार या इस्तेमाल करना।

ज्यूं०—सरदी रै दिनां में ऊनी कपड़ां रो प्रयोग राखणौ, गरमी में ठंडाई रो प्रयोग राखणौ।

३. आधुनिक समय में विज्ञानिक क्षेत्रों में किसी प्रकार का आविष्कार करने या अनुसंधान करने के लिए की जाने वाली कोई परीक्षणात्मक क्रिया या उसका साधन।

४. उक्त प्रकार के आविष्कार या अनुसंधान से जो सिद्ध हो चुका हो उसे दूसरो को समझाने के निमित्त की जाने वाली वह क्रिया जिससे उक्त तथ्य ठीक और मान्य सिद्ध हो सके।

यौ०—प्रयोगसाळा।

५. वह क्रिया जो केवल यह जानने के लिये की जाय कि कोई काम, चीज या बात ठीक तरह से सफल हो सकेगी या नही।

६. प्राचीन भारतीय राजनीति में साम, दाम, दंड, भेद आदि का लिया जाने वाला अवलंब।

७. उचित रूप से कार्य करने का ढंग या विधि।

८. तांत्रिक उपचार।

वि०वि०—ये निम्न लिखित हैं—

१. मारण, २. मोहन, ३. उच्चाटण, ४. कीलन, ५. विद्वेषण, ६. कामनाशन, ७. स्तंभन, ८. वशीकरण, ९. आकर्षण, १०. बंदिमोचन, ११. कामपूरण, और १२. वाक्प्रसारण।

९. व्याकरण में कर्त्ता, कर्म अथवा संज्ञार्थक क्रिया के लिंग वचन आदि के अनुसार प्रयुक्त होने वाला क्रिया-पद का नाम जो कर्त्ता के अनुसार होने पर कर्तृ-प्रयोग, कर्म के अनुसार होने पर कर्मणि प्रयोग तथा भाव के अनुसार होने पर भावे प्रयोग कहलाता है।

१०. अभिनय, नाटक।

११. रोगी के दोषो तथा देश, काल और अग्नि का विचार कर की जाने वाली औषध योजना, उपचार।

१२. वह उपकरण या औजार जिससे कोई काम होता हो।

१३. कार्य का अनुष्ठान या आरंभ।

१४. तरकीब, युक्ति, उपाय।

रू०भे०—परयोग, प्रजोग, प्रियोग।

प्रयोगसाळा–सं०स्त्री०यौ० [सं० प्रयोगशाला] पदार्थ-विज्ञान, रसाय शास्त्र, आदि विषयक तथ्यों को समझने, जानने या नई बातो का पता लगाने की दृष्टि से विविध प्रयोग किये जाने का स्थान या भवन।

प्रयोगी–वि० [सं०प्रयोगिन्] १. व्यवहार में लाने वाला।

२. प्रयोग करने वाला, प्रयोगकर्त्ता।

प्रयोजक–वि० [सं० प्रयोजकः] १. प्रयोगकर्त्ता, अनुष्ठानकर्त्ता।

२. काम में लगाने वाला, प्रेरक।

प्रयोजन–सं० पु० [सं० प्रयोजनम्] उद्देश्य, अभिप्राय, मतलब।

उ०—कहण वाळी स्त्री सती है सो घोड़ै ही सरीर नही राखियौ तौ हूं तौ पती रो आधौ सरीर हूं सो मत कर सुरग में जाय मिळसूं इण आदि अनेक प्रयोजन है सो विसतार भय सूं किंचित लिखिया है।—वी.स.टी.

रू० भे०—परयोजन, पिरियोजन, पिरोजन, प्रियोजन।

प्रयोजनवतीलक्षणा–सं०स्त्री० [सं०] वह लक्षणा जो प्रयोजन द्वारा वाच्यार्थ से भिन्न अर्थ प्रगट करे।

वि० वि०—देखो 'लक्षणा'।

प्ररय–सं० पु० [सं० प्र+रय] वेग, गति। उ०—तिम लव चउत्य

गुजरात दळ, सहस साठि जे तिण समय। सेनेसरसिंह झाला सहित, रहिया फिरि चौकी प्ररय।—वं. भा.

प्ररहा—सं०पु० [स० प्रहार] युद्ध। (अ. मा.)

प्ररूढ़—वि० [सं० प्ररूढ] १. आगे या ऊपर उठा हुआ। २. उगा हुआ।

प्ररूप—सं० पु० [सं०] किसी वर्ग की वस्तुओं, व्यक्तियों आदि में से कोई एक ऐसी वस्तु या व्यक्ति जिससे उस वर्ग के सामान्य गुणों, विशेषताओं का बोध हो जाता है।

प्ररूपक—वि० [सं०] व्याख्याकार, समझाने वाला, प्रतिपादक।

उ०—तिण साधु के जाऊं बलिहारे, अमम अकिंचन कुखी सबल, पंच महाव्रत जे धारे। सुद्ध प्ररूपक नइ संवेगी, पालइ सदा पंचाचारे।—स. कु.

रू० भे०—परूपक।

प्ररूपणा—सं० स्त्री० [सं०] कथन, वक्तव्य। उ०—श्रीदेवचंद्र जी ना गुण कहूं रे, सांभल चतुर सुजांण। घटत गुण नी प्ररूपणा रे, कहेवा ने सावधांन रे।—कवियण

रू० भे०—पररूपणा, परूपणाया, परूपणा, परूवणाया, परूवणा, प्ररूवणा।

प्ररूपणौ, प्ररूपबौ—क्रि० स० [स० प्ररूपणम्] १. प्रतिपादन करना, व्याख्या करना, समझाना। (जैन)

उ०—श्रीमहावीर प्ररूपियउ, धरम नउ मरम एह। समयसुंदर कहइ सहु, कह्यउ तीरथंकर तेह।—स. कु.

२. रचना, बनाना। उ०—१. ढाल प्ररूपी हो एह इग्यारमी, बीजे हिज अधिकार।—वि. कु.

उ०—२. द्यै सहु नें सुख ए जगदीस, वांणी तेह नी विस्वावीस। प्ररूप्या आगम पेंतालीस, सख्या नांम कहुं सुजगीस।—ध.व. ग्रं.

३. स्थापित करना, स्थापना। उ०—जिन प्रतिमा जिन हीज सरूपी, पोतें जिनज प्ररूपी। सेवै ते सुद्ध समकित रूपी, अग्यांनी ए उथूपी।—ध.व.ग्रं.

प्ररूपणहार, हारौ (हारी), प्ररूपणियौ—वि०।

प्ररूपिओड़ौ, प्ररूपियोड़ौ, प्ररूप्योड़ौ—भू० का० कृ०।

प्ररूपीजणौ, प्ररूपीजबौ—कर्म वा०।

पररूपणौ, पररूपबौ, पररूवणौ, पररूवबौ, परूपणौ, परूपबौ, परूवणौ, परूवबौ—रू० भे०।

प्ररूपियोड़ौ—भू० का० कृ०—१. व्याख्या किया हुआ, समझाया हुआ, प्रतिपादित. २. रचा हुआ, बनाया हुआ. ३. स्थापित किया हुआ. (स्त्री० प्ररूपियोड़ी)

प्ररोप—सं० पु० [सं० प्र+रोपः] तीर, बाण।

प्ररोह—स० पु० [सं० प्ररोहः] अंकुर। उ०—अजूं प्ररोह मोह द्रोह कोह के उठा करैं।—ऊ. का.

प्ररोहणौ, प्ररोहबौ—क्रि० अ० [स० प्ररोहणम्] १. उदय होना, उठना।

उ०—तबेरम कुंभ दुहाथळ तत्थ, आडागिरि मत्थ क हत्थ अगत्थ। प्ररोहत होफर खोफ अपार, अधोफर आभ डरै असवार।—मे.म.

२. अंकुरित होना, उगना।

प्ररोहणहार, हारौ (हारी), प्ररोहणियौ—वि०।

प्ररोहिओड़ौ, प्ररोहियोड़ौ, प्ररोहयोड़ौ—भू० का० कृ०।

प्ररोहीजणौ, प्ररोहीजबौ—भाव वा०।

प्ररोहियोड़ौ—भू० का० कृ०—१. उदय हुवा हुआ, उठा हुआ. २. अंकुरित हुवा हुआ, उगा हुआ. (स्त्री० प्ररोहियोड़ी)

प्रलंद—देखो 'पुरंदर' (रू. भे.)

प्रळंब, प्रलंब—वि० [सं०प्रलंब] १. नीचे की ओर दूर तक लटकता हुआ, बड़ा।

उ०—भुज प्रळंब आजांन, कमळ आकृति पद कोमळ।—रा. रू.

२. लम्बा। उ०—मयाळ मडपाळ मेघमाळ मोहनी नहीं, हिलंब से प्रळंब थंभ बिंब सोहनी नहीं।—ऊ. का.

सं० पु० [सं० प्रलंबः] एक दैत्य का नाम जिसे बलराम ने मारा था।

रू० भे०—परलंब, पलंब, प्रलंबौ।

अल्पा०—परळंबौ, परलंबौ।

प्रलंबन—सं०पु० [सं० प्रलबनम्] सहारा, अवलंबन।

प्रलंबौ—सं० पु० [सं० प्लवंग ?] १. वानर, मर्कट। उ०—हद हाण अगां अभिमांण हरै, प्रळंबी कुरबांण उडाण परै।—मे. म.

२. देखो 'प्रलंब' (रू. भे.)

प्रलभन—सं०पु० [सं०प्रलंभः] १. कपट, छल। २. धोखा।

प्रळ—देखो 'पळ' (रू. भे.)

उ०—रगत ध्रपी रतनाळियां, प्रळ ध्रपिया पंखाळ।—पा. प्र.

प्रळइ, प्रळउ, प्रलइ, प्रलउ—देखो 'प्रळय' (रू. भे.)

उ०—१. किसुं पहुतउ द्वापरि प्रलउ, ईह लगइ कइ अम्ह घरि विलउ।—पं. पं. च.

उ०—२. कलकलइ जिम वारिनिधि प्रलइ, किसिउं भूधर कोपि टलटलइ।—सालिसूरि

प्रलपन—स०पु० [सं०प्रलपनम्] १. वार्तालाप, सभाषण। २. गप्प-शप्प, ऊट-पटांग बातचीत। ३. विलाप।

प्रळयंकर—वि० [स० प्रलयः+कर] नाशकारी, प्रलयकारी।

प्रळय—सं०पु० [सं० प्रलयः] १. लय को प्राप्त होना, न रह जाना, विलीन होना।

२. पृथ्वी आदि लोकों का न रह जाना, संसार का तिरोभाव।

३. जगत के नाना रूपो का प्रकृति में लीन होकर मिट जाना, नाश हो जाना।

४. बहुत ही उत्कट या तीव्र रूप में होने वाला भयंकर नाश या बरबादी। उ०—सूरातन जांही घणइ सूरातन, ईसर तणा वाधिया ग्रंग। प्रळय काळ हुसी ताइ प्रिथमी, द्रोही तणा थरकिया द्रग।
—महादेव पारवती री वेलि

५. सहार, विनाश, ध्वंस।

६. साहित्य में एक सात्विक अनुभाव जिसमें किसी वस्तु में तन्मय होने के पूर्व स्मृति का लोप हो जाता है।

७. मूर्च्छा, बेहोशी।

रू०भे०—परड़, परळउ, परळय, परळै, पळइ, प्रळउ, प्रलइ, प्रलउ, प्रळै, प्रल्लय।

अल्पा०—परडौ, परळौ, प्रळौ।

प्रळयकार—सं०पु० [सं० प्रलयः+कारं] १. नाश, विध्वस। २. सहार।
रू०भे०—प्रळैकार।

प्रळयकाळ—सं०पु० [सं० प्रलयकालः] १. संसार के नाश का समय।
२. नाश का समय, विनाश का समय। उ०—जुड़ै सेन थंडां जाडा-वाळी धोम जाळा री साबात जागी, खडा ग्राडावाळा री लागी हाला. री खुलास। जोम गाहावाळी प्रळयकाळ री उनागी जठै, वागी हाडावाळी नराताळी री बांणास।—दुरगादत्त बारहठ
रू०भे०—प्रळैकाळ।

प्रळयकाळी—वि० [स०प्रलयकारी] नाश करने वाली, नाशकारी।
उ०—चमंक्कै भ्फाळियां बीच भूप रा हाथियां चली, नाळियां ऊपरां प्रळयकाळियां नाराज।—दुरगादत्त बारहठ

प्रळयांतक—सं०पु० [सं०प्रलयातक] चौसठ भैरवो में से एक भैरव।

प्रळयानळ—सं०पु०यौ० [सं०प्रलय+अनिल] प्रलयकाल की वायु।
उ०—१. ग्रेक सरमइ ग्रेक सांकल्या, ग्रेक सुंडिया ग्रेक सूर। पार विहूणा परवरिया, जिम प्रळयानळ पूर।—मा. कां. प्र.
उ०—२. संसारि सरजी नथी, ग्रे काया कहि दूजि। कइ माधव रस मांणसिइ, कइ प्रळयानळ पूजि।—मा. कां. प्र.

प्रळाद—देखो 'प्रहळाद' (रू. भे.)

प्रळाप—सं०पु० [सं०प्रलापः] १. वार्तालाप, संवाद। २. व्यर्थ की बकवाद।
३. विलाप, रुदन। उ०—हा! हा! दियै घरोघर हेला, पुरजण हिए प्रळापा। जियै जिकै नहि जियै जांण जग,किये ग्रनेक कळापा।
—ऊ. का.

प्रळापक—वि० [सं० प्रलापक] प्रलाप करने वाला, विलाप करने वाला।
सं०पु०—एक प्रकार का सन्निपात जिसमें रोगी अनाप-शनाप बकता है तथा उसके शरीर में पीडा और कंप होती है।

प्रलेप—सं०पु० [सं० प्रलेपः] १. लेपन, उबटन। २. मलहम (मरहम)।

प्रळै—देखो 'प्रळय' (रू. भे.) (डि. को.)
उ०—१. फिरंग प्रळै जळ फैलियौ, तज दुहूं राहां टेक। पांन ग्रखैवड़ 'पदम' रौ, ऊंचौ रहियौ ग्रेक।—राधोदास सांदू
उ०—२. करम मिटै भव कोड़ रा, पाप प्रळै हुय जाय। मन वंछत सब ही मिळै, प्रभु गुण ग्रंथ प्रभाय।—गजउद्धार
उ०—३. हरणाकुस कूं मार प्रहळाद कूं उवार लिया। प्रळै का दिन जांण सत देस उबारण कूं मच्छ देह धारी।—र.ज.प्र.
उ०—४. दिस मारू खुरसांण तणा दळ, वाधै जाण प्रळै चा वद्दळ।—रा. रू.
उ०—५. प्रळै देंण दुसहां पयण पैण तीरां पड़ै, स्यांम रख वैंण बीरा सरूभौ। निसा कौतक लगो 'रैंण' जुध निरखवा, ग्रेण रथ रोक चंद्र गैण ऊभौ।—रणसी सीसोदिया रौ गीत

प्रळैकार—देखो 'प्रळयकार' (रू. भे.)
उ०—फरे गढा दोळा के हबोळा लाख फोजां, लूट प्रळैकार दुनी करै भू लैणाग। जमी ऐकाकार ऐहो मेटता 'ग्रजा' रा जेठी,गाढेराव धारै भुजां टूटतौ गैणाग।—रावत ग्रजीतसिंह चूंडावत रौ गीत

प्रळैकाळ—देखो 'प्रळयकाळ' (रू. भे.)
उ०—१. प्रळैकाळ का पावस ग्रातसूंका उक भुरजाळ।—सू. प्र.
उ०—२. वूठिया भ्फाळ का चक्खा डूंग में पड़तां वेध। भाराथ जूटिया वीर चाळका सा भूप। माभ्फी निराताळ का ऊठिया फिरं-गाण माथै। रांघड़ा रूठिया प्रळैकाळ रा सरूप।
—डूंगजी जवार जी रौ गीत

प्रळैभ्फळ—सं०स्त्री० [सं० प्रलयज्वाला] प्रलयकाल की ग्राग, प्रलयाग्नि।
उ०—प्रळैभ्फळ एक दमंग प्रचड, खपावत जांणि घणा वन खड।
—सू.प्र.

प्रळैदातर—सं० पु० [सं० प्रलयदातार] बड़ादान करने वाला, महादानी।
उ०—जोगायत वैरसल रौ। तिण नूं भाईवंटै केहरोर ग्रायो, नै वरसलपुर मांहे हैंसौ हुंतौ। जोगायत वडौ प्रळैदातार हुवौ। वडा-वडा दांन दिया। पछै साथरै री मौत मुंवौ।—नैणसी

प्रळैमेघ—स० पु० यौ० [सं० प्रलयमेघ] प्रलयकालीन मेघ, प्रलय जलधर।

प्रलोक—देखो 'परलोक' (रू. भे.)
उ०—१. विलोक लोक-लोक को, प्रलोक लोक की वदैं।—ऊ. का.
उ०—२. पूगियौ सांढियौ आंण सोढांण प्रमांण पायौ, सोढ़ी नै सुणायौ वैण मोढियौ सनेस। सतावी सिनांन भ्फळां मंगळा प्रलोक सागौ, मनां में उछाह लागौ पती रौ हमेस।—बादरदांन दधवाड़ियौ

प्रळोणौ, प्रळोवौ—क्रि० अ० [स० प्रलोठनम्] १. लोटना-पोटना।
उ०—प्रमेसर तोरा पांय प्रळोय, कुरांण पुरांण न जांणै कोय।
—ह. र.

[?] २. धारण करना (छत्र)।
उ०—रांम न भूलौ वप्पड़ां, जे सिर छत्र प्रळोय, कर जीहा लोयण स्रवण, त्रियौ न ग्रापै कोय।—ह.र.

प्रलोप—सं० पु० [सं०] लोप।

प्रलोभ-सं० पु० [सं० प्रलोभ:] अत्यन्त लोभ, अधिक लालच ।
रू० भे०—परलोभ, पलोभ ।

प्रलोभक-वि० [सं०] लालच देने वाला, प्रलोभन देने वाला ।

प्रलोभन-सं० पु० [सं० प्रलोभनम्] किसी को किसी ओर प्रवृत्त करने के लिये उसे लोभ की आशा देने का कार्य, लालसा ।
रू० भे०—परलोभन ।

प्रळोभी-वि० [सं० प्रलोभिन्] लोभ में फंसने वाला, लालच करने वाला ।

प्रळौ—देखो 'प्रळय' (अल्पा., रू. भे.)

प्रल्लय—देखो 'प्रळय' (रू. भे.)
उ०—किनकेस सुतन प्रल्लय सुकाळ, करग आछटै गज्जां कपाळ ।
—शि.सु.रू.

प्रल्लाद, प्रल्हाद—देखो 'प्रह्ळाद' (रू. भे.)
उ०—हिरणाकुस प्रल्हाद सतायो, जार अगन बिच डाल दियो री ।
राज छांड दियो नांव न छांड्यो, खभ फाड़ प्रभु दरस दियो री ।
—मीरां

प्रवंग-सं० पु० [सं० प्रवंग:] घोड़ा, अश्व । उ०—अंत्रां खग झाट निराट अळग्ग, पड़ै बि बि जंघ पड़ै झड़ि पग्ग । पड़ै रिणि उच्छळि अेम प्रवंग । कुंडां चढ़ि जांणि विनांणि कुरंग ।—वचनिका

प्रवंचक-वि० [सं०] ठग, धूर्त ।

प्रवंचना-सं०स्त्री० [सं०] छल, कपट, ठगी, धूर्तता ।

प्रव—देखो 'परव' (रू. भे.)
उ०—अत प्रव माह बिन्है तो मिळिया, कहिजै ज्यां वाखांण किसा । दुरजोधन जिसड़ा दूसासण, जुधिठिल अरिजण भीम जिसा ।—गोरधन बोगसो

प्रवचन-सं० पु० [सं० प्रवचनम्] १. अच्छी तरह समझकर कहना । २. अर्थ खोल कर बताना, समझाना । ३. उपदेश पूर्ण भाषण । (मि०—बखाण ।)

प्रवत-सं० पु० [?] पानी, जल । (अ. मा.)

प्रवदारूण—देखो 'प्रविदारण' (रू. भे.) (ह. नां. मा.)

प्रवयण-सं०पु० [सं० प्रवयणम्] १. बैल हांकने का डंडा । (डि. को.)
२. चाबुक । ३. अकुश ।

प्रवर-वि० [सं०] १. महिमान्वित । उ०—सखियां सुं खेले रमै, करै गीत नै गान, प्रवर पंच परमेस्टि नो, धरै निरंतर ध्यांन ।
—वि. कु.
२. श्रेष्ठ, सर्वोत्तम । ३. मुख्य, प्रधान । ४. आयु में सब से बड़ा ।
सं०पु० [सं० प्रवर:] १. गोत्रप्रवंतक ऋषि । २. पूर्व पुरुष ।
३. सतति, वंशज । ४. वश, कुल । ५. अग्नि संस्कार का मंत्र विशेष ।
रू०भे०—परवर, पवर, पवरु ।

प्रवरत-सं०पु० [सं० प्रवंत.] कार्यारंभ, आरंभ । (वं. भा.)

प्रवरतक-वि० [सं०प्रवंत्तक] १. किसी कार्य या बात का आरंभ करने वाला ।
२. किसी कार्य में प्रवृत करने वाला, प्रेरणा देने वाला ।
३. किसी बात, मत या कार्य को चलाने वाला, प्रचलन करने वाला ।
४. उत्साह देने वाला ।
५. गति देने वाला, चलाने वाला ।
६. नया आविष्कार करने वाला ।
सं०पु० [सं०प्रवर्तक:] नवीन आविष्कार करने वाला व्यक्ति ।
रू०भे०—परवरतक ।

प्रवरतणौ, प्रवरतबौ-क्रि० अ० [सं० प्रवर्तनम्] १. फैलना, प्रवर्त होना । उ०—त्यों इह प्रसंन वाउ वाजै छै । प्रजां नै सुख देई । सु जांणौ प्रजा माहै न्याव प्रवरत्यो छै ।—वेलि टी.
२. लेन-देन में आना, व्यवहार में आना, चलना । उ०—ते आगळ पहलो नांणो कुतबस्याही करायो । इसो नांणो (कोई न) नीपजायो । तिवारै पछै गुजरात बीजो नांणो प्रवरतायो । पछै जलाला आद दे-नै नांणा प्रवरतिया ।—नैणसी
प्रवरतणहार, हारो (हारी), प्रवरतणियौ—वि० ।
प्रवरतिओड़ौ, प्रवरतियोड़ौ, प्रवरत्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
प्रवरतीजणौ, प्रवरतीजबौ—भाव वा० ।

प्रवरताणौ, प्रवरताबौ-क्रि० स० [सं० प्रवर्तनम्] १. फैलाना, प्रवर्तन कराना ।
२. व्यवहार में लाना, लेन देन में लाना, चलाना । उ०—तिवारै पछै गुजरात बीजो नांणो प्रवरतायो ।—नैणसी
प्रवरताणहार, हारो (हारी), प्रवरताणियौ—वि० ।
प्रवरतायोड़ौ—भू० का० कृ० ।
प्रवरताईजणौ, प्रवरताईजबौ—कर्म वा० ।

प्रवरतायोड़ौ-भू० का० कृ०—१. फैलाया हुआ, प्रवर्तन कराया हुआ.
२. व्यवहार में लाया हुआ, लेन देन में लाया हुआ, चलाया हुआ.
(स्त्री० प्रवरतायोड़ी)

प्रवरतियोड़ौ-भू० का० कृ०—१. फैला हुआ, प्रवर्त हुवा हुआ.
२. लेन देन में आया हुआ, व्यवहार में आया हुआ, चला हुआ.

प्रवह-सं० पु० [सं० प्रवह:] १. धारा ।
२. पवन, हवा ।
३. सात प्रकार के पवनों में से एक का नाम जिसके सहारे आकाश में ज्योतिष पिण्ड स्थित है ।

प्रवहण-सं० पु० [सं० प्रवहणम्] १. पर्दादार गाड़ी या पालकी, डोली ।
उ०—कुमर तणा गुण खिण खिण समरै, जास कुमति कमलांणी ।

प्रवहरण देखि इसै इक नेंहौ, नयरण तिहां विकसांणी ।—वि.कु.

२. जहाज, नौका, पोत । उ०—हरख घरि हियडइ मांहि अति घरणउ, तुह पसाय लही तुह गुरण भरणु । जलधि पारइ प्रवहरण ऊतरइ, तिहां समीररण सहि सानिध करइ ।—स.कु.

रू० भे०—प्रबहरण ।

प्रवांण—देखो 'प्रमांरण' (रू. भे.)

उ०—सुरिण सुंदरि केता कहां, मारू देस वखांरण। मारवरणी मिळिया पछइ, जांण्यउ जनम प्रवांण ।—ढो.मा.

प्रवांणौ—देखो 'परवांणौ' (रू. भे)

प्रवाड़—देखो 'प्रवाड़ौ' (मह., रू. भे.)

उ०—अोघुरा दहाड़ सूंवां दहाड़ बिभाड़ सत्रां, घाव सिघ्र बिरदाई प्रवाड़ वरेस । तुरंगां कव्यदां बांवराड भडां रांम ताखा, निखगां रीझगा घाड जांनकी नरेस ।—र. ज. प्र.

प्रवाड़मल, प्रवाड़मल्ल—सं०पु० [राज० प्रवाड़ + सं० मल्ल] योद्धा, वीर ।

उ०—१. माभी मोह मराट. 'पातल' रारण प्रवाड़मल । दुजडा किय दहवाट, दळ मैंगळ दांणव तरणा ।—सूरायच टापरियौ

उ०—२. 'पूरौ' 'हरौ' प्रवाड़मल, 'सूरौ' 'दुज्जरणसल्ल' । रूक-हथा हरदास रा, अजरा खरा अचल्ल ।—रा. रू.

रू०भे०—परवाडमल, परवाडमल्ल ।

प्रवाड़ि—स०स्त्री० [?] भक्ति पूर्वक किसी पूज्य को दाहिनी ओर कर उस के चारों ओर घूमना, प्रदक्षिणा । उ०—गुरु सांथइ रे, चैत्य प्रवाड़ि करइ खरी । देव वादइ रे, सक्रस्तव पाचे करी ।—स. कु.

प्रवाड़ौ—सं०पु० [सं०प्रवादः] १, युद्ध, लडाई, संग्राम ।

उ०—१. असमर गहै कळम किय आवट, वढतै घडा कंवारी वद । मेद्धातणौ प्रवाड़ौ मोटौ, नवखंड हुवौ रारण नरियंद ।

—महारांणा सांगा रो गीत

उ०—२. वातां करतां लांगी वेळा, पायो कुंजस प्रवाड़ै । डीला तरणां खुसाड़ै डेरो, अो आयौ डील ऊघाड़ै ।—कायर रौ गीत

२. वीरता पूर्ण कृत्य, बहादुरी का काम, वीर कार्य ।

उ०—१. 'ऊदै' भड मेलिया अकारा, नीसरियो खळ छोड नकारा । मिरजौ नूरमली जुध मुड़ियौ, 'जोधां' जैत प्रवाड़ौ जुड़ियौ ।

— रा. रू.

उ०—२. स्रीजैतसिंह जी स्रीमाता जी करणी जी रै प्रताप सूं अनेक प्रवाड़ां किया ।—ठा० जैतसिंह री वारता

उ०—३. राम राज जोधपुर, सहूं हरचंद वारो । मास पंच खट मास, साह आपै वाघारो । दखणांधी सरहद्द, वडा जीता आखाड़ा । वडा प्रिसरण परभवे, वडा खाटिया प्रवाड़ा । खेंगरे खग्ग खळ घासियां, अभंग नाथ उदमादमें । दिन-दिन प्रताप जस आगळै, सूरसिंघ नृप आथमें ।—गु.रू.व.

उ०—४. छरा भयंकर छोह चख, डाढ़ भयकर डाच । दीसै नाहर देखियां, सहू प्रवाड़ा साच ।—बां. दा.

३. शौर्य, पराक्रम, बहादुरी । उ०—१. कीत खाटरण नमो 'फता' सुत कळोधर । सवाया प्रवाड़ा दीह साजा । 'माल' सुत ताक आयो ज्युं ई मोटमन । गैण मुरधर तणौ कीध राजा ।— देवराज रतनू

उ०—२. 'अमर' प्रवाड़ा एण विध, कहिया सुकवि सकाज । इरण आगळि, वरणन अथग, राजतेज 'जसराज' ।—सू.प्र.

४. कीर्ति, यश । उ०—तो पद अविधांन प्रवाड़ा सूरत, अरविंद इडग तंत इधकार । नांमें रटै सांभळै निरखै, मसतक जिहैं रूत नयरण मुरार ।—र.रू.

५. यश का कार्य, महान कार्य । उ०—१. सो ईरणा रावत प्रतापसिंघ री सरकार सुं भी लेखरणौं दान दीधो । अर आप रा घर माहे छो सो नौ मग्व ही दीधो । सो ईरणां रो तो सार नै आचार घरणौं-घरणौ तिरो ढठा-नाई कह्यौ जावै । जिरणां रा प्रवाड़ा रौ कुरण पार पावै । निपट अमामी अद्भुत अछूनी रजपूती रो सरदार ।

—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

उ०—२. दामोदर तुझ निमौ व्रिज देस, प्रवाड़ां तुझ निमो परमेम ।

—पी. ग्र.

उ०— ३. (नैं) कीया कांम वहिया कटग, करता कितरा अेक कहा । ताहरा विसव रूपी त्रिगुरण, नाथ प्रवाड़ा ना लहां ।—पी. ग्र.

६. विजय, जीत । उ०—रावत मेघ वेघम थी चढ़ियौ । मजलै एक आयौ । सकतावत असवार पिरण भिरणा मरणीक भेळा हुवा । पछै रावत मेघ हीज विचार कर दीठौ । घर १ छै । गोत कदम हूसी । तरै आप सूं हीज पाछो वळियौ । भाई-बंध सिगळा मांनसिंघ करणोत बीजै घरणौ ही कह्यौ । सकतावत प्रवाड़ा वधसी । इरण आगा कठै ही फिर संका नहीं ।—नैरणसी

उ०—२. म्हा आज पहला इसो कजियो कियो न सुरिणयो । सारा अेक तरह मनगरा था सो जितरो साथ हुतो तितरो जे हुवै और उरणसूं कजियो करां जरणां तो खबर पड जाय । इसी वलाय था । पण भाग सावळ था ती सूं पचास सवार रहिया । बाकी रा अगल-बगल आगे गया । खीवो पाघ वाधरणै रुकियो थो ती सूं खान री फतह हुई छै । प्रवाड़ौ हाथ आयो । खांन सुरण राजी हुवो ।

—सूरे खीवे काधळोत री वात

७. चमत्कार पूर्ण कृत्य, दैविक कृत, दैविक चमत्कार । उ०—१. अहं जग मिटावरण विघन तन ताप रा, खपावरण पाप रा मूळ खोटा । अनका प्रवाड़ा गिरणै कुरण आप रा, मात परिणयाप रा विडद मोटा ।

—खेतसी वारहठ

उ०—२. वगतर कर कंथा वडग डड वांधे, रिम सुभ गत देवरण रेस । दिन-दिन नया प्रवाड़ा दीपै, दसमा नाथ नमो 'दुरगेस' ।

—दुरगादास राठौड़ री गीत

रू० भे०—पंवाड़ौ, परवाड़ौ, पवाड़ट, पवाड़ौ, पुमाड़ौ, पुरवाड़ौ, पुवाड़ौ, पुवाडौ ।

मह०—परवाड़, परवाड, प्रवाड़, प्रवाड।

प्रवाड—देखो 'प्रवाही' (मह., रू. भे.)

प्रवाद–सं० पु० [सं० प्रवादः] १. वार्तालाप, संवाद। २. बातचीत, किंवदती, अफवाह, जनश्रुति, जनरव। ३. व्यक्त करना, वर्णन करना प्रकट करना। ४. शब्दोच्चारण। ५. झूठी बदनामी, निंदा।

रू० भे०—परवाद।

प्रवाळ—देखो 'प्रबाळ' (रू. भे.)

उ०—अधर प्रवाळ सा जांण जं, दांत दाड़िमी बीज। रसना नागर पान सी, चूंपा चमकं बीज।—कुंवरसी सांखला री वारता

उ०—२. कठळी कनक प्रवाळ माणिक, विविध रूप विस्तार। दाणउ दूआसर मांदल्या, उर मोतिया भरिहार।—रुकमणी मगळ

प्रवाळक–वि० [सं० प्रवाल+क] १. लाल, रक्ताभ। उ०—जगी हवदा खळ सेल जडत, प्रवाळक रूप अप्राळ पडंत।—सू. प्र.

प्रवाळड़ो, प्रवाळियौ—देखो 'प्रबाळ' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—१. सिद्ध-पदे इकत्रीस प्रवाळड़ा, राता माणिक अस्ट। रक्त-चदन लेपित गोलक धरै, टलै उपद्रव कस्ट।—स्रीपाळ रास

उ०—२. पन्ना लाल प्रवाळिया, हीरा रतन वणाय। चौक रचै अदभुत अधिक, वळि मुक्ताफळ माय।—गजउद्धार

प्रवाळी–सं०पु० [सं० प्रवालम्] १. नवीन पते, कोंपल।

उ०—घटि-घटि घण घाउ घाइ रत घण, ऊंच छिछ ऊछळै अति। पिड़ि नीपनौ कि खेत्र प्रवाळी, सिरा हुस नीसरै सति।—वेलि

२. देखो 'प्रबाळी' (रू. भे.)

उ०—धनख ज्यूं ही भुंहरा री खंच, नासिका जिसी सूवा री चंच, अधर प्रवाळी, जिसा वणिया दांत जांणै हीरां री कणिया।

—र. हमीर

३. देखो 'प्रवाळ' (रू. भे.)

उ०—साई दे दे सज्जना, रातइ इंणि परि रूंन। उरि ऊपरि ग्रांर ढळइ, जाणि प्रवाळी चूंन।—ढो. मा.

प्रवाव—देखो 'प्रवाह' (रू. भे)

उ०—घुमे हिक जोध सहे घण घाव। पड़ै पिंड हेकां स्रोण प्रवाव। कटारां वाहै हेक कराळ। धड़ा सिर हेक धवै धाराळ।

—गु रू वं

प्रवास–स०पु० [स० प्रवासः] १. अपनी जन्म भूमि छोड़ कर विदेश में जाकर किया जाने वाला वास, परदेस का निवास।

उ०—जीव अम्हारु जोखिता, ते थापणि तुम्ह-पासि। राखे तुं रुडी परि, पंजर भमइ प्रवासि।—मा. कां. प्र.

२. देश निरवासन, देश निकाला। उ०—आ सुणतां ही कोप रै परतत्र राजा भीम काका सारगदेव रा सातूं ही पुत्रां नूं आप रा देस सूं प्रवास दीधौ।—बं भा.

प्रवासी–स०पु० [स० प्रवसिन्] १. यात्री, पथिक, बटोही।

२. विदेश में निवास करने वाला, परदेस में रहने वाला।

प्रवाह–सं०पु० [सं० प्रवाहः] १. जल की वह धारा जो किसी दिशा में पूर्ण वेग के साथ बढ रही हो। उ०—१. भागीरथ भजि रे। भोळी चक्रवरत्त, आगा लगइ जोवतां अथाह। संकर देव पखउ कुण साहइ, पडती गगा तणा प्रवाह।—महादेव पारवती री वेलि

उ०—२. सो प्रेम सूं हियौ भर आयो अर आंख्यां सूं प्रवाह छूटिया सो रोकियां रूके नहीं।—कुंवरसी सांखला री वारता

२. किसी द्रव पदार्थ का किसी ओर वेग पूर्वक लगातार बहते रहने की क्रिया या भाव, बहाव। उ०—१. वनचर गण लीधा बहै, भागीरथ रै राह। स्रीसीता भरतार सम, भागीरथी प्रवाह।

—बां. दा.

उ०—२ पगो गग प्रवाह, निरमळ तन कीधौ नही। चित क्यूं राखै चाह, तिके सरग पावण तणी।—बां. दा.

३. नदी। (ह. नां. मा.)

४. गति, गमन, चाल। उ०—इळ सीत अबर पसरि उत्तर बसन प्रीत विसेख ए। आंमिक्ख पानक पूर आसव, पुहवि अप सुख पेख ए। तनि अगनि सुख निसि रहत तापस सरणि बसन ससार ए। हिम सरति राह प्रवाह सुख हुय पथ थाह पगार ए।—रा. रू.

५. किसी काम या बात का निरतर चलने वाला क्रम जो बीच में कभी नही टूटता हो।

६. दान। उ०—'ऊदा' हर थारा तप आगै, भरत खंड सह डंड भरै। प्रोळ प्रवाह वडा गज पातां, कुंजर नयरां रीझ करै।

—सुखजी आढो

उ०—२. खड़खट थट लाखावट खळखट, गजगति वर कीधौ गजगाह। रातल सावज धवियां 'रतनै' पूजवियौ पळ प्रघळ प्रवाह।—दूदौ

७. स्नान।

रू०भे०—परवाह, प्रवाव, प्ररवाह।

प्रवाहणौ, प्रवाहबौ–क्रि०स० [सं० प्रवाहनम्] जलधारा में बहाना।

उ०—गंग प्रवाहिउ रयण माहि घालिउ मजूसं।—प. पं. च.

प्रवाहणहार, हारौ (हारी), प्रवाहणियौ—वि०।

प्रवाहिग्रोड़ो, प्रवाहियोड़ौ, प्रवाह्योड़ौ—भू० का० कृ०।

प्रवाहीजणौ, प्रवाहीजबौ—कर्म वा०।

परवाहणौ, परवाहबौ—रू० भे०।

प्रवाहिका–सं०स्त्री० [सं०] पेट का एक रोग जिससे पेट में दर्द होता है और पतले दस्त होते हैं।

प्रवाहियोड़ौ–भू० का० कृ०—जळ प्रवाह में बहाया हुआ.

(स्त्री० प्रवाहियोड़ी)

प्रवाही–वि० [स० प्रवाहीन्] जो प्रवाह के रूप में बह रहा हो।

उ०—दूसम काले दोहिलउ जी, सूधउ गुरु सयोग। परमारथ प्रीछइ नही जो, गडर प्रवाही लोग।—स. कु.

प्रवित, प्रविति, प्रवित्त—देखो 'पवित्र' (रू. भे.)

उ०—१. जम त्रास दुक्ख मिटसी 'जगा' घणूं सुक्ख प्रांमिस घणा। कर प्रवित भ्रंग संनांन कर, तर तरग गंगा तणा।—ज.खि.

उ०—२. भ्रलख करिवा प्रविति नंद री आंगणौ। प्रभू रौ जसोदा बंधायौ पाळणौ।—पी. ग्रं.

उ०—३. पुत्रां कजि खाटै घन पित्त। पुत्रां हूं घर हुवै प्रवित्तं। —गु. रू. व.

प्रविदारण–सं० पु० [सं० प्रविदारणम्] युद्ध। (ह. नां. मा.)

रू०भे०—प्रवदारूण।

प्रविसणौ, प्रविसवौ–क्रि० अ० [सं० प्रविश्] प्रवेश करना, घुसना।

प्रविसणहार, हारौ (हारी), प्रविसणियौ—वि०।

प्रविसिश्रोड़ौ, प्रविसियोड़ौ, प्रविस्योड़ौ—भू० का० कृ०।

प्रवीसीजणौ, प्रवीसीजवौ—भाव वा०।

प्रविसियोड़ौ–भू० का० कृ०—प्रवेश किया हुआ, घुसा हुआ. (स्त्री० प्रविसियोड़ी)

प्रविस्ट, प्रविस्ठ–सं० पु० [सं० प्रविष्ट] प्रवेश। उ०—जठै भीम रा सिपाहां तोरण रै बाहिर आया, जिकै राजा सहित प्राकार में प्रविस्ट कीधौ।—वं. भा.

रू० भे०—पविट्ठ।

प्रवीण–वि० [सं०] १. अच्छा गाने या बजाने वाला। उ०—गिर गज कुंभ गिरीस, प्रवीणां गाविया। सुबरण बरण सुढ़ंग कठोर सुहाविया।—बां. दा.

२. किसी कार्य को करने में पूर्ण जानकार, चतुर।

३. दक्ष, कुशल। उ०—जिण तेज अरक जिम छक जहूर। सुंदर प्रवीण दातार सूर।—वि. सं.

सं० पु०—१. पंडित। (ह.नां.मा.)

२. कवि। (अ. मा.)

३. वह जो वीणा बजाने में पूर्ण दक्ष हो।

रू० भे०—परवीण, परबीन,परवीण, परवीन, प्रवीण, प्रवीन।

प्रवीणता–सं० स्त्री० [स० प्रवीण+रा०प्र०ता] निपुणता, चतुराई, दक्षता।

रू० भे०—परवीणता।

प्रवीत—देखो 'पवित्र' (रू. भे.)

उ०—१. पाटंबर धोयति जिग प्रवीत। उद्दार तिलक क्रांती अद्दीत। —सू. प्र.

उ०—२. पत-सीत प्रवीत सनीत पढ़ं। दळ-जीत लखां रिण-जीत दढ़ं।—र.ज.प्र.

प्रवीन—देखो 'प्रवीण' (रू. भे.)

उ०—कटी सु छीन केहरी प्रवीन पायका नहीं। बिनीत वांनि वीन सी नवीन नायका नही।—ऊ. का.

प्रवीर–सं० पु० [सं० प्रवीरः] वीर पुरुष, बहादुर व्यक्ति, योद्धा।

उ०—बाटियां रा बीस मीसणा रा पद्रह प्रवीर पड़ियां पछै बहनोई रा प्रहार थी साळा रौ सीस उडियौ।—वं. भा.

रू० भे०—प्रवीर।

प्रवेस—सं० पु० [सं० प्रवेशः] १. भीतर जाना, अन्तर्निवेस, घुसना, पैठारी। उ०—१. तिण समयै तिण वेर उभै नाजर अत आदर, पावक करण प्रवेस तरण पति चरण निरंतर।—रा. रू.

उ०—२. रोग सोक दुख पाप रिण, अै मत करौ प्रवेस। रहौ अनीत-अनीत विण, दाता हंदै देस।—बां. दा.

२. गति, रसाई, जानकारी।

३. दूसरे के काम में दखल देना।

४. किसी कार्य में संलग्न होने की स्थिति।

५. किसी पात्र की रंगमच पर उपस्थिति।

६. द्वार।

७. सूर्य का किसी राशी में संक्रमण।

रू० भे०—परवेस, परवेस।

प्रवेसक–वि० [सं० प्रवेशकः] १. प्रवेश करने वाला, घुसने वाला।

२. प्रवेश कराने वाला, घुसाने वाला।

प्रवेसद्वार–सं०पु०यौ० [सं०प्रवेशः+द्वारं] वह दरवाजा जिसमें से होकर अन्दर जाते हैं।

प्रव्रज्या–सं० स्त्री० [सं०] गृहस्थाश्रम छोड कर संन्यास लेना।

उ०—अल्प प्रव्रज्या, अतुल परीसह, अस्ट करम करी हांण। —जयवांणी

प्रव्रत्त–वि० [सं० प्रवृत्त] १. किसी की ओर झुका या मुड़ा हुआ।

२. किसी ओर लगा हुआ।

प्रव्रत्ति–सं० स्त्री० [सं० प्रवृत्तिः] १. मन का किसी विषय की ओर लगाव, लगन। २. प्रवाह, बहाव। ३. झुकाव।

४. दार्शनिक और धार्मिक क्षेत्रों में जीवन-यापन का वह ढंग जिसमे मनुष्य सांसारिक कार्यों, सुख भोगों आदि में प्रवृत्त रहता है।

५. राम स्नेही साधुओं का एक भेद विशेष जिसके साधु सिले हुए कपड़े पहिनते हैं, सिर पर टोपी या पगड़ी रखते हैं साधु सेवा के नाम से रुपये भी ग्रहण करते हैं, उधार भी देते हैं।

६. मन, वचन, काया को शुभाशुभ कार्य (व्यापार) में लगाने की क्रिया या भाव।

७. मन की विचारधारा। ८. उत्पत्ति, जन्म। ९. हाथी का मद।

१०. यज्ञ, पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य।

११. कार्य का अनुष्ठान या आरंभ।

१२. मनुष्यों का साधारण आचरण व्यवहार या रहन-सहन।

प्रवृद्ध-वि० [सं० प्रवृद्ध] १. पूर्ण बढ़ा हुआ। २. वृद्धियुक्त। ३. फैला हुआ, विस्तारित। ४. अहंकारी. अभिमानी।
सं० पु०—तलवार के ३२ हाथों में से एक।

प्रसंग-सं० पु० [सं० प्रसङ्गः] १. अनुराग, आसक्ति।
२. संसर्ग, सबंध, संपर्क, मेल। उ०—घटे आव जस धन घटे, अकळ हटे बळ अग। नीदवियो दांना नरा, पातर तणो प्रसग।
—बा.दा.
३. अनुचित संबंध, लगाव।
४. वार्ता, विषय। उ०—चुगलां जीभ न चाल ही, पर उपगार प्रसंग। नह नीपज ही नील सूं, राजहंस रो रग।—बां. दा.
५. वह विषय जो विवाद-ग्रस्त हो और जिस पर चर्चा चल रही हो।
६. सभोग, मैथुन। उ०—परीणत स्वास उसास प्रभाव, प्रिया प्रिय पास पलोटत पाव। रमै रस रास विलास सुरंग, परस्पर प्रीतम प्रीत प्रसग।—ऊ. का.
७. संबंध, रिश्ता।
८. मौका, अवसर।
९. प्रकरण। उ०—एक न चाहै और तूं, उभै दुखी ह्वै अग। आदम नै इळवीस रो, प्रगट विचार प्रसग।—बां. दा.
१०. हेतु, कारण।
रू० भे०—परसंग, परसंघ, प्रसंघ।

प्रसंगी-वि० [सं० प्रसगिन्] १. जिसका प्रसंग चल रहा हो।
उ०—उमग प्रसंगी सूं वयण, चव सुकवि चित चाह। कहै 'मंछ' कवि जिकण नूं, सनमुख उक्त सराह।—र.रू.
२. प्रसंगयुक्त। ३. प्रसग या संभोग करने वाला। ४. अनुरक्त।
सं० पु०—सम्बन्धी, रिश्तेदार, नाती। उ०—ताहरां ओठी दोय साम्हां चाढ़िया सो द्रोणपुर कनै भांभरकै आइया। अेकण प्रसंगी थो उण रै घर गया, उठै उतर पांणी पीयो।
—सूरे खींबे काधळोत री बात
रू० भे०—परसगी, परसंघी, प्रसघी।

प्रसंघ—देखो 'प्रसंग' (रू. भे.)

प्रसंघी—देखो 'प्रसंगी' (रू. भे.)

प्रसध-सं०पु० [?] शरीर की रचना, शरीर का गठन।
उ०—कर कमळ माळ सु द्वार प्रतिक्रम, बांध रति भुज-बंध है। क्रत जुगळ सुंदर चमर करि है, सोभ रुचिर प्रसंध है। इक ओर अपछर गांन अदभुत, बांण सुरंग वधावणो।—रा. रू.

प्रससक-वि० [सं० प्रशंसक] प्रशसा करने वाला, तारीफ करने वाला।

प्रसंसणौ, प्रसंसबौ-क्रि०स० [सं० प्रशंसनम्] किसी की प्रशंसा या तारीफ करना गुण गान करना, श्लाघा करना। उ०—वेणीरांम जी स्वांमी सुणनै घणां राजी हुवा। स्वांमी जी नै घणां प्रसंस्या।
—भि. द्र.
प्रसंसणहार, हारौ (हारी), प्रसंसणियौ—वि०।
प्रसंसिओड़ौ, प्रससियोड़ौ, प्रसंस्योड़ौ—भू०का०कृ०।
प्रसंसीजणौ, प्रसंसीजबौ—कर्म वा०।
परससणौ, परसंसबौ—रू० भे०।

प्रसंसता—देखो 'प्रससा' (रू. भे.)
उ०—अरी न अप्रसन्न ह्वै प्रसन्न में बडो बिभो। प्रससता प्रसंसनीय की प्रससता प्रभो।—ऊ. का.

प्रसंसनीय-वि० [सं० प्रशंस्+अनीयर्] जिसकी प्रशंसा की जा सकती है, प्रशसा करने के योग्य।
उ०—प्रससता प्रसंसनीय की प्रसंसता प्रभो।—ऊ.का.

प्रसंसा-सं० स्त्री० [सं० प्रशसा] किसी के अच्छे गुणों या कार्यो का किया जाने वाला वर्णन या बखान, बड़ाई, तारीफ, श्लाघा।
उ०—चपकमाळा हरत चित, जुत भमरावळि जांण, जुत भमरावळि जांण जिल्है तन जागणो। बादळ मांभळ बीज, प्रकास बिलागणी। काय अमावस रैण, प्रसंसा कीजही। दीवाळी सुखदाय, प्रभा दरसीजही।—बां. दा.
रू०भे०—परससा, पसंसा प्रसंसता।

प्रसंसियोड़ौ-भू०का०कृ०—किसी की प्रशसा या तारीफ किया हुआ, गुण गान गाया हुआ, श्लाघा किया हुआ.
(स्त्री० प्रसंसियोड़ी)

प्रसण—१. देखो 'प्रसन्न' (रू. भे.)
उ०—१. प्रसण हुय प्रहळाद ऊपर, हर दिखाये हत्थ।—भक्तमाळ
२. देखो 'पिसण' (रू. भे.) (अ. मा.)
उ०—करां खग भाल दुहूं राह मातो कळह, दूठ लागो पलां येण दावै। जीव री आस तो प्रसण नह गहै जळ, जळ गहै प्रसण तो जीव जावै।—महारांणा प्रताप रो गीत
३. देखो 'प्रस्न' (रू भे)

प्रसणपनग—देखो 'पिसणपनग' (रू. भे.)

प्रसणांण, प्रसणायण—देखो 'पिसण' (मह., रू. भे.)
उ०—१. बीर माहाराज तैं मन बसिया, मुणै समाग्रह मारित माण। पत बडा अळगा दांन पावै, परभव जे अळगा प्रसणांण।
—राव रिड़मल रो गीत
उ०—२. कर मुक्ता चूंडावत कीधा, कमधज करवै वांण किये। पांण पता परहस प्रसणायण, दूर थकां ही रयण दियै।
—राव रिड़मल रो गीत

प्रसणी-सं० स्त्री० [सं० पृश्निः] श्रीकृष्ण की माता देवकी का एक नाम।

प्रसणीप्रभ—देखो 'प्रस्निगरभ' (रू. भे.)

उ०—राव-वैकुंठ घनतर रिक्खभ, गरुड़ारूढ़ विसन प्रसणीप्रभ ।
—ह. र.

प्रसत—वि० [?] प्रकट, जाहिर, प्रत्यक्ष । उ०—१. चंद वळ जीत वासव प्रसत चोज मे, जोध मकराक्ष भो हरोळी फौज में । —र. रू.
उ०—२. नर केता नारद निपट, दोल्यां रै वट देह । पण पिव रो प्राक्रम प्रसत, बंधियो नाहिं वधेह ।—रेवतसिंह भाटी
सं० पु० [सं० पृषत्] १. जल या किसी अन्य तरल पदार्थ की बूंद । (डिं. को.)
[सं० पृषतः] १. चित्तीदार हिरण । २. धब्बा ।

प्रसतर—देखो 'प्रस्तर' (रू. भे.)

प्रसतांनौ—देखो 'प्रस्थांनौ' (रू. भे.)
उ०—करि प्रसतांनौ ले चले, दस सिरि जम-द्वारे । कूदि चढे दह-कंध रै, चित हित चौवारे ।—सू. प्र.

प्रसतार—देखो 'प्रस्तार' (रू. भे.)

प्रसताव—देखो 'प्रस्ताव' (रू. भे.) (ह. नां. मा.)
उ०—१. जोर दिखायो साह रो, फोर धरे प्रसताव । घर-घर हंदा माझियां, कर कर वात द्रढ़ाव ।—रा. रू.
उ०—२. भो मे प्रसताव दिखायो, ज तूं भूप उणहिज कुळ जायो ।
—सू प्र.

प्रसथांण—देखो 'प्रस्थांन' (रू. भे.)
उ०—करधो द्रग देसांण, प्रसथांण 'इंदर' सकति । प्रेम भप्रमांण रा अम्रत पीधा ।—मे. म.

प्रसथाव—देखो 'प्रस्ताव' (रू. भे.)

प्रसद—सं० स्त्री० [सं० पृषत् ?] १. नदी । (भ्र. मा.)
२. देखो 'प्रसिद्ध' (रू. भे)
३. देखो 'प्रसिद्धि' (रू.भे.)
उ०—'धीर' नह मनांणी नीर चाडण धरा । प्रसद जिण पुगाई समंद पाजा ।—धीरतसिंह मेडतिया रो गीत

प्रसध—१. देखो 'प्रसिद्ध' (रू. भे.)
उ०—प्रसध नांम इधकार जग जारै मांटीपणी, भतुळ दातार कीरत उजाळा । मलम वाता चिहुं वेस भ्रांणिया-भमर, वाह रै ! कवर अवधेस वाळा ।—र. रू.
२. देखो 'प्रसिद्धि' (रू. भे.)

प्रसन—देखो 'प्रसन्न' (रू. भे.)
उ०—१. पातसाह राखै प्रसन, 'जेहा' तो घण जांण । मकै मदीनैं मारगां, ताठ सकै कुण तांण ।—वां. दा.
उ०—२. सुसमित सुनमित निज वदन सुव्रीड़ित, पुंडरीकाख थिया प्रसन । प्रथम अग्रज आदेस पाळिवा, मिरिगाखी राखिवा मन ।
—वेलि
उ०—२. प्रज उदभिज सिसिर दुरीस पीड़तो, ऊतर ऊयापिया असंत । प्रसन कोकु मिसि न्याय प्रवरत्यो, वनि वनि नयरे राज वसत ।—वेलि
२. देखो 'प्रस्न' (रू. भे.) (डिं. को.)
उ०—पूछै यूं 'अन' कवि प्रसन, थाप मेर जिण ठांम । प्रथम मेर मत कवि परठ, रट कीरत रघुरांम ।—र. ज: प्र.
३. देखो 'पसंद' (रू. भे.)

प्रसनता—देखो 'प्रसन्नता' (रू. भे.) (भ्र. मा.)

प्रसना—सं०स्त्री० [सं० प्रसन्ना] मदिरा । (भ्र.मा.)

प्रसनाई—देखो 'प्रसन्नता' (रू. भे.)
उ०—एक रूप अनमेख, पेख धारै प्रसनाई ।—रा. रू.

प्रसनोतर, प्रसनोत्तर—देखो 'प्रस्नोत्तर' (रू. भे.)
उ०—एक सुघड़ रस कायब उच्चर, पूरण सुख लूटै प्रसनोतर ।
—रा. रू.

प्रसन्न—वि० [सं०] १. खुश, संतुष्ट । उ०—१. सु देवराज सूं सामी प्रसन्न हुय नै कह्यौ—वात हुइ सो म्है जांणी ।—नैणसी
ऊ०—२. भरी न अप्रसन्न ह्वै प्रसन्न में बडो विभो ।—ऊ. का.
२. जो किसी के कार्य या बात तथा गुणों को देखकर संतुष्ट भौर हर्षित हुआ हो । उ०—स्रम थोड़ै वोह नफो सांपजै, वीसर मती भनोखी वात । रहै प्रसन्न ऐ आयस रीधै,छात सिधां नरपतियां छात ।
—वां. दा.
रू० भे०—परसण, परसन, परसन्न, पसंद, पसन्न, प्रसण, प्रसन, प्रासन्न ।

प्रसन्नता—सं० स्त्री० [सं०] १. प्रसन्न होने या रहने की भ्रवस्था या भाव, खुशी, हर्ष । २. निर्मलता, स्वच्छता । ३. भनुग्रह, कृपा ।
रू० भे०— पसन्नता, प्रसनता, प्रसनाई ।

प्रसनमुख—वि० [सं०] जिसका मुख प्रसन्न हो, जिसके मुंह पर प्रसन्नता के चिन्ह हो, हंसमुख, खुश ।

प्रसन्नांध—स० पु० [सं०] घोड़े का एक रोग जिसमें उस की भ्रांख देखने में तो ज्यो की त्यों दिखाई देती है परन्तु घोड़े को दिखाई नहीं देता ।
(शा. हो.)

प्रसन्नियप्रब्भ—देखो 'प्रस्निगरभ' (रू. भे.)
उ०—नमो गुरु आदि प्रसन्नियप्रब्भ, नमो रघुराज कपिल्ल रिखब्भ ।
—ह. र.

प्रसन्नी—वि० स्त्री० [सं० प्रसन्न + रा०प्र०ई] प्रसन्न होने वाली, खुश ।
उ०—देवी सारदा रूप पीगळ प्रसन्नी ।—देवि.
सं० स्त्री० [सं० पृश्निः] श्रीकृष्ण की माता देवकी ।

प्रसपघन्वा—देखो 'पुस्पघन्वा' (रू. भे.) (ह.नां.मा.)

प्रसभ—सं० पु० [सं० प्रसभम्] १. हठ । उ०—१. बुध जांणियो जठ ही जाइ नाइ कांम भ्रावण प्रसभ गहियो ।—वं. भा.

उ०—२. इणी समय राणा लक्खण रौ पट्टपकुमार अरिसिंह आखेट में रमतां कोई ग्रांम रा परीसर में एक चंनांणा जाति रा हळखड़ रजपूत री पुत्री नूं बळ में अतुळ जांणि प्रसभ पूरवक परणियौ।—वं. भा.

अव्य०—जबरदस्ती से, बरजोरी से।

प्रसम–सं० पु० [सं० प्रशमः] १. शान्ति। २. शमन, उपशम।

प्रसमन–सं० पु० [सं० प्रशमनम्] शान्ति, शमन।

प्रसर–सं०पु० [सं० प्रसरः] १. शीघ्र, जल्दी। (अ. मा., ह. नां. मा.)

२. ऐसी गति जिसमें रुकावट न हो।

३. वेग, तेजी।

४. आगे बढना।

५. विस्तार, फैलाव।

६. वात, पित्त आदि दोषों का संचार घटाव, बढ़ाव। (वैद्यक)

७. न्यास।

८. राशि, समूह।

९. प्रधानता।

प्रसरणौ, प्रसरबौ—देखो 'पसरणौ, पसरबौ' (रू. भे.)

प्रसरणहार, हारौ (हारी), प्रसरणियौ—वि०।

प्रसरिग्रोड़ौ, प्रसरियोड़ौ, प्रसरयोड़ौ—भू० का० कृ०।

प्रसरीजणौ, प्रसरीजबौ—भाव वा०।

प्रसरियोड़ौ—देखो 'पसरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० प्रसरियोड़ी)

प्रसव– सं०पु० [सं० प्रसवः] १. बच्चे को जन्म देने की क्रिया, जनना।

उ०—प्रति एक प्रसव एतां प्रसार, एकादस प्रकटे कुळ उदार। बाळे स नाम पत्तम बणाय, तिण ठांम दुरग प्रति रण तणाय।—वं.भा.

२. उत्पत्ति, जन्म। उ०—सूतौ देवर सेज रण, प्रसव अठी मो पूत। थे घर बाभी बांट थण, पाळौ उभय प्रसूत।—वी. स.

३. बच्चा।

४. पुष्प, फूल। (नां. मा.)

प्रसवणौ, प्रसवबौ–क्रि० स० [स० प्रसवनम्] बच्चा उत्पन्न करना, जन्म देना। उ०—दस मास समापित गरभ दीध रित, मन व्याकुळ मधुकर मुणणंति। कठिण वेयणि कोकिल मिसि कूजति, वनसपती प्रसवती वसंति।—वेलि

प्रसवणहार, हारौ (हारी), प्रसवणियौ—वि०।

प्रसविग्रोड़ौ, प्रसवियोड़ौ, प्रसव्योड़ौ—भू० का० कृ०।

प्रसवीजणौ, प्रसवीजबौ—कर्म वा०।

प्रसवियोड़ौ–भू० का० कृ०—उत्पन्न किया हुआ, जन्म दिया हुआ.
(स्त्री० प्रसवियोड़ी)

प्रसस्त–वि० [सं० प्रशस्त] १. प्रशसनीय।

उ०—सुख दुख राजी सदा, वसंत वनड़ौ वण जावै। हरियै वागै हरख, महक मीठी फैलावै। उपकारी प्रसस्त, गिणै ना सीत सियाळै। लुवां ताती रेत, उनाळै भांण उकाळै।—दसदेव

२. प्रशंसा किया हुआ। ३. सर्वोत्तम, श्रेष्ठ।

रू० भे०—पसत्थ।

प्रसस्ति–सं० स्त्री० [सं० प्रशस्तिः] १. प्रशंसा। २. विरुदावली।

२. प्रशसा में रची हुई कविता।

प्रसांण—देखो 'पिसण' (रू. भे.)

प्रसांत–वि० [सं० प्रशान्त] १. चंचलता रहित, अचंचल, स्थिर।

२. निश्चल वृत्ति वाला, शान्त।

३. वश में किया हुआ, दमन किया हुआ।

४. एशिया व अमेरिका के बीच का एक महासागर।

प्रसांति–सं० स्त्री० [स० प्रशान्तिः] शान्ति, स्थिरता।

प्रसाख, प्रसाखा–सं० स्त्री० [सं० प्रशाखा] किसी बड़ी शाखा या डाली से निकली हुई छोटी शाखा।

उ०—द्रुम समूह सम सोभा सुंदर, मुरधर पत दीठौ मंडोवर। मवसर तिकां कुमम फळ मंजर, साख प्रसाख सरूप सुरंतर।—रा.रू.

प्रसाच—देखो 'पिसाच' (रू. भे.) (अ. मा.)

प्रसाद–स०पु० [सं० प्रसादः] १. देवी देवताओं को भोग लगाया जाने वाला पदार्थ, जो समीपस्थ जन समाज, दर्शनार्थी व भक्तों में बांटा जाता है, नैवेद्य।

उ०—१. विनोद गीत नाद भेद, सद्द घंट झालरी। प्रसाद देव पुंजिइत, अंबिका हरोहरी।—मु. रू. बं.

उ०—२. मुख इम पवित्र करिस कंस-भंजण, भखे प्रसाद तूझ दुख-भजण।—ह. र.

क्रि० प्र०—चढ़ाणौ, दैणौ बंटणौ, बांटणौ, बोलणौ।

२. साधु महात्माओ को भेंट किया जाने वाला वह खाद्यपदार्थ जो उन्ही के द्वारा भक्तजनों में बांटा जाता है। उ०—वह अपराध गांठियो चित मं, धारे सिखां छांटियौ ध्यांन। चारु प्रसाद बांटियो चेळां, गुरां इसौ ई छांटियौ ग्यांन।—बांकीदास बीठू

३. ऐसा पदार्थ जो किसी महात्मा या गुरु से उसके अनुग्रह स्वरूप प्राप्त हुआ हो।

४. किसी पर की जाने वाली ऐसी कृपा या महरबानी जिससे उसका बडा उपकार होता है। उ०—पछै मातामह सूं सीख पाय कुमार प्रथ्वीराज अजमेर आयौ अर तोमराधीस रौ प्रसाद पाय नाहरराज आप रै सदन मंडोवर सिधायौ।—वं. भा.

५. अनुग्रह, कृपा। उ०—गुरु प्रसाद संतोस गज, जे नर बैठा जाय। जग लालच कूकर जियां, लाळ सकै न लगाय।—बां. दा.

६. वरदान। उ०—जरै बडा ह भी जिण तरह प्रतिदिन अरज करतौ तिण रीति अरथी-जना नूं दैणा काज आप रै द्वार सुवरण रौ रासि संपादन होण रो ही प्रसाद मांगि स्वकीय सदन आय प्रभात ही सो पुग्ट पुंज जाचकां नूं लुटाय अपूरब जस लीधौ।—वं.भा.

७. कारण। उ०—फाटक रखवाळी करै, फाटक हूरै फसाद। सूम कहै सुख सूं सुवां, फाटक तणै प्रसाद।—वां. दा.

८. भोजन। (साधु संतों व महात्माओं को कराया जाने वाला) क्रि० प्र०—करणौ, कराणौ, पाणौ।

९. साहित्य में काव्य का एक गुण जिसमें स्वच्छता, सरलता और सहज ग्राह्यता होती है और कविता को सुनते ही उसका अर्थ समझ में आ जाता है।

१०. एक मात्रिक छन्द विशेष जिसके प्रत्येक चरण में १९ मात्राएँ होती हैं।

११. देखो 'प्रासाद' (रू. भे.)

उ०—लख समपे जु तै मांडिया 'लाखा', घाट सुकवि सलवाट घड़ै। प्रसिध तणा प्रासाद न पड़ ही, पाखांणिवा प्रसाद पड़ै।

—लाखा फूलांणी रौ गीत

रू० भे०—परसाद, पसाइ, पसाउ, पसाद, पसाय, पसाव, प्रासाद।

प्रसादक—वि० [सं०] १. अनुग्रह करने वाला।

२. आनंद बढ़ाने व प्रसन्न करने वाला।

प्रसादी—सं० स्त्री० [सं० प्रसाद+रा० प्र० ई] १. देवता को चढ़ाया हुआ पदार्थ, नैवेद्य।

क्रि० प्र०—चढ़ाणी, दैणी, बांटणी, बोलणी।

२. उक्त का व भाग जो प्रसाद के रूप में जन समाज में बांटा जाता है।

३. वह पदार्थ जो पूज्य और बड़े लोगों द्वारा छोटों को कृपा स्वरूप दिया जाय, बड़ों की देन।

४. तीर्थयात्रा से लौटने पर किया जाने वाला एक बड़ा भोज जिसमें इष्ट-मित्रों व सगे सम्बन्धियों को आमन्त्रित किया जाता है।

क्रि० प्र०—करणी, होणी।

रू० भे०—परसादी।

प्रसाधन—सं०पु० [सं० प्रसाधनम्] १. सजावट।

२. श्रृंगार। ३. वेप। ४. कघी।

प्रसार—सं० पु० [सं० प्रसारः] फैलाव, विस्तार।

उ०—प्रति एक प्रसव एतां प्रसार, एकादस प्रकटे कुळ उदार, बाळेस नांम पत्तम वणाय, तिण ठांम दुरग अतिरण तणाय।—वं. भा.

रू० भे०—परसार, पसार।

प्रसारणौ, प्रसारबौ—क्रि०स०—१. स्पर्श कराना, छुआना।

२. देखो 'पसारणौ, पसारबौ' (रू. भे.)

उ०—जिकण रै साथ रांणा त्याग रा जस रौ प्रकास प्रसारण रै काज आप रा पोळिपात बारहठ बारू सहित बडा बडा सुभटां नूं सज्ज करि हाडां री आसंग में न आवै इसड़ौ बरात रौ बांणिक बणाय दीधौ।—वं. भा.

प्रसारणहार, हारौ (हारी), प्रसारणियौ--वि०।

प्रसारिओड़ौ, प्रसारियोड़ौ, प्रसारयोड़ौ—भू० का० कृ०।

प्रसारीजणौ, प्रसारीजबौ--कर्म वा०।

प्रसारियोड़ौ—देखो 'पसारियोड़ौ' (रू. भे.)

